फाल्गुन कृष्ण पक्ष, पंचमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 29 फरवरी 2024
वर्ष 4, अंक 340, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

मुरादाबाद
एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

बच्चों पर निर्भर विज्ञान का भविष्य, देखे सूर्य के धब्बे 16

यामी की 'आर्टिकल 370' का जलवा बरकरार 15

## गुजरात समुद्र तट से 3,300 किग्रा मादक पदार्थ जब्त

पोरबंदर/दिल्ली, एजेंसी

- नौसेना और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में पांच विदेशी गिरफ्तार

नौसेना, पुलिस और स्वापक नियंत्रण ब्यूरो (एनसीबी) ने एक संयुक्त अभियान में गुजरात तट के पास अरब सागर में एक नौका से अब तक की नशीले पदार्थों की सबसे बड़ी जब्ती के तहत 3,300 किलोग्राम मादक पदार्थ बरामद किए। पांच विदेशियों को गिरफ्तार किया गया। यह नौका एक ईरानी बंदरगाह से आई थी। गृहमंत्री अमित शाह ने कार्यवाई को ऐतिहासिक और देश को मादक पदार्थ मुक्त बनाने की दिशा में केंद्र सरकार की अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण बताया है। मछली पकड़ने वाली अपंजीकृत नौका को मंगलवार सुबह अरब सागर में भारतीय तट से लगभग 60 समुद्री मील दूर और अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के पास रोका गया। जब्त किए गए लगभग 3,300 किग्रा प्रतिबंधित सामग्री में 3,110 किग्रा चरस या हशीश, 158.3 किग्रा क्रिस्टल मेथामेफटामाइन और 24.6 किग्रा संदिग्ध हेरोइन है। अंतर्राष्ट्रीय बाजार में इस खेप की कीमत 1,300 से 2,000 करोड़ रुपये के बीच होने का अनुमान है।

## पूरा साल बीता, आरटीई में चयनित 33 हजार बच्चे प्रवेश से वंचित

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ

- सत्र 2023-24 में चयन होने के बाद भी एडमिशन को तरस गए
- अभिभावकों की पसंद-नापसंद पर फोड़ा जा रहा ठीकरा

**अमृत विचार :** शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) की सत्र 2023-24 में जमकर धज्जियां उड़ीं। लखनऊ सहित सभी जिलों में चयनित 33 हजार से अधिक बच्चों को निजी स्कूलों में निशुल्क प्रवेश नहीं मिला। चयनितों को एडमिशन न मिल पाने पर बेसिक शिक्षा निदेशालय ने भी चिंता जाहिर की है। जिलों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार औरैया व प्रतापगढ़ ही सिर्फ ऐसे जिले हैं जहां शत-प्रतिशत बच्चे ही एडमिशन करवा सके हैं। सबसे कम 46 प्रतिशत हमीरपुर का डाटा रहा है। सभी जिलों के आकड़ों से पता चलता है कि प्रदेश में 1,34,392 बच्चों का सत्र 2023-24 में चयन हुआ। इसमें 1,00,527 बच्चों को ही एडमिशन मिल सका। बाकी 33 हजार बच्चे वंचित रह गए। अब बेसिक शिक्षा निदेशालय ने अभिभावकों के लिए भी नया नियम लागू किया है।

**एडमिशन न होने के लिए विभाग ने बताए तीन कारण :** विभागीय अधिकारियों के मुताबिक एडमिशन न होने के तीन प्रमुख करण हैं। पहला आरटीई के तहत जब बच्चे का आवेदन किया जाता है तो अभिभावकों की ओर से नजदीक के पांच स्कूलों का विकल्प भी ऑनलाइन भरना होता है। कई बार पहला विकल्प नहीं मिलने पर अभिभावक, बच्चे को अन्य स्कूल में प्रवेश नहीं दिलाते हैं। दूसरा कारण ये है कि जिन हाई प्रोफाइल स्कूल में बच्चों का चयन होता है वह एडमिशन आसानी से नहीं लेते हैं। तीसरा कारण है कि विभाग के अधिकारी बड़े स्कूलों के लिए ज्यादा कार्रवाई में रुचि नहीं लेते हैं।

### राजधानी लखनऊ में हाई प्रोफाइल स्कूलों के आगे अधिकारी बेबस

शैक्षिक सत्र 2023-24 में लखनऊ में हाई प्रोफाइल निजी स्कूल प्रबंधकों के आगे आरटीई अधिनियम बौना साबित हुआ। मझोले और छोटे स्कूलों ने तो चयनित बच्चों को प्रवेश दिया लेकिन सीबीएसई और आईसीएसई से संचालित विद्यालयों ने प्रवेश नहीं दिया। अंत में चयनित 33 .34 प्रतिशत बच्चों को प्रवेश मिला सका। जबकि लखनऊ में 14,883 बच्चे चयनित हुए थे। लेकिन इसमें 9891 बच्चों को ही एडमिशन मिल सका।

### अभिभावकों के लिए बना नया नियम बताना होगा प्रवेश न लेने का कारण

आवेदन में पांच विद्यालयों का विकल्प होता है। यदि उसमें कोई भी विद्यालय मिलता है तो उसमें अभिभावक को अपने बच्चे को प्रवेश दिलाना होगा। यदि एडमिशन नहीं लिया जाता है तो सत्र 2024-25 में एडमिशन के लिए चयनित बच्चे के अभिभावक को एडमिशन न लेने का कारण लिखित रूप में बताना होगा। क्योंकि जिलों से निदेशालय को भेजी गई रिपोर्ट में बीएसए का कहना है पसंद का स्कूल न मिलने पर प्रवेश नहीं कराया गया है।

> आरटीई के तहत चयनित बच्चों का प्रवेश हर हाल में मिले ऐसा विभाग का प्रयास रहता है, लेकिन चयन होने के बाद भी बच्चों का एडमिशन न होना चिंताजनक है। इसकी समीक्षा करते हुए सत्र 2024-25 में तय किया गया है कि अधिक से अधिक बच्चों को प्रवेश दिलाया जा सके। अभी पहले चरण में प्रवेश प्रकिया चल रही है। आवेदन का दूसरा चरण 1 मार्च से शुरू हो जाएगा।
> – **गणेश कुमार**, संयुक्त शिक्षा निदेशक बेसिक

## एक नजर

### राबड़ी देवी और उनकी दो बेटियों को दी जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली की अदालत ने रेलवे में जमीन के बदले नौकरी मामले में बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और उनकी दो बेटियों मीसा भारती एवं हेमा यादव को बुधवार को जमानत दे दी। मीसा भारती राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी की सबसे बड़ी बेटी हैं और राज्यसभा सदस्य हैं। विशेष न्यायधीश विशाल गोगने ने ईडी द्वारा जमानत अर्जी का विरोध नहीं किए जाने पर तीनों को यह राहत दी।

### महादेव एप से जुड़े मामले में बंगाल में ईडी का छापा

**कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाजी ऐप से संबंधित धन शोधन मामले में बुधवार को पश्चिम बंगाल के विभिन्न हिस्सों में छापेमारी की। इस मामले में कथित तौर पर कई उच्च पदस्थ राजनेता और छत्तीसगढ़ के नौकरशाह शामिल हैं। साल्ट लेक में एक व्यवसायी के आवास और कार्यालय सहित राज्य में छह स्थानों पर छापेमारी की गई। उन्होंने कहा कि उत्तर 24 परगना के इच्छापुर में व्यवसायी के एक कर्मचारी के घर और कोलकाता के हातिबागान में एक शेयर कारोबारी के आवास पर भी तलाशी ली गई। बताया कि जांच के तहत मुंबई, पश्चिम बंगाल और दिल्ली-एनसीआर में कुल 15 परिसरों पर छापेमारी की गई।

## अवैध खनन मामले में सीबीआई ने अखिलेश यादव को किया तलब

### मामले में बतौर गवाह सपा अध्यक्ष से केंद्रीय जांच एजेंसी करेगी पूछताछ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 2016 में दर्ज किए गए मामले में 29 फरवरी को पेश होने को कहा
- हमीरपुर जिले में 2012-2016 के बीच का है अवैध खनन मामला

**अमृत विचार :** सीबीआई ने अवैध खनन मामले में सपा प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव को समन भेजा है। अखिलेश यादव को गुरुवार 29 फरवरी को दिल्ली में सीबीआई के सामने पेश होने के लिए बुलाया गया है। बताया जाता है कि उन्हें बतौर गवाह पेश होने के लिए कहा गया है। इसकी जानकारी अखिलेश ने बुधवार को खुद ही लखनऊ में एक न्यूज चैनल के कार्यक्रम दी। काफी समय से अखिलेश यादव सीबीआई और ईडी को लेकर भाजपा सरकार पर हमलावर रहे हैं। ऐसे में सीबीआई के समन पर उप्र की राजनीति गरमाने वाली है।

हमीरपुर में 2012 से 2016 के बीच हुए अवैध खनन का मामला सामने आया था। इस मामले में सीबीआई ने 2016 में कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज किया था। उसमें हमीरपुर की तत्कालीन डीएम आईएएस बी चंद्रकला, सपा एमएलसी रहे रमेश मिश्र और उनके भाई दिनेश मिश्र तथा समेत 11 लोग नामजद थे। सीबीआई ने बी. चंद्रकला के घर भी छापा मारा था।

आरोप है कि 2012-16 के दौरान, जब यादव उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री थे, तो लोकसेवकों ने अवैध खनन की अनुमति दी और खनन पर राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) द्वारा लगाए गए प्रतिबंध के बावजूद अवैध रूप से लाइसेंस का नवीनीकरण किया गया। यह भी आरोप है कि अधिकारियों ने खनिजों की चोरी होने दी, पट्टाधारकों और चालकों से पैसे वसूले। इलाहाबाद हाईकोर्ट के निर्देश पर सीबीआई ने 2016 में सात मामले दर्ज किए थे। एजेंसी ने आरोप लगाया था कि तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के कार्यालय ने एक ही दिन में 13 परियोजनाओं को मंजूरी दी थी। उस वक्त उनके पास खनन विभाग भी था। आरोप लगाया था कि यादव ने ई-निविदा प्रक्रिया का उल्लंघन करते हुए 14 पट्टों को मंजूरी दी थी, जिनमें से 13 को 17 फरवरी 2013 को मंजूरी दी गई थी।

### सपा मुखिया को प्रताड़ित करने की कोशिश: अजय राय

**लखनऊ।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव को सीबीआई नोटिस दिए जाने पर कहा कि यह उन्हें प्रताड़ित करने की कोशिश है, पर ऐसी कोशिशों से हम डरने वाले नहीं हैं। प्रदेश अध्यक्ष बुधवार को प्रदेश मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। कांग्रेस नेता आराधना मिश्रा मोना ने भी यहां कहा कि इंडिया गठबंधन मजबूत होने पर भाजपा प्रहार करती है। यही वजह है सपा मुखिया को सीबीआई की तरफ से नोटिस भेजा गया है।

> अब जब चुनाव आ रहा है तो मुझे फिर से नोटिस मिल रहा है। मैं समझता हूं कि जब चुनाव आएगा तो नोटिस भी आएगा। यह घबराहट क्यों है? अगर पिछले 10 वर्षों में आपने (भाजपा ने) बहुत काम किया है तो फिर आप क्यों घबराए हुए हैं? –**अखिलेश यादव**

सपा प्रमुख का दिल्ली जाने का तो कोई कार्यक्रम नहीं है। वह गुरुवार को लखनऊ में ही पार्टी की कई बैठकों में भाग लेंगे।
–**राजेन्द्र चौधरी**, राष्ट्रीय सचिव (सपा)

2310 करोड़ की 144 परियोजनाओं का किया वर्चुअल लोकार्पण-शिलान्यास

## प्रदेश में जल्द गठित किया जाएगा स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स : योगी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- 57 जिलों में साइबर क्राइम थाने और 18 मंडलों में भ्रष्टाचार निवारण संगठन के थाने शुरू
- आठ जिलों में भ्रष्टाचार निवारण यूनिट, प्रयागराज-कुशीनगर में पर्यटन थानों की शुरूआत

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उप्र में जल्द ही 'स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स' का गठन किया जाएगा। प्रदेश में एसडीआरएफ, जोनल रेंज स्तर पर फॉरेंसिक लैब, फॉरेंसिक इंस्टीट्यूट, और एसएसएफ का गठन किया गया है। अयोध्या में रामलला के मंदिर की सुरक्षा का दायित्व एसएसएफ ही उठा रही है।

मुख्यमंत्री बुधवार को लोकभवन में आयोजित उप्र पुलिस के इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट से जुड़ी 2310 करोड़ रुपये की 144 परियोजनाओं का वर्चुअल लोकार्पण और शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने उप्र पुलिस के व्यवहार में आए बदलाव की भी सराहना की। कहा कि यूनिफॉर्म में अगर आप किसी से शिष्टाचार से बात करते हैं तो उसका बहुत सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। जीरो टॉलरेंस की नीति समाज विरोधी, राष्ट्रविरोधी और पेशेवर माफिया के लिए होना चाहिए। कॉमन मैन के लिए संवेदनशीलता और त्वरित न्याय देने का प्रयास होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने बताया कि उप्र, देश का पहला ऐसा राज्य हो गया है, जिसके पास सभी 75 जनपदों में साइबर थाने होंगे। 18 जनपदों में पहले बनाए गए थे, शेष 57 की बुधवार से शुरूआत की गई है। सभी 1523 थानों में साइबर सेल का गठन किया गया है। अब साइबर क्राइम से जुड़े मामले के लिए जोन और रेंज स्तर पर नहीं जाना होगा, बल्कि थानों पर ही साइबर सेल में शिकायत सुनी जाएगी। मुख्यमंत्री ने गृह विभाग द्वारा प्रदेश की जनता और पुलिस कार्मिकों को जोड़ते हुए 2310 करोड़ की परियोजनाओं के लिए बधाई दी।

### इन परियोजनाओं का हुआ शिलान्यास और लोकार्पण

मुख्यमंत्री द्वारा 21 पुलिस थानों, दो पुलिस लाइन, दो पीएसी वाहिनी, दो यूपी एसटीएफ वाहिनी तथा 35 पुलिस थानों पर मेडिकल कक्ष, तीन थानों के प्रशासनिक भवन, 3 थानों के आवासीय भवन, 3 पुलिस चौकी के प्रशासनिक भवन, 34 पुलिस थानों पर हॉस्टल/बैरक/विवेचना कक्ष, 6 पुलिस लाइन में हॉस्टल, 5 एटीएस फील्ड यूनिट कार्यालय के साथ ही 7 अन्य विविध विषयक निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया गया। 75 जनपदों के 1523 पुलिस थानों में साइबर सेल, 57 जनपदों में साइबर क्राइम पुलिस थाने, 18 मंडल मुख्यालयों पर भ्रष्टाचार निवारण संगठन थाने, 8 जनपदों में भ्रष्टाचार निवारण संगठन इकाई तथा प्रयागराज और कुशीनगर में पर्यटन थाने का लोकार्पण किया गया।

## छह करोड़ की फिरौती न मिलने पर व्यापारी के बेटे की हत्याकर शव को जंगल में फेंका

संवाददाता, गजरौला (अमरोहा)

- नोएडा पुलिस ने गजरौला के जंगल में गड्ढे से बरामद किया शव

**अमृत विचार :** फिरौती नहीं मिलने पर प्रतिष्ठित व्यापारी के पुत्र का अपहरण कर हत्या कर दी गई। आरोपियों ने व्यापारी के पुत्र के मोबाइल से उसके पिता को मैसेज भेजकर छह करोड़ रुपये की फिरौती मांगी थी। नोएडा पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर व्यापारी के बेटे का शव गजरौला में जंगल में गड्ढे से बरामद किया है।

नगर के फ्लाईओवर के पास टीचर्स कॉलोनी में सूर्या इलेक्ट्रॉनिक्स के स्वामी प्रदीप कुमार मित्तल का परिवार रहता है। उनका बेटा यश मित्तल (20 वर्ष) जिला नोएडा के दादरी थाना क्षेत्र के अजायबपुर में बैनेट यूनिवर्सिटी में बीबीए प्रथम वर्ष का छात्र था और वहीं कॉलेज के हॉस्टल में कमरा संख्या 116 में रहता था। उसकी बहन इशिका मित्तल भी इसी कॉलेज में पढ़ती है, लेकिन वह दूसरे हॉस्टल में रहती है।

बताते हैं कि 26 फरवरी की शाम साढे.छह बजे यश हॉस्टल से बाहर गया और उसके बाद वापस नहीं लौटा। वार्डन से जानकारी मिलने के बाद प्रदीप मित्तल मंगलवार को हॉस्टल पहुंचे और इसके बाद थाना दादरी में बेटे के अपहरण की रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट के मुताबिक यश मित्तल के फोन नंबर से ही प्रदीप मित्तल से छह करोड़ रुपये की फिरौती मांगी गई थी और कहा गया था कि यदि अपना लड़का चाहिए तो रकम तैयार रखो। फिरौती के लिए फोन भी आए। रिपोर्ट दर्ज करने के बाद नोएडा पुलिस यश की तलाश में जुटी थी और उसके नंबर को सर्विलांस पर लगाया था। जिसके आधार पर कुछ अहम सुराग मिले। पुलिस व एसओजी ने नगर के तिगरिया भूड़ स्थित एक युवक को उठाया था, उसकी निशानदेही पर फैक्ट्री तेवा एपीआई लिमिटेड के सामने जंगल में एक गड्ढे से यश मित्तल का शव बरामद किया गया।

## 92 कलाकारों को संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार

**नई दिल्ली।** संगीत नाटक अकादमी ने बुधवार को छह अकादमी फेलो और अभिनेता अशोक सर्राफ, राजीव वर्मा और गायिका बॉम्बे जयश्री सहित 92 कलाकारों को वर्ष 2022 और 2023 के लिए यह प्रतिष्ठित पुरस्कार देने की घोषणा की। राष्ट्रीय संगीत, नृत्य और नाटक अकादमी मंचीय कला के क्षेत्र में प्रतिष्ठित कलाकारों को अकादमी फेलो के रूप में चुनती है। अकादमी ने 21 और 22 फरवरी को नई दिल्ली में हुई बैठक में छह प्रतिष्ठित हस्तियों को अकादमी फेलो के रूप में चुना। कला के विभिन्न क्षेत्रा में योगदान के कारण 92 कलाकारों को भी चुना है।

## एसडीएम हटाए गए, पूरी चौकी लाइन हाजिर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**सिलई बड़ा बवाल**

- चौकी प्रभारी समेत 25 पर रिपोर्ट, एसडीएम व तहसीलदार के हमराह भी आरोपी

**अमृतविचार :** गांव सिलई बड़ा में मंगलवार देर शाम हुए बवाल में जिलाधिकारी ने एसडीएम अमन देओल को मिलक से हटा दिया है। उनके स्थान पर राजेश कुमार को जिम्मेदारी दी गई है। पुलिस अधीक्षक ने चौकी बड़ा गांव में तैनात चौकी प्रभारी और चार सिपाहियों समेत पूरी चौकी को लाइन हाजिर कर दिया है।

मृतक किशोर के पिता गेंदन लाल ने तहरीर देकर 25 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। एफआईआर में एसडीएम और तहसीलदार के हमराह भी आरोपी हैं। चौकी प्रभारी सुरेंद्र सिंह, सिपाही आदेश चौहान, सिपाही वीरेंद्र, मुतीरीन के नाम भी शामिल हैं। उधर, किशोर का शव गांव पहुंचने पर भीड़ उत्तेजित हो गई। पुलिस ने लाठियां फटकार कर भीड़ को खदेड़ा। गांव सिलई बड़ा गांव में कुछ दिन पहले ग्राम समाज की भूमि पर जाटव समाज के लोगों ने डॉ. भीमराव आंबेडकर लिखा बोर्ड लगा दिया था। कुर्मी समाज के लोग विरोध कर रहे थे। मंगलवार शाम कुर्मी समाज के लोग एसडीएम और पुलिस को लेकर मौके पर पहुंचे थे। यहां बोर्ड को हटाने की तैयारी चल रही थी। इस बीच महिलाओं ने इसका विरोध किया तो विवाद बढ़ गया। पुलिस बल की मौजूदगी में दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। इस दौरान फायरिंग से कक्षा-10 के छात्र सुमेश पुत्र गेंदनलाल की मौत हो गई। बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद सुमेश का शव गांव पहुंचा। इस दौरान गुस्साए लोगों ने प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी और हंगामा किया। पीड़ित परिजन व ग्रामीण एसडीएम व तहसीलदार के नाम एफआईआर में शामिल करने की मांग पर अड़े रहे।

### रामपुर जा रहे चंद्रशेखर को संभल में किया नजरबंद

**संभल।** रामपुर जनपद के सिलई बड़ा गांव में दलित युवक की गोली लगने से मौत की घटना के बाद रामपुर जा रहे आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर को पुलिस ने संभल में नजर बंद कर लिया। उन्हें तीन घंटे तक लोक निर्माण विभाग के निरीक्षण भवन में रोककर रखा गया। इस दौरान समर्थकों ने जमकर हंगामा किया। आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर बुधवार सुबह को सपा सांसद डॉक्टर शफीकुर्रहमान बर्क के दफन में शामिल होने संभल पहुंचे थे। चंद्रशेखर ने समर्थकों के साथ रामपुर का रुख किया तो पुलिस ने चौधरी सराय पर उनके काफिले को रोक लिया। इस दौरान वे सीओ असमोली संतोष कुमार सिंह पर भड़क गए।

> सिलई बड़ा गांव में हुए बवाल के बाद एसडीएम अमन देओल को हटा दिया गया है। उनके स्थान पर राजेश कुमार को जिम्मेदारी दी गई है। मामले की जांच कराई जाएगी। –**जोगिन्दर सिंह**, जिलाधिकारी

## सेना को आपूर्ति की गई दवाओं में भी सेंधमारी

संवाददाता, आगरा

- गैंग के सरगना सहित 7 गिरफ्तार 40 लाख की दवा बरामद

**अमृत विचार :** दवा माफिया ने सेना में भी सेंधमारी कर डाली। जवानों के लिए उपलब्ध होने वाली दवाइयों को री-पैकेजिंग कर बाजार में बेचा जा रहा था। हरी पर्वत पुलिस और एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने बुधवार को इस गैंग का खुलासा करते हुए मास्टरमाइंड फरहान बेग समेत सात लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब 40 लाख रुपये की दवाएं बरामद कीं। गैंग से पैकिंग संबंधी वस्तुएं, नौ मोबाइल फोन, एक कार और 16,300 रुपये भी बरामद किए। इन सभी के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई की जाएगी।

डीसीपी सिटी सूरज राय ने मीडिया को बताया कि यह गैंग उप्र सहित कई प्रदेशों में सेना को जीवनरक्षक दवाओं की डिलीवरी करता था। डीसीपी सिटी ने बताया कि फरहान बेग सेना में दवाइयों की सप्लाई के दौरान सेंधमारी को अंजाम देता था। धोखाधड़ी कर बड़ी मात्रा में दवाएं चोरी कर ली जाती थीं। उन दवाओं पर लिखे नॉट फ़ॉर सेल की चेतावनी को थिनर से मिटाकर डाई से मैन्युफैक्चरिंग की तारीख को हटा कर नई पैकेजिंग कर मन-माफ़िक दाम डाल देते थे।

## उत्तराखंड सरकार ने यूसीसी बिल राष्ट्रपति को भेजा

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार ने समान नागरिक संहिता (यूसीसी) बिल को राष्ट्रपति को भेजा है। राष्ट्रपति से स्वीकृति मिलने के बाद यह कानून बन जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधानसभा चुनाव-2022 में समान नागरिक संहिता लागू करने की घोषणा की थी। सरकार बनने के बाद सुप्रीम कोर्ट की पूर्व न्यायाधीश रंजना देसाई की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया। कमेटी ने बीती 2 फरवरी को यूसीसी का ड्राफ्ट सरकार को सौंप दिया था। 7 फरवरी को विधानसभा में यह बिल पास हो गया था। फिर बिल राजभवन को भेजा गया था।

गड़बड़झाला | नवंबर व दिसंबर में 50 प्रतिशत से भी कम बच्चों ने खाया हॉटकुक्ड मील

## बिना भोजन और राशन के ही सुधर गई बच्चों की सेहत

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश के आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों की सेहत बिना भोजन और राशन के ही सुधर रही है। जिलों पर नवंबर व दिसंबर में उपलब्ध कराए गए हॉटकुक्ड मील यानी गर्म पका-पकाया भोजन की बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार निदेशालय ने समीक्षा की तो अधिकांश जिलों में 3 से 6 वर्ष के बच्चों का पोषण ट्रैकर पर पंजीयन अधिक मिला, जबकि भोजन 50 प्रतिशत से भी कम बच्चों ने खाना खाया। पोषण ट्रैकर पर प्रदर्शित बच्चे और आंगनबाड़ी केंद्रों पर उपस्थिति में बड़ा अंतर है।

**पोषण ट्रैकर पर लाभार्थियों की स्थिति**

| लाभार्थी | कुल संख्या | आधार सत्यापित |
|---|---|---|
| छह माह से तीन वर्ष के बच्चे | 95,64,960 | 94,03,642 |
| तीन से छह वर्ष के बच्चे | 87,46,648 | 85,01,542 |
| गर्भवती व धात्री महिलाएं | 28,27,486 | 27,10,595 |
| गंभीर तीव्र कुपोषित बच्चे | 2,24,828 | 1,90,060 |
| 14 से 18 वर्ष की किशोरी बालिकाएं | 2,40,972 | 2,24,328 |

इससे बच्चों का पंजीयन, भोजन और सूखा राशन वितरण में गड़बड़ी की आशंका है। क्योंकि बच्चों का चयन अधिक दर्शाया गया लेकिन, लाभ के समय उपस्थित कम हुए। शेष बच्चे हैं या नहीं या किन कारणों से केंद्रों पर उपस्थित नहीं हुए इसका भौतिक सत्यापन कर पता लगाया जाएगा। निदेशक सरनीत कौर ब्रोका ने सभी जिलाधिकारियों को समिति गठित कर भौतिक सत्यापन के लिए लिखा है।

### महिला, धात्री व बच्चों के आधार सत्यापन भी पंजीयन से कम

लाभार्थी यानी बच्चे, महिलाएं, किशोरी आदि के पंजीयन और सत्यापन में भी झोल है। अधिकांश जिलों के आंगनबाड़ी केंद्रों पर जनवरी में छह माह से तीन वर्ष के बच्चे, तीन से छह वर्ष के बच्चे, गर्भवती व धात्री महिलाएं, गंभीर तीव्र कुपोषित बच्चे व 14 से 18 वर्ष की बालिकाएं व किशोरियों का चयन कर पोषण ट्रैकर पर पंजीयन किया गया, लेकिन दर्शाई गई संख्या के सापेक्ष लाभार्थियों का आधार सत्यापन कम है। जबकि आधार सत्यापित लाभार्थियों को ही भोजन, राशन, टीकाकरण, पोषाहार आदि लाभ मिलता है।

- आंगनबाड़ी केंद्रों पर उपस्थिति कम, पोषण ट्रैकर पर ज्यादा

> पोषण ट्रैकर और बच्चों की उपस्थिति में अंतर है। इसका भौतिक सत्यापन कराने के लिए निदेशक स्तर से पत्र लिखा गया है। जिलों पर सत्यापन होने पर ही कमी पता चलेगी। उसी अनुसार सुधार किया जाएगा। – **ज्योति गौतम**, उप निदेशक बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार निदेशालय

## एक नजर

### शिवरात्रि के लिए मंदिरों की साफ-सफाई शुरू

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महाशिवरात्रि आठ मार्च को है। इसके लिए शिवालय सजाए एवं संवारे जा रहे हैं। कई शिवालयों में यह काम अंतिम चरण में है। प्रतिमाओं पर भी रंग रोगन किया जा रहा है। महाशिवरात्रि को श्रद्धालुओं की मुख्य भीड़ चौरासी घंटा, बाबा झारखंडी मंदिर और रेलवे कालोनी स्थित मनोकामना श्रीहनुमान मंदिर में रहती है। चौरासी घंटा स्थित भगवान पशुपति नाथ की प्रतिमा पर रंग रोगन आदि का कार्य पूरा हो गया है। हिंदू मंडल किसरौल के सत्यदेव शर्मा ने बताया प्रतिमा पर सुबह जलाभिषेक और सायं महाआरती की जाएगी।

### भूख हड़ताल खत्म की

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** एक्सपोर्ट फैक्ट्री से निष्कासित कर्मचारी भूपेंद्र कुमार की डीएम कार्यालय पर चल रही भूख हड़ताल बुधवार को खत्म हो गई। पीतल मजदूर यूनियन के उपसचिव संजीव शुक्ला ने बताया कि यूनियन द्वारा यह मुद्दा उठाए जाने पर श्रम प्रवर्तन अधिकारी व फैक्ट्री प्रबंधन के बीच बातचीत हुई, जिसके बाद कर्मचारी को काम पर वापस लिए जाने की सहमति बन गई है।

# शिविर में 129 दिव्यांगों को लगाए गए कृत्रिम अंग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**आयोजन**

- महर्षि दयानंद सरस्वती लॉ कालेज में शिविर का आयोजन
- नारायण सेवा संस्थान उदयपुर राजस्थान ने किया सहयोग

**अमृत विचार:** मूंढापांडे क्षेत्र स्थित महर्षि दयानंद सरस्वती लॉ कालेज में लगे शिविर में दिव्यांगों को कृत्रिम अंग लगाए गए। जिससे उनके चेहरे खिल गए।

बुधवार को मूंढापांडे क्षेत्र के महर्षि दयानंद सरस्वती लॉ कालेज में क्षेत्र के दिव्यांग बच्चों और व्यक्तियों के लिए नारायण सेवा संस्थान उदयपुर राजस्थान के सहयोग से लगे शिविर में 129 बच्चों और व्यक्तियों को कृत्रिम हाथ और पैर लगाए गए।

शिविर की शुरुआत जिला पंचायत सदस्य संतोष देवी ने फीता काटकर की। विकलांगों को हाथ पैर कृत्रिम अंग पहनाने वाले डॉ. अखिलेश अग्निहोत्री उदयपुर राजस्थान ने बताया कि जो व्यक्ति या महिला बच्चे एक्सीडेंट में अपने हाथ पैर खो देते हैं या फिर वह पैदाइशी तौर पर विकलांग है तो उनका पहले मेजरमेंट बनाया जाता है। मेजरमेंट को उदयपुर राजस्थान भेजा जाता है। 45 दिनों के बाद उन विकलांगों को कृत्रिम अंग लगाए जाते हैं। कुछ ऐसे व्यक्ति या बच्चे हैं जो आपरेशन के बाद चल फिर सकते हैं तो उन्हें उदयपुर राजस्थान इलाज के भेजा जाता है। इस मौके पर विक्की ठाकुर, जसवीर सिंह, भानु प्रताप सिंह, सचिन कुमार, जय सिंह, ओमवीर सिंह, रामवीर सिंह ठाकुर, रामकिशोर लोधी, सुनील चंद्रा, रवि कुमार व प्रवेश प्रजापति शामिल रहे।

## जैविक बाजार को लेकर किसानों में बढ़ रही रुचि

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** नवीन मंडी समिति में चल रहे जैविक बाजार का किसानों में क्रेज बढ़ रहा है। संभल और अमरोहा आदि जनपदों के किसान भी आकर्षित होकर पहुंच रहे हैं। हालांकि उनके सामने जैविक उत्पाद के प्रमाणपत्र की समस्या आ रही है।

ग्राम सैदपुर संभल के किसान जितेंद्र सिंह, राजीव अदरक, धनिया और कांदू का बीज लेकर बाजार में आए। छजलैट के किसान राजेश कुमार शहद, सांवा, बाजरा और सरसों का तेल लेकर पहुंचे। इमरतपुर कुंदरकी के योगेशपाल शहद और ओकपुरा हसनपुर के तुलसी राम हल्दी एवं धनिया तथा बिलारी के नैपाल सिंह शहद बेच रहे हैं। जनपद के किसान यशपाल, मनोज, राहुल, किशन सिंह, सतीश आदि ने बताया कि इस तरह के मेले का आयोजन लगातार होते रहना चाहिए। यह किसानों के लिए बहुत लाभकारी हैं। इनके माध्यम से किसानों को नवीन जानकारी भी मिलती है।

### एक साल से सीवरेज पाइपलाइन के कार्य के चलते टूटी हैं महानगर की अधिकांश सड़कें

# आशियाना कॉलोनी की टूटी सड़क की आई सुध

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

आशियाना कॉलोनी में हो रहा सड़क निर्माण। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** महानगर की जर्जर और टूटी सड़कों पर लंबे समय से लोग चल रहे हैं। आशियाना फेज एक में सीवरेज पाइपलाइन खोदाई के चलते एक साल से टूटी सड़क पर गिट्टी और मिट्टी व सड़क पर बने गड्ढों के बीच जान जोखिम में डालकर आवाजाही कर रहे थे। लेकिन, जिलाधिकारी के निर्देश के बाद कार्यदायी संस्थाओं को सुध आई है। अब सड़क को बनाया जा रहा है। काम में तेजी लाने के लिए रात में भी रोलर चल रहा है।

जल निगम की कार्यदायी संस्था सीएंडडीएस के द्वारा सीवरेज पाइप लाइन के खोदाई के कारण रामगंगा विहार, आशियाना फेज एक में सड़कों की हालत और खस्ता हो गई। कार्य के चलते सड़कों को खोद कर गड्ढे छोड़ देने से उससे निकली मिट्टी व धूल लोगों के लिए समस्या बनी थी। वहीं बरसात में सड़कों के गड्ढों में पानी भरने से लोगों को हादसे का शिकार भी होना पड़ा। दोपहिया वाहन चालक इस पर फिसल कर गिरकर चोटिल होते रहे। वहीं इस सड़क पर स्थित कई नर्सिंग होम व चिकित्सकों के क्लीनिक में स्थानीय ही नहीं आसपास के जिलों के भी इलाज कराने वाले मरीजों व तीमारदारों को भी असुविधा हुई। कई बार कार्य के चलते खोदे गए गड्ढों के चलते एंबुलेंस को भी चक्कर काटकर आना पड़ता था। लेकिन, जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह के कड़े रुख के बाद कार्यदायी संस्था ने अब काम में तेजी किया है। आशियाना फेज एक में सड़क बनाने का काम तेजी से चल रहा है।

# आनंद मोहन को हरा अध्यक्ष बने प्रदीप, महासचिव पद पर अभिषेक जीते

### दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के वार्षिक चुनाव में 364 मतों से जीते प्रदीप सिन्हा, अभिषेक भटनागर ने राजेश कुमार को 447 मतों से दी मात

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

बार चुनाव में मतगणना के दौरान मत पत्रों की गिनती करते एल्डर कमेटी के सदस्य।

विजयी होने पर प्रदीप सिन्हा और अभिषेक भटनागर का स्वागत करते अधिवक्ता।

बार चुनाव में विजयी होने पर कोषाध्यक्ष त्रिलोक चंद्र दिवाकर समर्थकों के साथ।

**अमृत विचार:** दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के वार्षिक चुनाव की मतगणना बुधवार को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराई गई। देर शाम तक चली मतगणना में अध्यक्ष पद पर प्रदीप सिन्हा और महासचिव पद पर अभिषेक भटनागर ने जीत हासिल की। इसके अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष पर कमाल अख्तर और कोषाध्यक्ष पद पर त्रिलोक चंद्र दिवाकर विजयी घोषित हुए। जबकि अन्य पदों की मतगणना गुरुवार को होगी।

दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के चुनाव की मतगणना को लेकर सुबह से प्रत्याशियों के अलावा अन्य अधिवक्ता भी उत्साहित थे। अध्यक्ष पद पर प्रदीप सिन्हा उर्फ बबली और आनंद मोहन गुप्ता में शुरू से आखिर तक कांटे की टक्कर रही, लेकिन आखिर में प्रदीप सिन्हा उर्फ बबली ने 1173 मत पाकर चुनाव जीत लिया। जबकि आनंद मोहन गुप्ता 809 मत पाकर दूसरे नंबर रहे। वहीं महासचिव पद पर अभिषेक भटनागर को 969 वोट मिले और वह विजयी घोषित हुए। उन्होंने राजेश कुमार को 447 मतों ने हराया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर कमाल अख्तर को सबसे ज्यादा 731 मत मिले। जबकि 719 वोट पाकर संजीव कुमार राघव दूसरे नंबर रहे। वहीं कोषाध्यक्ष पद पर त्रिलोक चंद्र दिवाकर ने 565 मत पाकर जीत हासिल की। जबकि 498 मत पाकर अनिल कुमार विश्नोई दूसरे नंबर रहे। जैसे ही विजयी प्रत्याशियों की घोषणा हुई तो उनके समर्थकों ने उन्हें फूल-मालाओं से लाद दिया। अधिवक्ताओं ने जीते पदाधिकारियों का ढोल बजाकर और अतिशबाजी छोड़कर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान मतगणना में एल्डर कमेटी के कार्यवाहक अध्यक्ष विजय गुप्ता, सुभाष चंद्र गर्ग, सुधीर गुप्ता, जगदीश सरन व चुनाव समिति से नरेंद्र सिंह चौहान, जाफर अली, शमशेर सिंह, संजय सोनी, रमेश सिंह आर्य, प्रमोद प्रत्येकि, अरशद परवेज, अनिल कुमार चौहान, संजय यादव, विवेक शर्मा, कपिल विश्नोई, सतीश चंद्र विश्नोई, खलीक जुम्मा, मनोज गुप्ता, विशालकांत, अजयपाल सिंह, संदीप खन्ना, अनिल कुमार सिंह, अजयवीर त्यागी, जगदीश चन्द्र मिश्रा, ओमपाल सिंह व आशकार हुसैन ने योगदान दिया।

**किस पद पर किसको मिले कितने मत**

| अध्यक्ष पद | मत |
|---|---|
| प्रदीप सिन्हा | 1173 |
| आंनद मोहन गुप्ता | 809 |
| परमाल सिंह | 194 |

| वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद | मत |
|---|---|
| कमाल अख्तर | 731 |
| संजीव कुमार राघव | 719 |
| आशुतोष मिश्रा | 357 |
| अरविंद मोहन मल्होत्रा | 330 |

| महासचिव पद | मत |
|---|---|
| अभिषेक भटनागर | 969 |
| राजेश कुमार | 522 |
| अशोक कुमार सिंह | 260 |
| जावेद हसन | 168 |
| दिलीप कुमार झा | 143 |
| कुलदीप त्यागी | 96 |

| कोषाध्यक्ष पद | मत |
|---|---|
| त्रिलोक चंद्र दिवाकर | 565 |
| अनिल विश्नोई | 498 |
| वसीम अहमद | 439 |
| अजय बंसल | 359 |
| आशीष उपाध्यक्ष | 157 |
| अनिल कुमार भारती | 105 |

## सीडीओ ने दिया कमेटी गठित कर जांच का आदेश

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** जिला पंचायत राज अधिकारी के लेखाकार पर वेतन निकलवाने के नाम पर रुपये मांगने का आरोप लगाते हुए सीडीओ से शिकायत की गई है। जिसमें एक सप्ताह के अंदर दो मामले संज्ञान में आने पर सीडीओ ने कमेटी गठित कर जांच के आदेश दिए हैं।

सदर ब्लॉक में कार्यरत सफाईकर्मी श्यामवती ने सीडीओ को शिकायती पत्र देकर बताया कि उसके पति सोनू सफाई कर्मचारी के पद पर डिलारी ब्लॉक की मूलाबान ग्राम पंचायत में कार्यरत थे। 10 जून 2022 को सेवा काल में उनकी मृत्यु हो गई थी। उसके पति के समस्त देय बकाया चल रहे हैं। वह डीपीआरओ कार्यालय में जाती हैं, तब उनसे रुपये की मांग की जाती है। उसकी नियुक्ति मृतक आश्रित कोटे के तहत 22 दिसंबर 2022 में हो गई थी। दिसंबर 2022, जनवरी 2023 का एनपीएस कार्ड आवंटन न होने के कारण वेतन रुका चल रहा है। जिसके संबंध में बिल पटल लेखाकार से रुके हुए वेतन को निकलवाने के लिए आग्रह किया गया। तब उनकी ओर से प्रतिमाह पांच हजार रुपये मांग की गई। मुख्य विकास अधिकारी सुमित यादव ने बताया कि ऐसे दो मामले संज्ञान में आए हैं, जिसपर कमेटी गठित कर प्रकरण की जांच कराई जाएगी।

जिगर कॉलोनी स्थित रामगंगा नदी पर बने लकड़ी के अस्थायी पुल से लोग इसी तरह रोज जिंदगी दांव पर लगाकर नदी पार करते हैं।

## एक मार्च से चलेगी आस्था स्पेशल ट्रेन

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** रेलवे प्रबंधन ने राम मंदिर के दर्शन के लिए अयोध्या के लिए आस्था स्पेशल ट्रेनों का संचालन शुरू किया जा रहा है। मुरादाबाद से एक मार्च से आस्था स्पेशल ट्रेन संचालित की जाएगी।

शुक्रवार तड़के 4:00 बजे आस्था स्पेशल ट्रेन मुरादाबाद से चलकर अयोध्या दोपहर 12:55 बजे पहुंचेगी। यह ट्रेन वापसी में शनिवार तड़के 3: 40 बजे चलकर दिन में मुरादाबाद 12:35 बजे पहुंचेगी। इसके अलावा देहरादून से दो मार्च को सुबह 11:00 बजे चलकर आस्था स्पेशल ट्रेन हरिद्वार, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, लखनऊ होकर अयोध्या पहुंचेगी। अयोध्या में ट्रेन रात 2:55 बजे पहुंचने का समय निर्धारित किया गया है। यह ट्रेन वापसी में चार मार्च को अयोध्या से रात 12: 40 बजे चलकर मुरादाबाद सुबह 9:27 व देहरादून दोपहर 2:40 बजे जाएगी।

# युवाओं में तेजी से बढ़ रहा हृदय रोग, बरतें सतर्कता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

रोटरी क्लब की ओर से केजीके डिग्री कॉलेज में आयोजित सेमिनार में उपस्थित क्लब के पदाधिकारी व चिकित्सक।

**अमृत विचार:** रोटरी क्लब की ओर से बुधवार को केजीके डिग्री कॉलेज के ऑडिटोरियम में 'आज के दौर में हृदय के स्वास्थ्य का ख्याल कैसे रखें' विषय पर सेमिनार आयोजित किया गया। इसमें चिकित्सकों ने कहा कि युवाओं व मध्य आयु वर्ग में हृदय रोग तेजी से बढ़ रहा है। इससे बचाव के लिए सतर्कता और जागरुकता जरूरी है।

मुख्य अतिथि हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. आरसी अग्रवाल रहे। उन्होंने कहा कि आज के भागदौड़ व तनावयुक्त जीवन शैली लोगों में खासकर युवाओं और मध्य आयु वर्ग के लोगों में हृदय रोग का कारण बन रही है। इससे बचने के लिए संतुलित व पौष्टिक आहार, नियमित व्यायाम, योग आदि करने की जरूरत है। समय-समय पर इससे संबंधित जांच व परामर्श चिकित्सकों से लेते रहें। उन्होंने हृदयरोग के कारण, बचाव और इलाज के बारे में जानकारी दी। क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन शरमिताभ सिन्हा ने कहा कि क्लब की ओर से आज के दौर में बढ़ते हृदय रोग के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए सेमिनार आयोजित किया गया है। इस दौरान कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. सुनील चौधरी, चीफ प्राक्टर डॉ. अनिल चौहान ने भी आयोजित सेमिनार की सार्थकता लोगों से जागरूक रहकर करने की अपील की। कोषाध्यक्ष राजेश खन्ना ने क्लब की ओर से सभी को उपहार व सम्मान दिया। सेमिनार में क्लब के आकाश मिश्रा, आरएन कत्याल, सचिव राजीव सक्सेना, दिवाकर खन्ना, जीत सिंह, सुधीर गुप्ता, अभिनव गुप्ता, अतुल माथुर, कपिल गुप्ता, अजय सक्सेना, प्रदीप सक्सेना, आशुतोष, सुमन वार्ष्णेय, आदेश श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

**प्रदर्शनी** वर्तमान समय विज्ञान का, छात्र-छात्राओं में वैज्ञानिक सोच विकसित करें शिक्षक, रोजगार के भी मिलते हैं अवसर

# क्विज प्रतियोगिता में जूनियर हाईस्कूल मऊ की आफरीन प्रथम

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

नगर संसाधन केंद्र गांधी पार्क में प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र व मोमेंटो देते अतिथि।

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत बुधवार को नगर स्तरीय क्विज और विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन नगर संसाधन केंद्र सिविल लाइंस पर किया गया। जिसमें नगर क्षेत्र के 15 बेसिक शिक्षा परिषदीय जूनियर हाईस्कूलों के 100 बच्चों ने प्रतिभाग किया। क्विज प्रतियोगिता में जूनियर हाईस्कूल मऊ की आफरीन प्रथम रहीं।

प्रतियोगिता में सर्वप्रथम विज्ञान क्विज का आयोजन हुआ। जिसमें प्रत्येक विद्यालय के बच्चों से विज्ञान विषय के 50 प्रश्नों को दो चरणों में पूछा गया। बच्चों ने पूरी एकाग्रता के साथ क्विज में प्रतिभाग किया। इसके बाद जूनियर स्तर के विज्ञान मॉडल की प्रदर्शनी लगाई गई। जिसमें बच्चों ने प्रकाश संश्लेषण, सौर ऊर्जा, गति, शारीरिक संरचना, पवन चक्की, संचार तकनीकी सहित विभिन्न विषयों पर स्वयं बनाए मॉडल का प्रदर्शन किया। जिसको सभी के द्वारा सराहा गया।

मुख्य अतिथि क्षेत्रीय वैज्ञानिक अधिकारी सुरेश चंद्र शर्मा ने मॉडल प्रदर्शनी का निरीक्षण कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने राष्ट्रीय आविष्कार अभियान और वैज्ञानिक सोच विकसित करने पर जोर दिया। कहा कि वर्तमान समय विज्ञान का युग है और हम विज्ञान की सहायता से दैनिक जीवन के साथ-साथ ही इससे रोजगार के अवसर भी पैदा कर सकते हैं। उन्होंने प्रतियोगिता में मौजूद सभी बच्चों और शिक्षकों से अंधविश्वास को दूर करते हुए वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने की अपील भी की। क्विज प्रतियोगिता में जूनियर हाईस्कूल मऊ की आफरीन 48 अंक लेकर प्रथम, जूनियर हाईस्कूल गंज गांधी पार्क का फैसल 32 अंक और जूनियर हाईस्कूल कुन्दनपुर की खुशी राजभर 30 अंक लेकर तृतीय स्थान पर रही। मॉडल प्रदर्शनी में जूनियर हाईस्कूल पीएसी बालक प्रथम, जूनियर हाईस्कूल दांग द्वितीय ओर जूनियर हाईस्कूल मझोला तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी विजेता बच्चों को क्षेत्रीय वैज्ञानिक अधिकारी और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र और प्रतीक चिह्न देकर प्रोत्साहित किया गया।

कार्यक्रम का संचालन राहुल शर्मा ने किया। कार्यक्रम में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार, खण्ड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय राजेश कुमार, खण्ड शिक्षा अधिकारी नगर मनोज कुमार बोस व वंदना सैनी, जिला समन्वयक प्रशिक्षण तेजपाल सिंह, शिक्षक संघ के अध्यक्ष राकेश कौशिक, मंत्री उस्मान आरिफ, राहुल शर्मा, आशीष कुमार के अलावा रत्नेश बाला, आशा बडोला, निशात खान, रेखा चौहान, रोशनी वर्मा, विष्णु भारद्वाज, आयशा नूर, प्रतिमा कुमारी, अलका सिक्का, श्वेता रानी, नीलम रानी,नमिता गुप्ता, शालिनी सिंह, ममता बाली, सुजाता यादव, सल्वी जुल्फिकार सहित काफी संख्या में शिक्षक व बच्चे मौजूद रहे।

# उल्लास ऐप के माध्यम से निरक्षरों का सर्वे कराएं बीईओ और शिक्षक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

कम्पोजिट विद्यालय गांधी पार्क में आयोजित गोष्ठी में मौजूद बीएसए अजीत कुमार व अन्य।

- नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद स्तरीय गोष्ठी

**अमृत विचार:** नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को जनपद स्तरीय गोष्ठी का आयोजन कम्पोजिट विद्यालय गांधी पार्क नगर क्षेत्र में किया गया। इसकी अध्यक्षता जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार ने की।

गोष्ठी में नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित गतिविधियों, उल्लास ऐप के माध्यम से 15 प्लस वय वर्ष के निरक्षर वयस्कों का चिह्नांकन, सर्वेयर की तैनाती, निरक्षरों के लिए स्पेशल कक्षाओं का आयोजन आदि बिंदुओं पर जानकारी दी गई। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने खण्ड शिक्षा अधिकारियों, शिक्षकों से कहा कि सभी लोग उल्लास ऐप के माध्यम से निरक्षरों का सर्वे कराएं और उसकी सूचना उनको उपलब्ध कराएं। सर्वे के बाद चिह्नित हुए सभी निरक्षरों के लिए विशेष कक्षाओं का संचालन कराया जाएगा। साक्षरता गोष्ठी में सभी ब्लाकों के खण्ड शिक्षा अधिकारियों के अलावा नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के प्रशिक्षक, प्रेरक, लाभार्थी और शिक्षक मौजूद रहे।

## शहर में आज

- दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के कार्यकारिणी के वार्षिक चुनाव में मतगणना सुबह 10 :00 बजे।
- नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम में बैडमिंटन प्रतियोगिता सुबह 10 :00 बजे।
- सीबीएसई की बोर्ड परीक्षा महानगर के केंद्रों पर सुबह 10 :30 बजे से।
- यूपी बोर्ड की परीक्षा महानगर के केंद्रों पर सुबह 8 :30 बजे।

## एक नजर

### चिकित्सकों की होगी भर्ती

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जिले में शहरी क्षेत्र के हेल्थ एंड वेलनेस केंद्रों पर नियुक्ति के लिए चिकित्सकों की भर्ती प्रक्रिया फिर शुरू होने जा रही है। अर्बन हेल्थ कोआर्डिनेटर प्रमोद ने जानकारी देते हुए बताया कि एमबीबीएस डिग्रीधारकों को वॉक इन इंटरव्यू के माध्यम से चयनित होने का मौका मिलेगा।

बुध बाजार में काफी समय से स्मार्ट सिटी का कार्य चल रहा है। जिसके चलते वहां अवैध निर्माण को ध्वस्त किया जा रहा है। मगर यह कार्य बहुत ही सुस्ती से हो रहा है। जिस कारण वहां के दुकानदार व आने जाने वाले राहगीरों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बुधवार की दोपहर हालात ये थे कि इंपीरियल तिराहे से लेकर बुध बाजार चौराहे तक जाम लग रहा। जिस कारण वाहनों को रेंग-रेंगकर चलना पड़ा। ● अमृत विचार

## कच्चे माल की कमी से निर्यात इकाइयां प्रभावित

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** अंतर्देशीय कंटेनर डिपो पर इंपोर्ट में 50 फीसदी की भारी कमी दर्ज की गई है। जिसके चलते मुरादाबाद से लेकर उत्तराखंड तक की निर्यात इकाइयां प्रभावित हुई हैं।

जनपद के आईसीडी पर कई देशों से आने वाले कच्चे माल में कमी से इकाइयों में उत्पादन घटने के साथ ही कॉनकॉर (कंटेनर कार्पोरेशन ऑफ इंडिया) का कारोबार भी चपेट में आया है। कॉनकॉर के टर्मिनल मैनेजर तरुण गोयल ने बताया कि मिस्र के लाल सागर में हमले के चलते समुद्री जहाजों की यूरोप को आवाजाही दूसरे रास्तों से हो रही है। रास्ते अपेक्षाकृत काफी लंबे हो जाने की वजह से आईसीडी पर इंपोर्ट होने वाले कंटेनर्स की संख्या दो हजार से घटकर एक हजार रह गई है। इंपोर्ट होने वाले कंटेनर्स से कच्चा माल पहुंचता है जो मुरादाबाद के साथ ही उत्तराखंड की कई एक्सपोर्ट यूनिटों में इस्तेमाल होता है। इंपोर्ट घटने से निर्यात इकाइयों में उत्पादन घटना शुरू हो गया है।

# गैरहाजिर बिजनौर-अमरोहा के तीन अधिकारियों से जवाब तलब

## मंडलायुक्त ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व बिजनौर, खनन अधिकारी बिजनौर व अमरोहा के खिलाफ की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- 15 दिन में मंडल के हर जिले में कम से कम 50 हेक्टेयर भूमि पर नेपियर घास लगवाने के दिए निर्देश
- जल जीवन मिशन के अंतर्गत खराब सड़कों की मरम्मत न कराने वाली एजेंसियों पर दर्ज होगी प्राथमिकी

**अमृत विचार:** मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को उनके कार्यालय सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड विकास कार्यों की मण्डलीय समीक्षा बैठक हुई। बिना अनुमति बैठक से अनुपस्थित रहने पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व बिजनौर, खनन अधिकारी बिजनौर/अमरोहा का जवाब तलब करने का आदेश मंडलायुक्त ने दिया। साथ ही 15 दिन में मंडल के हर जिले में कम से कम 50 हेक्टेयर भूमि पर नेपियर घास लगवाने के निर्देश दिए।

मंडलायुक्त ने मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), मनरेगा, अमृत सरोबर, भवन निर्माण, सड़क निर्माण, जल जीवन मिशन, पंचायतीराज, स्वास्थ्य, पर्यटन, सामाजिक वनीकरण, आपरेशन कायाकल्प, पशुधन, सेतु निर्माण, श्रम, स्वरोजगार योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, नियमित टीकाकरण, पोषण मिशन आदि की समीक्षा की। विभागों के अधिकारियों को नम्बर-1 रैंक में बनें रहने के निर्देश दिए।

कार्यालय सभागार में विकास कार्यों की मंडलीय समीक्षा बैठक करते मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह व उपस्थित अधिकारी।

मण्डलायुक्त ने उप निदेशक पशुपालन को निर्देश दिया कि मंडल के हर परिवार के पशुओं की गणना की जाए। बिना बताए कोई भी पशु छोडेग़ा तो पेनाल्टी लगेगी। पंचायत राज विभाग को भी सक्रिय सहयोग देने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारियों को निर्देश दिया कि अगले 15 दिन के भीतर मण्डल के हर जिले में कम से कम 50 हेक्टेयर भूमि पर नेपियर घास लगवाएं। अपर निदेशक, पशुपालन व उप-निदेशक पंचायत को निर्देश दिया कि जिलों में पशुओं की गणना (गोवंशीय व महीषवंशीय की अलग-अलग व कितने बछड़े/बछिया व गर्भवती पशु हैं) 15 मार्च तक कराकर बताएं। अधीक्षण अभियंता जल निगम, ग्रामीण से कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत खराब सड़कों की मरम्मत न कराए जाने वाली एजेंसियों के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराकर बताएं। बिना अनुमति के बैठक में अनुपस्थित रहने पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व बिजनौर, खनन अधिकारी बिजनौर/ अमरोहा का जवाब तलब करने का आदेश दिया।

भवन निर्माण में सम्भल व रामपुर ई कैटेगरी, डिलीवरी सर्विस में मुरादाबाद 56.83 प्रतिशत, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में बिजनौर की 33.11 प्रतिशत, दुग्ध मूल्य भुगतान में अमरोहा सी कैटेगरी, 15वें वित्त आयोग ग्राम पंचायत में सम्भल बी कैटेगरी, 5वां राज्य वित्त आयोग ग्राम पंचायत सम्भल ई कैटेगरी, फेज-2 व्यक्तिगत शौचालय में रामपुर सी कैटेगरी तथा स्वच्छ भारत मिशन में मुरादाबाद एवं सम्भल डी कैटेगरी में होने पर मण्डलायुक्त ने कार्य प्रगति में सुधार लाकर ए कैटेगरी में बने रहने के निर्देश दिए। नियमित टीकाकरण में सबसे कम सेशन मुरादाबाद में कराए जाने पर मुख्य चिकित्साधिकारी मुरादाबाद को ठीक प्रकार से कार्य कर सेशन में वृद्धि करने के लिए कहा। बैठक में जिलाधिकारी अमरोहा राजेश त्यागी, अपर आयुक्त प्रशासन प्रथम बृजेश कुमार, डिप्टी कमिश्नर गजेन्द्र प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी, एडी हेल्थ और अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### पाइप लाइन डालने के लिए सड़क खोद कर छोड़ने पर कराएं एफआईआर

मंडलायुक्त ने कहा कि जल जीवन मिशन में ग्राम पंचायतों में पाइप लाइन डालने के लिए खोदी गई सड़क की मरम्मत नहीं की गई तो एफआईआर दर्ज होगी। मंडलायुक्त ने सीडीओ को सड़कों की रिपोर्ट देने के लिए कहा। उपनिदेशक पंचायत से कहा कि ग्राम पंचायतों में सड़क खोदकर ठीक न करने वाले लापरवाहों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराएं।

### ई-कवच की मानीटरिंग में लापरवाही पर नोटिस

मंडलायुक्त ने ई-कवच एप पर मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा मानीटरिंग न करने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। कहा कि कुपोषण पर कार्य किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी एक-एक ब्लाक में मछली पालने हेतु मछली पालन एवं हेचरी हेतु स्थान चिन्हित करें तथा तालाबों को विकसित करें। सेतु निर्माण निगम में रामपुर ई कैटेगरी, सड़क अनुरक्षण में मुरादाबाद बी कैटेगरी, कौशल विकास में बिजनौर बी कैटेगरी, कन्या विवाह सहायता योजना एवं सामूहिक विवाह योजना में सम्भल बी कैटेगरी में होने पर आयुक्त ने नाराजगी जताई।

## ऑक्सीजन बढ़ाने के लिए शुरू किया कार्बन क्रेडिट प्रोजेक्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मौजूदा समय में कम हो रहे ऑक्सीजन स्तर को बढ़ाने के लिए वन विभाग की ओर से कार्बन क्रेडिट प्रोजेक्ट की शुरुआत की गई है। इस प्रोजेक्ट के तहत किसानों को एक पौधा लगाने पर 250 रुपये मिलेंगे। प्रोजेक्ट में ऑक्सीजन देने वाले पौधों को प्राथमिकता दी जाएगी।

वन विभाग और ऊर्जा एवं संसाधन संस्थान (द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट) द्वारा जनपद के किसानों को पौधा लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। कार्बन क्रेडिट प्रोजेक्ट के तहत किसान अपनी जमीन पर पौधा लगाकर इसके बदले पैसे ले सकेगा। इसके लिए किसानों को वन विभाग से पौधा लेना होगा। किसान अगर पौधा लगाने के बाद उसे तीन वर्ष तक सही सलामत रखते है तो उसके बदले वन विभाग और द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टीट्यूट द्वारा किसानों को प्रति पौधे की दर से 250 रुपये दिए जाएंगे। इस योजना में किसान पौधों को अपने खेतों के साथ मेढ़ पर भी लगा सकते हैं। कार्बन क्रेडिट प्रोजेक्ट के तहत जनपद के सभी क्षेत्रों में ऑक्सीजन पैदा करने, हरियाली बढ़ाने के साथ ही किसानों की आमदनी बढ़ेगी। इच्छुक किसानों को पौधे उपलब्ध कराने के लिए वन विभाग जनपद के तीन स्थानों पर नर्सरी में विभिन्न प्रकार के पौधों को तैयार करा रहा है। बताया गया कि वन विभाग की ओर से ग्राम सभा में पौधे उपलब्ध कराए जाएंगे। जिसके बाद किसान जून और जुलाई महीने में प्रधान के जरिये किसान इन पौधों को ले सकते हैं। मुरादाबाद परिक्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक रमेश चंद्र ने बताया कि इस योजना के तहत जनपद में लगे 35 लाख पौधों को चिह्नित किया गया है और इन पौधों को लगाने वाले किसानों का सर्वे पूरा हो चुका है।

> कार्बन क्रेडिट प्रोजेक्ट के तहत पौधे लगाने वाले किसानों की सूची तैयार की जा रही है। जिसके बाद विभाग किसानों का नाम, पता, बैंक एकाउंट का विवरण, आधार नंबर, कृषि वानिकी का क्षेत्रफल, भूमि की खसरा खतौनी, मोबाइल नंबर समेत पूरा विवरण जुटाएगा। बाद में विभाग भुगतान के लिए लिस्ट को भेजेगा।
> **-रमेश चंद्र,** वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक (मुरादाबाद परिक्षेत्र)

# शराब की दुकान लूटने वालों को उम्रकैद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** डकैती/लूट के मामले में न्यायालय ने बुधवार को दोषसिद्ध पांच अभियुक्तों को आजीवन कारावास और कुल 10.35 लाख रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। यह फैसला घटना के साढ़े 34 महीने बाद आया है। अर्थदंड की धनराशि में प्रत्येक अभियुक्त को 2,07,000 रुपये की दर से अदा करना होगा। न्यायालय एडीजे-6 के न्यायाधीश संदीप गुप्ता की ओर से सजा पाए इन अभियुक्तों में विनोद कुमार उर्फ बंटी, अनुप सिंह, विपिन उर्फ डकरा, रवि ठाकुर और कुलदीप हैं। इनके विरुद्ध कुंदरकी थाने में वर्ष 2021 में डकैती/लूट के आरोप में पीड़ित प्रदीप कुमार ने अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई थी।

प्रदीप बदायूं जिले के थाना बिल्सी क्षेत्र के गांव नंगला तरउ के रहने वाले हैं। इनकी कुंदरकी में देशी शराब की दुकान थी। घटना 12 अप्रैल 2021 की है। कुंदरकी में डींगरपुर मार्ग पर स्थित देशी शराब की दुकान में डकैतों ने तमंचा व लाठी-डंडों से मारपीट कर दुकान की चाबी छीनकर लूट की थी। पीड़ित पक्ष के प्रदीप कुमार के मुताबिक, घटना की रात में वह अपने साथी विक्रेता सुंदरलाल निवासी अकरौली संभल के साथ दुकान की छत पर सो रहे थे। रात के करीब एक बजे पांच बदमाश छत पर चढ़ आए थे। इनके पास लोहे की रॉड, तमंचा थे। बदमाशों ने उन्हें और सुंदरलाल को लोहे की रॉड से पीटा था और बंधक बना लिया था। दुकान में रखी करीब 40,000 रुपये की देशी शराब और उनका मोबाइल लूट लिया था। दस्तावेज और उनका वोटर आइडी कार्ड भी लूटे थे। बैग में 18,000 रुपये रखे थे, वह भी लूट ले गए थे। सुंदरलाल से भी उनका मोबाइल लूट लिया था। डकैत पिकअप वाहन से आए थे और उसी में देशी शराब की पेटियां भर ले गए थे। इस मामले में न्यायालय में कुंदरकी थाने की तरफ हेड कांस्टेबल शैलेंद्र कुमार पैरोकारी कर रहे थे, जबकि प्रकरण की विवेचना दरोगा संदीप कुमार ने की थी।

### दोषसिद्ध अभियुक्त रवि व कुलदीप हैं सगे भाई

अपर जिला शासकीय अधिवक्ता नीलम वर्मा ने बताया कि दोषसिद्ध अभियुक्त विनोद कुमार उर्फ बंटी पुत्र बिजेंद्र कुंदरकी थाना क्षेत्र के भेसोड़ का रहने वाला है। अनूप सिंह पुत्र विशन पाल सिविल लाइन थाना क्षेत्र में हिमगिरि कॉलोनी का और विपिन उर्फ डकरा पुत्र अजय पाल सिंह बरेली जिले के कैंट थाना क्षेत्र के गांव चौबारी का है। अभियुक्त रवि ठाकुर और कुलदीप सगे भाई हैं। दोनों भाई भी बरेली के चौबारी के रहने वाले हैं।

## महिला से दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त को सजा

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** चार बच्चों की मां से दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त दुल्ली उर्फ रवि कुमार को न्यायालय ने सात वर्ष के कठोर कारावास और 10,000 रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। अभियुक्त संभल जिले के मिलक भारतल गांव का रहने वाला है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी दिनेश कुमार कश्यप और अशोक यादव ने बताया कि घटना 25 अगस्त 2015 की है। इस मामले में थाना पुलिस ने 31 अगस्त 2015 को प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की थी, जबकि पुलिस ने विवेचना के बाद 27 फरवरी 2016 को अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। उन्होंने बताया कि घटना के दिन पीड़िता अपने खेत में घास काटने गई थी, जहां उसके साथ घटना हुई थी। जहां अभियुक्त ने वारदात को अंजाम दिया था।

# छात्राओं को स्वस्थ रहने के तरीके बताए

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** गोकुलदास हिंदू गर्ल्स महाविद्यालय में चल रहा योग शिविर बुधवार को समाप्त हो गया। शिविर में सायमा , नीतू प्रजापति , सोनम, प्राची दिवाकर, सोनाली, नताशा, सिमरन, मरियम, नमरा आदि छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर प्राचार्य प्रोफेसर चारु मेहरोत्रा ने कहा कि योग का निश्चित लक्ष्य स्वयं को संतुलित करना है। साथ ही दूसरों को भी मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ करना है। एक व्यक्ति तब योग को प्राप्त कर लेता है जब वह स्वयं के मन के साथ-साथ अपने दिमाग को भी पूरी तरह अनुशासित कर लेता है। इसके बाद दीपाली त्यागी ने छात्रों को जीवन के छह जरूरी तत्व खाना, पीना, सोना, स्वांस लेना, सोचना एवं बैठने के तरीके को बदलकर अपने जीवन को शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के तरीके बताए। उप प्राचार्य प्रो. अंजना दास ने कहा कि योग कोरोना जैसी बीमारी से लड़ने में भी हम लोगों के लिए पूर्ण रूप से सहायक है। इस दौरान छात्राओं ने स्वच्छता के लिए शपथ भी ली। मुख्य अनुशासिका प्रो. कविता भटनागर ने भी छात्राओं का उत्साहवर्धन किया और शिविर के सफलतापूर्वक संपन्न होने के लिए बधाई दी। कार्यक्रम का आयोजन और संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शेफाली अग्रवाल और डॉ. रेनू शर्मा ने किया। शिविर में प्रो. किरण साहू, प्रो. अंशु सरीन, प्रो. मीनाक्षी शर्मा, प्रो. अपर्णा जोशी, प्रो. सीमा गुप्ता, प्रो. अनुराधा सिंह, प्रो. सीमा अग्रवाल, डॉ. इंदु सिंह राजपूत, डॉ. प्रीति पांडे, डॉ. सीमा मालिक, डॉ. रूपाली गुप्ता, डॉ. सविता अग्रवाल, सोनल आदि मौजूद रहीं।

योग शिविर में शपथ लेती छात्राएं। ● अमृत विचार

## दो दिवसीय वार्षिक उत्सव शुरू हुआ

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** लाइनपार स्थित राजकीय होम्योपैथी मेडिकल कॉलेज में दो दिवसीय वार्षिक उत्सव की रंगारंग शुरुआत हुई।

कॉलेज परिसर में इसका आरंभ प्राचार्य डॉ. डीएस कुशवाहा ने किया। छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। एनॉटॉमी के विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्णवीर सिंह ने बताया कि वार्षिकोत्सव का समापन गुरुवार रात को भव्य सांस्कृतिक एवं पुरस्कार वितरण समारोह के साथ होगा।

संचालन शारिया रिजवी ने किया। डॉ. देवेंद्र संकटा प्रसाद, डॉ. मुकेश गौतम, डॉ. राहुल, डॉ. विजय पटेल, डॉ. शिखा, डॉ. प्रीति, डॉ. निधि तिवारी, डॉ. टीपी सिंह, डॉ. विजेंद्र सिंह, डॉ. एसके आर्य आदि रहे।

**राहत** निर्माण पूरा होने पर 1700 प्रशिक्षुओं की क्षमता वाला हो जाएगा पीटीसी

# पीटीसी व पीटीएस में भवनों के निर्माण को मिले 65 .62 करोड़

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** प्रदेश सरकार पुलिस ट्रेनिंग सेंटरों की क्षमता को दोगुना कर रही है। इसी क्रम में इन दिनों प्रशिक्षण सेंटरों पर नए भवनों के निर्माण का कार्य जोरों पर है। इसी क्रम में पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं विद्यालय में आवासीय एवं अनावासीय भवनों के निर्माण के लिए प्रदेश सरकार ने अभी फिर 65.62 करोड़ रुपये उपलब्ध करा दिए हैं।

एडीजी अमित चंद्रा ने बताया कि महाविद्यालय में प्रशासनिक भवन, तीन मंजिला इमारत बनाकर उसमें 18 कक्षा-कक्ष बनाए जा रहे हैं। इसी तरह 400 व्यक्तियों की क्षमता वाले दो भवनों का निर्माण चल रहा है। इनके अलावा पीटीसी में कार्यालय, बैरक, मोटर गैराज, अर्मरी, वर्कशॉप, सभागार, ग्रीन एरिया, वाटर हॉर्वेस्टिंग बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में वर्तमान में 850 प्रशिक्षु व्यक्तियों की क्षमता है, जो बढ़कर 1700 हो जाएगी। महाविद्यालय की क्षमता दोगुना करने के लिए 59 आवासीय भवनों के निर्माण पर खर्च के लिए कुल 18,52,39,000 रुपये स्वीकृत हैं। इसमें कार्यदायी संस्था ने निर्माण में पूर्व में 4.63 करोड़ रुपये खर्च कर शासन में उपयोगिता प्रमाण पत्र भी उपलब्ध करा दिया था। इसके बाद स्वीकृत धनराशि में से अब शेष 13,89,30,000 रुपये में से शासन ने 24 फरवरी की तारीख में 9,26,19,000 रुपये और अवमुक्त कर दिए हैं। इस तरह स्वीकृत कुल धनराशि में से अब शासन के पास अभी 4,31,11,000 रुपये अवमुक्त होने से बाकी हैं। उन्होंने बताया कि संबंधित सभी निर्माण कार्य 31 जनवरी 2025 तक पूरे होने हैं।

पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय में बनाए जा रहे आवासीय एवं अनावासीय भवन।

**1852.39**
लाख रुपये से पीटीसी में बने रहे आवास

**7589.26**
लाख रुपये से पीटीसी में अनावासीय भवन निर्माण

**9658.16**
लाख रुपये से पीटीएस में बन रहे अनावासीय भवन

**65,62,78,000**
रुपये 24 फरवरी को शासन ने फिर दिए हैं

### 75.89 करोड़ से पीटीसी में निर्मित हो रहे भवन

पुलिस प्रशिक्षण महाविद्यालय परिसर में अनावासीय भवनों के निर्माण के लिए कुल 75,89,26,000 रुपये स्वीकृत हैं। इसमें कार्यदायी संस्था ने निर्माण में पूर्व में 18,97, 31,000 रुपये खर्च कर शासन में उपयोगिता प्रमाण पत्र भी उपलब्ध करा दिया था। इसके बाद स्वीकृत धनराशि में से अब शेष 56,91, 95,000 रुपये में से शासन ने 24 फरवरी में 22,56,24,000 रुपये और अवमुक्त कर दिए हैं।

## धोखाधड़ी एवं ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पाकबड़ा थाना पुलिस ने धोखाधड़ी व ठगी करने वाले अभियुक्त अर्चित जैन को बुधवार को गिरफ्तार किया है।

इनके पास से तीन लैपटॉप, टैबलेट और तीन मोबाइल भी बरामद किए है। इंस्पेक्टर क्राइम रमेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अर्चित जैन पुत्र रूपेश जैन मध्य प्रदेश के विदिशा थाना कोतवाली क्षेत्र के हास्पिटल रोड का रहने वाला है।

उन्होंने बताया कि 25 फरवरी को आनन्द अग्रवाल पुत्र संजीव अग्रवाल निवासी रामगंगा विहार फेज-2 ने मामला दर्ज कराया था। इसमें उन्होंने आरोपी अर्चित जैन को नामजद किया था। आरोपी का वर्तमान पता टीएमयू विश्वविद्यालय पाकबड़ा है।

# उत्पीड़न पर महिला ने ससुराल छोड़ी, अब पति धमकी दे रहा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- शिकायत पर पुलिस ने पति समेत पांच के खिलाफ दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार:** ससुराल वालों से तंग आकर पीड़िता मायके चली गई, वहां भी उसका पति मोबाइल पर जान से मार देने की धमकी वाले और अश्लील मैसेज भेज रहा है। पीड़िता ने बुधवार को सिविल लाइंस थाने में पति समेत ससुराल के पांच लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है।

अगवानपुर के नियारियान निवासी इकरा ने पुलिस को बताया है कि उनकी शादी एक साल पहले मुहल्ले के ही मोहम्मद आलम पुत्र मोबीन से हुई थी। शादी के बाद से ही उनका पति उसके साथ गलत बर्ताव करने लगा था, आए दिन उसे मारता पीटता था। पीड़िता का आरोप है कि उसका पति उसे एक अन्य युवती के साथ रहना चाहता है, इसी चक्कर में वह उसे मारता है। इकरा ने पुलिस को इस युवती का नाम भी बताया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया है कि उसके साथ उनकी सास रिजवाना, ससुर मोबीन, देवर आजम व जावेद भी उसके साथ गाली-गलौज करते हैं। ये लोग उसके पति मोहम्मद आलम को उकसाते हैं। उसने बताया कि ससुराल वालों से आजिज आकर वह चार महीने से अपने मायके में रह रही है। फिर भी उसका पति उसके मोबाइल पर जान से मार देने की धमकी और अश्लील मैसेज भेजता है। इस मामले में सिविल लाइंस थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने बताया कि इकरा का मामला संज्ञान में आया है। उसकी तहरीर पर आरोपियों के विरुद्ध मारपीट के आरोप में नामजद एफआईआर दर्ज की गई है।

## एक नजर

### 10वीं के विद्यार्थियों को भूगोल के सवालों ने उलझाया

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बुधवार को काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन (सीआइएससीई) की 10वीं की भूगोल और 12वीं की बिजनेस स्टडीज की परीक्षा हुई। पहली पाली में भूगोल की परीक्षा देकर बाहर आए छात्र-छात्राओं ने बताया कि प्रश्न काफी उलझाने वाले थे। खासकर मैपिंग में थोड़ी परेशानी हुई। लेकिन, सभी सवाल पाठ्यक्रम से ही थे। बारहवीं की आठ और दसवीं की 12 केंद्रों पर परीक्षा हुई। 10वीं की भूगोल विषय की परीक्षा के लिए लगभग 1250 और बारहवीं की परीक्षा 700 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे। सभी विद्यार्थी परीक्षा को लेकर संतुष्ट दिखे। परीक्षा खत्म होने के बाद विद्यार्थियों ने अपनी शंका को दूर करने के लिए आपस में चर्चा की। विद्यार्थियों के अनुसार ओवरआल पेपर ठीक था। हालांकि सभी प्रश्नों को घुमाकर पूछा गया था, जिसने गहनता के साथ तैयारी की थी उन्हें ज्यादा परेशानी नहीं हुई। दूसरी पाली में बिजनेस स्टडीज का पेपर देकर आए 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने पेपर को आसान बताया।

# यूपी बोर्ड : 1027 ने छोड़ दी परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड परीक्षाओं में बुधवार को पहली पाली में हाईस्कूल की संस्कृत और इंटरमीडिएट की अर्थशास्त्र की परीक्षा हुई। दोनों ही विषय में 168 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। जबकि दूसरी पाली में संगीत वादन, चित्रकला में 859 ने परीक्षा छोड़ दी। संस्कृत और अर्थशास्त्र की परीक्षा देकर बाहर आए परीक्षार्थी खुश थे। विद्यार्थियों का कहना था कि पेपर काफी सरल आया था।

जनपद में बुधवार को 107 केंद्रों पर यूपी बोर्ड की 10वीं और12वीं की परीक्षा हुई। पहली पाली में हाईस्कूल की संस्कृत की परीक्षा हुई। इसमें कुल 217 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। जबकि इंटरमीडिएट में पहली पाली में अर्थशास्त्र की परीक्षा हुई। दूसरी पाली में हाईस्कूल में संगीत वादन और इंटरमीडिएट की चित्रकला की परीक्षा हुई। नकलविहीन परीक्षा के लिए सभी केंद्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट उपस्थित रहे।

मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज से परीक्षा देकर बाहर आतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

| पहली पाली | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| परीक्षा | विषय | पंजीकृत | उपस्थित | अनुपस्थित | उपस्थिति दर |
| हाईस्कूल | संस्कृत | 228 | 217 | 11 | 95.17 |
| इंटरमीडिएट | अर्थशास्त्र | 3095 | 2938 | 157 | 94.92 |
| योग | | 3323 | 3155 | 168 | 94.94 |
| **दूसरी पाली** | | | | | |
| हाईस्कूल | संगीत वादन | 83 | 80 | 3 | 96.38 |
| इंटरमीडिएट | चित्रकला | 8585 | 7729 | 856 | 90.02 |
| योग | | 8668 | 7809 | 859 | 90.08 |

## एकल क्वार्टर फाइनल में वाराणसी के सुमित यादव को 21-15, 21-9 से हराया

# मुरादाबाद के अंश सेमीफाइनल में, पदक की उम्मीद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम सोनकपुर में चल रही राज्य स्तरीय बालक व बालिका बैंडमिंटन प्रतियोगिता में बुधवार को क्वार्टर फाइनल मैच खेले गए। इसमें मुरादाबाद के अंश ने अपना मैच जीतकर मंडल को पदक की उम्मीद जगाई है। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में एकतरफा जीत दर्ज की। अब गुरुवार को मंडल की नजरे अंश के प्रदर्शन पर होंगी।

मुख्य अतिथि कोषाधिकारी रेनू बौद्ध ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल की शुरुआत की। एकल क्वार्टर फाइनल में मुरादाबाद के अंश गौर ने वाराणसी के सुमित यादव को 21-15, 21-9 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इनके अलावा सहारनपुर के अंश हांडा ने अयोध्या के ओम, मेरठ के चेल्नया भारती ने कानपुर के हासन अली, वाराणसी के दिव्यांश मौर्या ने अलीगढ़ के अभिषेक कुमार को मात दी।

जबकि बालिका वर्ग में सहारनपुर की प्रगति गुप्ता ने अंशिका सिंह, कानपुर की साम्या रेड्डी ने अयोध्या की श्रेया पाल और आगरा की संघमित्रा गौतम ने अयोध्या की लक्ष्मी को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इसके साथ ही डबल्स में कानपुर के समयुक्ता रेड्डी और श्रयांशी यादव और अलीगढ़ की मेघा, प्राची चौधरी के साथ कानपुर की काव्या और शुभी की जोड़ी ने अपने-अपने मैच जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

निर्णायक की भूमिका में धर्मेंद्र, सलमान अहमद, समर्थ कुमार, राहुल आदि रहे। इस अवसर पर क्रीड़ा अधिकारी प्रेम कुमार, जिला ओलंपिक संघ के सचिव डॉ. अजय पाठक, आसिफ, यश शुक्तला, सचिन विश्नोई आदि मौजूद रहे।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में आयोजित बैडमिंटन प्रतियोगिता में भाग लेता खिलाड़ी।

**आयोजन**

- राज्य स्तरीय बालक व बालिका बैंडमिंटन प्रतियोगिता
- सहारनपुर के अंश हांडा ने अयोध्या के ओम को हराया

# अतिक्रमण करने वालों को जारी करें नोटिस

## नगर निगम के पार्क में बगैर अनुमति लगाया था विवाह समारोह का टेंट, जुर्माना वसूलने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** जर्जर सड़क व नाला सफाई में लापरवाही से नागरिकों की समस्या की शिकायत पर बुधवार को नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने वार्ड 64, 34 व अन्य जगहों पर निरीक्षण किया। उन्होंने नाले पर अतिक्रमण की क्षेत्रीय पार्षद व नागरिकों की शिकायत पर ऐसा करने वालों को नोटिस देकर कार्रवाई करने और अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया।

नगर आयुक्त ने वार्ड 64 में झब्बू के नाले का निरीक्षण किया। यहां सफाई में कमी से जलभराव की शिकायत और पक्का नाला निर्माण कराने की मांग पार्षद व नागरिकों ने की थी। नगर आयुक्त ने नाले पर अतिक्रमण करने वालों को नोटिस देकर अतिक्रमण हटाने का निर्देश निगम के अधिकारियों को दिया। उन्होंने इसके बाद काली माता मंदिर परिसर में स्थित पार्क और सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण किया। निगम के पार्क में बगैर अनुमति के विवाह समारोह का टेंट लगाने पर नाराजगी जताई। टेंट हाउस के स्वामी व आयोजक के विरूद्ध नोटिस जारी कर अर्थदंड लगाकर वसूलने का निर्देश दिया। इसमें असफल होने पर संबंधित अवर अभियंता व सहायक अभियंता के वेतन से कटौती करने के लिए कहा। सार्वजनिक शौचालय का दरवाजा टूटा होने और गंदगी पर कार्यदायी संस्था लायन सर्विसेज लिमिटेड व सफाई निरीक्षक को कारण बताओ नोटिस जारी करने के लिए कहा।

यहां के बाद उन्होंने वार्ड 34 में स्मार्ट सिटी द्वारा रामगंगा विहार में बनाए जा रहे सड़क व नाले का निरीक्षण किया। पार्षद सुरेंद्र विश्नोई ने नाला निर्माण कराकर जलनिकासी की समस्या का समाधान कराने की मांग की। नगर आयुक्त ने कमेटी बनाकर तीन दिन में रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। कहा कि पार्षदों को जन समस्या के प्रति जागरूक होना चाहिए। उनके सहयोग से निगम के अधिकारी कर्मचारी जनता की समस्या का समाधान करें।

निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त अतुल कुमार, अजीत कुमार, उप नगर आयुक्त राजकिशोर प्रसाद, वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनील कुमार दोहरे, अधिशासी अभियंता जलकल दिनेश कुमार त्रिपाठी, सहायक अभियंता रईस अहमद, एसपी सिंह, क्षेत्रीय पार्षद नदीम अंसारी, मोहित गौड़, नईम पप्पू, जुनैद के अलावा क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक आदि मौजूद रहे।

नाला व सड़क की समस्या के निराकरण को निरीक्षण करते नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल।

### कांग्रेसियों ने नगर आयुक्त को दिखाई महानगर की खराब सड़कों की दशा, जल्द सुधार कराने की मांग

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर की टूटी और जर्जर सड़कों से नागरिकों को हो रही समस्या को लेकर कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल से मिला। उन्हें इन सड़कों के चलते हादसे, जलभराव आदि की जानकारी देकर सुधार कराने की मांग की। जिलाध्यक्ष असलम खुर्शीद के नेतृत्व में कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने नगर आयुक्त से मिलकर सड़कों की सच्चाई से रूबरू कराया। वार्ड 67 में हसन खां की चौकी से अंडेवालान से झब्बू के नाला चौराहा तक की टूटी खस्ताहाल सड़क पर कीचड़ और जलभराव दिखाया। कांग्रेसियों ने नगर आयुक्त को एक शवयात्रा की वीडियो भी दिखाई। बताया कि किस तरह गंदे पानी व जर्जर रास्तों से होकर श्मशान ले जाया जा रहा है। जीते जी नरक के हालातों से दो चार होने के अलावा मरने के बाद भी नरक के रास्तों से स्वर्ग का सफर तय करना पड़ रहा है। इसके अलावा इन जर्जर रास्ते से स्कूल व कालेज आने-जाने बच्चों की समस्याओं पर ध्यान आकृष्ट किया। गुंबद वाली मस्जिद के नमाजियों को भी पांच वक्त इसी दुश्वारियों से गुजरते हुए नमाज को जाना पड़ता है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि अगले महीने रमजान भी शुरू हो रहे हैं। जिस दौरान सड़क पर आवागमन और बढ़ जाता है। इस कारण कोई बड़ी घटना न घटित हो इसलिए सड़कों को ठीक कराने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में जिलाध्यक्ष के अलावा माइनारिटी प्रकोष्ठ के अफजल साबरी, पार्षद मोहम्मद जुनेद, शमशेर अली, मोअज्जम अली आदि शामिल रहे।

### युवती को ब्लैकमेल करने पर दो के खिलाफ रिपोर्ट

**बिलारी, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में युवक ने युवती की व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल करके अश्लील वीडियो बना ली। इसके बाद वह वीडियो को लेकर युवती को ब्लैकमेल करने लगा। बाद में वीडियो वायरल कर दी। युवती के भाई ने कोतवाली में युवक व उसके दोस्त के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

बिलारी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में दो महीने पूर्व गांव के ही एक युवक अरमान अंसारी ने कपड़े धोते समय युवती का फोटो खींच लिया था। उसके बाद वह उसे ब्लैकमेल करने लगा। साथ ही युवक पर युवती को मोबाइल फोन देने का भी आरोप लगाया।

इस बीच व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल करके उसकी अश्लील वीडियो भी बना ली और दो दिन बाद मोबाइल वापस ले लिया। 26 फरवरी को अरमान और उसके दोस्त ने वीडियो दिखाकर ब्लैकमेल किया और रकम मांगी। बाद में वीडियो को इंस्टाग्राम पर वायरल कर दिया। इस मामले को लेकर युवती के भाई ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करने को तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नगर पालिका में पालिकाध्यक्ष इरफान सैफी से मिलते दुकानदार। ● अमृत विचार

### दुकानदारों के विरोध पर पीछे खींचे कदम

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** नगर पालिका के किराएदार दुकानदारों के विरोध पर चेयरमैन ने कदम पीछे खींच लिए हैं। तीन मंजिला दुकानों का निर्माण कराने के प्रस्ताव पर आगे कार्रवाई से इनकार कर दिया है। उनके आश्वासन पर दुकानदार भी मान गए हैं।

नगर पालिका ने 24 फरवरी को बोर्ड बैठक में पालिका गेट के दायीं और बायीं ओर दुकानों को ध्वस्त कर तीन मंजिला इमारत बनाकर अनुबंधित दुकानदारों को प्राथमिकता के आधार पर दुकान आवंटित करने का प्रस्ताव पास किया था। इस प्रस्ताव की भनक लगते ही आवंटित दुकानदारों ने विरोध करना प्रारंभ कर दिया। उन्होंने एसडीएम के साथ अधिशासी अधिकारी को ज्ञापन देकर कहा कि तहसील मुख्यालय का गेट बदलने और बस स्टैंड बाहर शिफ्ट होने से दुकानदार पहले से ही कारोबारी लिहाजा से परेशान हैं। अब दुकानों को ध्वस्त होने पर कारोबार भी खत्म हो जाएगा। उनके विरोध पर एसडीएम ने पत्राचार कर कार्रवाई का आश्वासन दिया था। इस प्रकरण को लेकर बुधवार को दुकानदार पुनः नगर पालिका अध्यक्ष इरफान सैफी से मिले। उन्होंने दुकानदारों की गैररजामंदी पर प्रस्ताव पर अमल नहीं करने का आश्वासन दिया। इस दौरान राजेंद्र चंद्र पांडे, मुकेश कुमार, सुनील कुमार, शमशुदीन, भारत सिंह आदि मौजूद रहे।

# अब मनोहरपुर-मंगूपुरा में बसेगी कालोनी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- लाकड़ी फाजलपुर बाईपास पर कामर्शियल हब विकसित करने के लिए खाका तैयार

**अमृत विचार:** महानगर को विकसित करने के लिए मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शैलेष कुमार लगातार बेहतर प्रयास कर रहे हैं। जिसमें तरह-तरह की योजनाएं शुरू की जा रही हैं। अब मुरादाबाद विकास प्राधिकरण ने दिल्ली रोड पर टाउनशिप बसाने के लिए खाका तैयार किया है। जिसमें मनोहरपुर और मंगूपुरा के किसानों से 50 हेक्टेयर भूमि खरीदकर यह कालोनी बसाई जाएगी।

दूसरी ओर लाकड़ी फाजलपुर रोड पर मैनाठेर गांव के आसपास की 130 हेक्टेयर भूमि पर कामर्शियल हब के तौर पर विकसित करने के लिए कार्ययोजना तैयार है। एक-दो दिन में भूमि खरीदने वाले गाटा संख्या की सूचना प्रकाशित होने वाली है। इसके बाद भूमि खरीद का काम शुरू किया जाएगा। दोनों योजनाओं के लिए भूमि देने को आधे से अधिक किसानों ने सहमति भी दे दी है।

ग्रामीण क्षेत्र से महानगर में आकर बसने वाले परिवार की संख्या लगातार बढ़ रही है। दुनिया भर में पीतलनगरी के नाम से पहचान बनाने वाले महानगर में उस तरह औद्योगिक क्षेत्र विकसित नहीं हो सका जिस तरह होना चाहिए था। लेकिन अब मुरादाबाद विकास प्राधिकरण ने लाकड़ी फाजलपुर रोड पर 130 हेक्टेयर (1957.8 बीघा) भूमि में कामर्शियल हब बनाने के लिए खाका तैयार कर लिया है। एमडीए इसके लिए सहारा की जमीन भी खरीदेगा। इसके अलावा जिन किसानों से भूमि खरीदी जानी है। उनकी भूमि के गाटा संख्या भी तहसील से लेकर जिलाधिकारी से रेट घोषित करा लिए गए हैं। मुरादाबाद विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शैलेष कुमार ने बताया कि इस योजना में कामर्शियल हब के लिए भूमि सर्किट रेट से दो गुना रेट पर खरीदी जानी है। इसके लिए किसानों से प्राधिकरण के अधिकारियों की बात भी हो चुकी है। आधे से अधिक किसानों ने भूमि देने के लिए सहमति दे दी है। इसी तरह मनोहरपुर गांव के पास 50 हेक्टेयर भूमि पर एमडीए टाउनशिप विकसित करने जा रहा है। इसके लिए आधे से अधिक किसानों ने भूमि देने के लिए सहमति दे दी है। टाउनशिप में मनोहरपुर और मंगूपुरा के किसानों की भूमि खरीदी जानी है। इसके लिए किसानों से प्राधिकरण अधिकारियों ने बात कर ली है। प्राधिकरण की टीम ने दोनों योजनाओं का निरीक्षण करके सभी तैयारियां पूरी कर ली है। उन्होंने बताया कि किसानों ने अपनी सहमति दे दी है।

### 1,907 फर्जी फर्मों पर धोखाधड़ी का है मामला

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** केंद्रीय वस्तु एवं सेवाकर मेरठ के अपर आयुक्त पंकज कुमार सिंह ने मुगलपुरा थाना पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि राजस्व सचिव की अध्यक्षता में 5 जून 2023 को एक वीडियो कांफ्रेंसिंग हुई थी। इसमें जीएसटी इंटेलिजेंस महानिदेशालय (डीजीजीआई) के भी अधिकारी थे। कांफ्रेंसिंग के बाद राजस्व विभाग की वित्तीय खुफिया इकाई (एफआईयू) ने चिह्नित फर्मों के बारे में विवरण प्रस्तुत किया था। इसमें पता चला है कि 1907 धोखाधड़ी वाली संस्थाएं 27 राज्यों में फैली हैं। इनके फर्जी चालान के खतरे से निपटने के लिए मेरठ स्थित केंद्रीय वस्तु एवं सेवाकर प्रधान कार्यालय इस तरह की संस्थाओं द्वारा संचालित ऐसे सभी घोटालों का पता लगाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी में पवन राघव की फर्जी फर्म मैसर्स राघव इंटरप्राइजेज का मामला सामने आया है।

# 4.17 करोड़ के राजस्व की हानि पहुंचाने पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** फर्जी फर्म बनाकर किसी भी सामान की वास्तविक आपूर्ति के बिना नकली चालान के आधार पर इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) बनाने और पास कराने में आरोपी ने केंद्र सरकार को 4.17 करोड़ रुपये के राजस्व की हानि की है। इस मामले में केंद्रीय वस्तु एवं सेवाकर मेरठ के अपर आयुक्त पंकज कुमार सिंह ने आरोपी पवन राघव के विरुद्ध मुगलपुरा थाने में एफआईआर दर्ज करा दी है। आरोपी पवन दिल्ली का रहने वाला है। इसने मुरादाबाद के मुगलपुरा थाना क्षेत्र का पता दर्शाकर फर्जी फर्म बना ली और उसी के आधार पर फर्जीवाड़ा करता पाया गया।

आरोप है कि आरोपी ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर मुरादाबाद के मुगलपुरा थाना क्षेत्र का पता दर्शाकर न केवल फर्जी फर्म बनाई, बल्कि उसी के आधार पर फर्जीवाड़ा कर केंद्र सरकार के खजाने को चोट पहुंचाता रहा है। मामला सामने आने के बाद अधिकारियों ने कार्रवाई शुरू कर दी है। अधिकारियों को ताज्जुब इस बात का है कि संबंधित बिलों पर न तो माल लिया गया और न ही बेचा गया। इस तरह के फर्जीवाड़े में कई व्यापारियों के भी शामिल होने का संदेह अधिकारी जता रहे हैं। कहा जा रहा है कि आईटीसी के घोटाले में फर्जीवाड़ा करने वालों की चेन बनी है। इनका कई राज्यों में नेटवर्क फैला है। कई नामचीन व्यापारी इस भी फर्जीवाड़े में शामिल होना बताए जा रहे हैं। फिलहाल, मामले के जांच चल रही है। कुल मिलाकर टैक्स प्रक्रिया को सरल बनाने और चोरी रोकने के लिए केंद्र ने एक देश-एक टैक्स की तर्ज पर गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी) लागू किया तो टैक्स चोरों ने इसमें भी सेंध लगा दी है। घोटालेबाजों ने बड़ा हेरफेर करते हुए कई करोड़ रुपये तक का गोलमाल कर दिया है। उधर, थानाध्यक्ष मुगलपुरा मनोज कुमार ने बताया कि आरोपी पवन राघव दिल्ली का रहने वाला है। इसने मुगलपुरा में जिस स्थल पर अपना कारोबार दिखाया है, वहां ऐसा कुछ भी नहीं है। फिलहाल, इस मामले में अपर आयुक्त की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है। अब इस मामले की विवेचना शुरू की जा रही है।

### फर्जी बिलिंग कर पास करा लिया आईटीसी

दर्ज हुई एफआईआर में अपर आयुक्त ने थानाध्यक्ष मुगलपुरा से कहा है कि आईटीसी के फर्जीवाड़े में आपके अधिकार क्षेत्र की फर्म मेसर्स राघव इंटरप्राइजेज की पहचान की गई है। इसका मालिक पवन राघव है, जो कथित तौर पर फर्जी इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) बनाने और पास करने में शामिल है। दिल्ली के व्यापारियों को फर्जी तरीके से माल सप्लाई दर्शाकर फर्जी बिलिंग कर सरकार को धोखा दे रहा है। इस फर्म के मालिक पवन राघव ने मेसर्स राघव इंटरप्राइजेज के नाम से फर्जी फर्म बना रखी है। अपर आयुक्त के मुताबिक, अब तक की गई जांच में पाया गया है कि उसने 4.17 करोड़ रुपये की फर्जी आईटीसी बनाई और इसे दिल्ली में खरीदारों को दे दिया। ऐसा करके, करदाता ने बिना किसी सामान की आपूर्ति के सरकारी खजाने को भारी मौद्रिक नुकसान पहुंचाया है। जांच के दौरान पाया गया कि पवन राघव द्वारा बनाई फर्म मेसर्स राघव इंटरप्राइजेज कहीं खोजे नहीं मिली है। कागजों में इसने अपने व्यवसाय के प्रमुख स्थान मुगलपुरा में गोस्पक का चौराहा दर्शा रखा है। इससे पता चलता है कि इस फर्म का कोई व्यवसाय नहीं है।

**आयोजन** अर्द्धमौनी सर्व कल्याण ट्रस्ट की ओर से चंद्र नगर में एक शाम राधा गोविंद के नाम कार्यक्रम का आयोजन

# राधा-कृष्ण का किया गुणगान, खेली फूलों की होली

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** सिंह मंडप चंद्र नगर में अर्द्धमौनी सर्व कल्याण ट्रस्ट की ओर से एक शाम राधा गोविंद के नाम आयोजित हुई। इसमें भजन संध्या में फूलों की होली में भक्तों ने जमकर आनंददायक अनुभूति का रसास्वादन किया।

आचार्य धीरशांत दास अर्द्धमौनी ने ब्रज में होरी मोरे रसिया, होली खेल रहे नंदलाल गोकुल की कुंज गलिन में, रंग डारो न बीच बाजार कन्हैया में तो रंग जाऊंगी.. आदि गीतों से वातावरण को फाल्गुन के रंग में रंग दिया। उन्होंने बताया कि नियति एक भिखारी को राजा और राजा को भिखारी बनाती है। वह एक धनी मनुष्य को निर्धन और निर्धन को धनी बनाती है। जिनके भेजे खाली है, वो कोई उपदेश नहीं समझते। यदि बांस को मलय पर्वत पर उगाया जाए, तो भी उसमें चंदन के गुण नहीं आते। जिसकी अपनी कोई बुद्धि नहीं, उसका शास्त्र भी क्या भला करेंगे। एक अंधा मनुष्य दर्पण का क्या करेगा और एक बुरा मनुष्य सुधर नहीं सकता। आप पृष्ठ भाग को चाहे जितना साफ करें वो श्रेष्ठ भागों की बराबरी नहीं कर सकता। कार्यक्रम के अंत में फूलों की होली खेली गई। इसके बाद भंडारे का आयोजन हुआ। इसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। व्यवस्था में कांता देवी, उर्मिला गुप्ता, चंद्र पाल, सुनील कुमार विश्नोई, अनिल कुमार विश्नोई, पूनम विश्नोई, आशुतोष विश्नोई, प्रतिभा विश्नोई, पंकज गुप्ता, अमित गुप्ता, शचि गुप्ता, श्री गुप्ता, अर्चना गुप्ता, वंदना गुप्ता आदि मौजूद रहे।

चंद्र नगर में आयोजित भजन संध्या में मौजूद भक्तजन। ● अमृत विचार

### भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह में जमकर नाचे भक्त

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** श्री बांके बिहारी सेवा समिति की ओर से कानून गोयान स्थित सांवलदास गंगा मंदिर में चल रही कथा में बुधवार को कथा व्यास आचार्य पं. विनीत कुमार शर्मा ने भगवान श्रीकृष्णा की बाल रूप लीलाओं का वर्णन किया। जिसे सुनकर माहौल भक्तिमय हो गया। उन्होंने गायों के साथ वन में जाना, कालिया नाग का मरना और गोपियों के साथ रास रचना, महारास में मां पार्वती के साथ भगवान शंकर का गोपी बनाकर आना, मथुरा के राजा कंस द्वारा अक्रूरजी जी को नंदगांव भेज कर मथुरा बुलवाना, कृष्ण और बलराम को मारने लिए अनेकों उपाय करने पर भी कृष्ण और बलराम का कंस के दरबार में पहुंचकर वध करने के साथ-साथ भगवान कृष्ण के अनेकों रूपों का वर्णन किया। उनका गुणगान किया और श्री कृष्णा मथुरा के राजा बने। रुक्मिणी द्वारा भगवान कृष्ण को पत्र लिखकर अपने साथ ले जाने का आग्रह करना और रुक्मिणी विवाह का वर्णन कर भक्तों को मंत्र मुग्ध कर दिया। इस दौरान भक्त भगवान कृष्ण के विवाह में नाचने लगे। कथा के यजमान अजय रस्तोगी, रूपम रस्तोगी, सुरेश चंद्र गुप्ता, सुनीता गुप्ता रहे। व्यवस्था में पं. दिनेश शर्मा, पं. सुबोध सेमवाल, नवनीत शर्मा, श्याम कृष्ण रस्तोगी, रीना रस्तोगी, सच्चिदानंद भटनागर, खुशबू भटनागर, कृतिका शर्मा आदि मौजूद रहे।

### डॉ. बर्क के इंतकाल पर पेश की खिराजे अकीदत

**कुंदरकी, अमृत विचार:** समाजवादी के सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क के इंतकाल पर नगर पंचायत कुंदरकी में सभासदों द्वारा उनको खिराज ए अकीदत पेश की गई।

सभासद नाज़िम उस्मानी एड. ने कहा कि डॉ. बर्क ने पूरा जीवन राजनीति की जिसमे सभी धर्मों के लोगों की मदद करते रहे। यही वजह थी कि वह 4 बार विधायक बने और 5 बार सांसद रहे। कहा कि वह एक अज़ीम शख्सियत और बेशुमार सलाहियतों के मालिक थे। इस दौरान सभासद अख्तर रजा, राशिद कुरैशी, हाजी सद्दन शाह, नदीम भोला, ताहिर खान, नज़ीर अहमद, रफीक सैफी, शमीम खान, शाहिद सिद्दीक़ी, चांद बाबू, फहीम खान, यामीन उर्फ पप्पू, हाजी आसिफ सैफी आदि मौजूद रहे।

# साहू नगला में ग्रामीणों ने पकड़ा चोर, पीटकर पुलिस को सौंपा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- 60,000 की नकदी व जेवरात चोरी कर ले गए चोर

**अमृत विचार:** मूंढापांडे थाना क्षेत्र में शादी से एक दिन पहले मंगलवार रात को चोर घर में घुस गए और युवती के निकाह में दहेज के लिए रखे 60,000 रुपये और जेवरात चोरी कर ले गए। चोरी के दौरान ही आहट पाकर जगे परिवार वालों ने एक चोर को दौड़ाकर दबोच लिया। उसे जमकर पीटा भी और फिर पुलिस के हवाले कर दिया है। पुलिस उसके फरार साथियों की तलाश कर रही है।

मंगलवार रात को हुई इस घटना के दूसरे दिन बुधवार को परिवार में युवती के निकाह की रस्म अदायगी की गई। यह मामला साहू नगला निवासी अहमद हसन के घर का है। इनके मकान में भोजपुर निवासी नाजिम और बबलू किराए पर रहते हैं। उनकी साली की शादी बुधवार को हुई। इसी बीच मंगलवार रात चोर घर में घुस गए थे। रुपये और सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर लिए। परिवार वालों ने बताया कि चोर घर में थे, इसी बीच नाजिम की आंख खुल गई। शोर मचाने पर आसपास के लोग भी जाग गए थे। नाजिम और बबलू ने गांव वालों की मदद से दौड़ाकर एक आरोपी को दबोच लिया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस के हवाले कर दिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मोइन निवासी रामपुर भीला बताया है। थाना प्रभारी मूंढापांडे ने बताया कि पकड़े गए आरोपी का चालान कर दिया गया है। पूछताछ में आरोपी ने अपने फरार साथियों के नाम बताएं हैं, उनकी तलाश की जा रही है।

## एक नजर

### ब्लॉक संसाधन केंद्र पर शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण

**डिलारी, अमृत विचार :** ब्लॉक संसाधन केंद्र डिलारी पर खंड शिक्षा अधिकारी वेगीस सिंह गोयल के मार्गदर्शन में बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान के चार दिवसीय प्रशिक्षण के चौथे बैच के प्रथम दिवस का प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण में खंड शिक्षा अधिकारी ने आधारशिला क्रियान्वयन संदर्शिका की वार्षिक योजना, मौखिक भाषा विकास, डिकोडिंग, समझ के साथ पठन और लेखन आदि बिंदुओं पर चर्चा की। एआरपी अजय राज सिंह ने साप्ताहिक और वार्षिक शिक्षण उद्देश्यों के बारे में बताया। बीईओ ने प्रतिभागियों को विभिन्न गतिविधियों को अपनी कक्षा में बच्चों के साथ कर निपुण बनाने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण में एआरपी जितेंद्र कुमार, सचिन कुमार शर्मा, कपिल कुमार आदि उपस्थित रहे।

### 2 किलो गांजा के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**डिलारी, अमृत विचार :** बुधवार को थाना डिलारी पुलिस ने क्षेत्र के दो अलग-अलग गांव से गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। गांव जटपुरा निवासी सिराजुल और गांव काजीपुरा निवासी कलुआ काफी दिनों से गांजा बेचने का काम कर रहे थे। बुधवार को दोनों तस्कर आबादी से दूर अन्य व्यक्तियों को गांजा बेच रहे थे। तभी मुखबिर की सूचना पर थाना डिलारी पुलिस ने छापेमारी कर आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। सिराजुल के पास से 1 किलो व कलुआ के पास से लगभग 1 किलो गांजा बरामद किया। थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि दोनों आरोपितों को न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

### शव की हुई पहचान

**बिलारी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव कनोबी के जंगल में मिले शव की पहचान हो गई। जिसके बाद मृतक के पुत्र ने कोतवाली पहुंचकर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बिलारी थाना क्षेत्र के गांव कनोबी के जंगल में शव मिला था। बाद में कपड़ों के आधार पर रुस्तमपुर खास गांव के विपिन ने उसकी पहचान अपने पिता रामवीर के रूप में की थी। विपिन ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 22 फरवरी को उसके पिता रामवीर लापता हो गए थे। जिनका शव किनोबी के जंगल में मिला था। उसने आशंका जताई कि हत्या करके शव को जंगल में फेंका गया है। तहरीर के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# नगर पालिका बोर्ड बैठक में कई प्रस्ताव पारित

## सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क के निधन पर हुई शोकसभा, दो सभासद नहीं हुए शामिल

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचार:** नगर पालिका परिषद के सभागार कक्ष में बोर्ड की बैठक शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई। जिसमें विकास कार्य को लेकर चर्चा की गई और कई कार्यों को लेकर सहमति बनी। वहीं सपा सांसद के निधन पर आयोजित शोकसभा का दो सदस्यों ने बहिष्कार किया।

बुधवार को पालिका परिषद के सभागार कक्ष में नगर पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव एवं अधिशासी अधिकारी रजनी सिंह द्वारा बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में समाजवादी पार्टी छोड़ भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने पर पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव को कुलदीप सक्सेना, संजय सक्सेना, निहाल सिंह, सुनील आर्य आदि ने पगड़ी पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। बैठक में लगभग 8 महिला सभासद गैरहाजिर रही। जिनकी जगह पर उनके प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में अहम फैसलों पर सहमति बनी। जिसमें नगर की सीमाओं व संपत्ति का कमेटी बनाकर चिह्नांकन कराना, नगर पालिका व ग्राम समाज की भूमि को भूमाफियाओं से कब्जा मुक्त कराना, नगर पालिका में पड़े स्क्रेब की नीलामी आदि जैसे अहम फैसले लिए गए। बैठक में हल्का लेखपाल पर रिश्वत लेकर गलत पैमाइश करने के भी आरोप लगे। जिसपर हल्का लेखपाल ने आरोपों को बेबुनियाद एवं झूठा बताया। बैठक में सभासद देवेश शर्मा ने कहा कि लेखपाल द्वारा सरकारी जगह की पैमाइश कराते समय वार्ड सभासदों का साथ होना अति आवश्यक है। बैठक में सभासद गिरीश चंद्र एवं सभासद राकेश यादव ने मांग करते हुए कहा कि नगर के कर्बला रोड, चंद्रदेव मंदिर जाने वाले मुख्य द्वार का नाम बदलकर चंद्रदेव द्वार रखा जाए। इसी बीच बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव ने बताया कि नगर में अब तक कई नई सड़कें डाली गई हैं और वार्ड 4, 25, 13, 6 और 14 आदि सहित लगभग 9 नई सड़क और पास कराई गई है, जिन पर बहुत जल्द कार्य शुरू कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि बाल्मीकि बस्ती होते हुए सरकारी अस्पताल को जाने वाली सड़क भी पास करा दी गई है। अंत में बैठक में सपा सांसद सफीकुर्रहमान वर्क के निधन पर शोक सभा की गई। जिसमें नगर के दो वार्ड सभासदों सुमित गुप्ता एवं अभिषेक पांडे ने शामिल होने से इनकार कर दिया। इसका कारण उन्होंने बताया कि स्वर्गीय सपा सांसद ने गत वर्षों में संसद में वंदे मातरम कहने से इनकार कर दिया था, जिससे देश का अपमान हुआ था और देश का अपमान करने वाले व्यक्ति की शोक सभा में वह शामिल नहीं होंगे।

इस अवसर पर संजय सक्सेना, शाहिद हुसैन, रजनीश कुमार, छत्रपाल सिंह, दीपक कुमार, आशू, सुमित कुमार गुप्ता, ओंकार सिंह, अभिषेक शर्मा, प्रवेश कुमार, ब्रज रतन प्रजापति, राकेश यादव, निहाल सिंह, अभीतोष कुमार, देवेश शर्मा, आशीष शंकर पांडे, गिरीश बाबू, दानवीर शर्मा, अभिषेक पांडे, मोहम्मद सलीम, जरीफ अंसारी, शाहरुख, ताहिर हुसैन आदि उपस्थित रहे।

नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक में मौजूद पालिकाध्यक्ष रघुराज सिंह यादव, अधिशासी अधिकारी रजनी सिंह व सभासद। ● अमृत विचार

## भाकियू ने मृदा परीक्षण केंद्र स्थापित कराने की मांग की

संवाददाता, कांठ/छजलैट

**अमृत विचार:** खेतों की सेहत सुधारने के लिए किसान कई बार ब्लॉक छजलैट में मृदा परीक्षण केंद्र स्थापित किए जाने की मांग कर चुके हैं, लेकिन अब तक यह पूरी नहीं हो सकी है। किसानों का कहना है कि उन्हें खेतों की मिट्टी की जांच कराने के लिए जिला मुख्यालय की दौड़ लगानी पड़ती है। जिससे किसानों का समय और धन दोनों का नुकसान होता है।

कांठ तहसील किसान बाहुल्य क्षेत्र है। यहां सबसे अधिक गन्ने की पैदावार होती है। साथ ही किसान धान, गेहूं,मक्का, आदि की खेती भी करते हैं। बीमार खेतों की उर्वरा शक्ति घटने के कारण फसलों की पैदावार में किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पश्चिम प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल सिंह का कहना है कि खेतों में जिन उर्वरकों को आवश्यकता है उनके बारे में मिट्टी की जांच कर ही पता लगाया जा सकता है। इसके लिए भाकियू कई बार मृदा परीक्षण केंद्र खुलवाने की मांग कर चुकी है। दूसरी ओर भारतीय किसान यूनियन मुरादाबाद मंडल महासचिव जितेंद्र बिश्नोई जीतू का कहना है कि ब्लॉक छजलैट या तहसील कांठ में किसानों के हित के लिए मृदा परीक्षण केंद्र खुलना चाहिए। ताकि किसान आसानी से अपने खेतों की मिट्टी की जांच करा सकें। यदि मृदा परीक्षण केंद्र स्थापित हो जाता है तो किसानों को लाभ पहुंचेगा।

## केबल संचालक को नगर पंचायत ने जारी किया नोटिस

**कांठ, अमृत विचार:** नगर के एक व्यक्ति की शिकायत पर नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी ने एसए केबिल नेटवर्क के संचालक को नोटिस जारी किया है। नगर के मोहल्ला पट्टी वाला निवासी धर्मेंद्र कुमार ने नगर पंचायत की अधिशासी अधिकारी को पत्र देकर और आईजीआरएस के माध्यम से शिकायत करते हुए आरोप लगाया है कि एसए केबिल नेटवर्क के संचालक सिराज अहमद पुत्र साबिर हुसैन मोहल्ला महमूदपुर ने बार स्टेशन रोड पर नगर पंचायत द्वारा स्थापित विद्युत पोल पर केबल डालकर अतिक्रमण कर रखा है। शिकायत के आधार पर अधिशासी अधिकारी प्रियंका ने एसए केबिल नेटवर्क के संचालक को नोटिस जारी किया है।

## स्योहारा शुगर मिल के स्टोर पर नहीं मिल रहीं दवाइयां

संवाददाता, कांठ

▸▸ गन्ने की फसल में सड़न रोग लगने से किसान परेशान

**अमृत विचार:** इस वर्ष गन्ने की फसल में रोग लगने के कारण शुगर मिलों द्वारा कुछ प्रजाति के गन्नों पर प्रतिबंध लगाया गया है। लेकिन रोग की रोकथाम के लिए स्योहारा शुगर मिल द्वारा दवा वितरण करने के लिए नगर में स्टोर की स्थापना की गई जिसमें दवा उपलब्ध न होने के कारण किसान चक्कर लगा रहे हैं।

ग्राम मुख्तियारपुर नवादा रोड पर स्योहारा शुगर मिल द्वारा स्टैंडर्ड एग्री सोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के नाम से स्टोर खोला गया है जिसमें इस वर्ष गन्ने पर आए रोग की रोकथाम के लिए दवा उपलब्ध करानी था, लेकिन किसान आए दिन इस स्टोर पर चक्कर लगा रहे हैं। लेकिन ट्राइकोडर्मा नामक दवा नहीं मिल रही। जबकि मिल द्वारा आश्वासन दिया गया था कि 038 प्रजाति के गन्ने में इस बार सड़न रोग आया था। उसकी रोकथाम के लिए कई प्रकार की दवाइयां उपलब्ध रहेंगी। कांठ निवासी किसान राम सेवक का कहना है कि वह एक सप्ताह से इस स्टोर के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन गन्ना बुआई से पूर्व जो दवा देनी थी, वह उपलब्ध नहीं है। वहीं कांठ निवासी ओमकार सिंह द्वारा स्योहारा शुगर मिल के अधिकारी विपुल शेरावत से शिकायत भी की थी, मगर इस पर सुनवाई नहीं हुई।

कृषि विज्ञान केंद्र पर मौजूद किसान। ● अमृत विचार

## किसानों की समस्याएं सुलझाई

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** मलपुरा लक्ष्मीपुर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र पर पीएम किसान सम्मान निधि योजना की16वीं किश्त के वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण केंद्र पर कृषकों को दिखाया गया।

इस मौके पर कार्यक्रम में आए कृषकों की खेतीबाड़ी से जुड़ी समस्याओं का निदान भी किया गया। इस मौके पर वैज्ञानिक दीपक कुमार ने कृषकों को प्राकृतिक खेती की फसल में लगने वाली कीट व्यधि की रोकथाम के बारे में जानकारी दी। वैज्ञानिक डॉ. राजेश कुमार ने कृषकों को प्राकृतिक खेती के बारे में बताया। वैज्ञानिक डॉ. हसन तनवीर ने पीएम किसान उत्सव कार्यक्रम में कृषि विभाग द्वारा विकास खंड स्तर पर अपनी सहभागिता दी। कार्यक्रम में ओमप्रकाश, विनोद कुमार, ब्रह्मपाल, यशराम शर्मा, रेशमा, राकेश कुमार, ज्ञान चंद आदि ने प्रतिभाग किया। पुष्पराज यादव, रणवीर सिंह एवं दिनेश कुमार ने सहयोग प्रदान किया।

## देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि मनाई

**बिलारी, अमृत विचार:** अमरपुर काशी स्थित श्रीमती मीरा अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि मनाई गई।

बुधवार को कॉलेज में स्वाधीन भारत के प्रथम राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ. राजेंद्र प्रसाद की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर कॉलेज के संस्थापक प्रधानाचार्य पं. विनोद कुमार मिश्रा एवं अध्यापकों ने उनके चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान प्रधानाचार्य ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद के जीवन से संबंधित कई संस्मरण सुनाए। इस अवसर पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट राशिद अली, अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक मोहम्मद रिजवान, तस्लीम कुरैशी, मोहम्मद जिलानी, राकेश प्रजापति, कुंवरपाल यादव, नवनीत कुमार ,नेत्रपाल सिंह, ओंकार सिंह, ऋषिपाल सिंह यादव, पुष्पेंद्र यादव ,सुगंधा भारती आदि मौजूद रहे।

गांव रामूवाला गणेश में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते भाजपा जिलाध्यक्ष।

## प्रत्येक बूथ पर बढ़ाएं मत प्रतिशत

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी की बैठक रामूवाला गणेश में आयोजित की गई।

बैठक में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष आकाश पाल ने सेक्टर प्रभारी, समिति के अध्यक्षों, शक्ति केंद्र संयोजक से सक्रिय रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के लिए मन की बात तथा पार्टी के विभिन्न कार्यक्रमों को सरल अप तथा नमो ऐप डाउनलोड करने आवश्यक हैं। लोकसभा चुनाव को देखते हुए सभी कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों की भूमिका महत्वपूर्ण है। भाजपा कार्यकर्ताओं को प्रत्येक बूथ पर पूर्व में पड़े मतों का 10% बढ़ाना है। कार्यक्रम में ठाकुरद्वारा विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी जुगेश अरोड़ा, जितेंद्र सिंह चौहान, सतपाल सिंह, दिनेश कुमार प्रजापति, मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार पाल, अखिलेश बिश्नोई, सचिन राणा, दीपक गोस्वामी, कमलेश कुमार, सागर बजरंगी, मनोज कुमार चौहान, पवन पुष्पद, मुकेश चौधरी, उमेश कुमार गुप्ता आदि मौजूद रहे।

## सीएससी से पीएम सूर्य घर योजना का सर्वे कार्य शुरू

**मुरादाबाद/डिलारी, अमृत विचार:** मुफ्त बिजली योजना एक सरकारी योजना है जिसका उद्देश्य भारत में घरों को मुफ्त बिजली प्रदान करना है। यह योजना 15 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई थी। इसके तहत, परिवारों को अपनी छतों पर सौर पैनल स्थापित करने के लिए सब्सिडी प्रदान की जाएगी। सब्सिडी सौर पैनलों की लागत का 40 प्रतिशत तक कवर करेगी। इस योजना के अंतर्गत जन सेवा केंद्र (सीएससी) से हर घर का सर्वे किया जाना है जिसमे जो उपभोक्ता सोलर पैनल लगवाने में इच्छुक है उनका सर्वे सीएससी के माध्यम से हो रहा है। जिला प्रबंधक अयाज उल ऐजाज ने बताया कि उक्त कार्य सीएससी जनसेवा संचालक के माध्यम से होना है। उक्त योजना केंद्र व प्रदेश सरकार दोनों के परस्पर समन्वय से क्रियान्वित की जा रही है।

**रोष** अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के कार्यकर्ताओं ने निर्माण कार्य बंद कराया

# सड़क निर्माण में घटिया सामग्री लगाने पर प्रदर्शन

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** हाईवे से जवाहर नवोदय विद्यालय कालेवाला को जाने वाली क्षतिग्रस्त सड़क पर पुनः निर्माण में घटिया सामग्री लगाने पर अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के कार्यकर्ताओं ने निर्माण कार्य बंद करवा दिया। साथ ही प्रदर्शन किया।

बुधवार को ठेकेदार द्वारा हाईवे पर स्थित रामूवाला गणेश चौराहे से नवोदय विद्यालय व कालेवाला जाने वाली सड़क के निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा था। इस दौरान रामूवाला गणेश तथा कालेवाला के ग्रामीण अखिल भारतीय किसान मजदूर सभा के नेता प्रीतम सिंह तथा पंकज चौहान के नेतृत्व में इकट्ठा हुए और वहां जेई पीडब्ल्यूडी के प्रतिनिधियों से घटिया सामग्री लगाने का विरोध किया। जिसको लेकर तीखी नोकझोंक भी हुई। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि सड़क का निर्माण केवल नाममात्र ही हो रहा है। सड़क पर 20 एमएम कोट (परत) के स्थान पर केवल 12 एमएम का कोट लगाया जा रहा है। साथ ही घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों ने मांग की है कि सड़क को मानकों के अनुसार निर्माण किया जाए। इस दौरान किसान नेता प्रीतम सिंह ने कहा कि सड़क का निर्माण मानकों के अनुसार सही ढंग से नहीं करवाया जाएगा, तो निर्माण कार्य बंद करवा दिया जाएगा। इस बारे में उप जिलाधिकारी अजय कुमार मिश्रा से भी मौखिक शिकायत की गई। जिस पर उन्होंने सुधार करवाने का आश्वासन दिया गया। इस दौरान कामरेड नरेश सिंह, सचिन कुमार, सुमित कुमार, शादाब अली, जतिन चौहान, चेतन चौहान, पूरन सिंह, विपिन कुमार, अमित कुमार, सुमित पाल, ललित कुमार, विकास कुमार, निपेंद्र सिंह, डालेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे ।

गांव रामूवाला गणेश में प्रदर्शन करते ग्रामीण। ● अमृत विचार

## नालियों की सफाई न होने से ग्रामीणों में नाराजगी

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम गढ़ी सलेमपुर में नाले-नालियों की सफाई नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी है।

ग्राम सलेमपुर गढ़ी ब्लॉक भीकनपुर छजलैट सबसे पुराना एवं आबादी में सबसे बड़ा गांव है। गांव में नाले-नालियों में कीचड़ एवं पानी जमा होने से गंदगी का साम्राज्य है। उठती दुर्गंध से ग्रामीण त्रस्त हैं। ग्राम प्रधान सचिन कुमार का कहना है कि पर्याप्त कर्मचारी नहीं होने पर सफाई व्यवस्था प्रभावित हुई है। भविष्य में इसमें सुधार किया जाएगा।

नालियों में भरी गंदगी। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

स्वच्छता रैली निकलते संत निरंकारी मिशन के स्वयंसेवक। ● अमृत विचार

### स्वयंसेवकों ने स्वच्छता के प्रति जागरूक किया

**डिलारी, अमृत विचार :** संत निरंकारी मिशन के बैनर तले अमृत महोत्सव के क्रम में ग्राम पंचायत करनपुर में निर्मित अमृत सरोवर तालाब पर स्वयंसेवकों ने सफाई अभियान चलाकर ग्रामवासियों को जागरूक किया। निरंकारी मिशन सेवादल के पदाधिकारियों ने स्वच्छता एवं जल संरक्षण संबंधी रैली निकाली। जिसमें अनेक प्रकार के स्लोगन लिखे हुए बैनर हाथ में लेकर स्वयंसेवक चल रहे थे। रैली का जगह-जगह पुष्प बरसाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम ग्राम पंचायत करनपुर की ग्राम प्रधान रेखा देवी एवं प्रधान के पति डॉ. बाबू सिंह की अध्यक्षता में किया गया। इस मौके पर कमल कुमार, महेंद्र सिंह, किशन सिंह, पप्पू सिंह, चंद्रभान सिंह, रामकुमार सिंह, पूरन सिंह, अनीता देवी, ज्योति सिंह, कामिनी कुमारी, नीतू देवी, पूनम कुमारी, ओमवती देवी, आस्था, वंशिका आदि उपस्थित रहे।

बैठक में जानकारी देते वक्ता। ● अमृत विचार

### पंचायत सदस्यों ने देखा प्रधानमंत्री का संबोधन

**डिलारी, अमृत विचार :** विकासखंड डिलारी के सभागार में एक बैठक हुई। जिसमें क्षेत्र के सभी पंचायत सदस्य मौजूद रहे। बैठक की शुरुआत ब्लॉक प्रमुख पूनम देवी ने फीता काटकर की। किसान उत्सव में प्रधानमंत्री के संबोधन का सजीव प्रसारण दिखाया गया। जिसमें किसान सम्मन निधि की 16वीं किस्त जारी करने की घोषणा की गई। साथ ही संबोधन में प्रधानमंत्री ने केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में बताया। इस मौके पर ब्लॉक प्रतिनिधि अर्जुन चौधरी, खंड विकास अधिकारी डिलारी राजेश अग्रवाल, एडीओ पंचायत चंद्रपाल सिंह, विकासखंड तकनीकी प्रबंधक अनिल कुमार तेवतिया, लोकेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

सामुदायिक शौचालयों पर लटके ताले। ● अमृत विचार

### सामुदायिक शौचालय में गंदगी का अंबार

**कांठ, अमृत विचार :** स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नगर पंचायत में महिला और पुरुषों के लिए सामुदायिक शौचालय बनाए गए थे जो अपनी हालत पर आंसू बहा रहे हैं। सरकार की योजना के अनुसार पिछले बजट सत्र में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नगर पंचायत कांठ में सामुदायिक शौचालय महिला और पुरुषों के लिए बनाए गए थे। आए दिन उसमें या तो ताले लगे रहते हैं या कहीं उनका इस्तेमाल हो रहा है तो वहां गंदगी के अम्बार हैं। सफाई के लिए कर्मचारी नियुक्त नहीं है। नगर निवासी अंकुल का कहना है कि इन शौचालय से कोई भी लाभ नहीं है क्योंकि सभी के घर में शौचालय बने हुए हैं जो सरकार स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत सामुदायिक शौचालय महिला-पुरुषों के लिए बनाए गए थे उनकी न तो साफ-सफाई हो रही है और न ही वह इस्तेमाल करने योग्य हैं। नगर में बना शौचालय इसका उदाहरण है जिसमें घास जमी हुई है और साफ-सफाई न होने के कारण काफी गंदगी है। नागरिकों ने नगर पंचायत अध्यक्ष से इन सामुदायिक शौचालय की साफ-सफाई कराने व प्रतिदिन खुलवाने की मांग की है।

### प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष का निधन, शोक जताया

**कांठ, अमृत विचार :** नगर स्थित बिहारी आदर्श कन्या इंटर कॉलेज कांठ की प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष हृदेश कुमार (57) का हृदय गति रूकने से मंगलवार की रात को देहांत हो गया। वह ग्राम गुनिया खेड़ी जिला बिजनौर के रहने वाले थे। उन्होंने विद्यालय की प्रबंध समिति में 10 वर्षों तक उप प्रबंधक के रूप में कार्य किया तथा वर्तमान में कोषाध्यक्ष के रूप में कार्यरत थे। उनकी अकस्मात मृत्यु का समाचार सुनकर विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष त्रिलोकी सिंह, प्रबंधक सुशील कुमार, प्रधानाचार्य सुनीता आर्य एवं अन्य समस्त स्टाफ ने शोक व्यक्त किया। बुधवार दोपहर को बिजनौर स्थित मोक्ष धाम में परिजनों द्वारा अंतिम संस्कार किया गया।

छात्रा को स्मार्टफोन प्रदान करते कालेज का स्टाफ। ● अमृत विचार

### छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए गए

**कांठ, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर चैदरी स्थित रिजवान गर्ल्स डिग्री कॉलेज में छात्राओं को स्मार्टफोन का वितरण किया गया। प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के युवाओं को स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के तहत 25 लाख स्मार्टफोन और टैबलेट बांटे जा रहे हैं। इसी क्रम में तहसील क्षेत्र के ग्राम अकबरपुर चैदरी स्थित रिजवान गर्ल्स डिग्री कॉलेज में बुधवार को छात्राओं को लगभग 55 स्मार्टफोन का वितरण किया गया। इस अवसर पर शिक्षकों तथा उपस्थित अतिथियों द्वारा छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान साजिद अहमद ने सरकार द्वारा बांटे गए स्मार्टफोन का सदुपयोग करने के टिप्स छात्राओं को दिए। कार्यक्रम में प्राचार्य नईम अहमद, प्रबंधक असद अली खां, साजिद प्रधान व विद्यालय का स्टाफ मौजूद रहा।

### गेहूं की खरीद एक अप्रैल से प्रारंभ होगी

**कांठ/छजलैट, अमृत विचार :** शासन के अनुसार इस सत्र में गेहूं की खरीद 1 अप्रैल से प्रारंभ होने जा रही है जिसमें किसानों को दिशा निर्देश दिए गए हैं। मंडी समिति के इंचार्ज सुनील कुमार त्यागी ने बताया कि गेहूं खरीद केंद्र 1 अप्रैल से प्रारंभ होने जा रहे हैं। सरकारी तोल केंद्र पर गेहूं बिक्री करने के लिए पंजीकरण प्रारंभ कर दिए गए हैं। जिन किसानों के पंजीकरण होंगे उनके ही गेहूं खरीदे जाएंगे।

## एक नजर

### बाइक फिसलने से दो युवक घायल

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गजरौला मार्ग पर बाइक फिसलने से बिजनौर निवासी दो युवक बुरी तरह घायल हो गए। घायलों को गजरौला के सीएचसी में भर्ती कराया है। बुधवार दोपहर बाद बिजनौर जिले के गांव सब्दलपुर निवासी सोनू पुत्र करतार व समदपुर निवासी राजीव पुत्र राजेंद्र बाइक से नगर की ओर आ रहे थे। जैसे ही उनकी बाइक कोतवाली क्षेत्र के गांव सिहाली जागीर स्थित चौराहे पर पहुंची कि अचानक बाइक फिसल गई। जिससे बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायलों को गजरौला सीएचसी में भर्ती कराया है। जहां उनका उपचार जारी है।

### अधिवक्ताओं ने शोकसभा कर मौन रखा

**हसनपुर, अमृत विचार :** तहसील बार एसोसिएशन हसनपुर ने शोक सभा कर लक्ष्मण सिंह के दादा के आकस्मिक निधन पर दुख जताया। महासचिव सुरमित कुमार गुप्त ने कहा हम लक्ष्मण सिंह एवं उनके परिजनों के साथ दुख में सहभागी हैं। अधिवक्ताओं ने दिवंगत की आत्मा को शांति प्रदान करने हेतु दो मिनट का मौन रखा एवं ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर धीरेन्द्र सिंह, राजेंद्र सिंह, रमेश चंद्र, अरविंद शर्मा, संजय चौहान, संजीव कुमार रहे।

### अहिल्याबाई के स्मृति द्वार का विरोध जारी

**गजरौला,अमृत विचार :** शहर के मंडी मार्ग पर बनाए जा रहे अहिल्याबाई के स्मृति द्वार का मोहल्ले वालों द्वारा विरोध जारी है। मोहल्ले वालों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर कार्य रुकवाने की मांग की है। बीते दिनों फाजलपुर के निकट मंडी मार्ग पर अहिल्याबाई के स्मृति द्वार का शिलान्यास विधायक राजीव तरारा ने किया था। अब द्वार बनाने का कार्य शुरू हो गया है। मोहल्ले वालों ने द्वार का विरोध शुरू कर दिया है। उनका कहना है कि किसी एक जाति को ध्यान में रखते हुए द्वार नहीं बनवाना चाहिए। मोहल्ले वालों ने द्वार का कार्य बंद नहीं होने पर आंदोलन करने की चेतावनी भी दी। बुधवार को जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर कार्य रुकवाने की मांग की है। शिकायती पत्र में सौरभ चौहान, राहुल, आशु, टिंकू, पवन, बोबी, धर्म सिंह, अमर सिंह आदि के नाम लिखे थे।

# कांवड़यात्रा के दौरान नेशनल हाईवे पर होगा रूट डायवर्ट

## दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर एक मार्च से नौ मार्च तक नहीं जा पाएंगे भारी वाहन

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा/गजरौला

**अमृत विचार :** शिवरात्रि पर कांवड़यात्रा को लेकर पुलिस ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। कांवड़ यात्रा के मद्देनजर पुलिस-प्रशासन ने सुरक्षा प्लान तैयार कर लिया है। अधिकारियों ने कांवड़यात्रा के रूट का निरीक्षण भी किया है। रूट प्लान जारी करते हुए एक मार्च से रूट डायवर्ट करने के निर्देश दिए गए हैं।

शुक्रवार एक मार्च की मध्य रात्रि 12 बजे से नौ मार्च शाम छह बजे तक हाईवे से भारी वाहन नहीं गुजर सकेंगे। वहीं कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करने के लिए पुलिस बल मांगा गया है। रूट डायवर्जन को लागू कराने की जिम्मेदारी संबंधित थानाध्यक्ष और सीओ को सौंपी गई है। बडे. वाहनों में ट्रक, टैंकर, कंटेनर, ट्रैक्टर-ट्राली, लंबी दूरी की रोडवेज बसों की आवाजाही को हाईवे पर प्रतिबंधित कर दिया गया है। हाईवे पर एक तरफ हल्के वाहन गुजर सकेंगे। कांवड़ियों की संख्या बढ़ने पर हल्के वाहनों पर भी रोक लगा दी जाएगी।

### चांदपुर से गजरौला होते हुए दिल्ली जाने वाला यातायात

चांदपुर से गजरौला होते हुए दिल्ली जाने वाले भारी- हल्के वाहनों को जनपद बिजनौर के जलीलपुर से डायवर्ट कर गंगा पुल से होते हुए हस्तिनापुर, मवाना, मेरठ, गाजियाबाद होते हुए दिल्ली भेजा जाएगा।

### रामपुर से दिल्ली की ओर जाने वाला यातायात

रामपुर से दिल्ली की ओर जाने वाले भारी वाहनों को शाहबाद से बिलारी, मुरादाबाद चंदौसी, बबराला, नरौरा, बुलंदशहर होते हुए दिल्ली की ओर भेजा जाएगा।

### मुरादाबाद से दिल्ली की ओर जाने वाला यातायात

मुरादाबाद से दिल्ली की ओर जाने वाले भारी वाहनों को जनपद मुरादाबाद से बाया संभल, बबराला, नरौरा, डिबाई, बुलंदशहर, सिकंदरा होते हुए गादजयाबाद, दिल्ली को जायेगा। **नूरपुर, शिवाला कलां, फीना से अमरोहा की तरफ आने वाला यातायात :** नूरपुर, शिवाला कलां, फीना से अमरोहा की ओर आने वाले भारी वाहनों को नौगांवा सादात, अमरोहा की तरफ नहीं भेजा जाएगा।

### संभल से दिल्ली की ओर जाने वाला यातायात

संभल से दिल्ली की ओर जाने वाले भारी वाहनों को बहजोई, बबराला, नरौरा, डिबाई, बुलंदशहर होते हुए दिल्ली भेजा जायेगा। कोई भी मालवाहक वाहन गवां की तरफ से हसनपुर नहीं आने दिया जाएगा।

### अमरोहा से दिल्ली जाने वाला यातायात

अमरोहा से दिल्ली की ओर जाने वाले भारी हल्के वाहनों को शिवाला कलां, नूरपुर, बिजनौर, मेरठ, मवाना, गाजियाबाद होते हुए दिल्ली भेजा जाएगा।

### गजरौला से दिल्ली की ओर जाने वाला यातायात

गजरौला चौपला से दिल्ली की ओर जाने वाले भारी वाहनों को गजरौला, हसनपुर, रहरा, गवां, अनुपशहर से बुलंदशहर होते हुए दिल्ली की ओर भेजा जाएगा।

### धनौरा से दिल्ली की ओर जाने वाला यातायात

धनौरा से दिल्ली की ओर जाने वाले भारी वाहनों को चांदपुर, बिजनौर, मवाना, मेरठ होकर दिल्ली भेजा जाएगा।

### हसनपुर से दिल्ली की ओर जाने वाला यातायात

हसनपुर से दिल्ली की ओर जाने वाले भारी वाहनों को संभल, बहजोई, बबराला, नरौरा, डिबाई, बुलंदशहर होते हुए दिल्ली भेजा जाएगा।

### मेरठ से मुरादाबाद-लखनऊ की ओर जाने वाले वाहन

मेरठ से बरेली की ओर जाने वाले हल्के भारी वाहनों को बिजनौर, धामपुर-स्योहारा, कांठ, मुरादाबाद होते हुए बरेली की ओर भेजा जाएगा।

### हापुड़ व मेरठ से रामपुर की ओर जाने वाले वाहन

हापुड़ व मेरठ से गढ़ के मध्य से रामपुर की ओर जाने वाले भारी वाहनों को गढ़ चौपला से डायवर्ट कर बुलंदशहर, डिबाई, नरौरा, बबराला, बहजोई, चंदौसी, बिलारी शाहबाद होते हुए रामपुर की ओर भेजा जाएगा ।

### हाईवे पर लैपर्ड भी रहेगी सक्रिय : एसपी

**अमरोहा, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने बताया कि कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर जगह-जगह आयोजित होने वाले भंडारों और कांवड़ियों के विश्राम स्थल पर भी पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। कांवड़ यात्रा के मद्देनजर हाईवे पर रूट डायवर्जन एक मार्च की मध्य रात्रि से 9 मार्च की शाम 6 बजे तक लागू रहेगा। दूसरे जिले से आने वाले हैवी ट्रैफिक को विभिन्न मार्गों से होकर गुजारा जाएगा, या फिर हाईवे के किनारे ही रोक दिया जाएगा। इसके लिए पड़ोसी जिलों के अधिकारियों से संपर्क किया गया है। असामाजिक तत्वों पर नजर रखने के लिए 24 घंटे पेट्रोलिंग की जाएगी। रात-दिन लैपर्ड भी सक्रिय रहेगी। उन्होंने बताया कि जिले को पीएसी भी मिल गई है। बताया कि बाहरी जिलों से फोर्स मांगी गई है इसके अलावा जो पुलिस फोर्स अयोध्या भेजी गई थी उसको वापस मांगा है।

## एटीएम कार्ड बदलकर 50,000 रुपये ठगे

**हसनपुर, अमृत विचार :** बुधवार दोपहर क्षेत्र के गांव बसेड़ा खुर्द निवासी डालचंद ने अपने पुत्र राजीव कुमार को एटीएम कार्ड देकर रुपये निकालने के लिए भेजा था।

नगर के अमरोहा बस स्टैंड स्थित भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम पर राजीव पहुंचा और कार्ड लगाकर पैसे निकालने लगा, लेकिन किसी कारणवश पैसे नहीं निकले तो एटीएम में खड़े एक व्यक्ति ने कहा कि लाओ में रुपये निकाल देता हूं, लेकिन तब भी रुपये नहीं निकले। इसी बीच अज्ञात व्यक्ति राजीव को एटीएम कार्ड बदल कर दे दिया गया और वहां से चला गया। कुछ समय बाद जब डालचंद के मोबाइल पर पैसे निकालने का मैसेज आया तो उसने राजीव को बताया, तब राजीव ने कहा कि रुपये तो निकल नहीं है। इस पर दोनों पिता-पुत्र ठगी होने का ज्ञात हुआ। दोनों कोतवाली पहुंचे और घटना की जानकारी दी। पीड़ित डालचंद ने बताया कि ठगों ने पांच बार में 49,900 रुपये निकाल लिए हैं। पुलिस क्षेत्रधिकारी दीप कुमार पंत ने बताया कि पीड़ित ने प्रार्थना पत्र दिया गया है। पुलिस जांच में जुटी है जल्द घटना का खुलासा होगा।

## दहेज के लिए प्रताड़ित करने व छेड़खानी में चार पर रिपोर्ट दर्ज

**अमरोहा, अमृत विचार :** ससुराल में दहेज के लिए प्रताड़ित करने व छेड़खानी में महिला की तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

मंडी धनौरा थाना क्षेत्र के गांव निवासी किसान ने पांच साल पहले बेटी की शादी क्षेत्र के ही गांव के रहने वाले युवक से की थी। महिला ने आरोप लगाते हुए बताया कि शादी के तीन महीने बाद उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। ससुर उससे छेड़छाड़ करता था। उत्पीड़न से तंग होकर महिला अपनी बहन के घर रहने लगी। आरोप है कि ससुराल वालों ने महिला को जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने मामले की शिकायत महिला थाने में की। सीओ अंजली कटारिया ने बताया कि महिला की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत चार लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है।

सैदनगली में दरगाह पर चादरपोशी के बाद दुआ करते सांसद दानिश अली व अन्य।

## सांसद दानिश अली ने दरगाह पर चादरपोशी कर दुआ मांगी

सैदनगली, संवाददाता

**अमृत विचार :** नगर पंचायत सैदनगली के मोहल्ला हुसैनी चौक में जावेद रजा उर्फ बॉबी बाकरी के आवास पर सांसद दानिश अली का स्वागत किया गया। सांसद ने वहां लोगों की समस्याओं को सुना। उसके बाद मुहल्ला अंसारियान में मशकूर अंसारी के आवास पर गए।

मुहल्ला सादात में प्रसिद्ध दरगाह दादे हाजी हरमैन तिर्मिजी की ज्यारत पर जाकर चादरपोशी की और मुल्क के चैन सुकून तरक्की के लिये दुआ मांगी। सांसद दानिश अली बुधवार को संभल सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क के जनाजे में शामिल होने आए थे। उन्होंने कहा कि डॉ बर्क सबसे बुजुर्ग, ईमानदार, बेदाग अच्छी छवि के सांसद थे। इस अवसर पर नसीरुल हसन, कल्बे अब्बास, डॉ रजा अब्बास, मोहम्मद असिफ, नासिर अली, सुहैल अब्बास, मुजम्मिल अंसारी अफसर अंसारी आदि मौजूद रहे।

## पुलिस ने दो बाइक चोर पकड़े, एक बाइक बरामद

**गजरौला, अमृत विचार :** पुलिस ने वाहन चोरी में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की बाइक बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर चालान कर दिया है।

बुधवार को चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस ने शहवाजपुर डोर की तरफ से बसेली फाटक की तरफ जा रहे बाइक पर सवार दो संदिग्ध लोगों को रोकने की कोशिश की। पुलिस को देखकर आरोपी बाइक लेकर भागने लगे। घेराबंदी करते हुए पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया। पूछताछ करने पर बाइक चोरी की होने का मामला सामने आया। पुलिस ने एक आरोपी से तमंचा तथा दूसरे से चाकू बरामद किया। प्रभारी निरीक्षक हरीश वर्धन ने बताया कि पकड़े आरोपी जावेद पुत्र मौसम अली निवासी डी-140 गरिमा गार्डन, ट्रांस हिंडन गाजियाबाद व सलमान पुत्र अशरफ अली निवासी एमबी-12/8 गरिमा गार्डन, टीलामोड हैं। दोनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज चालान कर दिया है।

## कालाखेड़ा गोशाला में नहीं भेजे जा रहे पशु

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** जहां एक तरफ शासन गोवंशीय पशुओं के लिए गोशालाओं का निर्माण करा रहा है, जिससे फसलों को नुकसान न पहुंचे और पशु भी सुरक्षित रखे जा सकें। वहीं जोया ब्लाक की ग्राम पंचायत में पिछले पांच साल पहले गोशाला बनी हुई है, लेकिन इसमें पशु नहीं रखे जाते। पिछले माह जिलाधिकारी इस गोशाला का उद्घाटन भी कर चुके हैं, लेकिन ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत अधिकारी की लापरवाही के चलते गोशाला में पशु नहीं है।

जोया ब्लाक की ग्राम पंचायत कालाखेड़ा में पांच साल से एक गोशाला बनी हुई है और पिछले माह जिलाधिकारी इसका उद्घाटन भी कर चुके हैं, लेकिन ग्राम पंचायत अधिकारी की लापरवाही की वजह से इस गोशाला में पशु नहीं रखे जाते। छुट्टा पशुओं को लेकर शासन काफी सख्त है। ब्लाक में खैय्या माफी, कालाखेड़ा में गोशाला हैं। इसके अलावा बरखेड़ा राजपूत में एक और नई गोशाला का निर्माण कराया जा रहा है। जिसमें करीब 100 पशुओं को रखने की व्यवस्था की जाएगी। यहां हैंडपंप लगवा दिया है और गोशाला का कार्य चल रहा है। इसके बनने से गोवंशीय पशुओं को संरक्षित किया जा सकेगा और इसका फायदा किसानों को मिलेगा। लेकिन खैय्या माफी के अलावा कालाखेड़ा की गोशाला में पशुओं को नहीं रखा जाता है। खंड विकास अधिकारी प्रतिभा अग्रवाल ने बताया कि कालाखेड़ा की गोशाला का जिलाधिकारी उद्घाटन कर चुके है, लेकिन इसमें एक भी पशु नहीं है। ग्राम पंचायत अधिकारी को पत्र भेजा चुका है, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस मामले से वरिष्ठ अधिकारियों को भी अवगत कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि बरखेड़ा राजपूत में एक नई गोशाला का निर्माण कराया जा रहा है। गोशाला के रास्ते में आने वाले बिजली के खंभे को हटाने के लिए अधिशासी अभियंता को भी पत्र भेजा है।

ग्राम पंचायत बरखेड़ा राजपूत में गोशाला के लिए नींव बनाते मजदूर। ● अमृत विचार

रहरा में बीडीओ को ज्ञापन सौंपते भाकियू शंकर के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

## भाकियू शंकर ने छुट्टा गोवंशों को पकड़वाने की मांग की

संवाददाता, रहरा/मुबारिजपुर

**अमृत विचार :** गंगेश्वरी क्षेत्र के रहरा ब्लाक परिसर में भाकियू शंकर की बैठक हुई। इसमें मांगों को लेकर किसानों ने ज्ञापन बीडीओ को सौंपा।

बुधवार को संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. योगेंद्र कुमार ने कहा कि कांवड़ यात्रा शुरू होने वाली है। बूचड़ खानों पर प्रतिबंध लगे तथा छुट्टा घुमंतू गोवंशों को गोशाला भेजें। गोवंश किसानों की खड़ी फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। वृहद नन्दी विहार गोशाला गुरैठा खादर में दूसरे क्षेत्र से गोवंशों को पकड़कर गुरैठा की गोशाला में छोड़ देते है, जबकि अंधेरे में गोशाला कर्मी सांड़ों की रस्सी काटकर बाहर निकाल देते हैं। उनकी जांच कर दोषी ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाए। इस दौरान डॉ. शीशपाल सिंह, कमल ठाकुर, राकेश कुमार, जयप्रकाश गुप्ता, नेमअली, कलुआ सिंह, श्रीपाल, धनपत सिंह, मुंशीलाल आदि लोग मौजूद रहे।

## शादियों में फिजूलखर्ची पर लगे रोक : मुफ्ती

संवाददाता, बुरावली

**अमृत विचार :** मदरसा अहले सुन्नत रजाए मुस्तफा व बिलाल मस्जिद बुरावली में मंगलवार रात जलसे हुआ। जिसकी शुरुआत तिलावत ए कुरान से हुई। खिताब में इल्म हासिल करने पर जोर दिया। जलसे में व्याप्त बुराइयों को खत्म करने की अपील की गई।

मुफ्ती अल्मा शेख सरताज रिजवी मुरादाबाद ने तकरीर करते हुए कहा कि इस्लाम में शिक्षा को महत्व दिया गया है। इसका यह मतलब नहीं की धार्मिक शिक्षा ही दी जाए। दीनी तालीम के साथ हर मां-बाप को अपने बच्चों को दुनियावी तालीम जरूर दिलवाएं, ताकि मदरसे से निकला हुआ बच्चा भी और आगे की तालीम हासिल कर अपना भविष्य बना सके। उन्होंने कहा कि हर इंसान खुद भी शिक्षित हो और दूसरों को भी शिक्षित करे। उन्होंने रसूले अकरम की सुन्नतों पर चलने का आह्वान करते हुए कहा कि इस समय में हो रही शादियों में फिजूल खर्ची पर रोक लगाई जाए। जरूरतमंदों की मदद की जाए बुजुर्गों की खिदमत की जाए। कारी अयूब ढक्का व कारी जुनैद संभल ने रसूले अकरम की शान में नात शरीफ पेश की। मदरसे में तालीम हासिल कर मौलाना अब्दुल रजा अजहरी के नेतृत्व में बुरावली गांव के शाहिद मलिक के 11 वर्षीय बेटे उवैस व अंसार सैफी के 11 वर्षीय फैजान रजा ने 14 महीने में हाफिज कुरान हुए हैं। जलसे में उनकी दस्तारबंदी भी हुई। इस मौके पर कारी आबिद, मौलाना अब्दुल वहाब, मौलाना याकूब, करी फहीम, मौलाना फुरकान, करी गुलाम मुरसलीन, प्रधान जफर जूरीद, चौधरी इक्तेदार,जाबिर अल्वी, खलील, शमशाद, सरताज, शाहिद मलिक, चौधरी राशिद, इरफान, शौकीन सैफी आदि लोग मौजूद रहे।

बुरावली में जलसे को खिताब करते मुफ्ती अल्मा शेख सरताज रिजवी।

## महिला ने सीएम पोर्टल पर की शिकायत, बिना अनुमति समझौता का आरोप

**मुबारिजपुर, अमृत विचार :** महिला ने मारपीट में बिना अनुमति समझौता कराने को लेकर पुलिस पर आरोप लगाया है। थाना आदमपुर क्षेत्र का गांव गुरैठा खादर निवासी विधवा गुड्डी पत्नी विनोद की गवां रहरा ईंट भट्टा स्थित पुलिस चेक पोस्ट पर चाय की दुकान है। आरोप है कि 31 जनवरी को उसने यहां के निवासी अनिल व प्रदीप के घेर से उपले उठा लिए। अलाव लगाने को लेकर विवाद हो गया था। पीड़िता ने शिकायत पुलिस से की। आरोप है कि दड़ियाल पुलिस पीड़िता को प्रताड़ित करने लगी। पीड़िता ने शिकायत अब मुख्यमंत्री पोर्टल पर की है। आरोप है पुलिस ने दूसरे पक्ष से हमसाज होकर मामले को रफादफा करने का प्रयास किया। थाना प्रभारी निशांत राठी ने बताया है कि मामले में कोई जानकारी नहीं है।

**रोजगार मेला** कई जिलों के 410 छात्रों ने किया था प्रतिभाग, नौ कंपनियों के प्रतिनिधियों ने लिया था साक्षात्कार

## रोजगार मेले में 352 अभ्यर्थियों का चयन

संवाददाता, बुरावली

**अमृत विचार :** न्याय पंचायत बुरावली क्षेत्र के राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज सुतावली में दो दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन प्रधानाचार्य लखमी चन्द के नेतृत्व में किया गया। जिसमें संस्था के छात्रों के अतिरिक्त प्रदेश के अन्य जनपदों जैसे संभल, मुरादाबाद, गाजियाबाद, शामली, अमरोहा, गोरखपुर, औरैया, रामपुर, बदायूं, बागपत, बरेली आदि की राजकीय/अनुदानित एवं निजी पॉलीटेक्निक संस्थाओं के अंतिम वर्ष के कुल 410 छात्रों ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया।

बुधवार को रोजगार मेले में ल्यूमैक्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड रेल टेक गजरौला, मैकलियोड्स फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड गुजरात आदि कंपनियों ने प्रतिभाग किया तथा सभी संस्थाओं के कुल 352 छात्रों का अंतिम रूप से चयन किया। प्रधानाचार्य ने चयनित छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी को संदेश दिया कि अपने कार्य क्षेत्र में पूर्ण मनोयोग, सत्यनिष्ठा व ईमानदारी से काम करके संस्थान का नाम रोशन करें। कंपनियों से 09 प्रतिनिधियों ने संस्था में आकर छात्रों के साक्षात्कार की प्रकिया को पूर्ण किया। प्रतिनिधियों ने संस्थागत छात्रों के तकनीकी और विषयात्मक ज्ञान, अनुशासन की प्रशंसा की एवं स्टाफ के समन्वय की सराहना की। इस मौके पर अश्वनी कुमार, कमल कुमार, मोहम्मद नासिर, डॉ. जितेन्द्र कुमार, निशा कुमारी, योगेन्द्र कुमार, अतुल शर्मा आदि मौजूद रहे।

बुरावली में राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज सुतावली में चयनित अभ्यर्थी। ● अमृत विचार

## किसानों ने प्रधानमंत्री का एलईडी पर सुना संबोधन

**हसनपुर, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 16वीं किस्त जारी होने पर विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने किसानों के साथ एलईडी पर प्रधानमंत्री का संबोधन सुना।

बुधवार को विकास खंड कार्यालय के सभागार में कृषि विभाग ने कार्यक्रम का आयोजन किया था। इसका मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार द्वारा सम्मान निधि के अंतर्गत देश के किसानों को 16वीं किस्त को जारी करना एवं कर्नाटक से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उद्बोधन सुना। कार्यक्रम में विधायक का कृषि विभाग के अधिकारियों ने स्वागत किया। कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि केंद्र सरकार मोदी के नेतृत्व में लगातार देश के अन्नदाता की भलाई के लिए कार्य कर रही है। मोदी जो कहते हैं वह करते हैं। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख के पुत्र मुदित गुर्जर, खंड विकास अधिकारी नीरज कुमार, कृषि उप निरीक्षक राजेंद्र सिंह सहित कृषि एवं विकास विभाग के अधिकारी में कर्मचारी मौजूद रहे।

## एक नजर

### नगर पालिकाकर्मियों पर रुपये मांगने का आरोप

**हसनपुर, अमृत विचार :** जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के नाम पर भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष से नगर पालिका के कर्मचारियों द्वारा रिश्वत मांगी गई। जिसके बाद पूर्व नगर अध्यक्ष ने हंगामा किया। भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष राकेश अग्रवाल ने बताया कि वह बेटी का जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए बुधवार को नगर पालिका गए थे। इस दौरान दो कर्मचारियों ने प्रमाण पत्र बनवाने के नाम पर 500 रुपये मांगे। आरोप है कि मना करने पर कर्मचारियों ने उनसे अभ्रदता की। इससे नाराज राकेश अग्रवाल ने हंगामा किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कर्मचारियों का कहना है कि यदि पैसे नहीं दोगे तो यह कार्य तीन से चार महीने में होगा और पैसे देने पर कार्य चार दिनों में होगा। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर दोषी कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में धरना प्रदर्शन करेंगे। ईओ का कहना है कि मामला जानकारी में नहीं है।

### आरोपी किशोर को भेजा बाल सुधार गृह

**अमरोहा, अमृत विचार :** छेड़छाड़ से आहत होकर जान देने वाली छात्रा का अंतिम संस्कार किया गया। पोस्टमार्टम होने के बाद जब शव घर पहुंचे तो परिजनों के बीच चीख पुकार मच गई थी। लेकिन, सुरक्षा के लिहाज से बुधवार को भी पुलिस फोर्स तैनात रही। वहीं, इस मामले में नामजद किशोर को कोर्ट में पेशी के बाद बाल सुधार गृह भेजा है। अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के गांव में किसान की बेटी ने सोमवार रात फंदे से लटककर जान दे दी थी। प्रभारी निरीक्षक अमरीश त्यागी ने बताया कि छात्रा को आत्महत्या के लिए उकसाने के केस में नामजद किशोर को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे बाल सुधार गृह भेज दिया गया है। छात्रा के शव का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### 217 छात्र-छात्राओं ने दी संस्कृत की परीक्षा

**अमरोहा, अमृत विचार :** बुधवार को पहली पाली में यूपी बोर्ड हाईस्कूल संस्कृत और इंटर की अर्थ शास्त्र की परीक्षा हुई। 217 छात्र-छात्राओं ने संस्कृत की परीक्षा दी। जबकि नौ छात्र-छात्राएं परीक्षा से गैर हाजिर रहे। इंटर अर्थशास्त्र परीक्षा में 1640 पंजीकृत थे, जिसमें से 1535 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। डीआईओएस विष्णु प्रताप सिंह ने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर शांतिपूर्ण परीक्षा हो रही है।

# यश मित्तल के नंबर पर की गई थी 23 बार कॉल

## तीन महीने पहले ही यश के अपहरण की बना ली थी योजना

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** आरोपियों ने यश मित्तल का अपहरण करने की योजना करीब तीन महीने पहले बना ली थी। इसके बाद उसके नंबर पर लगातार कॉल की जा रही थीं। यश की मौत की खबर से परिजनों का बुरा हाल है।

बताया जा रहा है कि यश मित्तल के फोन पर पिछले तीन महीने में अज्ञात नंबर से 23 बार कॉल की गई थी। आरोपियों ने फिरौती के लिए ही यश मित्तल का अपहरण किया था और छह करोड़ की फिरौती न मिलने के पर उसे मौत के घाट उतार दिया। बताया जा रहा है कि गला दबाकर यश मित्तल की हत्या की गई है। फिलहाल नोएडा पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर शव को बरामद कर लिया है और अग्रिम कार्रवाई में जुटी है। नोएडा पुलिस शव को अपने साथ ले गई है।

घटनास्थल पर रोते यश के परिजन और मौजूद पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

### खींचातानी के बाद हुई फायरिंग

**गजरौला, अमृत विचार :** नोएडा पुलिस सर्विलांस से गांव तिगड़िया भूड़ में आरोपी के घर पहुंची तो वहां पर हंगामा हो गया। पुलिस ने आरोपी युवक को हिरासत में ले लिया। उसके बाद जब वह उसे लेकर चली तो स्थानीय लोगों ने हंगामा कर दिय और पुलिस से खींचातानी भी हुई। इसके बाद पुलिस ने हवाई फायरिंग की तो वहां पर भगदड़ मच गई। पुलिस आरोपी को लेकर घटनास्थल पर पहुंची। तो उसकी निशानदेही के आधार पर मृतक के शव को बरामद किया गया।

# किसानों का शोषण कर रही केंद्र सरकारः नरेश

संवाददाता, मंडी धनौरा,

**अमृत विचार :** बुधवार को गांव जोगीपुरा निवासी चौधरी जोगिंदर सिंह के आवास पर भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी की पंचायत हुई। पंचायत में किसानों के शोषण सहित कई मुद्दों पर चर्चा हुई।

पंचायत में जिला अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा कि केंद्र की सरकार किसानों का शोषण करना बंद करे और अपने वादे पर खरी उतरे। सरकार किसानों की मांगे पूरी करके समाज में एक बेहतर संदेश दे। उन्होंने कहा कि देश के किसानों की जो बाजिब मांगें हैं उन्हें पूरा करके किसान का शोषण रोका जाना चाहिए नहीं तो आने वाले चुनाव में केंद्र सरकार को यह अन्नदाता बदला लेने का काम करेगा। इस अवसर पर सोनू यादव को गजरौला ब्लॉक प्रभारी, जोगिंदर सिंह जोगीपुरा को ब्लॉक अध्यक्ष गजरौला बनाया। पंचायत का संचालन जाकिर चौधरी ने किया और सभा की अध्यक्षता चौधरी चरण सिंह ने की। इस मौके पर जिला प्रभारी चौधरी जगदेव सिंह, तहसील अध्यक्ष संजीव चौधरी, साहिल मेवाती, रवि चौधरी, फरमान चौधरी, मनीष चौधरी, इमरान चौधरी, राकेश सागर, वसीम अली, जावेद अली चौधरी, पंचम सिंह, सुरेंद्र सिंह, हिमांशु सहित आदि मौजूद रहे।

मंडी धनौरा में भाकियू चंढूनी की पंचायत में मौजूद किसान। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

रमाबाई आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में शतरंज खेलते खिलाड़ी।

### राजकीय महाविद्यालय में हुई शतरंज प्रतियोगिता

**गजरौला, अमृत विचार :** रमाबाई आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में बुधवार को फिट इंडिया कार्यक्रम के तहत शतरंज प्रतियोगिता हुई। जिसे क्रीड़ा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अजय कुमार के नेतृत्व में कराया गया। छात्रा वर्ग में बीकाम द्वितीय वर्ग की पलक भारद्वाज ने प्रथम, विशाखा वर्मा ने द्वितीय, ईशा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। छात्र वर्ग में अर्जुन सिंह ने प्रथम, राहुल कुमार ने द्वितीय तथा नवनीत कौशिक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डा. रीना रस्तोगी, सीमा सिंह व अजय कुमार ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। प्राचार्या डॉ. नम्रता वर्मा ने मेधावियों की हौंसला अफजाई करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलना भी जरूरी है।

मंडी धनौरा में ब्लाक प्रमुख का स्वागत करते हुए अधिकारी। ● अमृत विचार

### सरकार चला रही किसानों के लिए कई योजनाएं

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** बुधवार को ब्लॉक सभागार में किसानों के खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 16वीं किस्त को जारी करने के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन एलईडी के माध्यम से सुना गया। साथ ही पीएम किसान उत्सव दिवस पर जायद गोष्ठी का आयोजन भी हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख आशा चंद्रा ने सबमिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन योजना के अंतर्गत गोष्ठी में कहा कि सरकार किसानों के बारे में सदैव कोई न कोई कार्यक्रम चलाकर उनकी दशा सुधारने का कार्य कर रही है, चाहे व फसली ऋण मोचन योजना हो या कृषि यंत्रों पर अनुदान सहित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना हो। खंड विकास अधिकारी विजय सक्सेना ने योजना के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी विजय सक्सेना, डॉ. भागेश सिंह, यशवीर खटाना, जितेंद्र यादव, सुनील कुमार, कदीर सैफी, डॉ. अलीमुद्दीन सहित काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

### एक शिक्षक के विरुद्ध कार्रवाई की संस्तुति

**बिलासपुर, अमृत विचार :** बुधवार को खंड विकास अधिकारी राजेश कुमार ने चौकोनी गांव के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अध्यापन कार्य का जायजा लिया। शैक्षिक गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। उनके द्वारा स्कूल की बाउंड्री बनवाने के लिए भी निर्देशित किया गया। उच्च प्राथमिक विद्यालय में एक शिक्षक नियमित रूप से गैर-हाजिर पाया गया। बीडीओ ने उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजकर उसके विरुद्ध कार्रवाई की संस्तुति की है। इसके अलावा बीडीओ द्वारा गांव की गोशाला का भी निरीक्षण किया गया। वहां पशुओं का रख-रखाव, चारे-पानी की उपलब्धता, केयरटेकर की मौजूदगी आदि व्यवस्थाएं ठीक पाई गईं।

# प्रॉपर्टी डीलर के परिजनों को सौंपा दो लाख रुपये का चेक

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पार्टी फंड से प्रॉपर्टी डीलर रविंद्र के परिवार को दो लाख रुपये की राशि का चेक भेजकर आर्थिक सहायता प्रदान की।

ज्ञात हो कि 10 जनवरी को मंडी धनौरा थाना इलाके के गांव कुआं खेड़ा में प्रॉपर्टी डीलर रविंद्र उर्फ कलुआ निवासी मलेशिया की बाइक सवार बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। घटना के बाद कई पार्टियों के नेता पीड़ित परिवार से मिलने के लिए पहुंचे थे। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष मस्तराम यादव ने लखनऊ पहुंचकर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मिलकर मृतक की पत्नी को सहायता करने की अपील भी की थी। जिस पर बुधवार को जिला अध्यक्ष मस्तराम यादव पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार से मुलाकात कर समाजवादी पार्टी की तरफ से मृतक रविंद्र की पत्नी को दो लाख रुपए की चेक द्वारा आर्थिक सहायता दी है। चेक सौंपने वालों में पूर्व प्रत्याशी विवेक कुमार, आमिर रजा, अनीश मलिक, लता सागर, जिशान, धर्मपाल सिंह, अजीत कुमार, हाफिज इसरार, आदित्य सिंघल, धर्मवीर यादव, राशिद कुरैशी रहे।

रविंद्र की पत्नी को चेक देते सपा पदाधिकारी।

# दूसरे दिन भी महिला के शव की शिनाख्त नहीं

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

- जंगल में 20 टुकड़ों में मिला था महिला का शव
- पहचान के लिए कई क्षेत्रों में पुलिस ने भेजा फोटो

**अमृत विचार :** महिला की टुकड़ों में मिली लाश की दूसरे दिन भी शिनाख्त नहीं हो सकी है। शव का बुधवार को पोस्टमार्टम नहीं हो पाया। यदि शव शिनाख्त हो जाती है तो उसका पोस्टमार्टम होगा अन्यथा शव मिलने के 72 घंटे बाद ही पोस्टमार्टम हो पाएगा। आखिर वह शव किसका था किसने हत्या कर महिला के टुकड़ों को यहां फेंका। पुलिस अब इस गुत्थी को सुलझाने में लगी है।

नौगांवा सादात थाना क्षेत्र के धनौरा बाइपास मार्ग स्थित गांव खेतापुर के जंगल में मंगलवार को महिला की 20 टुकड़ों में लाश मिली थी। टुकड़ों में मिली महिला की लाश से इलाके में सनसनी फैल गई। महिला के शव के टुकड़े थैलों में बंद थे। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष पंकज तोमर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए थे। जिसके बाद पुलिस ने टुकड़ों को कब्जे में लिया था और फॉरेंसिक टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए थे। थैलों में महिला के कटे हुए अंग पड़े थे। हत्यारे ने महिला के दोनों हाथ शरीर से अलग कर दिए थे। पैर, सिर और अन्य शरीर थैलों से बरामद हुए। महिला की निर्मम हत्या देखकर लोगों के होश उड़ गए और पुलिस भी अचंभित रह गई। टुकड़ों को देखकर थोड़ी देर के लिए हर कोई सन्न रह गया और चर्चा थी कि हत्यारे ने कितनी बेरहमी से महिला की निर्मम हत्या कर उसके अंगों को काटा होगा। जिसके बाद पुलिस ने टुकड़ों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस पर रखवा दिया। वहीं शव मिलने के बाद दूसरे दिन बुधवार को भी महिला के शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने उसके चेहरे का फोटो बरेली जोन के सभी थानों तक भिजवा दिया है।

अगर महिला की शिनाख्त होती है तो गुरुवार को पोस्टमार्टम होगा अन्यथा शव मिलने के 72 घंटे बाद पोस्टमार्टम कराया जाएगा। महिला कौन है, कहां की है, उसकी हत्या के पीछे वजह क्या रही, हत्यारे ने क्यों इतनी बेरहमी से महिला के अंगों को काटा। इन सब सवालों के जवाबों की गुत्थी सुलझाने के लिए पुलिस टीम लगी है। एएसपी राजीव कुमार सिंह ने बताया कि महिला शिनाख्त को लेकर कई टीमें लगाई है। खुलासे के लिए दो सीओ और पांच टीमें काम कर रहीं हैं। जल्द ही महिला की शिनाख्त कर घटना का खुलासा किया जाएगा।

# अभद्रता मामले में सीओ से मिले पालिका चेयरमैन और सभासद

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** नगर पालिका सभासद से अभद्रता मामले में कार्रवाई की मांग करते हुए पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी के नेतृत्व में सभासदों एवं पालिका स्टाफ का प्रतिनिधिमंडल पुलिस क्षेत्राधिकारी से मिला। सीओ ने पीड़ित सभासद से शिकायती पत्र लेकर तीन दिन में पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। व्यापारी संगठनों एवं सफाई कर्मचारी संगठनों द्वारा सभासदों के साथ खड़े होने की बात कही।

नगर के मोहल्ला राजपूत कॉलोनी निवासी सभासद यशपाल सिंह उर्फ मुन्ना चौहान मंगलवार दोपहर कोतवाली पहुंचे थे। यशपाल सिंह पालिका सभासद हैं। उनका कहना है कि दो पक्षों में रुपयों के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था। कुछ माह पूर्व नगर के गणमान्य व्यक्तियों द्वारा दोनों पक्षों का फैसला कर दिया था। रुपये देने पर सहमति बनी, लेकिन वादे के मुताबिक रुपये नहीं दिए तो एक पक्ष ने कोतवाली पुलिस में शिकायत की। पुलिस ने दोनों पक्षों को मंगलवार दोपहर कोतवाली बुलाया था और हवालात में डाल दिया। मामले की जानकारी होते ही सभासद यशपाल चौहान कोतवाली पहुंचे। उन्होंने एसएसआई सोकेंद्र सिंह को पूरा मामला बताया। एसएसआई ने आपसी सहमति से विवाद का निस्तारण कराने के लिए कह दिया। पीड़ित सभासद का कहना है कि वह जैसे ही हवालात की ओर पहुंचा कि कार्यालय में तैनात मुंशी के इशारे पर सिपाही उन्हें धक्के देकर बाहर निकालने लगा। उनके साथ अभद्रता की गई। बुधवार को पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी के नेतृत्व में सभासदों एवं पालिका स्टाफ का एक प्रतिनिधिमंडल पालिका से सीओ कार्यालय तक पैदल पहुंचा और पुलिस क्षेत्राधिकार दीपकुमार पंत से मिला एवं उनके समक्ष पूरा प्रकरण रखा। पीड़ित सभासद यशपाल चौहान ने दोषी पुलिसकर्मी के खिलाफ शिकायत पत्र भी दिया है। पूर्व में भी आरोपी पुलिसकर्मी एक अन्य सभासद से अभद्र व्यवहार कर चुका है। सीओ ने प्रतिनिधि मंडल को आश्वासन दिया है पूरे मामले की दो-तीन दिन में जांच कर दोषी पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। पुलिस क्षेत्रधिकारी दीप कुमार पंत ने बताया कि सभासद से अभद्रता का मामला संज्ञान में आया है। पूरे मामले की जांच के बाद दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की जाएगी।

हसनपुर में सीओ से मिलते पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी व सभासद। ● अमृत विचार

### सभासदों को व्यापारी एवं किसान संगठनों का समर्थन

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर पालिका के सभासद एवं जी-10 के सदस्य यशपाल चौहान के साथ कोतवाली में हुई अभद्रता के मामले में व्यापारी एवं किसान संगठनों के लोगों ने समर्थन देते हुए कहा कि वह पूरे मामले में सभासदों के साथ खड़े हैं। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के अंकुर अग्रवाल, व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के मुकेश गुप्ता एवं भारतीय किसान संघ जिला अध्यक्ष कृष्ण कुमार शर्मा ने सभासदों का साथ देने की बात कही है।

### सफाई व्यवस्था ठप करने की चेतावनी

**हसनपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सफाई कर्मचारी संघ मंडल अध्यक्ष अजय पाल ने कहा है कि अगर तीन दिन के अंदर सभासद के साथ अभद्रता करने वाले पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई तो सफाई कर्मचारियों की बैठक कर आगे की रणनीति बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो फिर की सफाई व्यवस्था बंद की जाएगी।

# विजेता छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार :** श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में बुधवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर प्रतियोगिताओं के समापन पर विजेता छात्र-छात्राओं को स्मृति चिह्न एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया।

श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय के डॉ. सीवी रमन सभागार में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर कार्यक्रम का आरंभ चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि, प्रधान सलाहकार प्रो. वीपीएस अरोड़ा, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी, कुलपति प्रो. एके. शुक्ला, कुलसचिव डॉ. पीयूष कुमार पाण्डे, सलाहकार आरएसशर्मा डॉ. राजेश सिंह एवं डीन एप्लाइड साइन्स डॉ. विश्वनाथ झा आदि ने सरस्वती मां की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। चेयरमैन डॉ. सुधीर गिरि ने कहा कि विज्ञान एवं तकनीक के दम पर कई यूरोपीय देश दुनिया के सिरमौर बने बैठे है। हमें भी नई शिक्षा निति के अनुरूप विज्ञान को रटने के बजाय आत्मसात करने की आवश्यकता है। प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि वेंक्टेश्वरा ने विज्ञान में शोध एवं अनुसंधान को बढावा देने के लिए अभी तक दुनिया के सौ से अधिक अन्तर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों से अनुबन्ध किया है। संस्थान प्रबन्धन ने विजेता छात्र-छात्राओं को स्मृति चिह्न व सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में डॉ. विश्वनाथ झा, डॉ. राजेश सिंह, डॉ. सीपी. सिंह, डॉ. दिव्या गिरधर, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. ओम प्रकाश गोसाई, डॉ. राहुल कुमार, अश्विन कुमार सक्सेना, डॉ. राजवर्धन, डॉ. सर्वनन्द साहू, डॉ. योगेश्वर प्रसाद शर्मा, डॉ. एना ऐरिक ब्राउन, डॉ. एलएस रावत, डॉ. वर्षा यादव उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद विजयी छात्र और अतिथि।

**आयोजन** सरदार बेगम मेमोरियल डिग्री कॉलेज में विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी आयोजित

# विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में अतिया प्रथम और तहरीम रही द्वितीय

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** बुधवार को नगर के संभल मार्ग स्थित सरदार बेगम मेमोरियल डिग्री कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। प्रदर्शनी में महाविद्यालय के छात्र-छात्रों ने नवाचार पर आधारित विज्ञान मॉडलों का प्रदर्शन प्रस्तुत किया।

बुधवार को महाविद्यालय के चैयरमेन हाजी शहजाद एवं खुर्रम आजाद खान ने जीवन में विज्ञान की महत्वता पर विचार प्रस्तुत किए। महाविद्यालय के डायरेक्टर इंजीनियर दानिश खान ने विभिन्न मॉडल प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल पहनाकर उनका उत्साहवर्धन किया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. मलका निजामी ने हार्दिक शुभकामनाएं व बधाई देते हुए समस्त छात्र-छात्राओं एवं उनके विज्ञान विषय के अध्यापकों की प्रशंसा की।

इस अवसर पर विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में प्रथम स्थान बीएससी की छात्रा अतिया, द्वितीय स्थान तहरीम व मदीहा चौधरी तथा तृतीय स्थान नदीम अली व वर्षा ने हासिल किया। विज्ञान प्रदर्शनी मॉडल प्रतियोगिता में मुख्य भूमिका महाविद्यालय के विज्ञान विषय के अध्यापकों डॉ. भूपेंद्र शर्मा, डा. जीशान अहमद, डॉ. आसमा चौधरी की रही। कार्यक्रम का कुशल संचालन डॉ. नसरे आलम ने किया।



सरदार बेगम मेमोरियल डिग्री कालेज में विज्ञान प्रदर्शनी में मौजूद छात्र व अतिथि।

### राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विद्यालय में हुईं विभिन्न प्रतियोगिताएं

**हसनपुर, अमृत विचार :** ऑक्सफोर्ड साइंस एसोसिएशन की ओर से नगर स्थित श्री सीताराम सरस्वती कन्या जूनियर हाई स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। जिसमें छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के मॉडल प्रस्तुत किये। विज्ञान प्रदर्शनी का आरंभ ऑक्सफोर्ड साइंस एसोसिएशन के अध्यक्ष तुषित गुप्ता ने करते हुए तैयार मॉडल देखे। तुषित गुप्ता ने कहा कि राष्ट्रीय विज्ञान दिवस हर वर्ष 28 फरवरी को मनाया जाता है। इस दिन डॉ. सीवी रमन ने प्रकाश के प्रकीर्णन की खोज को देश में दुनिया के समक्ष प्रस्तुत किया। डॉ. सीवी रमन को 1930 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम संयोजक मुस्कान गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से छात्र-छात्राओं का मनोबल ऊंचा होता है। इस अवसर पर छात्रों ने स्मार्ट सिटी, ऊर्जा संरक्षण, जल संरक्षण, मृदा संरक्षण, सौरमंडल, एटीएम मशीन, वाटर हार्वेस्टिंग प्लांट, व चंद्रयान आदि विषय पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किये। सभी विजयी छात्र-छात्राओं को संगठन के अध्यक्ष तुषित गुप्ता द्वारा पुरस्कृत कर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर निर्णायक मंडल में प्रियंका गुप्ता, मुस्कान गुप्ता, आलिया खान के अतिरिक्त राजकली प्रजापत, प्रियंका आदि स्टाफ मौजूद रहा।

हसनपुर में विज्ञान प्रदर्शनी में विजयी छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

# होमगार्ड से दुर्व्यवहार मामले में चार आरोपियों पर रिपोर्ट

संवाददाता, डिडौली

- खनन की सूचना पर गए थे खनन अधिकारी और होमगार्ड
- शिकायत पर पुलिस ने तीन आरोपियों को पकड़ लिया था

**अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुबारकपुर नूरी में खनन हो रहा था। जिला खनन अधिकारी मनीष यादव को सूचना दी गई थी कि गांव में जेसीबी एवं ट्रैक्टरों से अवैध खनन किया जा रहा है।

सूचना पर खनन अधिकारी मौके पर पहुंच गए। जहां जेसीबी से अवैध रूप से खनन किया जा रहा था। खनन अधिकारी को देखकर जेसीबी एवं ट्रैक्टर ट्रॉली के चालक मौके से भागने लगे। पीछा करने पर खनन अधिकारी ने जेसीबी को पकड़ लिया एवं चौधरपुर मार्ग से होते हुए डिडौली कोतवाली को ले जाने लगे।

इसी दौरान बाइक सवार तीन लोगों ने अपनी बाइक को खनन अधिकारी की बोलेरो के आगे लगा दिया। आरोपियों ने जेसीबी मशीन का फ्यूज अलग कर दिया और खनन अधिकारी एवं उनके हमराह होमगार्ड से दुर्व्यवहार करने लगे। मामले की गंभीरता को देखते हुए खनन अधिकारी ने कोतवाली को सूचना दी।

पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंच कर तीन लोगों को पकड़ लिया, जबकि एक अन्य अज्ञात मौके से फरार हो गया। पकड़े गए तीन आरोपियों को थाने लाकर जानकारी करने पर अपने नाम नाजिम पुत्र मुनाजिर, कासिम पुत्र सलीम ग्राम मुबारकपुर नूरी व राहत अली पुत्र मुस्ताक ग्राम तांबई बताया। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जेसीबी को कब्जे में ले लिया है।

## एक नजर

### खेत में करंट से नीलगाय की मौत

**संभल, अमृत विचार :** नखासा थाना क्षेत्र के जंगल में तार में दौड़ रहे करंट की चपेट में आकर नीलगाय की मौत हो गई। वन विभाग का संविदा कर्मी मौके पर पहुंचा और बिना पोस्टमार्टम कराए नीलगाय को जमीन में दफना दिया। थाना क्षेत्र के गांव भतावली निवासी राहुल बुधवार की दोपहर में खेत पर पहुंचा तो गन्ने के खेत में पड़ी नीलगाय को देखकर गांव सिंहपुरसानी में स्थित पशु चिकित्सालय पर डॉक्टर को सूचना दी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे डॉक्टर ने नीलगाय का उपचार शुरु किया। राहुल ने बताया कि उपचार शुरु करते समय नीलगाय की मौत हो गई। डॉक्टर ने नीलगाय के शरीर पर निशान देखकर बताया कि उसकी मौत करंट की चपेट में आकर हुई है।

### बाइक की टक्कर के बाद मारपीट, दो गिरफ्तार

**संभल/कैला देवी, अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र में बाइक की टक्कर लगने के बाद मारपीट कर रहे दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। थाना क्षेत्र के गांव सौंधन मोहम्मदपुर निवासी बाइक सवार महाराम ने मंगलवार को रास्ते पर जगपाल को टक्कर मार दी थी। इसी बात को लेकर जगपाल व महाराम में गाली गलौज होने के बाद मारपीट हुई थी। जिसमें दोनों चोटिल हो गए थे। पुलिस ने जगपाल व महाराम को हिरासत में लेकर देर रात जिला अस्पताल में मेडिकल कराया था। बुधवार को शांतिभंग करने में दोनों का चालान कर दिया।

### पत्रकार हरिओम का निधन, छाया शोक

**संभल अमृत विचार :** जनपद के धनारी निवासी पत्रकार हरिओम कश्यप (48 वर्ष) का लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया। हरिओम का एम्स दिल्ली में इलाज चल रहा था। डॉक्टरों के कहने पर परिजन उन्हें घर ले आए थे। उन्होंने बुधवार को घर में अंतिम सांस ली। तमाम लोगों ने घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की।

संभल-चन्दौसी की खबरें पेज 12 पर भी

संभल के दीपा सराय में सांसद डा. शफीकुर्रहमान बर्क के जनाजे में उमड़ा जनसैलाब। ● अमृत विचार

संभल में बिलख रहे विधायक जियाउर्रहमान बर्क। ● अमृत विचार

संभल में सांसद डा. शफीकुर्रहमान बर्क के दफन के समय कब्रिस्तान पर मौजूद सपा नेता धर्मेंद्र यादव, विधायक इकबाल महमूद, पिंकी यादव, रामखिलाड़ी यादव, मोहम्मद फहीम व सांसद एसटी हसन। ● अमृत विचार

# सांसद डा. बर्क़ को किया सुपुर्दे खाक, जनाजे में उमड़ा जनसैलाब

## भीड़ को देखते हुए कई मार्गों पर किया गया रूट डायवर्ट, संभल हसनपुर रोड पर यातायात किया बंद

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** देश के सबसे उम्रदराज 94 वर्षीय सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क़ को गमगीन माहौल के बीच बुधवार को आबाई कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। जनाजे में ऐसा भारी जन सैलाब उमड़ा कि पुलिस को व्यवस्था संभालने में पसीने आ गये। संभल हसनपुर रोड पर यातायात पूरी तरह बंद रहा जबकि कई रूट डायवर्ट किया गया। दफन में तमाम राजनीतिक व सामाजिक हस्तियों ने शिरकत की।

94 वर्षीय डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क़ एक माह से बीमार थे। मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती सांसद बर्क़ का मंगलवार को निधन हो गया था। संभल के दीपा सराय में उनके घर के नजदीक ही सगीर पैलेस में शव अंतिम दर्शन के लिए रखा गया था। जहां कल से ही लोगों की भारी भीड़ अपने अजीज नेता के आखरी दीदार के उमड़ रही थी। बुधवार सुबह पुलिस की टुकड़ी ने सांसद डा. शफीकुर्रहमान बर्क को सलामी दी। उसके बाद हिंदूपुरा खेड़ा तिराहा पर खानकाह दरगाह माहरेरा शरीफ के सज्जादा नशीन सैयद अमीन मियां कादरी ने नमाज ए जनाजा अदा कराई। इसके बाद जनाजा कब्रिस्तान के लिए रवाना हुआ। जनाजे में इतनी बड़ी संख्या में लोग जुटे थे कि मय्यत कब्रिस्तान में पहुंच गई तब भी जनाजे का पिछला छोर नजर नहीं आ रहा था। कब्रिस्तान जहां खचाखच भरा था वहीं संभल हसनपुर मुख्य मार्ग दोनों तरफ किलोमीटरों दूर तक भीड़ नजर आ रही थी। सांसद डा. शफीकुर्रहमान बर्क को उनकी पत्नी की कब्र के नजदीक ही दफन किया गया।

संभल में सांसद डा. शफीकुर्रहमान बर्क के दफन के समय मौजूद राज्यसभा सदस्य जावेद अली खां, रालोद राष्ट्रीय महासचिव अकीलुर्रहमान खां व अन्य। ● अमृत विचार

### मौजूद रहे राजनीतिक व सामाजिक दिग्गज

**संभल, अमृत विचार :** सांसद डा. शफीकुर्रहमान बर्क के अंतिम सफर में शामिल होने के लिए देश और प्रदेश से उनके तमाम चाहने वाले और परिचित पहुंचे। कई राजनीतिक व सामाजिक दिग्गज भी मौजूद रहे। खानकाह दरगाह माहरेरा शरीफ के सज्जादानशीन सैयद अमीन मियां कादरी न सिर्फ संभल पहुंचे बल्कि उन्होंने नमाज ए जनाजा भी अदा कराई। वहीं आजाद समाज पार्टी अध्यक्ष चन्द्रशेखर, सपा नेता धर्मेन्द्र यादव, सांसद कुंवर दानिश अली, सांसद एसटी हसन, सांसद जावेद अली खां, विधायक मोहम्मद फहीम, पिंकी यादव, इकबाल महमूद, रामखिलाड़ी यादव, पूर्व विधायक कुन्दरकी हाजी रिज़वान, रालोद के राष्ट्रीय महासचिव अकीलउर्रहमान खां, सपा जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी, फिरोज़ खां, भाजपा नेता कपिल सिंघल, सैयद शान अली, कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय शर्मा, संजय सांख्धर व डा. अरविन्द गुप्ता भी जनाजे में शामिल हुए।

### बिलखते रहे पौत्र जियाउर्रहमान

**संभल, अमृत विचार :** डा. बर्क को अपने पौत्र जियाउर्रहमान बर्क से बेहद लगाव था। वह उन्हें मंजा हुआ राजनीतिज्ञ बनाने के लिए कई साल से प्रयास कर रहे थे। दादा की सीख का ही परिणाम था कि जियाउर्रहमान बर्क कुंदरकी से विधायक का चुनाव जीते। जियाउर्रहमान को अपने दादा से कितना प्यार था इसका अंदाजा बुधवार को जियाउर्रहमान की हालत को देखकर सहज लग रहा था। जियाउर्रहमान बिलखते रहे। यहां सपा नेता धर्मेंद्र यादव ने कंधे से लगाकर उन्हें ढांढस बंधाया।

### डॉ.बर्क की मगफिरत के लिए हुई दुआ

**संभल, अमृत विचार :** धार्मिक नगर नेजा कमेटी की चमन सराय स्थित कार्यालय पर हुई बैठक में सांसद डॉ.शफीकुर्रहमान बर्क की मगफिरत के लिए कारी कमाल ने दुआ कराई। जिसके बाद कमेटी के सदस्य डॉ.बर्क के जनाजा में शामिल हुए। अध्यक्ष शाहिद हुसैन मसूदी ने कहा कि अफसोस की बात है कि डॉ.शफीकुर्रहमान बर्क हमारे बीच नहीं रहे। इस दौरान चौधरी शरफ अली खां, मुहम्मद उमर, सफदर मसूदी, मेम्बर सरताज मसूदी, आसिफ खां, कासिम मसूदी, मुहम्मद अहमद आदि रहे।

## अदावत भुला डा. बर्क के दफन में शामिल हुए विधायक इकबाल

कार्यालय संवाददाता,संभल

- डा. शफीकुर्रहमान बर्क और इकबाल महमूद के बीच हमेशा रहा 36 का आंकड़ा
- मुलायम सिंह यादव व अखिलेश यादव भी दूर नहीं कर पाए दोनों की खटास

**अमृत विचार:** राजनीतिक जीवन में हमेशा छत्तीस का आंकड़ा रहा। पहले मुलायम सिंह यादव और फिर बाद में अखिलेश यादव भी डा. शफीकुर्रहमान बर्क और इकबाल महमूद की अदावत खत्म नहीं कर पाये। अब सांसद डा. शफीकुर्रहमान बर्क का इंतकाल हुआ तो विरोध भूलकर विधायक इकबाल महमूद व उनके पुत्र सुहेल इकबाल बुधवार को बर्क के दफन में शामिल हुए।

डा. शफीकुर्रहमान बर्क ने 1967 में पहला चुनाव लड़ा तभी इकबाल महमूद के पिता नवाब महमूद हसन के खिलाफ ताल ठोक दी थी। जब तक नवाब महमूद हसन जिंदा रहे तब तक डा. शफीकुर्रहमान की उनके साथ राजनीतिक प्रतिद्वंदता रही और जब विरासत संभालकर इकबाल महमूद मैदान में उतरे तो डा. बर्क ने इकबाल महमूद को भी अपना राजनीतिक प्रतिद्वंदता मानकर हमेशा उन पर सियासी तीर चलाये। अब अखिलेश यादव ने भी प्रयास करके देख लिये मगर कोई नतीजा नहीं सामने आया। मंगलवार को सांसद डा. शफीकुर्रहमान बर्क का निधन हुआ तो यह चर्चा थी कि क्या इकबाल महमूद डा. शफीकुर्रहमान बर्क के दफन में शामिल होंगे। बुधवार को इकबाल महमूद अपने बेटे सुहेल इकबाल के सि र्फ जनाजे में शामिल हुए बल्कि डा. शफीकुर्रहमान बर्क की कब्र पर उन्हें खिराजे अकीदत पेश करने भी गये।

### डॉ.बर्क को हमेशा याद करेगी जनता

**संभल अमृत विचार :** रजा एजुकेशनल वेलफेयर सोसायटी की डॉक्टर कॉलोनी में सांसद डॉ.शफीकुर्रहमान बर्क के निधन पर शोक सभा हुई। जिसमें दो मिनट का मौन रखा गया। मोहम्मद आसिफ रजा ने कहा कि संभल और मुरादाबाद की जनता ने ऐसा नेता खो दिया है जिसे हमेशा याद किया जाएगा। इस दौरान सलमान, सैफ, विशान, हस्सान, फुजैल, अमान, जैद अली, अनस, फाजिल, दानिश आदि रहे।

बहजोई में स्मार्टफोन पाकर प्रसन्न मुद्रा में विद्यार्थी। ● अमृत विचार

## छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित किये

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचार:** बीएमबीएल जैन कॉलेज में उत्तर प्रदेश सरकार की युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण योजना के तहत छात्र-छात्राओं को स्मार्ट फोन वितरित किये गए।

बीएमबीएल जैन कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि चैयरमेन राजेश शंकर राजू, विशिष्ट अतिथि ठाकुर नकुल प्रताप सिंह एडवोकेट एवं बाबू मुकुट बिहारी लाल जैन सेवा न्यास के अध्यक्ष पवन कुमार जैन, निदेशक सम्भव जैन ने सर्वप्रथम मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन किया।

इसके बाद अतिथियों ने छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन वितरण किया जिन्हें पाकर उनके चेहरे खिल उठे। चैयरमेन राजेश शंकर राजू ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं के तकनीकी सशक्तिकरण को ध्यान में रखकर सरकार की यह योजना छात्र छात्राओं को तकनीकी रूप से मजबूती प्रदान करने का कार्य कर रही है। इस दौरान नागेश कुमार, डॉ मनोज कुमार, नेत्रपाल सिंह, देवेन्द्र यादव, खुशीराम राणा, सौरभ सक्सेना, अंकित सिंह आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता पवन कुमार जैन व संचालन डॉ. मनोज कुमार ने किया।

## विकसित भारत के संकल्प को आगे बढ़ने का आह्वान

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचार:** केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लोकसभा सहसंयोजक भुवनेश राघव ने केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए विकसित भारत संकल्प को आगे बढ़ने का आह्वान किया।

रोडवेज बस स्टैंड परिषद में आयोजित कार्यक्रम का आरंभ मुख्य अतिथि लोकसभा सहसंयोजक भुवनेश राघव ने फीता काटकर किया।

सरकारी विभागों ने स्टॉल लगाकर आमजन को अपने विभाग द्वारा चलाई जा रही सरकार की योजनाओं से अवगत कराया। भुवनेश राघव ने कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार भारत देश को निरंतर प्रगति की ओर ले जा रही है। 2047 तक भारत देश भी पूर्ण रूप से विकसित देश बनेगा। भाजपा नगर अध्यक्ष ललित मोहन शर्मा ने कहा कि हर घर जल योजना से प्रति परिवार को शुद्ध जल दिया जा रहा है। इस दौरान परमेश्वर लाल सैनी, खिलेंद्र वार्ष्णेय, कन्हैया लाल वार्ष्णेय, जितेन्द्र यादव, जितेंद्र बर्नवाल, सुनील गिहार, रवि शर्मा, सुमित डीआर आदि मौजूद रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते भुवनेश राघव।

### कार की टक्कर से बाइक सवार गंभीर घायल

**संभल, अमृत विचार :** हयातनगर थाना क्षेत्र में कार की टक्कर लगने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। टक्कर मारने के बाद चालक कार मौके पर ही छोड़कर भाग गया। बहजोई थाना क्षेत्र के गांव शंकरपुर निवासी रिंकू बुधवार की शाम पांच बजे किसी काम से बाइक पर सवार होकर संभल आ रहा था। हयातनगर थाना क्षेत्र में संभल बहजोई मार्ग पर गांव बबैना के पास बाइक में कार ने टक्कर मार दी। जिससे रिंकू गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार कब्जे में लेकर घायल रिंकू को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर रिंकू को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

## ओवरटेक कर रोकी कार तो सीओ पर भड़के चंद्रशेखर

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** संभल से रामपुर के लिए रवाना हो रहे आजाद समाज पार्टी अध्यक्ष चंद्रशेखर को रोकने के लिए सीओ असमोली संतोष कुमार सिंह ने ओवरटेक कर चंद्रशेखर की कार रुकवाई तो चंद्रशेखर सीओ पर भड़क गये। गुस्से में बोले क्या जान से मारने का इरादा है। यहां सीओ संभल ने किसी तरह चंद्रशेखर को समझाकर कार में बैठाया।

संभल में डा. शफीकुर्रहमान बर्क के जनाजे में शामिल होने के बाद चंद्रशेखर जनपद रामपुर के सिलाई बड़ा गांव में पीड़ित दलित से मिलने के लिए रवाना हुए तो पुलिस प्रशासन ने उन्हें रोकने के प्रयास शुरु किये।

काफिला रवाना हुआ तो रोकने के लिए चौधरी सराय में बैरियर लगा दिया गया। इससे पहले ही पीछे से आये सीओ असमोली संतोष कुमार सिंह ने अपनी सरकारी जीप से चंद्रशेखर की कार को ओवरटेक कर कार रुकवा ली। ऐसे में कार से नीचे उतरकर चंद्रशेखर सीओ असमोली संतोष कुमार सिंह पर भड़क गए।

कहा कि तुमने जिस तरह मेरी गाड़ी को ओवरटेक करके आगे अचानक गाड़ी लगाई हादसा हो जाता और किसी की जान चली जाती तो कौन जिम्मेदार होता है, यह कौन सा तरीका है। कहा कि जान से मारने का इरादा है क्या। बात बढ़ती देख सीओ सदर अनुज कुमार सिंह ने चंद्रशेखर को समझाकर शांत किया।

सीओ असमोली से नाराजगी जताते चंद्रशेखर। ● अमृत विचार

- रामपुर जा रहे चंद्रशेखर को रोकने के लिए चौधरी सराय में सीओ ने किया था ओवरटेक
- आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष बोले जान से मारने का इरादा है क्या

### ...अब तो पुलिस ही कर रही दलितों की हत्या : चंद्रशेखर

**संभल, अमृत विचार :** आजाद समाज पार्टी अध्यक्ष चंद्रशेखर ने रामपुर में दलित युवक की हत्या को लेकर सरकार पर हमला करते हुए कहा कि दलितों की हत्या के लिए अब अपराधियों की आवश्यक्ता नहीं क्योंकि पुलिस ही इस काम को अच्छे से अंजाम देने लगी है। पत्रकारों से बातचीत में चंद्रशेखर ने कहा कि अब उत्तर प्रदेश बदल गया है। आप महसूस कीजिये कि रामपुर में कुछ गज जमीन के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की पुलिस ने एक दलित युवक की हत्या कर दी है और कई लोग घायल हैं। मैं उन परिवारों से मिलने जाना चाहता हूं, लेकिन पुलिस की तानाशाही यह है कि मैं उन परिवारों से मिल भी नहीं सकता हूं। चंद्रशेखर बोले कि मैं पुलिस से नहीं लड़ना चाहता हूं, क्योंकि यह भी किसान परिवारों के लोग हैं। मगर मैं सरकार से पूछना चाहता हूं कि मैं उन परिवारों से क्यों नहीं मिल सकता। सवाल यह है कि प्रदेश में दलितों की हत्याएं कब बंद होंगी, मुख्यमंत्री क्या जवाब देंगे।

### प्रधानमंत्री का संबोधन नहीं शुरू हुआ तो निराश हुए किसान

**संभल, अमृत विचार :** जनपद के विकास खंडों में किसान उत्सव दिवस के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसानों के खातों में किसान सम्मान निधि की धनराशि वर्चुअल भेजने का लाइव प्रसारण देखने के लिए तैयारी की गई थी। प्रधानमंत्री का संबोधन सुनने के लिए किसान, भाजपा नेता और अधिकारी भी जुटे। हालांकि किन्हीं कारणों से प्रधानमंत्री का संबोधन नहीं हो सका तो निराश होकर किसान लौट गए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन सुनने के लिए एलईडी स्क्रीन लगवाई गई। संभल में भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह रिंकू, परमेश्वर लाल सैनी, नीरज गुप्ता, सीडीओ भरत कुमार मिश्रा भी रहे। एडीओ कृषि कौशल कुमार ने बताया कि किन्हीं कारणों से प्रधानमंत्री कार्यक्रम में नहीं पहुंच सके और शाम तक संबोधन शुरू नहीं हो सका।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल चिकित्सा शिविर
हड्डी रोग विभाग | स्त्री रोग विभाग | बाल रोग विभाग
शल्य रोग (सर्जरी) विभाग | मेडिसिन विभाग | चेस्ट एवं टी.बी विभाग
यह सुविधा 15 फरवरी 2024 से 29 फरवरी 2024 तक
समस्त रोगों के इलाज की उच्च स्तरीय सुविधाएं
रजिस्ट्रेशन शुल्क मात्र 20/- रूपये
डॉक्टर द्वारा परमार्श मुफ्त
भर्ती एवं पलंग मुफ्त
मुफ्त सामान्य ऑपरेशन
भर्ती मरीजों की मुफ्त जाँचें
नार्मल व सिजेरियन डिलीवरी मुफ्त
भर्ती मरीजों का एक्स-रे मुफ्त
भर्ती मरीजों का अल्ट्रासाउण्ड मुफ्त
ब्रेन एमआरआई 1500/- में स्पाईन एमआरआई 2000/- में हैड सीटी 800/- में
फाईलेरिया अभियान के अन्तर्गत फाईलेरिया की दवाई रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में कमरा नं. 1167 में मुफ्त में मिलेगी।
भर्ती मरीजों की दवाईयाँ भारी छूट पर
रोहिलखण्ड हॉस्पिटल में इम्पैनल्ड संस्थायें
इम्पैनल्मेंट संस्थाओं के नाम (कैशलेस-इलाज)
1. आयुष्मान भारत योजना
2. राष्ट्रीय अन्धता नियंत्रण कार्यक्रम (NBCP)
3. हौसला साझेदारी (परिवार नियोजन)
4. सी.ए.आर.आई. (CARI)
5. एक्स-सर्विसमैन कंट्रब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ECHS)
6. आई.वी.आर.आई. (IVRI)
7. कर्मचारी राज्य बीमा कारपोरेशन (ESIC)
8. बी.एस.एन.एल.
इम्पैनल्मेंट टी.पी.ए. कंपनी (कैशलेस-इलाज)
1. एचडीएफसी एर्गो
2. एरिकसन इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड
3. सेफवे इंश्योरेंस टी.पी.ए. प्राइवेट लिमिटेड
4. रिलायंस हेल्थ इंश्योरेंस
5. आदित्य बिरला ग्रुप जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड
6. जेनिन्स इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड
*T&C Apply
हैल्पलाइन नं. 9520876126, 9045372695, 8171925965
इमरजेंसी भर्ती की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध अनुभवी डाक्टरों की देख-रेख में
एन.ए.बी.एच.* 'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था

## एक नजर

### विद्यालय में प्रवेश को 15 मार्च तक करें आवेदन

**संभल, अमृत विचार :** समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय (पूर्ववर्ती राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय) सिहावली में कक्षा 6,7,8,9 व 11 में वार्षिक परीक्षाफल के बाद रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए आवेदन विद्यालय से नि :शुल्क प्राप्त किया जा सकता है। जिला समाज कल्याण अधिकारी चंद्रभूषण ने बताया कि 15 मार्च तक आय, जाति निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, अंकपत्र, चिकित्सा प्रमाण पत्र व दो फोटो के साथ प्रवेश फार्म जमा किया जाएगा। पात्र छात्रों की प्रवेश परीक्षा के लिए सूची का प्रकाशन 20 मार्च को एवं प्रवेश परीक्षा 27 मार्च को हागी। सफल छात्रों की सूची का प्रकाशन एवं प्रवेश 31 मार्च से किया जाएगा।

### गैंगस्टर एक्ट में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**संभल/कैलादेवी, अमृत विचार :** सौंधन मोहम्मदपुर निवासी मोहन गैंगस्टर एक्ट के आरोप में फरार चल रहा था। बुधवार को मोहन के गांव के पास ही खड़े होने की सूचना मिली। पुलिस ने मोहन को गिरफ्तार कर लिया और उसका चालान कर दिया।

# चाय बनाते समय गैस लीक होने से भड़की आग में दो बच्चियां झुलसीं

## घायल बच्चियां अस्पताल में भर्ती, घर का सामान व चाय बना रही महिला बाल -बाल बची

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** हजरतनगर गढ़ी थाना क्षेत्र में चाय बनाते समय सिलेंडर से चूल्हे की ओर जा रहे प्लास्टिक के पाइप से गैस लीक होने पर आग भड़क गई। आग से दो बच्चियां गंभीर रूप से झुलस गईं। आनन फानन में परिजनों ने आग को बुझाया और बच्चियों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। गनीमत रही कि मकान में रखा सामान व चाय बना रही महिला बाल -बाल बच गई।

नगर पंचायत सिरसी के मुहल्ला सादक सराय निवासी गुलाम अब्बास की पत्नी तनवीर मेहरा बुधवार को शाम साढ़े पांच बजे घर में गैस के चूल्हे पर चाय बना रही थी। पास में ही गुलाम अब्बास की पुत्री आशिया (6 वर्ष) और गुलाम अब्बास के भाई शहनवाज हैदर की पुत्री फात्मा (9 वर्ष) बैठी थीं। अचानक सिलेंडर के पाइप से गैस लीक हुई और आग भड़क गई।

आग की चपेट में आकर फात्मा व आशिया झुलस गईं। आशिया व फात्मा की चीख निकली तो तनवीर मेहरा ने शोर मचा दिया। शोर सुनकर आसपास के लोग व परिजन मौके पर पहुंचे। चूल्हा बंद कर पानी से भीगी बोरी डालकर आग को बुझाया।

झुलसी फात्मा व आशिया। ● अमृत विचार

- शोर सुनकर आसपास के लोग व परिजन मौके पर पहुंचे
- चूल्हा बंद कर पानी से भीगी बोरी डालकर आग को बुझाया

### घर व पशुशाला में लगी आग छह पशु झुलसे

**संभल/जुनावई, अमृत विचार :** जुनावई थाना क्षेत्र में किसान के घर एवं पशुशाला में अचानक आग लग गई। आग से छह पशु झुलस गए और हजारों का सामान भी जल गया। ग्रामीणों ने किसी तरह आग पर काबू पाया।थाना क्षेत्र के गांव रघुपुर पुख्ता में किसान जगवीर सिंह के झोपड़ीनुमा घर में बुधवार को अचानक आग लग गई। बच्चों के चीखने का शोर सुनकर आसपास के लोग जुट गए। जब तक लोग मौके पर पहुंचे तब तक आग ने पशुशाला को भी चपेट में ले लिया। लोगों ने किसी तरह पशुशाला में बंधे पशुओं को खोलकर अलग किया। फिर भी आग की चपेट में आने से छह पशु झुलस गए। हजारों रुपये का घरेलू सामान भी आग से जल गया।

## लिंक एक्सप्रेस की चपेट में आकर ग्रामीण की मौत

**बहजोई, अमृत विचार:** शराब के नशे में घर से निकले ग्रामीण की प्रयागराज देहरादून लिंक एक्सप्रेस की चपेट में आकर मौत हो गई। पुलिस जांच के बाद प्रथम दृष्टता आत्महत्या का मामला मान रही है।

बहजोई के गांव धतराशेख निवासी प्रेम सिंह मंगलवार रात अपने घर से शराब पीकर निकला था। शराब पीने को लेकर घर पर विवाद भी हुआ था। बहजोई के गांव पाठकपुर पर देहरादून प्रयागराज लिंक एक्सप्रेस की चपेट में आकर उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त करते हुए परिजनों को सूचना दी। कोतवाल सत्येंद्र पवार ने बताया कि मृतक प्रेम सिंह शराब पीने का आदी था। उसकी घर पर परिजनों से कहासुनी हो गई थी। इसके बाद वह घर से निकल आया था और उसका शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला। प्रथम दृष्टा आत्महत्या का मामला प्रतीत हो रहा है।

## सार-संक्षेप

### हाईस्कूल व इंटर के 6693 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

**बहजोई, अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा की प्रथम पाली में हाईस्कूल संस्कृत विषय में 234 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। वहीं इंटरमीडिएट की अर्थशास्त्र विषय की परीक्षा में 1518 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। द्वितीय पाली में चित्रकला आलेखन चित्रकला व प्रारंभिक विषय की परीक्षा मे 4918 में परीक्षा दी। हाईस्कूल के संगीत वादन में 23 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे। प्रथम पाली में हाई स्कूल के 244 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 234 परीक्षार्थी परीक्षा देने पहुंचे तो वही 10 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ी। इंटरमीडिएट के अर्थशास्त्र विषय में 1583 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 1518 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 65 परीक्षार्थी गैर हाजिर रहे। द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट की चित्रकला आलेखन व चित्रकला प्रारंभिक विषय की परीक्षा में 5263 पंजीकृत परीक्षार्थी में से 4918 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। 345 परीक्षार्थी परीक्षा देने नहीं पहुंचे।

भोलेनाथ वाटिका में भागवत कथा सुनाते आचार्य संतोष भारद्वाज। ● अमृत विचार

### श्री कृष्ण की लीलाओं का किया मनोहारी वर्णन

**चन्दौसी, अमृत विचार :** भोलेनाथ वाटिका में श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का मनोहारी वर्णन किया गया। इस दौरान भजनों पर श्रद्धालु झूम उठे। कान्हा के जयकारे भी गूंजते रहे। वृंदावन के कथा वाचक आचार्य संतोष भारद्वाज ने कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं। इनमें गाए जाने वाले पांच गीत भागवत के पांच प्राण हैं। कथा के मुताबिक कामदेव ने भगवान पर अपने पूर्ण सामर्थ्य के साथ हमला किया था, लेकिन वह भगवान को पराजित नहीं कर पाया। रास लीला में जीव का शंका करना या काम को देखना ही पाप है। भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह का प्रसंग भी सुनाया। मथुरा को कंस के अत्याचारों से बचाने के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने उसका वध किया। भाद्रपद, आश्विन, कार्तिक, मार्गशीष, आषाढ़ और श्रावण के महीने में कथा सुनने से मोक्ष की प्राप्ति आसान हो जाती है। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। कथा के दौरान राधा कृष्ण स्वरूप झांकियों ने मनमोह लिया। विधि विधान से पूजन यज्ञाचार्य मनीष भारद्वाज ने किया। यजमान सुशील भोलेनाथ एवं वीना वार्ष्णेय रहीं। इस दौरान डॉ. टीएस पाल, प्रतीक वार्ष्णेय, शकुंतला देवी, महिमा वार्ष्णेय, सुभाष चन्द्र वार्ष्णेय, चारु गुप्ता, प्रीति, सरिता, तुषान्त, सीता, सरोज, मेघा, अंजना, हिना, शोभा, प्रतिभा, उषा, सोनल, शकुंतला देवी, वैभव, कोमल, मोनिका आदि रहीं।

### वाहन की टक्कर से बालिका समेत दो लोग घायल

**चन्दौसी/बनियाठेर, अमृत विचार :** मुरादाबाद-आगरा नेशनल हाइवे पर थाना बनियाठेर के गांव अफजलपुर डरौली के निकट अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार बालिका समेत दो लोग घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को हायर सेंटर रेफर कर दिया। हादसा उस समय हुआ जब थाना जरीफनगर क्षेत्र के गांव शादीपुर निवासी नीरज यादव पुत्र रामरईस बाइक से अपनी ससुराल नोएडा से लौट रहा था। साथ में साढू सुरेश यादव निवासी जलीसपुर थाना जरीफनगर की सात वर्षीय बेटी अंशिका भी थी। जैसे ही नीरज यादव मुरादाबाद-आगरा नेशनल हाइवे पर थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव अफजलपुर डरौली के निकट पहुंचा। उसी समय किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से नीरज व अंशिका गंभीर रुप से घायल हो गई। राहगीरों की सूचना पर थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायलों को सीएचसी ले गई। जहां चिकित्साधिकारी ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया।

जनसंख्या नियंत्रण को लेकर जानकारी देतीं वूमेन शिखर की पदाधिकारी व अन्य।

### जनसंख्या नियंत्रण को लेकर महिलाओं को दी जानकारी

**चन्दौसी, अमृत विचार :** जायंट्स ग्रुप वूमेन शिखर द्वारा बुधवार को संयुक्त चिकित्सालय के महिला चिकित्सालय में जनसंख्या नियंत्रण को लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. सारिका अग्रवाल और उनकी हेल्पर इन्दु सक्सेना व दीप्ति भटनागर ने ग्रुप के सदस्यों को जानकारी दी। देश की जनसंख्या को किस तरह नियंत्रण किया जा सके इस पर सुझाव दिए। ग्रुप अध्यक्ष शालिनी शर्मा व कोषाध्यक्ष रागिनी सैनी ने अस्पताल में उपस्थित महिलाओं से कहा कि दो या एक ही बच्चे को जन्म देना चाहिए। जिससे हम उनकी परवरिश और पढ़ाई सही से कर सकें। इस दौरान मरीज महिलाओं को बिस्कुट और फल आदि वितरित किए गए। इस मौके पर शिखा शर्मा, शोभा शर्मा, नीतू रस्तोगी, शीनू शर्मा, विमलेश सैनी, सुमन सैनी, सीमा अग्रवाल आदि मौजूद रहीं।

### नगरी हो अयोध्या सी, रघुकुल सा घराना हो....

**चन्दौसी, अमृत विचार :** स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट के द्वारा संता मिल में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम दीनदयाल शर्मा ने वेद मंत्रोच्चारण के साथ पूजन संपन्न कराया। केजी शर्मा व राजेश शंखधार ने गणेश वंदना, सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा व बजरंग बाण पाठ का वाचन किया। तत्पश्चात अजय सक्सेना व राजू शर्मा ने सुंदरकांड पाठ की चौपाईयों का लयवद्ध गायन किया। तदोपरांत भजन हुए। केजी शर्मा ने नगरी हो अयोध्या सी रघुकुल सा घराना हो, चरण हो राघव और जहां मेरा ठिकाना हो, उमा श्रीवास्तव ने आज ब्रज में होली रे रसिया, अजय सक्सेना ने श्रीराम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में आदि एक के बाद एक भजनों की प्रस्तुति से वातावरण भक्तिमय कर दिया। आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर विनय अग्रवाल, रजनी अग्रवाल, शान्तनु अग्रवाल, सारंग, राजीव शर्मा, सुरेश चंद्र शर्मा, कल्पना वार्ष्णेय, पीएन शर्मा, सुमित पाराशरी, सूरज पाराशरी, चेतेंद्र शर्मा, वृंदावन शर्मा, गुलशन अरोरा आदि रहे।

### लापरवाही में चार पंचायत सफाई कर्मचारी निलंबित

**बहजोई, अमृत विचार :** जनपद की ग्राम पंचायत में तैनात सफाई कर्मियों द्वारा साफ सफाई कार्य नहीं किए जाने व लगातार गैरहाजिर रहने पर कार्रवाई हुई है। ऐसे चार सफाई कर्मियों को निलंबित किया है जबकि एक कर्मचारी का वेतन रोका गया है। डीपीआरओ उपेंद्र कुमार पांडेय ने बताया कि विकास खंड बहजोई की ग्राम पंचायत बमनपुरी कला के सफाई कर्मी अरविंद कुमार को निलंबित किया है। जिस पर गांव में सफाई नहीं करने का आरोप है। जांच में इस बात की पुष्टि हुई है। बहजोई की ही ग्राम पंचायत धामपुर कानऊ के सफाई कर्मचारी ओंकार सिंह, विकास खंड संभल ग्राम पंचायत अखियारपुर ठिलूपुरा के सफाई कर्मी निरंजन सिंह, संभल की ही पंचायत बारीपुर भमरौआ के सफाई कर्मी चमन को निलंबित किया गया है। इन सभी पर अपने कार्य के प्रति लापरवाही बरतने का आरोप है। उनकी अंतिम जांच के लिए अलग-अलग विकास खंड के एडीओ पंचायत को नामित किया गया है। तब तक यह सभी निलंबित सफाई कर्मी ब्लाक मुख्यालयों से संबद्ध रहेंगे। विकास खंड संभल की पंचायत खानपुर खुम्मार के सफाई कर्मी किशनवीर को नोटिस जारी करते हुए वेतन रोका गया है। इस पर निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित रहने और गांव में सफाई नहीं करने का आरोप है।

### स्वास्थ्य केंद्र से स्टाफ गैरहाजिर, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**संभल/असमोली, अमृत विचार :** असमोली क्षेत्र में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गुमसानी पर स्टाफ के गैरहाजिर रहने पर ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी को शिकायत भेजकर कार्रवाई करने की मांग की। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर बुधवार को ग्रामीण पहुंचे तो वहां सिर्फ दो कर्मचारी मिले। सीएचओ और फार्मासिस्ट नहीं थे। जिस पर भड़के ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। इस मामले में प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप सिंह से भी बात की गई तो बताया कि कर्मचारी छुट्टी लेकर नहीं गए। सीएमओ से भी संपर्क किया लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ।

## कस्बा नरौली के मेन मार्केट में अतिक्रमण पर की कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी/बनियाठेर

- दुकानों के आगे लगे ठेले हटवाए, चालान भी काटे

**अमृत विचार:** महाशिवरात्रि और होली का त्योहार नजदीक आ रहा है। ऐसे में बाजारों में भीड़ जुटने लगी है। बनियाठेर के कस्बा नरौली के मेन मार्केट समेत मुख्य बाजारों में दुकानों के आगे फैले अतिक्रमण पर पुलिस ने शिकंजा कसते हुए कार्रवाई की है। 40 दुकानों समेत ठेले - खौमचे वालों के चालान काटे गए। साथ ही अतिक्रमण करने पर सख्ती से पेश आने की नसीहत दी।

कस्बा नरौली के बाजार पहले से ही काफी सकरे हैं। उस पर भी मेन मार्केट, सर्राफा बाजार आदि में दुकानदारों ने अपनी दुकानों के बाहर सामान रख कर अतिक्रमण कर रखा है। साथ ही ठेले -खौमचे वाले जहां-तहां खड़े होने से लोगों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जाम की स्थिति बन जाती है। बुधवार की दोपहर कस्बा चौकी पुलिस ने मेन मार्केट, सर्राफा बाजार, काजी टोला चौराहा, सब्जी मंडी में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। दुकानों के आगे किए अतिक्रमण को हटवाया और चालान भी काटे।

नरौली में मेन मार्केट में अतिक्रमण पर चालान काटती पुलिस। ● अमृत विचार

# पुलिस लाइन का किया शिलान्यास, साइबर थाने का लोकार्पण

संवाददाता, बहजोई (संभल)

- मुख्यमंत्री ने लखनऊ से वर्चुअल किया शिलान्यास व लोकार्पण
- पुलिस लाइन में कार्यक्रम के दौरान डीएम एसपी ने बताया जनपद को मिली बड़ी सौगात

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को लखनऊ से वर्चुअल माध्यम से जनपद की पुलिस लाइन का शिलान्यास किया जबकि साइबर थाने व सभी थानों में बनी साइबर हेल्प डेस्क का लोकार्पण किया। अस्थाई पुलिस लाइन में जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने भी पुलिस लाइन व साइबर थाने को जनपद के लिए बड़ी सौगात बताया।

अस्थाई रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद जिलाधिकारी मनीष बंसल, पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत व भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह आदि की मौजूदगी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बटन दबाकर जनपद की नवीन पुलिस लाइन का शिलान्यास किया। वहीं यहां जिलाधिकारी पुलिस अधीक्षक ने भी शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि पहले प्रदेश की कानून व्यवस्था बेहद खराब थी जिस कारण प्रदेश में कोई भी उद्योग नहीं लगता था। आज नये भारत का नया उत्तर प्रदेश बन रहा है। अब कोई भी पुलिसकर्मी टूटे पलंग पर नहीं सोएगा। इस दौरान जिलाधिकारी मनीष बंसल ने कहा कि जिले में कई बड़े कार्यों के बीच पुलिस लाइन का शिलान्यास इसकी बड़ी कड़ी है। जल्द ही पीएसी बटालियन, जेल और कलेक्ट्रेट निर्माण की प्रक्रिया को भी पूरा किया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह उर्फ रिंकू ने कहा कि सरकार के द्वारा विकास के कार्य किया जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह गुनावत ने कहा कि साइबर थाना वर्तमान में एएसपी संभल कार्यालय में संचालित होगा।

इस दौरान एएसपी दक्षिणी अनुकृति शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा नेता परमेश्वर लाल सैनी, प्रतिसार निरीक्षक अशोक चौधरी, लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता चंद्रशेखर सिंह, सहायक अभियंता किरणपाल सिंह आदि मौजूद रहे। संचालन सीओ बहजोई दीपक तिवारी ने किया।

पुलिस लाइन शिलान्यास कार्यक्रम में बोलते डीएम मनीष बंसल। ● अमृत विचार

### जल्द ही शुरू होगा पुलिस लाइन का निर्माण

**बहजोई, अमृत विचार :** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने बताया कि अगले महीने में पुलिस लाइन का निर्माण कार्य आरंभ हो जायेगा। कार्यदाई संस्था का चयन कर लिया गया है। आचार संहिता से पहले कार्य आरंभ कर दिया जाएगा। जिसमें प्रमुख तौर पर स्कूल, अस्पताल, महिला बैरक, प्रतिसार निरीक्षक आवास, परेड ग्राउंड, प्रशासनिक भवन, साइबर थाना आदि का निर्माण होगा।

# दुर्घटना में साथी छात्र की मौत पर मुआवजा दिलाने को सौंपा ज्ञापन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- बदायूं चुंगी से जुलूस की शक्ल में तहसील पहुंचे छात्र
- एफआर इंटर कॉलेज के मृतक छात्र के लिए की दुआ

**अमृत विचार:** एफआर इंटर कॉलेज के छात्रों ने मंगलवार की सुबह हादसे में जान गंवाने वाले छात्र के लिए दुआ की। इसके बाद जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार मुकेश प्रताप सिंह को सौंपा। छात्र बदायूं चुंगी से जुलूस की शक्ल में नारेबाजी करते हुए तहसील पहुंचे।

छात्रों ने बताया कि एफआर इंटर कॉलेज का हाईस्कूल के छात्र शहजान की मौत थाना बनियाठेर क्षेत्र स्थित परीक्षा केंद्र लोकेंद्र शर्मा इंटर कॉलेज जाते समय हुई। उसकी बाइक डीसीएम की चपेट में गई। जिसमें छात्र की मौत हो गई व दो अन्य छात्र घायल हो गए। जिसमें एक छात्र का उपचार दिल्ली के अस्पताल में चल रहा है। छात्रों ने मांग की कि मृतक छात्र के परिजनों को मुआवजा दिया जाए। घायल छात्र को इलाज के लिए आर्थिक मदद उपलब्ध कराई जाए। इसके अलावा कहा कि परिषदीय परीक्षाओं के केंद्र निर्धारण में प्रशासन ने सूझबूझ से काम लिया होता तो इतना बड़ा हादसा नहीं होता। प्रशासन से मांग की गई कि नगर के विद्यालयों का सेंटर नगर के ही अन्य विद्यालयों में निर्धारित किया जाए। मंगलवार को हुई घटना से छात्र सहमे हुए हैं। इस अवसर पर मोहम्मद अजहर, अयान, शहजेब, फरीद, अलरजी, मलिक, मोहम्मद ताहिर, शमी, यासिर सैफी, जेद, फैज, सोहेल, फैयाज, चंदा छात्रों के अलावा प्रधानाचार्य वसीमुद्दीन, अध्यापकों में अब्दुल जाहिद, सलमान अहमद, शफीक मियां आदि रहे।

नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते एफआर इंटर कालेज के छात्र। ● अमृत विचार

## दुष्कर्म के आरोपी को सात वर्ष का सश्रम कारावास

**चन्दौसी, अमृत विचार:** न्यायालय एफटीसी कोर्ट नंबर तीन जनपद मुरादाबाद ने दुष्कर्म के आरोपी को सात वर्ष के कठोर कारावास और 11 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। घटना वर्ष 2015 में जनपद संभल के थाना नखासा में हुई थी। जिसमें थाना नखासा पुलिस ने अभियुक्त दुली उर्फ रवि कुमार पुत्र महेश निवासी मिलक भारतल थाना नखासा जनपद संभल के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया था। पुलिस ने साक्ष्यों को एकत्र कर न्यायालय एफटीसी कोर्ट नंबर 03 जनपद मुरादाबाद में आरोप पत्र दाखिल किया था। अभियोजन पक्ष से एडीजीसी अशोक कुमार यादव ने साक्ष्यों के आधार पर दलीलें पेश कीं। बुधवार को मुकदमें पर सुनवाई करते हुए न्यायाधीश ने अभियुक्त दुली उर्फ रवि कुमार को दुष्कर्म, मारपीट व जान से मारने की धमकी के आरोप में दोषी करार देते हुए सात वर्ष के कठोर कारावास और 11 हजार रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है।

# खड़े ट्रक से टकराई बोलेरो चालक की मौत, तीन घायल

संवाददाता, संभल

**अमृत विचार:** नखासा थाना क्षेत्र में महिला का उपचार कराने दिल्ली जा रहे परिजनों की बोलेरो संभल हसनपुर मार्ग के किनारे खड़े आलू से लदे ट्रक में घुस गई। जिसमें चालक की मौत हो गई जबकि बीमार महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों में से दो को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

थाना क्षेत्र के मुहल्ला तुर्तीपुर इल्हा निवासी नजाकत मंगलवार की देर रात तीन बजे अपने छोटे भाई रऊफ की पत्नी शहाना का इलाज कराने बोलेरो से दिल्ली जा रहे थे। बोलेरो में शहाना की मां सलमा पत्नी राशिद भी साथ थी। सदर कोतवाली क्षेत्र के मुहल्ला जगत निवासी चालक नासिर 40 वर्ष बोलेरो लेकर जैसे ही संभल हसनपुर मार्ग पर गांव बादल गुंबद के पास पहुंचा। बोलेरो अनियंत्रित होकर कोल्ड स्टोरेज के बाहर सड़क किनारे खड़े आलू से लदे ट्रक में घुस गई। जिससे बोलेरो में सवार नजाकत, शहाना, सलमा व नासिर गंभीर घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने नासिर, शहाना व सलमा को हायर सेंटर भेजकर नजाकत को अस्पताल में भर्ती कर लिया। मुरादाबाद ले जाते समय नासिर की मौत हो गई।

नासिर।

## सड़क किनारे वाहन खड़े करने पर हो कार्रवाई

**संभल/बहजोई, अमृत विचार:** सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में जिलाधिकारी मनीष बंसल ने संभल में सड़क किनारे खड़े रहने वाले वाहनों पर कार्रवाई के निर्देश दिये। इसके साथ ही ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई के लिए भी सख्त निर्देश दिये।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में संभल में सड़क के किनारे खड़े वाहनों को लेकर जिलाधिकारी ने कहा कि अभियान चलाकर वाहनों को चेक किया जाए एवं उन्हें सड़क के किनारे से हटाने की कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए। कहा कि जनपद में किसी भी दशा में ओवरलोड वाहन न चलें। जिला विद्यालय निरीक्षक एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद के प्रत्येक स्कूल में यातायात नियमों को लेकर बच्चों को जागरूक किया जाए। स्कूलों को निर्देशित किया जाए कि स्कूलों में स्कूटी एवं मोटरसाइकिल की पार्किंग नहीं की जाए। 18 साल से कम उम्र वाले बच्चे स्कूटी एवं मोटरसाइकिल न चलायें।

**लापरवाही** हादसों के बाद भी सबक नहीं ले रहे अभिभावक, शासनादेश के बाद भी कार्रवाई नहीं

# नाबालिग दौड़ा रहे दोपहिया वाहन, पुलिस मौन

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** यूपी बोर्ड की परीक्षा चल रही हैं। जिसमें हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के अधिकांश छात्र नाबालिग होने के बाद भी अपने साथियों संग दोपहिया वाहनों पर सवार होकर परीक्षा देने पहुंच रहे हैं। जबकि पूर्व में हुए दो हादसों में दो छात्रों की मौत हो चुकी है और तीन छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। हादसों के बाद भी अभिभावक अपने बच्चों पर ध्यान नहीं दे रहे हैं। वहीं शासन के आदेश के बाद भी दोपहिया वाहन चला रहे नाबालिगों पर कार्रवाई नहीं की जा रही है।

यूपी बोर्ड की परीक्षाएं संचालित हैं। जिसमें शहर के परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा देने वाले छात्र अपने साथी छात्रों के साथ दोपहिया वाहन से पहुंचते हैं। जबकि उनकी आयु 18 वर्ष से कम होती है। इसके बाद भी यह छात्र बाइक तेजी से चलाते हुए परीक्षा केंद्र आते हैं।

चन्दौसी के एसएम इंटर कालेज से परीक्षा देकर बाइक से जाता नाबालिग।

> नाबालिग द्वारा दोपहिया वाहन चलाने पर कार्रवाई की जाती है। फिलहाल स्कूल के छात्र होने पर ज्यादा सख्ती नहीं की जाती। यातायात नियमों का पालन करना हर किसी की जिम्मेदारी है। अब परीक्षा केंद्र के पास जाकर कार्रवाई की जाएगी।
>
> -अनुज मलिक, यातायात प्रभारी

### एक माह पहले जारी हो चुका है शासन आदेश

**चन्दौसी, अमृत विचार :** एक माह पहले शासन ने आदेश जारी किया था। जिसमें कहा गया था कि 18 वर्ष से कम आयु के छात्र-छात्राएं स्कूटी व बाइक चलाते पकड़े जाते हैं तो जिसके नाम वाहन होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की बात कही गई थी।

### हादसे में हो चुकी हैं दो छात्रों की मौत

29 जनवरी को थाना बनियाठेर के पास कार व बाइक की भिड़ंत हो गई थी। जिसमें 15 वर्षीय छात्र अरुण कुमार की मौत हो गई। जबकि दो साथी घायल हुए थे। इसके अलावा मंगलवार की सुबह हाईस्कूल की परीक्षा देने जा रहे छात्रों की बाइक में डीसीएम ने टक्कर मार दी थी। जिसमें 17 वर्षीय शहजान पुत्र बाबू निवासी चन्दौसी की मौत हो गई थी और उसका साथी छात्र जैद पुत्र सलीम गंभीर रूप से घायल हो गया।

> शासन के आदेश का सभी अभिभावकों को पालन करना जरूरी है। अपने 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को दोपहिया वाहन न चलाने दें और लाइसेंस बनने पर ही वाहन चलाने की अनुमति दें।
>
> -राजीव वार्ष्णेय, अभिभावक

## जिले के थानों में अस्तित्व में आई साइबर हेल्प डेस्क

**संभल/गुन्नौर अमृत विचार :** साइबर अपराध की रोकथाम के उद्देश्य को लेकर जनपद के थानों में साइबर हेल्प डेस्क अस्तित्व में आ गई है। अब थानों में आने वाली शिकायतों पर हेल्प डेस्क के जरिए तत्काल जांच की प्रक्रिया शुरू हो सकेगी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को वर्चुअल तौर पर गुन्नौर सहित जनपद के सभी थानों में साइबर हेल्प डेस्क का लोकार्पण किया। जिससे सभी थानों में साइबर हेल्प डेस्क अस्तित्व में आ गई है। गुन्नौर कोतवाल संजीव बालियान ने बताया कि अब ऑनलाइन धोखाधड़ी के प्रकरण में त्वरित कार्रवाई होगी। बताते चलें कि ऑनलाइन धोखाधड़ी के मामलों में पीड़ित थाना चौकियों के चक्कर काटते थे। जब तक मामला साइबर सेल पहुंचता था, तब तक काफी देर हो चुकी होती थी।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

यज्ञो दानमध्ययनं तपश्च चत्वार्येतान्यन्वेतानि सणि।
दम : सत्यमार्जवमानृशंस्यं चत्वार्येतान्यनुयान्ति संत : ॥

यज्ञ, दान, अध्ययन तथा तपश्चर्या –ये चार गुण सज्जनों के साथ रहते हैं और इंद्रियदमन, सत्य, सरलता तथा कोमलता–इन चार गुणों का सज्जन पुरुष अनुसरण करते हैं।

## संपादकीय

# देश में अमीरों का बढ़ना

देश के बाहर रहने वाले भारतीय नवाचार को बढ़ावा देने, व्यवस्थाओं और देशों के साथ मजबूत वैश्विक संबंध बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह जुड़ाव पैसा कमाने और निवेश के अवसर पैदा करती है जिससे भारत में धनी व्यक्तियों की संख्या बढ़ाने में मदद मिलती है। भारत में अत्यधिक अमीर व्यक्तियों की संख्या बीते साल यानी 2023 में सालाना आधार पर छह प्रतिशत बढ़कर 13,263 हो गई है। बुधवार को जारी नाइट फ्रैंक इंडिया की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। वर्ष 2028 तक अति-अमीरों की संख्या में 50 प्रतिशत वृद्धि की संभावना है। द वेल्थ रिपोर्ट 2024 में भविष्यवाणी की गई है कि 2023 में 13,263 से बढ़कर 2028 तक 19,908 हो जाएगी। अगर अलग-अलग देशों की बात की जाए तो तुर्किए में अमीरों की संख्या में सालाना आधार पर सबसे अधिक 9.7 प्रतिशत बढ़ी है। इसके बाद अमेरिका में अमीरों की संख्या 7. 9 प्रतिशत, दक्षिण कोरिया में 5.6 प्रतिशत और स्विट्जरलैंड 5.2 प्रतिशत बढ़ी है। रिपोर्ट के मुताबिक वैश्विक स्तर पर अमीरों की संख्या अगले पांच वर्षों में 28.1 प्रतिशत बढ़कर 8,02,891 होने का अनुमान है। द वेल्थ रिपोर्ट में कहा गया है कि 2028 तक एशिया-पैसेफिक में किसी अन्य क्षेत्र के मुकाबले ज्यादा दौलत बनेगी। अमीर लोग अपनी निवेश योग्य संपत्ति का 17 प्रतिशत विलासिता की वस्तुओं में लगाते हैं। उनकी पहली प्राथमिकता लक्जरी घड़ियां होती हैं। इसके बाद कलाकृतियों और आभूषण का नंबर आता है। 'क्लासिक' कारें चौथे स्थान पर हैं। इसके बाद लग्जरी हैंडबैग, वाइन, दुर्लभ व्हिस्की, फर्नीचर, रंगीन हीरे और सिक्कों का स्थान आता है। हालांकि वैश्विक स्तर पर बेहद अमीर लोगों की पसंद लक्जरी घड़ियां और क्लासिक कारें हैं। अमीर लोगों ने अपनी संपत्ति का करीब 32 प्रतिशत हिस्सा देश के भीतर और बाहर आवासीय संपत्तियों में निवेश किया हुआ है। सवाल है कि क्या भविष्य में इन क्षेत्रों में ग्रोथ बनी रहेगी या संपत्ति सृजन करने वाले ये लोग यूरोप, अमेरिका या उत्तरी अमेरिका की ओर जाएंगे।

वास्तव में भारत की अर्थव्यवस्था अच्छी स्थिति में है। कम घरेलू मुद्रास्फीति और संभावित ब्याज दर में कटौती अर्थव्यवस्था को और भी मजबूत बनाने में मदद करेंगे देश में अमीरों की संख्या में उल्लेखनीय बढ़ोतरी इस बात का प्रमाण है कि धन सृजन के बदलाव वाले युग में भारत वैश्विक आर्थिक क्षेत्र में समृद्ध और बढ़ते अवसरों के प्रमाण के रूप में खड़ा है। घरेलू मुद्रास्फीति के जोखिमों को कम करने और दरों में कटौती की संभावना से भारतीय अर्थव्यवस्था में और तेजी आएगी।

# जलवायु परिवर्तन की मार से प्रभावित पहाड़



पंकज चतुर्वेदी
वरिष्ठ पत्रकार

सत्तर दिन की बर्फबारी 15 दिन में सिमटने से दिसंबर और जनवरी में हुई लगभग 80–90 प्रतिशत कम बर्फबारी की भरपाई तो हो नहीं सकती। उसके बाद गर्मी शुरू हो जाने से साफ जाहिर है कि जो थोड़ी सी बर्फ पहाड़ों पर आई है, वह जल्दी ही पिघल जाएगी।

इस साल का जनवरी महीना कश्मीर के लिए अभी तक का सबसे गरम रहा। वहीं फरवरी जाते-जाते इस राज्य को बर्फ की घनी चादर में लपेट चुकी है। मौसम विभाग की माने तो फरवरी के आखिरी दिनों में फिर से जमकर बर्फबारी होगी। 23 फरवरी की रात गुलमर्ग में शून्य से 10.4 और पहलगाम में 8.6 डिग्री नीचे तापमान वाली रही। धरती के स्वर्ग कहलाने वाले कश्मीर में देर से हुई बर्फबारी क्या महज एक असामान्य घटना है या फिर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का संकेत? यह बात गौर करने की है कि बीते कुछ सालों में कश्मीर लगातार असामान्य और चरम मौसम की चपेट में है। अभी 21 फरवरी को गुलमर्ग में बर्फीले तूफान का आना भी चौंकाने वाला है। जान लें देर से हुई बर्फबारी से राहत तो है, लेकिन इससे उपजे खतरे भी हैं।

सत्तर दिन की बर्फबारी 15 दिन में सिमटने से दिसंबर और जनवरी में हुई लगभग 80-90 प्रतिशत कम बर्फबारी की भरपाई तो हो नहीं सकती। उसके बाद गर्मी शुरू हो जाने से साफ जाहिर है कि जो थोड़ी सी बर्फ पहाड़ों पर आई है, वह जल्दी ही पिघल जाएगी। अर्थात् आने वाले दिनों में एक तो ग्लेशियर पर निर्भर नदियों में अचानक बाढ़ आ सकती है और फिर अप्रैल में गर्मी आते-आते वहां पानी का अकाल हो सकता है। भारत में हिमालयी क्षेत्र का फैलाव 13 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों (अर्थात् जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, असम और पश्चिम बंगाल) में है, जो लगभग 2500 किलोमीटर। भारत के मुकुट कहे जाने वाले हिमाच्छादित पर्वतमाला की गोदी में कोई पांच करोड़ लोग सदियों से रह रहे हैं। चूंकि यह क्षेत्र अधिकांश भारत के लिए पानी उपलब्ध करवाने वाली नदियों का उद्गम है। साथ ही यहां के ग्लेशियर धरती के गरम होने को नियंत्रित करते हैं, सो जलवायु परिवर्तन की दृष्टि से यह सबसे अधिक संवेदनशील है। जलवायु परिवर्तन की मार से सर्वाधिक प्रभावित उत्तराखंड के पहाड़ जैसे अब अपना संयम खो रहे हैं-देश को सदानीरा गंगा-यमुना जैसी नदियां देने वाले पहाड़ के करीब 12 हजार प्राकृतिक स्रोत या तो सूख चुके हैं या फिर सूखने की कगार पर हैं। इस सर्दी में हिमालय, हिंदू कुश और काराकोरम में बर्फबारी की असामान्य अनुपस्थिति के चलते गर्म तापमान रहा है। चरम ला नीना-अल नीनो स्थितियों और पश्चिमी विक्षोभ मौसम इस तरह असामान्य रहा। जलवायु संकट के प्रतीक ये बदलाव पर्वतीय समुदायों और हिंदूकुश-हिमालयी क्षेत्र में जल सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण खतरा पैदा करते हैं।

> यह समझना होगा कि सर्दियों में कम बर्फबारी का कारण अल–नीनो नहीं है। अल–नीनो के कारण केवल गर्मियों और मानसून की बारिश प्रभावित होती है। महज एक या दो साल बर्फ रहित सर्दी का जिम्मेदार 'जलवायु परिवर्तन' को ठहरना भी जल्दबाजी होगा। यह अभी वैज्ञानिक कसौटी पर सिद्ध होना बाकी है। विदित हो कि पहाड़ों पर रहने वाले लोग आजीविका के लिए प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर हैं। वे अपना निर्वाह खेती और पशुधन पालन से करते हैं। उनके खेत छोटे होते हैं। लगभग बर्फ रहित या देर से सर्दी का प्रभाव उन लोगों के लिए विनाशकारी हो सकता है। ऊंचे पहाड़ों पर खेतों में बर्फ का आवरण आमतौर पर एक इन्सुलेशन कंबल के रूप में कार्य करता है।

यह समझना होगा कि सर्दियों में कम बर्फबारी का कारण अल-नीनो नहीं है। अल- नीनो के कारण केवल गर्मियों और मानसून की बारिश प्रभावित होती है। महज एक या दो साल बर्फ रहित सर्दी का जिम्मेदार 'जलवायु परिवर्तन' को ठहरना भी जल्दबाजी होगा। यह अभी वैज्ञानिक कसौटी पर सिद्ध होना बाकी है। विदित हो कि पहाड़ों पर रहने वाले लोग आजीविका के लिए प्राकृतिक संसाधनों पर निर्भर हैं। वे अपना निर्वाह खेती और पशुधन पालन से करते हैं। उनके खेत छोटे होते हैं। लगभग बर्फ रहित या देर से सर्दी का प्रभाव उन लोगों के लिए विनाशकारी हो सकता है। ऊंचे पहाड़ों पर खेतों में बर्फ का आवरण आमतौर पर एक इन्सुलेशन कंबल के रूप में कार्य करता है। बर्फ की परत से उनके फसलों की रक्षा होती है, कंद-मूल जैसे उत्पादों की वृद्धि होती है, पाले का प्रकोप नहीं हो पाता। साथ ही बर्फ से मिट्टी का कटाव भी रुकता है। पूरे हिमालय क्षेत्र में कम बर्फबारी और अनियमित बारिश से क्षेत्र में पानी और कृषि वानिकी सहित प्रतिकूल पारिस्थितिक प्रभाव पड़ने की संभावना है। अगर तापमान जल्दी ही बढ़ जाता है तो देर से होने वाली बर्फबारी और भी अधिक त्रासदी दायक होगी। इससे जीएलओएफ (हिमनद झील के फटने से होने वाली बाढ़) अचानक बाढ़ आएगी और घरों, बागानों और मवेशियों को बहा ले जाएगी। गर्मी से यदि ग्लेशियर अधिक पिघले तो आने वाले दिनों में पहाड़ी राज्यों में स्थापित सैंकड़ों मेगावाट की जल विद्युत परियोजनाओं पर भी संकट आ सकता है। लंबे समय तक सूखे के कारण झेलम और अन्य नदियों का जल स्तर अभी से नकारात्मक सीमा में है।

कश्मीर में जल शक्ति विभाग के मुख्य अभियंता संजीव मल्होत्रा स्वीकार करते हैं कि समय पर बर्फबारी और बारिश की कमी के कारण सतही जल स्रोतों के जल स्तर में उल्लेखनीय कमी आई है। प्रसिद्ध भूवैज्ञानिक और इस्लामिक यूनिवर्सिटी ऑफ साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी कश्मीर के कुलपति, शकील अहमद रोमशू का कम और बेमौसम बर्फ को लेकर अलग ही आंकलन है। उनका कहना है इससे कश्मीर घाटी में प्रदूषण स्तर बढ़ेगा और स्वास्थ्य जोखिम भी पैदा होंगे। उत्तराखंड में मसूरी से ऊपर बर्फबारी और बारिश न होने से मौसम खुश्क बना हुआ था, बारिश की कमी और पाले की मार से किसानों की फसलें दम तोड़ गई जिसके चलते पहाड़ी क्षेत्र चकराता में जहां किसान कैश क्रॉप कहीं जाने वाली फसल अदरक, टमाटर, लहसन, मटर पर ही अपनी आजीविका के लिए निर्भर रहता है, ये सभी फसलें इन दिनों बदहाली के दौर से गुजर रही हैं। वहीं पहाड़ी क्षेत्र में समय से बर्फ न गिरने की वजह से सेब, आड़ू और खुमानी की पैदावार कमजोर हो गई।

हमारे देश की संपन्न अर्थव्यवस्था का आधार खेती है और खेती बगैर सिंचाई के हो नहीं सकती। सिंचाई के लिए अनिवार्य है कि नदियों में जल-धारा अविरल रहे, लेकिन नदियों में जल लाने की जिम्मेदारी तो उन बर्फ के पहाड़ों की है, जो गर्मी होने पर धीरे-धीरे पिघलकर देश को पानीदार बनाते हैं। साफ है कि आने वाले दिनों में न केवल कश्मीर या हिमाचल, बल्कि सारे देश में जल संकट खड़ा होगा है। जल संकट अपने साथ सवाल यह उठाता है कि इस अनियमित मौसम से कैसे बचा जाए? ग्लोबल वार्मिंग या अल-नीनो को दोष देने से पहले हमें स्थानीय ऐसे कारकों पर विचार करना होगा जिससे प्रकृति कूपित है।

जून 2022 में गोविंद बल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान (जीबीएनआईएचई) द्वारा जारी रिपोर्ट 'एनवायरमेंटल असेसमेंट ऑफ टूरिज्म इन द इंडियन हिमालयन रीजन' में कड़े शब्दों में कहा गया था कि हिमालयी क्षेत्र में बढ़ते पर्यटन के चलते हिल स्टेशनों पर दबाव बढ़ रहा है। इसके साथ ही पर्यटन के लिए जिस तरह से इस क्षेत्र में भूमि उपयोग में बदलाव आ रहा है वो अपने आप में एक बड़ी समस्या है। जंगलों का बढ़ता विनाश भी इस क्षेत्र के इकोसिस्टम पर व्यापक असर डाल रहा है। यह रिपोर्ट नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के आदेश पर पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय (एमओईएफ और सीसी) को भेजी गई थी। इस रिपोर्ट में हिमाचल प्रदेश में पर्यटकों के वाहनों और इसके लिए बन रही सड़कों के कारण वन्यजीवों के आवास नष्ट होने और जैवविविधता पर विपरीत असर की बात भी कही गई थी।

## प्रसंगवश

# नहीं हो रहा सिद्धांतों पर अमल

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

इस समय वातावरण में भगवानों की धूम है। इसमें राम सर्वोपरि हैं और कृष्ण भी काफी हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि भक्ति भावना की बाढ़ आ गई है। दरअसल लोकसभा के चुनाव सर पर हैं और भारत की जनताधर्म-प्राण है। अतः इस धर्माभियान से बहुसंख्यक हिंदू मत बटोरने को चेष्ठा की जा रही है। अगर वास्तविक भक्ति होती तो इन भगवानों के द्वारा प्रतिपादित सिद्धांतों पर भी अमल होना चाहिए था, जो नहीं हो रहा है। अब देखिए 'राम लाए गए' तो घोषित हो चुका, अब रामराज्य लाने को कहा जा रहा है। रामराज्य जैसा था उसे कौन नहीं जानता। वन में जब भरत श्रीराम को वापस लाने हेतु मनाने गए हैं, तब राम ने उनसे कुछ कुशल प्रश्न पूछे हैं। वे कुशल प्रश्न राम द्वारा भरत को दिए गए राजनीतिक उपदेश ही हैं जिनसे राज्य संचालन करने की अपेक्षा की गई है। वाल्मीकि रामायण के अयोध्या कांड/अध्याय 100 में एक आदर्श राज्य चलाने के ये सिद्धांत संरक्षित हैं। इस अध्याय के श्लोक 26 में श्रीराम कहते हैं कि 'क्या तुम ऐसे अमात्य नियुक्त करते हो, जो घूस न लेते हों और अंदर बाहर से निश्छल और शुचि हों?'-अमात्यानुपधातीतान् पितृ पैतामहान्शुचीन्।/ श्रेष्ठाञ्छ्रेष्ठेषु कच्चित्व नियोजयसि कर्मसु।। यानी नैतिकता, शुचिता, ईमानदारी अभीष्ट थी, लेकिन इस समय क्या हो रहा है। अभी हुए राज्यसभा सदस्यों के निर्वाचन हेतु मतदान में विधायक वोटरों ने जमकर क्रास वोटिंग की। यह पाला बदल सत्तारूढ़ भाजपा के पक्ष में हुआ। इसे हृदय परिवर्तन कौन मानेगा? गांव की कहावतें हैं, 'जेहिके हाथ लोई। तेहिका सब कोई' तथा 'छूंछा को पूछा'। इसके पहले के भी तमाम उदाहरण हैं। चंडीगढ़ के मेयर के चुनाव में भाजपा द्वारा की गई बेईमानी पर तो देश की सबसे बड़ी अदालत ने जोर का तमाचा मार ही दिया है। अतः यह सिद्ध है कि मौजूदा रामभक्ति कागजी है। रही श्रीकृष्ण जी की बात, तो उनकी जन्मभूमि मथुरा में बने मंदिर से सटे मुस्लिम स्थापत्य को हटाने का शोशा चुनाव कालीन भावनात्मक उन्माद सृजित करने का जरिया है, उनके सिद्धांत तो माने नहीं जा रहे। उन्होंने तो गीता में कर्म का सिद्धांत प्रतिपादित किया है, लेकिन ये मुफ्त राशन और न जाने क्या क्या देकर अकर्मशीलता को ही बढ़ावा दे रहे हैं।

# बच्चों के विकास पर समाज की सोच का प्रभाव

डॉ. धीरज सिंह
मुंबई

> समाज और परिवार की बात करूं तो दानवीरता के गुणों को हमने सिर्फ किताबों तक सीमित कर दिया है। इनकी हम बस मिसाल देते हैं, पर हम ऐसा व्यवहार अपने आचरण में नहीं लाते हैं।

आज भारत दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भले है ही और शायद अगले दो साल में हम तीसरी हो जाएं, लेकिन अगर हम दुनिया की सबसे बड़ी आबादी न होते तो फिर देखते कि हमारा स्थान दुनियावी अर्थव्यवस्था में कहां है? हमें गर्व है कि हम दुनिया के सबसे बड़े मजदूर निर्यातक देश हैं। जबकि यह शर्मिंदगी की बात है। हमने मालिक बनना सीखा ही नहीं, हमें मजदूरी में ही मजा आता है। इसके मूल में हमारी यही सोच है कि लिखो पढ़ो लेकिन खेलो मत!

क्या आप जानते हैं, कक्षा का एक सुशील और होनहार पढ़ाकू विद्यार्थी जीवन की प्रतियोगिता में पिछड़ क्यों जाता है? क्योंकि वह किताबी कीड़ा होता है, किताब के बाहर की दुनिया का उसे अंदाजा भी नहीं होता, लेकिन एक शरारती, नटखट और ठीक-ठाक पढ़ने वाला विद्यार्थी जीवन की दौड़ में हमेशा आगे रहता है। भारत के अधिकांश माता-पिता अपने बच्चों को घूमने से रोकते हैं, खेलने से रोकते हैं, पर्यटन की मनाही करते हैं। ऐसे में किसी बच्चे का शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास कैसे होगा?

भारतीय समाज की सीमित सोच बच्चों के विकास को अवरुद्ध कर देती है। इस वजह से अभी हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में आयोजित "परीक्षा पे चर्चा" कार्यक्रम में कहा कि मोबाइल ही नहीं, बल्कि किसी भी चीज की अति किसी का भला नहीं कर सकती है। हर चीज के लिए एक मापदंड होना चाहिए, उसका एक आधार होता है। किसी भी चीज का कितना उपयोग करना चाहिए, इसका विवेक होना बहुत जरूरी है। टेक्नोलॉजी से हमें दूर नहीं भागना चाहिए, बल्कि उसका सकारात्मक उपयोग करना चाहिए, तकनीक को हौआ न बनाएं। शिक्षकों द्वारा छात्रों को प्रेरित करने की भूमिका पर जोर देने की बात कही, इससे छात्रों की हौसला अफजाई होती है और उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। इस वजह से उनका डर जाता रहता है, वे तनाव मुक्त रहते है। शिक्षक मशीन की तरह पढ़ाते हैं और बच्चे भी मशीन की तरह रट्टा लगाते हैं। विषय का विश्लेषण या समीक्षा नहीं करते, ऐसे में मष्तिष्क का विकास कैसे होगा?

हर विद्यार्थी अपने आप में विशेष होता है। विशेष गुण, विशेष व्यवहार, विशेष परिवेश, विशेष परिवार से होता है। इसलिए एक विशेष अलहदा व्यक्तित्व का धनी होता है, इसलिए उसे किसी से जलन नहीं रखनी चाहिए। किसी से नकारात्मक प्रतियोगिता नहीं होनी चाहिए। जीवन में अगर बहुत आगे जाना है तो अपने आप से प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए, अपने को मांजना और धार लगानी चाहिए। भारतीय माता-पिता भी ऐसे व्यवहार को बढ़ावा देते है, जबकि यह नकारात्मक है। विद्यार्थियों में नोट्स, किताब शेयर करने की आदत विकसित करनी चाहिए, न कि उन्हें अपने पास दबाकर रखनी चाहिए। बांटने की आदत से विद्यार्थी में विकास होता है, मस्तिष्क विकास करता है। नेतृत्व करने का गुण विकसित होता है। व्यवहार और व्यक्तित्व महान बनता है, लेकिन भारतीय समाज और परिवार मुंह बांटने या देने की परंपरा नहीं मिलती है। समाज और परिवार की बात करूं तो दानवीरता के गुणों को हमने सिर्फ किताबों तक सीमित कर दिया है। इनकी हम बस मिसाल देते हैं, पर हम ऐसा व्यवहार अपने आचरण में नहीं लाते हैं। गुठली जमीन में रोपेंगे नहीं तो पेड़ नहीं होंगे। फिर फल कहां से खाएंगे? खेतों में अनाज छिटेंगे नहीं तो फसल कैसे लहलहाएगी? अपने बच्चों को हमें अगर बेहतरीन इंसान बनाना है, उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना है तो हमें अपने बच्चों को देने का गुण भी सीखना होगा। प्रकृति का नियम है, लेने वाले का हाथ हमेशा नीचे और देने वाले का हाथ हमेशा ऊपर होता है। एक डरा, सहमा और अपने आप में सिमटा बच्चा दुनिया के साथ कदमताल कैसे कर सकता है? भारत को विश्व गुरु बनाना है तो विद्यार्थियों का विकास करना बहुत जरूरी है। यह जिम्मेदारी सिर्फ शिक्षक या माता पिता या परिवार या फिर समाज की अकेले नहीं है। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की जिम्मेदारी माता-पिता, परिवार, समाज और शिक्षकों की सामूहिक है। किसी एक के प्रयास से कुछ हासिल नहीं होने वाला, सबको मिलकर कोशिश करनी होगी और तब जाकर भारत के विश्व गुरु होने की परिकल्पना साकार होगी।

## सोशल फोरम

# बड़ा सच

डॉ. सलिल समाधिया
जबलपुर

चालीस से साठ की उम्र में आप कैसा जीते हैं, आपकी असल खबर इसी बात से लगती है। मेरे वे सभी मित्र जो बाईस-चौबीस की उम्र में खूब कसरत पहलवानी करते थे। पैंतालीस आते-आते ढह गए।

वे जो सरकारी नौकरी के शुरुआती सालों में ईमानदारी और चुस्त प्रशासन की बातें करते थे। देर सवेर सुस्त और भ्रष्ट अधिकारियों में ढल गए, वे जो सच्ची पत्रकारिता की बात करते थे, दलाल बन गए। छात्र राजनीति में जो सर्वहारा और क्रांति की बात करते थे बाद में सुविधा भोगी नेता बन गए, जो खूब सादगी पसंद दिखते थे। महंगी नुमाइशों से आजिज नहीं आते। आप असली आदमी किसे कहेंगे।। पच्चीस साल के उस आदर्शवादी युवा को या कि पचास साल के इस भ्रष्ट प्रौढ़ को। वह संभावना थी यह असलियत है।

सत्य की खोज जारी रही कि नहीं- यह बीस वर्ष उसका लिटमस टेस्ट है। जवानी में प्रायः सभी ईमानदार होते हैं-ऊर्जा और प्रेरणा से ओत-प्रोत, बदलाव और क्रांति की आग से धधकते। धर्म-अधर्म, पूजा-कर्मकांड, सही-गलत।। सभी को अनुभव की कसौटी पर कस कर देख लेना चाहते हैं। मगर मध्य वय वाले आते-आते अधिकतर का फीता ढीला पड़ जाता है।

यह बीस वर्ष बता देते हैं कि आपके भीतर जो कुछ भी था उसकी जड़े कितनी गहरी थीं। चालीस आते-आते सब मुलम्मा उखड़ जाता है और असली धातु सामने आ जाती है। आप जो बातें करते थे उन्हें जीते हैं कि नहीं? आपने जो पढ़ा, सुना, गुना।। उससे कैसा मनुष्य निर्मित हुआ? अगर चालीस से साठ की उम्र में आप वही जीवन जी रहे हैं, जो बाकी सब, तो आप भी वही आदमी हैं जैसे बाकी सब। आपकी कहीं पढ़ी बातें, किताबें, तर्क फिलॉसफी मिट्टी के मोल हैं अगर वह आपके जीवन में जड़ें न जमा सकीं। चालीस से साठ कसौटी है।

तमाम झंझावात और चुनौतियों से जूझने के बाद जिन जीवन मूल्यों पर आप कायम हैं, वही आपकी वास्तविक संपदा है। वही आपके ज्ञान और दर्शन का निचोड़ है, वही आप हैं। इससे इतर आप जो भी बातें करते हैं, वह मूल्यहीन हैं।

-फेसबुक वॉल से

## राग वसंत

# संदली हवाओं पर करती धूप बिछौना

डॉ. संजय पंकज
मुजफ्फरपुर

> वसंत की बेटियां ये तितलियां अब बहुत कम दिखतीं हैं। गुलशन की आवारगी और गुलों की बदमिजाजी ने शालीन–कुलीन तितलियों को भयभीत कर दिया है। बदतमीजी से बचती है तितलियां। प्रकृति की आनंदित आकृतियां ये तितलियां रूपगर्विता नहीं होती हैं।

गुनगुनी धूप कुहासे की नमी से भीगी लताओं की पत्तियों को बहुत दुलार से पोंछने लगी। शीत की मार से सिहरा-सिमटा बगल का बूढ़ा वृक्ष कुछ उदास कुछ प्रफुल्ल नजरों से यह देखकर उम्मीद से भर उठा। वह जाग रहा था। उसे याद नहीं कि ठीक से वह कब सोया था। वह जगा ही तो रहता है। मौसम के मिजाज और थपेड़ों से जूझता हुआ वह बूढ़ा वृक्ष नींद के आगोश में जाने के लिए जब भी तैयार हुआ कोई न कोई कारण उसे जागने के लिए विवश करता रहा। उसे सन्नाटा भी सोने नहीं दिया। आज भी सन्नाटे उसे परेशान करते हैं, मगर वह बूढ़ा वृक्ष कभी शिकायत नहीं करता। आखिर सन्नाटे जाएं भी तो जाएं कहां, लेकिन सन्नाटे जब भी वासंतिक परिवेश में जंगल-जंगल घूमते छाते हैं और फिर लौटकर जब अमड़ाइयों में आते हैं तो मंजड़ियों का मधुर संगीत ध्वनित हो उठता है। बूढ़ा वृक्ष प्रसन्नता से लहालोट हो जाता है। उसे नई पौध के उल्लास से ऊर्जा मिलती है।

मनुष्य-समाज का बूढ़ा आदमी भी अपनी नई पीढ़ियों को फूलता-फलता देखकर जिजीविषा से भर जाता है। उसके भीतर भी हरियाली के कल्ले फूटने लगते हैं। वह स्वप्निल हो जाता है और देखता है कि कैसे उसके घर-परिवेश में वासंती ऊर्जा की नवल तरंगें लहरा रही हैं। वसंत सबके लिए आता है। वसंत बिना शोर मचाए आता है मगर हां। जब वह आ जाता है तो शोर मचता है और उस शोर में वसंत भी शामिल हो जाता है, तब वसंत भी शोर मचाता है। साधु की तरह वसंत आता है और चोर-आचरण को ओढ़कर आंख-मिचौली का खेल शुरू कर देता है। वसंत कभी ऐसे ही आया था देवाधिदेव महादेव की समाधि को तोड़ने के लिए। वह आया था रति की केली-क्रियाओं में डूबता-लहराता हुआ। समाधिस्थ शिव को जगाने के लिए राग-रंग-गंध के ज्वार पर ज्वार कामदेव ने उठाए। काम की हर लहर शिव को छूकर निकलती रही। शिव अटल अविचल रहे। शिव को प्रसन्न करने और रिझाने हेतु अनेकानेक प्रयोजनों-संयोजनों से कामदेव ने काम लिए मगर सबके सब विफल रहे। शिव की स्थिति से जैसे ही महादेव विलग हुए कि कामदेव को सफलता मिल गई। महादेव की समाधि टूटी। उनका शिवत्व जाग गया। उन्होंने काम को भस्म कर दिया। काम अनंग हो गया। वसंत के साथ चुपके से आ जाता है अनंग और अंग-अंग में मरोड़ उठाने लगता है। समस्त इंद्रियों काम के वशीभूत हो जाती हैं। दृष्टि, श्रवण, स्पर्श, गंध और स्वाद सब जागृत हो जाते हैं और कसमसाने लगते हैं। वसंत की मादकता, उसकी रसमयता, उसकी चंचलता सब वेगवती हो जाती है। वसंत के उफान को संभालना सबके बस की बात नहीं है। महायोगी भगवान शंकर हों या योगेश्वर श्रीकृष्ण सबने वासंतिक प्रहार का रूपांतरण किया और उसे प्रेम में उदात्त बना दिया। प्रेम वसंत का शाश्वत अमृतत्व है। प्रेम में अंतर्भुक्त होकर अनंग अंतरंग हो जाता है, अनंत छंद बन जाता है, परम आनंद का विराट वैभव हो जाता है। शिव काम को अंतर्लीन करके प्रेम के महा ऐश्वर्य हो गए, वे अर्धनारीश्वर हो गए।

वसंत के आते ही धरती का बहुरंगा कुसुमित आंचल वातावरण में लहरने-फहरने लगता है। गंध की तरंगों पर मचलती हुई मलय बयार संदल-संदल हो उठती है। बहकी-बहकी चाल के साथ बहती हुई बयार जिधर से भी गुजरती है उधर को बौरा देती है। बौरा जाता है बौर-बौर। बौरा जाते हैं भौंरों के दल के दल। बौराया वन-उपवन गंध और गुंजारों से गूंज उठता है। बागों का नजारा देखने योग्य हो जाता है - कलियों की अठखेलियां, बौराई हर डाल।/ पात पात में झूमती, आतुर छूती गाल।।वसंत की धूल भी फूलों से होड़ लेने लगती है। छोटे- बड़े चिड़ियों के झुंड पर झुंड बवंडर बनकर उड़ने-फिरने लगते हैं। रंग-बिरंगी तितलियां भी निःशब्द फूलों की महमह करती खिली-अधखिली पंखुड़ियों पर हौले से बैठ जाती हैं। जाने कैसे परागों को पीती हैं तितलियां कि पराग उनके पंखों में फैलकर जम जाता है। छूते ही तितलियों के पंख झर जाते हैं पराग और मुलायमियत की गुदगुदी से तृप्त हो जाती हैं उंगलियां।

वसंत की बेटियां ये तितलियां अब बहुत कम दिखतीं हैं। गुलशन की आवारगी और गुलों की बदमिजाजी ने शालीन-कुलीन तितलियों को भयभीत कर दिया है। बदतमीजी से बचती है तितलियां। प्रकृति की आनंदित आकृतियां ये तितलियां रूपगर्विता नहीं होती हैं। ये तो शांत, स्निग्ध, निश्छल, ज्योत्स्ना स्नात सदा निर्मल और निर्द्वंद्व होती हैं। निर्द्वंद्व को भी छल-छंद में फंसकर विवश हो जाना पड़ता है। प्रकृति का सौंदर्य जब, जहां, जिस रूप में प्रकट और उजागर होता है वहीं उसे नष्ट करने वाले भी मंडराने लगते हैं। रंग, गंध और सौंदर्य के शत्रु भरे पड़े हैं। आचार्य जानकीवल्लभ शास्त्री लिखते हैं -'गंध की अनंत वेदना वसंत है।' वसंत को देखकर प्रसन्नता होती है, उसे समझकर आश्चर्य होता, उसे जीकर अद्भुत अनुभूतियां होती हैं। वसंत को आत्मसात करके आत्मा आनंदित होती हैं। कहना अत्युक्ति नहीं कि-रोम रोम पुलकित हुआ, फड़क रहे हर अंग।/ जाने किसने कर दिया, मौसम का यह रंग।।

# विज्ञान समाज का सौतेला बेटा

संजय वर्मा
इंदौर

विज्ञान दिवस का कहीं कोई जिक्र नहीं। इसलिए क्योंकि सौतेले बेटे से काम पूरा लिया जाता है पर उसे सम्मान नहीं दिया जाता, प्यार नहीं किया जाता। प्यार तो हम भावना से करते हैं। विज्ञान तर्क करता है, भावना के आड़े आता है, असुविधा जनक प्रश्न उठाता है। हम मिथकों के आगोश में कहानियों की थपकियों के सहारे सुकून से सोना चाहते हैं, विज्ञान बेदर्द है, नशे का दुश्मन है। इसलिए हम उसे इस्तेमाल कर लेते हैं, पर श्रेय नहीं देते। कितने सुकून में हैं हम लोग वो जमाना भूलकर, जब हजारों लोग हैजे से मर जाते थे। चेचक, टीबी तो बहुत बड़ी बात है, एंटीबायोटिक के आविष्कार से पहले मामूली घाव होने पर भी लोग मर जाते थे। हम जिंदा बचे रहने के लिए कभी विज्ञान का धन्यवाद नहीं करते। कोरोना में कोई चमत्कार काम नहीं आया, कोई धर्म गुरु, धर्म स्थल काम नहीं आया। अब हम बच गए हैं तो उन्हीं बाबाओं के पास फिर पहुंच गए हैं। नए बच्चे इंजीनियरिंग डॉक्टरी की पढ़ाई करते हैं, ताकि नौकरी मिल जाए फिर अपने अंधविश्वासों की आरामगाह में लौट जाते हैं। मेरे एक मित्र की इंजीनियर बेटी ने एक दिन मुझे सुहाग चिन्हों से बीमारी दूर करने का विज्ञान समझाया। इसमें कोई नई बात नहीं है। दुनिया हमेशा से ऐसी ही थी। लोगों ने गैलीलियो से माफी मंगवाई, तर्क की बात करने वाले ब्रूनो को जिंदा जला दिया। इस घटा घोप में, पता नहीं वो कौन लोग थे जिन्होंने संविधान की धारा 51 ए में वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने को नागरिकों का कर्तव्य बताया। आज जब हर ओर चमत्कारों का जय घोष है, संविधान के इस प्रावधान पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए।

## एक नजर

### महिला ने भाई और बहनोई के खिलाफ दी तहरीर

**नहटौर, अमृत विचार :** महिला ने अपने चचेरे भाई व बहनोई पर मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। महिला ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम पुट्ठी पुट्ठा निवासी सरिता पत्नी मक्खन सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उसके चचेरे भाई नीरज पुत्र श्याम सिंह व उसके बहनोई जोगेंद्र ने उसके साथ गाली गलौज की और लात घूसों से मारपीट कर घायल कर दिया। इतना ही नहीं आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### सड़क हादसे में दो युवक घायल

**नूरपुर, अमृत विचार :** सड़क किनारे कार की टायर बदल रहे युवकों को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। राहगीरों ने गंभीर रूप से घायल युवक को मुरादाबाद के निजी अस्पताल तथा दूसरे को नूरपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। थानाक्षेत्र के गांव शाहपुर खेड़ी निवासी जितेंद्र शर्मा अपने परिचित के साथ कार से रिश्तेदारी में जा रहा था। दौलतपुर नहर के पास कार में पंचर होने पर दोनों सड़क किनारे कार खड़ी करके टायर बदल रहे थे। तभी अज्ञात वाहन उन्हें टक्कर मार दी। हादसे के बाद चालक वाहने समेत फरार हो गया। राहगीरों ने घायल जितेंद्र को नूरपुर सीएचसी तथा उसके साथी को मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

### वन विभाग से स्वीकृति मिलने पर बनेगी सड़क

**बिजनौर, अमृत विचार :** बिजनौर से मीरापुर मार्ग गड्ढों के कारण लगातार हादसों का कारण बन रहा है। इन हादसों की जानकारी होने के बाद भी अधिकारी इस समस्या की अनदेखी कर रहे हैं। कुछ दिन पहले ही इसी रोड पर हुए हादसे में तीन मजदूरों की दबकर मौत हो गई थी। इसके अतिरिक्त भी इस क्षेत्र में जर्जर सड़क के कारण कई हादसे हो चुके हैं। गौरतलब है यह सड़क फोरलेन निर्माण के लिए पास हो चुकी है, पर वन विभाग की स्वीकृति नहीं मिलने के कारण दो सालों से यहां काम रुका हुआ है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि वन विभाग के साथ हुई बैठक में प्रस्ताव पास हो चुका है। जल्दी स्वीकृति मिलने के बाद निर्माण शुरू किया जाएगा।

# अवैध कॉलोनियों को कराया ध्वस्त

## जिलाधिकारी के आदेश पर चार स्थानों पर कार्रवाई, कहा-जारी रहेगा अभियान

संवाददाता, नगीना

नगीना में अवैध कॉलोनी में कार्रवाई करते जेसीबी व मौजूद अधिकारी। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल के विनियमित क्षेत्र के तहत अवैध रूप से प्लॉटिंग करने वालों को चिह्नित कर उनके विरूद्ध कार्रवाई के आदेश दिए गए थे। जिसके तहत बुधवार को नगीना में चार स्थानों पर जेसीबी से अवैध निर्माण को ध्वस्त कराया गया। इन क्षेत्रों में प्लॉटिंग करने वाले छह लोगों को नोटिस जारी कर भूमि को धारा 80 में परिवर्तित कराने के निर्देश दिए गए हैं। विनियमित क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली भूमि को धारा 80 में परिवर्तित कराए बिना प्लॉटिंग करने वाले लोगों को अवैध निर्माण पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल के आदेश पर एसडीएम अवनीश त्यागी ने नायब तहसीलदार फैसल कमर के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम को मौके पर भेजकर जेसीबी की कार्रवाई शुरू करा दी है। नायब तहसीलदार फैसल कमर ने बताया कि कल्याणपुर में बीना देवी पत्नी संजय के नाम भूमि के गाटा, कमालपुर पुरैनी में नवाजुद्दीन आदि निवासी कस्बा कोटरा की भूमि, धनसूरपुर अमरौली में महेश पुत्र पूरन निवासी हसनअलीपुर की भूमि तथा नगीना कस्बा में नगीना निवासी संगीता देवी पत्नी नीरज की भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण पर जेसीबी से कार्रवाई की गई है। सैंट मैरी स्कूल के पास विकसित की जा रही विजय कुमार व शाहनवाज के स्वामित्व वाली विजय नगर कॉलोनी पर जेसीबी से कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान राजस्व विभाग की टीम में राजस्व निरीक्षक व लेखपाल योगेश कुमार पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। नायब तहसीलदार फैसल कमर ने बताया विनियमित क्षेत्र अंतर्गत अवैध रूप से प्लॉटिंग करने वाले नहटौर रोड पर आशीर्वाद बैंक्वेट हॉल के पास संजीव कुमार अग्रवाल उर्फ विक्की, नवाजुद्दीन पुत्र शमसुद्दीन, सुनिल कुमार जैन पुत्र सुरेश कुमार जैन, ग्राम कस्बा कोटरा निवासी हकीमुद्दीन अंसारी समेत तमाम लोगों को नोटिस जारी कर दिए हैं कि भूमि को धारा 80 में परिवर्तित कराए बिना अवैध रूप से प्लॉटिंग करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी तथा उनके द्वारा किए अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम अवनीश त्यागी ने कहा कि यह कारवाई जारी रहेगी। किसी भी अवैध कॉलोनी को विकसित नहीं होने दिया जाएगा।

### किशोर की हत्या में तीन को आजीवन कारावास

**बिजनौर, अमृत विचार :** अपर सत्र न्यायाधीश प्रकाश चंद शुक्ला ने फिरौती के लिए 13 वर्षीय किशोर का अपहरण कर हत्या करने में ममेरे भाई राजकुमार और उसके दो साथियों राहुल व लोकेश को आजीवन कारावास एवं तीन लाख 30 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

शासकीय अधिवक्ता मुकेश चौहान के अनुसार गांव रामपुर बकली निवासी सुनील कुमार ने थाना कोतवाली शहर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका 13 वर्षीय बेटा वासु एएन इंटरनेशनल स्कूल नूरपुर रोड बिजनौर में कक्षा सात में पढ़ता है। 14 जुलाई 2016 को रोजाना की तरह सुबह रिक्शा में स्कूल गया था। मगर, स्कूल की छुट्टी के बाद घर नहीं पहुंचा। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने विवेचना में पाया कि सुनील के भांजे राजकुमार निवासी गांव मोहंडिया ने फिरौती के लिए अपने वासु का अपहरण किया था। मांग पूरी न होने पर राजकुमार ने राहुल, लोकेश एक अन्य के साथ मिलकर वासु की हत्या कर दी और शव छुपा दिया। राजकुमार की निशानदेही पर 27 अगस्त 2016 को बाकपुर के जंगल से कंकाल बरामद किया था। अदालत में इस मामले में राजकुमार, राहुल, लोकेश को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।

## थाने में साइबर सेल का मुख्यमंत्री ने लखनऊ से किया उद्घाटन

संवाददाता, नहटौर

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश के 75 जिलों में बनाए गए 57 नए साइबर क्राइम थानों एवं प्रदेश के 1523 पुलिस थानों में बने साइबर सेल के वर्चुअल उद्घाटन कार्यक्रम को स्थानीय थाने में देखा गया।

बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वर्चुअल संवाद के तहत साइबर अपराधों को रोकने के लिए प्रदेश के 75 जनपदों में बनाये गए 57 साइबर क्राइम थानों, 1523 पुलिस थानों में साइबर सेल, आठ इकाइयों सहित मण्डल स्तर पर स्थापित 18 भ्रष्टाचार निवारण संगठन के थानों का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महिलाओं की समस्याओं का समाधान उसी थाने में किया जाएगा। उन्होंने समाज विरोधी एवं राष्ट्र विरोधियों कार्य करने वाले लोगों पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी देते हुए प्रदेश की पुलिस को निर्देश दिए। वर्चुअल संवाद के दौरान मुख्यमंत्री ने जनता से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील भी की। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार शर्मा, एसएसआई कुलजीत सिंह, कस्बा इंचार्ज सुरेंद्र सिंह, एसआई राजीव शर्मा, ब्रजराज सिंह, रीनू पवार, दीपक मान, अनिल कुमार, सचिन मलिक, आर्यन कुमार, राजदीप गुर्जर, नवीन चौधरी, नवील अहमद, रामौतार सैनी, रियासत बोंटिस, महफूज गुड्डे, नईम अहमद, लईक अहमद, ग्राम प्रधानपति निसार अहमद, पूर्व ग्राम प्रधान संजीव कुमार, मौहम्मद अकरम, कुलवीर चौधरी सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### काशीपुर रेल लाइन के लिए जल्द शुरू होगा सर्वे

**धामपुर, अमृत विचार :** काशीपुर से धामपुर वाया जसपुर रेलवे लाइन के सर्वे के लिए डेढ़ करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत हुए हैं। इससे रेलवे लाइन का सर्वे जल्द होने का रास्ता साफ होता नजर आ रहा है। जिससे क्षेत्रीय जनता ने खुशी जताते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया है।

बता दें कि काफी समय से काशीपुर से वाया जसपुर होते हुए धामपुर तक 58 किमी. की दूरी के लिए रेलवे लाइन बनाने की मांग की जा रही थी। रेलवे लाइन के सर्वे के लिए विभाग की हाई पावर कमेटी ने डेढ़ करोड़ की धनराशि स्वीकृत कर सर्वे कराने को मंजूरी दी है। रेलवे लाइन बनाने के लिए सर्वे की मंजूरी मिलने से क्षेत्रवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई। राजीव कुमार, मौहम्मद फैजान, रिजवान अहमद, प्रेम कुमार, आनंद सिंह आदि ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताते हुए रेलवे लाइन का सर्वे शीघ्र शुरू कराने की मांग की है।

## प्रदर्शनी एवं क्विज प्रतियोगिता के विजेताओं को दिए पदक

संवाददाता, नहटौर

- राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर हुई प्रतियोगिताएं
- अध्यापकों ने छात्र-छात्राओं को विज्ञान में रूचि लेने को कहा

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विकास खंड क्षेत्र की 11 न्याय पंचायतों में विज्ञान प्रदर्शनी एवं क्विज प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में विजेता छात्र-छात्राओं को पदक देकर सम्मानित किया।

प्रतियोगिता के दौरान अध्यापकों ने छात्र-छात्राओं को भारत रत्न डॉ. सी वी रमन द्वारा विज्ञान क्षेत्र में दिए योगदान से अवगत कराया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। छात्रों ने नए-नए मॉडल बनाकर शिक्षकों दिखाए।

खंड शिक्षा अधिकारी योगेश शर्मा एवं एआरपी ने समस्त न्याय पंचायतों में भ्रमण कर कार्यक्रम का अवलोकन किया। खंड शिक्षा अधिकारी योगेश कुमार शर्मा ने न्याय पंचायत महुआ का अनुश्रवण किया। अध्यापकों ने छात्र-छात्राओं को विज्ञान, गणित विषय में अभिरुचि तथा वैज्ञानिक सोच विकसित करने की प्रेरणा दी। शिक्षकों के कार्य की प्रशंसा की गई तथा छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।

न्याय पंचायतों में एआरपी विनय कुमार लकी, प्रदीप कुमार, अब्दुल्लाह सिद्दीकी, डॉ. संतोष कुमार, शकील अहमद ने भ्रमण किया एवं सहयोग किया। प्रतियोगिता में प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को पदक पहनाकर सम्मानित किया। प्रतियोगिता एआरपी विज्ञान शकील अहमद के निर्देशन में कराई गई।

## सार-संक्षेप

बैंक शाखा प्रबंधक से बात करते नगर पालिका चेयरमैन फैसल वारसी व अन्य।

### वेंडर लोन योजना के तहत नहीं मिल रहा लोन

**स्योहारा, अमृत विचार :** राज्य सरकार की स्ट्रीट वेंडर लोन योजना में बैंक फाइल पास करने में आनाकानी कर रहे हैं। नगर पालिका चेयरमैन व अधिशासी अधिकारी, सभासद श्वेत रस्तोगी कई लोगों को लेकर बैंक पहुंचे और इस समस्या के बारे में बैंक शाखा प्रबंधक से बात की। उन्होंने बैंक शाखा प्रबंधक पर आरोप लगाया कि लगभग 28 लोगों की फाइल रोक रखी हैं। जिससे सरकार की मंशा पूरी नही हो रही है। इसमें वह लोग भी शमिल हैं जिन्होंने पहले लोन लिया था और चुका दिया था। दोबारा से लोन के लिए आवेदन कर रखा है। चेयरमैन फैसल वारसी ने बताया कि बैंक प्रबंधक ने दो दिनों में समस्या का समाधान करने को कहा है।

### युवती को ले जाने में दो आरोपियों पर रिपोर्ट

**नहटौर, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव निवासी युवती को दूसरे थाना क्षेत्र निवासी युवक अपने साथ ले गया। इसका पता चलने पर युवती के पिता ने थाने में आरोपी युवक के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। क्षेत्र के गांव निवासी 18 वर्षीय युवती घर से बिना कुछ बताए कहीं चली गई। परिजनों को इसका पता चलने पर उसे तलाश किया तो पता चला कि युवती को थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के गांव निवासी युवक अपने रिश्तेदार के साथ मिलकर उसे बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया है। परिजनों ने आरोपी युवक व उसके रिश्तेदार के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने युवक व उसके रिश्तेदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### घर में घुसकर मारपीट में दो पर मामला दर्ज

**नहटौर, अमृत विचार :** गांव पुट्ठी पुट्ठा की युवती ने अपने चचेरे भाई पर उसके साथ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। क्षेत्र के गांव पुट्ठी पुट्ठा निवासी युवती सरिता पुत्री मक्खन सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पिता की तेरहवीं 26 फरवरी को थी। उसी दौरान उसके चचरे भाई ने गाली गलौज की थी। जिसको लेकर मंगलवार रात नौ बजे उसका चचेरा भाई नीरज पुत्र श्याम सिंह अपने बहनोई जोगेंद्र पुत्र नमल किशोर के साथ नशे में आया और उसे पीटा। साथ ही कहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### एक व दो मार्च को हेपेटाइटिस की जांच होगी

**नहटौर, अमृत विचार :** हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक व दो मार्च को हेपेटाइटिस बी व सी की जांच की जाएगी। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने 2030 तक देश से हेपेटाइटिस का उन्मूलन करने के लिये विश्व स्वास्थ्य संगठन के साथ मिलकर हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम शुरु किया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नहटौर में जांच तथा उपचार की व्यवस्था की गई है। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. आशीष कुमार आर्य ने बताया कि कार्यक्रम के तहत एक व दो मार्च को हेपिटाइटिस बी व सी की जांच के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नहटौर पर नि:शुल्क जांच शिविर लगेगा। जिसमें लोगों की जांच कर उनका उपचार भी नि:शुल्क किया जाएगा। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से शिविर में पहुंचकर जांच कराने की अपील की।

आग पर काबू पाने का प्रयास करते दमकल कर्मी। ● अमृत विचार

### दुकान में आग लगने से नुकसान

**नगीना, अमृत विचार :** बुधवार शाम अकबराबाद चौक पर वसीम की स्पेयर पार्ट्स की दुकान में आग लग गई। दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। पुलिस भी मौके पर पहुंची और आग लगने के कारणों की जानकारी ली। आशंका है कि दुकान के बाहर पड़े कबाड़ में आग लगने से दुकान में आग लगी होगी। काजी सराय निवासी वसीम अहमद पुत्र शमीम अहमद की अकबराबाद चौक पर वसीम स्पेयर पार्ट्स के नाम से दुकान है। बुधवार देर शाम दुकान में आग लग गई। वसीम के मुताबिक आग लगने से करीब दो से तीन लाख रुपेये के माल का नुकसान होने का अनुमान है। आग लगते ही मौके पर लोग एकत्र हो गए। इस दौरान इस मार्ग का यातायात भी प्रभावित रहा।

### बंदरों को पकड़वाने की मांग

**शेरकोट, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम शाहलीपुर उत्तमचंद्र उर्फ हादकपुर में बंदरों का उत्पात कम नहीं हो रहा है। बंदरों ने दो युवतियों को काटकर घायल कर दिया। वही गांव के जितेंद्र, यतेंद्र राजपूत, बंटी, कपिल राजपूत, रजनीश राजपूत आदि ने बताया कि बंदरों के कारण क्षेत्र के लोग हमेशा दहशत में रहते हैं। यदि इन्हें नहीं पकड़ा गया तो वह गांव में उत्पात करते रहेंगे। सभी गांव वासियों ने वन विभाग से बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग की है।

### रेलवे कॉलोनी में बना मंदिर

**अगवानपुर, अमृत विचार :** नगर की रेलवे कालोनी में शिव शक्ति भव्य मंदिर की स्थापना की गई। जिसमें सभी क्षेत्रवासियों का सहयोग रहा। भाजपा जिला सहसंयोजक अंशुल गुप्ता ने बताया कि पूर्व में रेलवे प्रशासन ने मंदिर हटवाकर दूसरी जगह मंदिर के लिए भूमि दी थी। जिसपर क्षेत्रवासियों, रेलवे प्रबन्धक एमएन सिंह व रेलवे कर्मचारी के सहयोग से भव्य मंदिर का निर्माण कराया गया। जिसमें तीन दिन से पूजा व हवन करने के बाद भंडारे का अयोजन किया गया। इस दौरान भाजपा कोषाध्यक्ष अभिनव गुप्ता, अचल शर्मा, कामेश सिंह लोधी आदि लोग मौजूद रहे।

### नगर पालिका सभासदों ने जिलाधिकारी से की शिकायत

**नजीबाबाद, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद नजीबाबाद के भाजपा सभासद कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित शिकायती ज्ञापन पत्र जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में भाजपा सभासदों ने बताया कि नगर पालिका परिषद ईओ, आरआई, हेड बाबू व अन्य अधिकारी उनके साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। उन्होंने उक्त प्रकरण की जांच कर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। सभासदों ने जिलाधिकारी से मिलकर ईओ व अन्य पालिका कर्मचारियों पर भी कई गंभीर आरोप लगाए हैं। भाजपा सभासदों ने आरोप लगाया कि जो नजीबाबाद में सड़कें बन रही है उनमें घटिया सामग्री लगाई जा रही है। भाजपा सभासदों ने इसकी जांच कराने की मांग करते हुए सभी आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन देने वालों में शिवम अग्रवाल, पवन कुमार सिंह, इंदु राजपूत, राजीव टंडन, राजेश कुमार, इरशाद अहमद व खुर्रम आदि रहे।

### मूर्ति स्थापना से पहले कलश यात्रा निकाली

**किरतपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव उमरी में मूर्ति स्थापना से पहले कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा के मुख्य यजमान मुकेश कश्यप रहे। बुधवार को क्षेत्र के गांव उमरी स्थित प्राचीन शिव मंदिर में परिवार सहित महादेव व कृष्ण की नई मूर्तियां की स्थापना की गई। मूर्ति स्थापना से पहले गांव में कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा मार्ग पर भक्तों ने झाड़ू लगाई। भजनों पर शोभायात्रा में भक्त झूमते हुए चल रहे थे। इसके बाद गांव के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। यहां पर मुख्य यजमान मुकेश कश्यप रहे। शोभायात्रा में मुकेश कश्यप, नरेश कुमार, मोंटू विश्वकर्मा, ऐलम विश्वकर्मा, संजीव विश्वकर्मा, शिवपाल कश्यप, राजीव कश्यप, बिंटू कश्यप, विकास भुईयार, मूलचंद विश्वकर्मा, राहुल विश्वकर्माए शुभम कश्यप, माधव कश्यप, अंकित भुईयार आदि रहे।

# मुरादाबाद-रामपुर

## सड़क निर्माण के लिए की सांकेतिक भूख हड़ताल

संवाददाता, कुंदरकी

- कुंदरकी-डूंगरपुर मार्ग निर्माण की लोग कर रहे हैं मांग
- एक मार्च से अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल की चेतावनी

**अमृत विचार :** बुधवार को नगर के गूलर चौराहे पर कुंदरकी-डूंगरपुर मार्ग को लेकर सोशल वर्किंग फेडरेशन के सदस्य एक दिवसीय सांकेतिक भूख हड़ताल पर बैठे। प्रदर्शन स्थल पर पहुंचे नायब तहसीलदार लोकेश यादव को फेडरेशन के सदस्यों ने लोक निर्माण विभाग के मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

फेडरेशन के सदस्यों ने बताया कि पिछले 7 वर्षों से कुंदरकी-डींगरपुर मार्ग अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। जर्जर मार्ग से लोग काफी परेशान हैं। फेडरेशन इसको लेकर कई बार प्रदर्शन भी कर चुका है। कई बार विभागीय अधिकारी और संबंधित मंत्री द्वारा सड़क निर्माण का पैसा मंजूर होने की बात भी कही गई, लेकिन फिर भी मार्ग का निर्माण शुरू नहीं हो पाया। फेडरेशन के सदस्यों ने चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर जल्द ही रोड निर्माण का कार्य शुरू नहीं कराया गया तो 1 मार्च से फेडरेशन के सदस्य अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठेंगे। इस दौरान मोहम्मद रेहान, कादिर पाशा, जुनैद पाशा, मेराजुल हसन, महमूद जावेद, मोहम्मद बिलाल आदि मौजूद रहे।

### विवाहिता से मारपीट में ससुरालियों पर रिपोर्ट

**कुंदरकी, अमृत विचार:** थाना क्षेत्र निवासी महिला ने तहरीर देते हुए ससुरालियों के खिलाफ तहरीर दी है।

बताया है कि उसकी शादी 2017 में फहीम निवासी गागन वाली मैंनाठेर थाना मझोला के साथ हुई थी जिससे उसको एक बेटा भी है। बताया कि शादी के बाद से ही पति उसके साथ मारपीट करता था और उस पर तलाक का दबाव बनाने लगा। एक दिन पति का बहनोई घर पर आया और उसके साथ अश्लील हरकत करने लगा। तब उसके उसको लेकर मायके आ गए। 27 फरवरी को पति, देवर, नंदोई, जेठ मायके आए और तलाक का दवाब बनाने लगे। विरोध करने पर पति ने तमंचा निकालकर उसके पिता को जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित महिला ने थाने में तहरीर देते हुए आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की है।

## रेलवे चौकी पुलिस ने 56 बोतल शराब बरामद की

संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना पुलिस को मंगलवार रात में गश्त के दौरान बड़ी सफलता मिली है। रेलवे चौकी पुलिस ने वाहनों की चेकिंग के समय एक कार से 56 बोतलों में हरियाणा और चंडीगढ़ में निर्मित शराब बरामद की है।

दरोगा बिजेंद्र राठी ने बताया कि मंगलवार रात में वह कांस्टेबल कर्ण कादियान, कादिर अली के साथ शांति व्यवस्था के मद्देनजर रेल पुलिस चौकी क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। केंद्रीय विद्यालय हरथला की तरफ से कार (यूपी-16-एडी-3321) आई, जिसे रोका गया। कार में दो व्यक्ति सवार थे। इसमें एक ने अपना नाम राजेंद्र सिंह उर्फ तन्नू पुत्र खचेर सिंह ठाकुर निवासी मुहल्ला शक्तिनगर निकट लोदीपुर विशुनपुर तिराहा थाना मझोला और दूसरे ने अपना नाम चंचल सिंह उर्फ पिंटू पुत्र शिवराम सिंह निवासी पटेल नगर निकट शिव मंदिर थाना सिविल लाइन बताया। दरोगा ने बताया कि तलाशी में राजेंद्र सिंह उर्फ तन्नू के पास से चाकू और 600 रुपये भी बरामद हुए हैं। यही कार मालिक भी है और वही कार को चला भी रहा था। कार की डिग्गी की तलाशी ली गई, इसमें दो सफेद प्लास्टिक के कट्टे रखे थे। इसमें देखा गया तो 56 बोतलों में गैर प्रांत की अंग्रेजी शराब बरामद हुई। दोनों आरोपियों ने बताया है कि वह लोग अंग्रेजी शराब की तस्करी करते हैं।

### विधवा ने की रजिस्ट्री रुकवाने की मांग

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार:** महिला ने ससुराल के लोगों पर उसके पति के नाम मकान की बिक्री रुकवाने की मांग की है।

थाना डिलारी के ढकिया पीरू निवासी महिला शबाना पत्नी स्वर्गीय मोहम्मद इरफान ने पुलिस क्षेत्राधिकारी को पत्र दिया है। इसमें कहा कि उसके पति का करीब छह वर्ष पूर्व निधन हो चुका है। उसके ससुर और ससुराल वालों ने तीन बच्चों सहित घर से निकाल दिया था। वह बच्चों के साथ मायके में रह रही है। अब ससुराल पक्ष के लोग उसके पति का घर भी बेचने की फिराक में लगे हैं। उसकी रजिस्ट्री कराने जा रहे हैं। उसके पति का घर बिकने के बाद बच्चों एवं उसके सामने संकट आ जाएगा। उसने घर की रजिस्ट्री रुकवाने की मांग की है।

## अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ अंतिम संस्कार

संवाददाता, मिलक (रामपुर)

- सिलई बड़ा गांव में बवाल के बीच फायरिंग में हुई थी सुमेश की मौत

**अमृत विचार :** सिलई बड़ा गांव में बवाल के बीच फायरिंग में गोली लगने से छात्र की मौत के बाद अधिकारियों के हाथ-पांव फूल गए। मंगलवार देर रात्रि तक मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह एवं पुलिस उप महानिरीक्षक मुरादाबाद मंडल मुनिराज की आक्रोशित लोगों को समझाते रहे। लेकिन परिजनों ने शव को नहीं उठाने दिया था। मांग पत्र व रिपोर्ट दर्ज करने के आश्वासन पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया था।

बुधवार दोपहर प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में छात्र सुमेश का अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान भीड़ को काबू करने के लिए पुलिस को लाठियां फटकारनी पड़ीं। लोग प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते रहे। मृतक छात्र सुमेश के शव की बुधवार सुबह 6 बजे पोस्टमार्टम प्रक्रिया शुरू हुई। इसके बाद सुबह 8 बजे शव गांव पहुंचा। शव गांव पहुंचने से पहले ही तहसील प्रशासन, पुलिस बल के साथ मौजूद रहा। जैसे ही शव गांव पहुंचा तो घटना स्थल पर बैठीं महिलाएं व आक्रोशित लोग एंबुलेंस की ओर दौड़ पड़े। उन्होंने एंबुलेंस को चारों ओर से घेर लिया। बढ़ती भीड़ देख जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह और पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी घबराए हुए नजर आए। वे अधिकारी दो घंटे तक गुस्साए लोगों को मनाते रहे। मौके पर पहुंचे डीआईजी ने पुलिसकर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए। अधिकारियों ने लोगों की सभी मांगों को माने जाने के बाद शव घर पहुंचाया। घरेलू संस्कार होने के बाद शव को अंत्योष्टि स्थल ले जाने की तैयारी की गई। जैसे ही शव घर से बाहर लाया गया तो मृतक का पिता शव को घटना स्थल से होकर गुजारने की जिद पर अड़ गया। लेकिन पुलिस शव को लेकर आगे बढ़ती रही। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की मौजूदगी में शव अंत्योष्टि स्थल तक पहुंचाया गया। लेकिन, यहां लोगों ने अंतिम संस्कार करने से इनकार कर दिया। अधिकारियों के कहने पर अंतिम संस्कार की तैयारी शुरू कर दी। इस दौरान भीम आर्मी के सदस्य अंत्योष्टि स्थल पर पहुंच गए। उन्होंने भीम आर्मी प्रमुख के पहुंचने तक अंतिम संस्कार करने से फिर इनकार कर दिया। लोग अर्थी को उठाकर दौड़ पड़े। किसी तरह पुलिस ने अर्थी लेकर भाग रहे लोगों को घेरा और अर्थी कब्जे में ली। शव को पुनः अंत्योष्टि स्थल पर रख दिया गया। इस दौरान पुलिस ने लाठी भांजकर भीड़ को खदेड़ दिया। परिजनों ने शव को मुखाग्नि दी। इसके बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली।

### पीपली वन में युवक का मिला शव, हत्या की आशंका

**स्वार (रामपुर), अमृत विचार:** पीपली वन में लकड़ी लेने आए उत्तराखंड के युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। परिजनों ने गोली मारकर उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है।

घटना तहसील क्षेत्र के थाना मिलकखानम के पीपली वन की है। उत्तराखंड के थाना केलाखेड़ा के गांव रम्पुरा काजी निवासी सेठ सिंह (35) उर्फ सेठी पुत्र फौजा अपने परिजनों से दोस्त व रिश्तेदारों के साथ मिलकखानम थाना क्षेत्र में स्थित पीपली वन के जंगल में लकड़ी लेने की बात कह कर गया था। जब वह दो दिनों तक नहीं लौटा तो परिजनों ने सूचना केलाखेड़ा पुलिस को दी। सूचना देने के बाद परिजन सेठ सिंह की तलाश में पीपली वन क्षेत्र पहुंचे, जहां मंगलवार देर रात परिजनों को पीपली वन में सेठ सिंह का शव मिला।

## कारोबारी की आंखों में मिर्च पाउडर झोंक कर ढाई लाख लूटे

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सिविल लाइंस थाना क्षेत्र में बुधवार शाम बाइक सवार दो युवक एक कारोबारी की आंखों में मिर्च पाउडर झोंक कर उनका बैग छीनकर ले गए। जानकारी मिलने के बाद पुलिस पहुंच गई। मामले की जांच कर रही है।

गंज थाना क्षेत्र के शुतरखाना निवासी जावेद शमसी की सिटी पोस्ट ऑफिस के पास कन्फेक्शनरी है। वह हर बुधवार को सिविल लाइंस क्षेत्र में दुकानदारों से पैसे लेने आते हैं। इस बार भी जावेद पैसे ले आने आए। शाम करीब आठ से साढ़े आठ वह शौकत अली रोड पर एक मार्ट के सामने अमरूद खरीदने के लिए रुक गए। इस दौरान बाइक सवार दो युवकों ने उनकी आंख में मिर्ची पाउडर झोंक दिया और रुपयों से भरा बैग लेकर भाग गए। उनके शोर मचाने पर आसपास के लोग आ गए। उन्होंने पुलिस को सूचना दी तो इंस्पेक्टर अजय मिश्र मौके पर पहुंच गए। इसके बाद पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी भी पहुंच गए और पीड़ित से मामले की जानकारी ली। उधर, बाइक सवार कारोबारी पर पल-पल की नजर रख रहे थे। मौका पाकर वे बैग छीनकर फरार हो गए। वहीं पुलिस उस अमरूद वाले को भी तलाश रही है, जबकि आसपास बनी मार्केट में लगे सीसीटीवी कैमरों में पुलिस आरोपियों के सुराग तलाश रही है।

> बाइक सवार लुटेरों ने कारोबारी की आंखों में मिर्च पाउडर डालकर लूट की घटना को अंजाम दिया है। मामले की जांच की जा रही है। मुकदमा दर्ज होगा। आरोपियों को तलाश किया जा रहा है।
>
> – जितेंद्र कुमार, सीओ सिटी

## एक नजर

### किसानों ने उठाई अंडरपास निर्माण की मांग

**संभल अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन असली के बैनर तले किसानों का धरना 37वें दिन भी जारी रहा। किसानों ने गांव हिसामपुर और भटोला के बीच अंडरपास निर्माण की मांग उठाई। धरने पर बैठे किसानों ने कहा कि वह 37 दिन से आंदोलन कर रहे हैं। प्रशासन और सरकार द्वारा अंडरपास बनवाने वादा पूरा नहीं किया गया है। जिस कारण किसान धरना स्थल पर डटे हैं। अंडरपास निर्माण कार्य शुरू होने तक धरना जारी रहेगा। इस दौरान राहिद, चौधरी संजीव गांधी, दोजी सिंह, गणपत, रामकिशन, सत्यवान शर्मा, हाजी हनीफ, बुद्ध आदि किसान रहे।

### स्कूल में लगा नेत्र परीक्षण शिविर

**गुन्नौर अमृत विचार :** चिल्ड्रन आई स्क्रीनिंग प्रोग्राम के तहत भानु मैमोरियल आई केयर चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से कंपोजिट विद्यालय रसूलपुर में नेत्र परीक्षण शिविर लगा। डॉ. राहुल यादव और टीम ने 208 छात्र छात्राओं का नेत्र परीक्षण किया। प्रधानाध्यापक बृजकिशोर यादव ने ट्रस्ट के इस कार्य के लिए आभार व्यक्त किया। इस दौरान अंजू कमल, सुरेश चन्द्र शर्मा, पवन कुमार और हरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### एसपी ने किया पुलिस चौकी का उद्घाटन

**हापुड़, अमृत विचार :** जनपद में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाने एवं अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने के लिए थाना सिम्भावली क्षेत्रान्तर्गत जनसहयोग से बनायी गयी नवनिर्मित पुलिस चौकी का बुधवार को पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी गढ़मुक्तेश्वर, थाना प्रभारी सिम्भावली व क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### हाईटेंशन लाइन से गन्ने की फसल जलकर राख

**हापुड़, अमृत विचार :** थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के गांव बनखंडा में किसान अशोक कुमार त्यागी के खेत में खडी गन्ने की फसल में हाई टेंशन लाइन से निकली चिंगारी से 6 बीघा गन्ने की फसल जल कर राख हो गई। आग की सूचना पर अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर जायजा लिया। किसान का कहना है कि उसे करीब डेढ़ लाख से अधिक का नुकसान हुआ है।

# लांसनायक अनिल कुमार के हत्यारे को फांसी की सजा

## उकसाने वाले बड़े भाई को उम्रकैद, 6 साल पहले दिनदहाड़े मारी थीं गोलियां

विधि संवाददाता, बरेली

▸▸ साथी फौजी की पत्नी से छेड़खानी करता था बड़ा भाई अनिल ने मारा था थप्पड़

**अमृत विचार :** कैंट इलाके के सदर बाजार में करीब छह साल पहले दिनदहाड़े जाट रेजिमेंट के लांसनायक अनिल कुमार की गोली मारकर हत्या करने वाले ध्रुव चौधरी को अदालत ने बुधवार को फांसी की सजा सुनाई। उसके बड़े भाई राजेश चौधरी को हत्या की साजिश रचने और उसे उकसाने के जुर्म उम्रकैद की सजा सुनाई गई है।

सदर बाजार के ही धोबी मोहल्ले में रहने वाला राजेश अरुणाचल प्रदेश में तैनात अनिल कुमार के साथी फौजी की पत्नी से छेड़खानी करता था।

उसकी शिकायत पर अनिल ने उसे थप्पड़ मार दिया था। राजेश के भाई ध्रुव ने इसी का बदला लेने

के लिए उनकी सरेआम हत्या की थी। अपर सत्र न्यायाधीश ज्ञानेंद्र त्रिपाठी ने ध्रुव और राजेश पर 10-10 हजार रुपये का जुर्माना भी डाला है। अनिल सोनीपत (हरियाणा) के गांव गुहाना निवासी थे और सदर बाजार में ही किराए के मकान में रहते थे। 21 मार्च 2018 की दोपहर उनकी हत्या उस वक्त की गई थी, जब वह बावर्दी साइकिल से गुजर रहे थे। ध्रुव चौधरी ने तमंचे से पहली गोली उनकी पीठ पर मारी, वह गिरे तो एक और गोली उनके सीने में मार दी। इसके बाद तमंचा लहराते हुए दुकानदारों को धमकाया था कि अगर उसके खिलाफ गवाही दी तो अंजाम यही होगा।

डीजीसी क्राइम सुनीति कुमार पाठक व सरकारी वकील सुनील कुमार पांडेय ने बताया कि पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की थी।

विवेचना में ध्रुव के साथ उसके भाई राजेश चौधरी का नाम प्रकाश में आया था। पुलिस के कोर्ट में आरोपपत्र दाखिल करने के बाद अभियोजन की ओर से 11 गवाह पेश किए गए थे।

# मुरादाबाद मंडल से गुजरने वाली 58 ट्रेनें कल से फिर चलने लगेंगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ कोहरे के कारण पिछले तीन महीने से निरस्त थीं ट्रेनें

**अमृत विचार :** सर्दी में कोहरे के कारण तीन महीने से निरस्त चल रहीं मुरादाबाद मंडल से गुजरने वालीं 58 ट्रेनें एक मार्च से फिर ट्रैक पर दौड़ने लगेंगी। कई ट्रेनें गुरुवार और शुक्रवार को बहाल होंगी और मार्च के पहले सप्ताह तक लगभग सभी ट्रेनें चलने लगेंगी।

कोहरे की वजह से मुरादाबाद मंडल प्रशासन ने मुरादाबाद रेल मंडल से गुजरने वाली और बनकर चलने वाली 44 मेल एवं एक्सप्रेस और 14 पैसेंजर ट्रेनों का संचालन तीन महीने पहले बंद कर दिया था। इसके अलावा 10 ट्रेनों को फेरे कम कर चलाया जा रहा है। रेलवे ने 14235 वाराणसी बरेली, 14236 बरेली वाराणसी, 14308 बरेली प्रयागराज, 14307 प्रयागराज बरेली, 14617 एवं 14618 जनसेवा, 14524 एवं 14523 हरिहर, 14674 एवं 14673 शहीद, 14229 योगनगरी ऋषिकेश एक्सप्रेस, 14230 प्रयागराज, 14004 नई दिल्ली मालदा टाउन एक्सप्रेस, 12584 लखनऊ एसी डबल डेकर, 12583 आनंद विहार एसी डबल डेकर आदि ट्रेनों का संचालन बंद किया गया था। यह सभी ट्रेनें मार्च के पहले सप्ताह तक पूरी तरह बहाल हो जाएंगी। वहीं जिन ट्रेनों के फेरे कम किए गए हैं उनमें 15120 देहरादून वाराणसी एक्सप्रेस, 15128 काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस, 15127 काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस भी प्रतिदिन चलने लगेंगी।

### बरेली की दो जोड़ी पैसेंजर ट्रेनें भी चलेंगी

बरेली जंक्शन से चलने वाली 04303 बरेली दिल्ली पैसेंजर शनिवार से, 04304 दिल्ली बरेली पैसेंजर शुक्रवार से, 04379 रोजा बरेली पैसेंजर शनिवार से, 04380 बरेली रोजा पैसेंजर शुक्रवार से दोबारा चलना शुरू हो जाएंगी।

## सार-संक्षेप

जलसे को खिताब करते मौलाना सैयद अमीनुल कादरी। ● अमृत विचार

### जश्ने दस्तारबंदी में बच्चों को शिक्षा दिलाने पर जोर

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** असमोली क्षेत्र गांव ओबरी में स्थित मदरसा गुलशन ए मुस्तफा में जश्ने दस्तारबंदी का आयोजन जिसमें आसपास के जिलों के अलावा दूसरे राज्यों से भी मौलाना और लोग शामिल हुए। बच्चों को शिक्षा दिलाने पर जोर दिया गया। हाफिज कुरान के जश्ने दस्तारबंदी में महाराष्ट्र के मालेगांव से आए मौलाना सय्यद अमीनुल कादरी ने कहा कि बच्चों को खूब पढ़ाओ। इसके लिए चाहें 16 घंटे कड़ी मेहनत क्यों न करनी पड़े। अपने मां-बाप के लिए इसाले शबाब करना है तो कौम की जरूरत के लिए किताबें, कलम, कापी तथा बच्चों को यूनिफॉर्म तक्सीम की जाए। विवाह, शादी में लाखों रुपये खर्च करने के बजाय लोगों को स्कूल, कॉलेज व दुनियाबी तालीम पर खर्च करने का संदेश दिया। सैयद रिजवान मियां कादरी ने तुझको क्या देंगे शाहे दो सरा, छोड़ दे तू है गुलाम उनका बस उनकी अता को छोड़ दे समेत कई शेर पेश किए। बिहार से आए मौलाना जिकरूला ने कहा-अल्फाज नहीं मिलते सरकार को क्या कहिए, जिब्रील सलामी दे, सरकार को क्या कहिए। उन्होंने कहा कि सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क को अल्लाह उनकी मगफिरत फरमाए। जलसे में उत्तराखंड से आए उस्मान हारूनी व मुफ्ती कारी अलाउद्दीन ने भी कलाम व खिताब पेश किए। देश विदेश में अमन और भाईचारे के लिए दुआ की गई। इस दौरान मौलाना अहसान, मौलाना निजामुद्दीन, मौलाना जाबिर अली, मौलाना महफूज अली, खुर्शीद अहमद, हाजी मरगूब आलम आदि रहे।

### लंबी कूद और शॉट पुट में जीता कास्य पदक

**हापुड़, अमृत विचार :** सुभाष नगर निवासी राकेश कुमार गौतम की पुत्री प्रियंका ने लंबी कूद और शॉट पुट में कास्य पदक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। बता दें कि लखनऊ में आयोजित यूपी स्टेट एनुअल जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में प्रियंका ने शॉट पुट और लंबी कूद में कास्य पदक प्राप्त किया है। जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के उपाध्यक्ष रविंद्र गुर्जर ने बताया कि लखनऊ में राज्य स्तर की प्रतियोगिता में जिले से लगभग 20 खिलाड़ियों ने प्रतिभा किया था। प्रियंका ने दो खेलों में भाग लिया जिसमें लंबी कूद तथा शॉट पुट में पदक जीता है। प्रियंका के पिता ने बताया है कि वह एसएसवी डिग्री कॉलेज में बीए सेकेंड ईयर की छात्रा है। उसने कठिन परिश्रम से खेलों में भाग लेकर कांस्य पदक प्राप्त किए हैं।

### सीएए से घबराने की जरूरत नहीं: शहाबुद्दीन

**बरेली, अमृत विचार :** केंद्र सरकार की ओर से लोकसभा चुनाव से पहले नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) लागू करने के कयासों के बीच ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने कहा है कि सीएए से मुसलमानों को घबराने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि यह कानून भारत सरकार बहुत पहले लेकर आई थी और लागू करना चाहती थी लेकिन हकीकत को समझे बगैर देश भर में बड़े पैमाने पर इसका विरोध होने लगा। अब सरकार इसे लागू करना चाहती है। कानून का अध्ययन करने के बाद पता चला कि सीएए का भारत के मुसलमानों से कोई लेना-देना नहीं है, बल्कि यह कानून उन लोगों से संबंधित है जो अफगानिस्तान, पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका और म्यांमार से आए हैं। जो लोग मुसलमानों को डराने का प्रयास कर रहे हैं उन्हें कानून पढ़ लेना चाहिए। मौलाना ने लोकसभा चुनाव के दौरान मुसलमानों को सावधान रहने की नसीहत दी है।

अच्छा स्टेट अच्छा सेमीरिटर्न अवार्ड से सम्मानित दानिश कुरेशी। ● अमृत विचार

# स्टेट गुड सेमेरिटन पुरस्कार से सम्मानित हुए मौ. दानिश

संवाददाता, हापुड़

**अमृत विचार :** डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सोसायटी के चेयरमैन दानिश कुरेशी को स्टेट गुड सेमेरिटन के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। सोसाइटी के चेयरमैन मौ दानिश कुरेशी घायल व्यक्तियों को समय पर अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाते हैं। लखनऊ में उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन विभाग मंत्री दया शंकर सिंह, लोक निर्माण विभाग के कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद, प्रमुख सचिव एल वैकेंटेश्वर लू, उत्तर प्रदेश के परिवहन आयुक्त सीबी सिंह द्वारा 27 फरवरी को आयोजित राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में स्टेट गुड सैमेरिटन (नेक आदमी) का प्रमाण पत्र, शील्ड आदि प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# छोटे शहरों के विकास पर भी ध्यान दे रही सरकार

संवाददाता, बबराला

अमृत विचार : विकसित भारत संकल्प यात्रा के दूसरे चरण के तहत आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय ने कहा कि मोदी सरकार ने गरीबों, किसानों, छोटे व्यापारियों और समाज के विभिन्न वर्गों की मदद की है। स्वतंत्रता के बाद लंबे समय तक विकास का लाभ कुछ बड़े शहरों तक ही सीमित था लेकिन मोदी सरकार छोटे शहरों के विकास पर ध्यान दे रही है।

नगर के पुराने रामलीला मैदान में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में चेयरमैन हर्ष वर्धन वार्ष्णेय ने कहा कि जहां बाकी सबसे जनता की उम्मीदें खत्म हो जाती हैं, वहां से मोदी की गारंटी शुरू होती है। भारत को एक विकसित देश बनाने के उनके संकल्प को साकार करने के लिए सभी योगदान करें। अधिशासी अधिकारी अमरेश

दिव्यांग को टी शर्ट और कैलेंडर भेंट करते चेयरमैन हर्षवर्धन वार्ष्णेय व अन्य।

▸▸ जहां सबसे जनता की उम्मीदें खत्म हो जाती हैं, वहां से मोदी की गारंटी शुरू होती है

तिवारी ने लोगों को केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग से डॉ. एचए रहमान, डॉ. मनदीप चहल, डूडा से सुनील कुमार, प्रभाष कृष्ण, नितिन आइडिया, रामौतार, प्रमोद गुप्ता, मीना गुप्ता, ममता शर्मा आदि रहे। अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष विनय वार्ष्णेय ने की।

# पेयजल पाइप लाइन के कार्यों का करें निरीक्षण

संवाददाता, बहजोई

▸▸ दो संस्थाओं के प्रतिनिधियों के नहीं पहुंचने पर नोटिस जारी

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी ने जिला स्तरीय अफसरों के साथ जल जीवन मिशन योजना के तहत कराए गए कार्यों की समीक्षा की। दो संस्थाओं के प्रतिनिधियों के नहीं पहुंचने पर जिलाधिकारी ने नोटिस जारी किए। योजना का कार्य गुणवत्तापूर्वक कराए जाने की बात कही।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिलाधिकारी मनीष बंसल ने योजनाओं की समीक्षा की तो एक्सईएन जल निगम ग्रामीण द्वारा विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं द्वारा जनपद में कराए जा रहे पेयजल पाइप लाइन योजना के तहत कार्यों की प्रगति के विषय जानकारी दी। एसपीएमएल संस्था द्वारा एफएसटीसी, ओवर हेड टैंक, सोलर पंप के विषय में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिए।

आईसी के तहत जागरूकता के लिए कार्य कर रहीं चार संस्थाओं में से दो संस्थाओं के प्रतिनिधियों के बैठक में अनुपस्थित रहने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। हर घर जल के तहत कार्य पूर्ण होने पर दिए जाने वाले प्रमाण पत्रों के बारे एक्सईएन जल निगम से कहा कि जिन गांवों में पेयजल पाइप लाइन के कार्यों को पूर्ण करने के प्रमाण पत्र मिले हैं, उनका स्वयं भी स्थलीय निरीक्षण कर लें। यह भी देखें कि जिन कार्यों का प्रमाण पत्र प्राप्त हुआ है, वहां कार्य पूर्ण है या नहीं।

अगर किसी कार्य का कोई गलत प्रमाण पत्र पाया गया तो संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने एलसी इन्फ्रा एवं एनकेजी कार्यदायी संस्थाओं से भी जानकारी प्राप्त करते हुए कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान एक्सईएन जल निगम ग्रामीण चन्द्रहास, सहायक अभियंता चर्चित चौधरी, संबंधित कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

### रुकवाई सरसों की कटाई पथराव से मची भगदड़

**चन्दौसी, अमृत विचार:** बनियाठेर थाना क्षेत्र के कस्बा नरौली के मोहल्ला बंजारी कुआ निवासी चुन्नी पुत्र नवाब ने थाने में तहरीर देकर कहा कि बुधवार को वह अपेन खेत पर सरसों की कटाई कर रहा था। तभी उसका पिता व अन्य लोगों ने पुलिस को फोन करके बुला लिया और सरसो की कटाई रुकवा दी। पुलिस ने थाने चलने की बात कही तो युवक घर आकर थाने जाने की तैयारी कर रहा था। तभी दूसरे पक्ष ने अपने छतों से पथराव करना शुरू कर दिया। जिसमें भगदड़ मच गई। आरोप है कि दूसरे पक्ष ने उसे जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने तहरीर देकर आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

### राष्ट्रीय लोक अदालत 9 मार्च को

**चन्दौसी, अमृत विचार :** जनपद न्यायालय में नौ मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। बुधवार को जनपद न्यायाधीश कमलेश कच्छल के संचालन में प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (सिविल जज सीनियर डिवीजन) आदित्य सिंह ने राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में समस्त बैंकों के शाखा प्रबंधकों के साथ बैठक की। जिसमें बताया गया कि ज्यादा से ज्यादा मुकदमों को आगामी लोक अदालत में चिंहित कर निस्तारित किए जाएं। अपर जनपद न्यायाधीश अशोक कुमार यादव ने बैंक के सभी शाखा प्रबंधकों को आदेश दिए कि वह लोक अदालत में अधिक से अधिक नोटिस तामिल कर मामलों का निस्तारण कराएं। इस अवसर पर समस्त शाखा प्रबंधक मौजूद रहे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद नहटौर, जनपद-बिजनौर**

पत्रांक- 3408/न०पा०परि०नह0/2023-24, दिनांक- 27.02.24

अधिसूचना अन्तर्गत धारा-147 (2)यू०पी०म्यू एक्ट 1916

समस्त प्रभावितो को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि श्री नरेन्द्र सिंह पुत्र मुकन्दी सिंह निवासी मौहल्ला नौधा उत्तरी नहटौर ने नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेख पंजिका में सम्पति सं० 135 मौहल्ला नौधा उत्तरी में मुकन्दी पुत्र गिरधारी सिंह का नाम काटकर अपना नाम श्री नरेन्द्र सिंह पुत्र मुकन्दी सिंह अंकित कराने के लिए प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। प्रार्थी ने तहसील द्वारा प्रमाणित दानपत्र प्रस्तुत किया है अतः समस्त प्रभावित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि जिस व्यक्ति को उक्त नाम परिवर्तन करने में कोई आपत्ति हो तो वह पालिका कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की तिथि से तीस दिवस के भीतर साक्ष्य सहित आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अपूर्ण एवं कलातीत आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की स्थिति में आवेदन पत्र स्वतः निरस्त माना जायेगा।

**विवरण-** सम्पत्ति संख्या 135 स्थिति मौहल्ला नौधा उत्तरी नहटौर।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद नहटौर,
जनपद-बिजनौर

### कर्तव्य बोध दिवस का उद्देश्य समाज को जागरूक करना भी

**बबराला, अमृत विचार :** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की जनपद इकाई के तत्वावधान में कर्तव्य बोध दिवस के मौके पर शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ब्लाक स्तरीय कार्यकारिणी का भी गठन हुआ। एक बैंक्वेट हॉल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ जिला संयोजक विकास यादव ने दीप प्रज्जवलन व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। उन्होंने कहा कि कर्त्तव्य बोध दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को अपने कर्तव्य के प्रति जागरूक करने के साथ ही समाज को भी जिम्मेदारियों के बारे में जागरूक करना है। विद्यार्थी, शिक्षा, समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी निष्ठा को बनाए रखना है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की ब्लाक स्तरीय कार्यकारिणी का गठन हुआ। जिसमें संरक्षक सतीश कुमार, संयोजिका प्रीति शर्मा, सह संयोजक मोहित कुमार, ऋषभ शर्मा, प्रफुल्ल कुमार, विवेक कुमार, सुमित कुमार और मीडिया प्रभारी हर्षित भारद्वाज को चुना गया। कार्यक्रम में शिक्षकों, शिक्षामित्रों व अनुदेशकों ने हिस्सा लिया। इस दौरान हरप्रसाद पाल, संदेश चौधरी, मनीष बेनीवाल, केपी यादव आदि ने भी विचार व्यक्त किए।

### जंगल में मिला बाघ का शव

**शांतिपुरी, अमृत विचार :** यहां इमलीघाट के पास जंगल में बाघ का शव बरामद हुआ है। वन विभाग प्रथम दृष्टया बाघ की मौत का कारण आपसी संघर्ष अथवा एक्सिडेंटल केस मान रहा है। वास्तविक कारणों का पता शव के पोस्टमार्टम के बाद ही लगेगा। करीब दस दिन पहले भी बौड़खत्ता के जंगल में लेंम्पर्ट का मृत शव मिला था। मंगलवार दोपहर करीब डेढ़ बजे गश्त के दौरान वन विभाग की टीम को इमलीघाट के कोटखर्रा सेक्टर में गोला नदी से करीब आधा किलोमीटर अंदर बौड़खत्ता मार्ग के किनारे बाघ का शव दिखाई दिया।

### भाकियू टिकैत ने उठाई छुट्टा गोवंश पशु समेत कई समस्याएं

कार्यालय संवाददाता, संभल/असमोली

**अमृत विचार :** असमोली क्षेत्र में हुई भारतीय किसान यूनियन टिकैत की बैठक में किसानों की समस्याएं उठाकर उनके समाधान की मांग की गई। गांव रामपुर उर्फ यारपुर में हरिओम त्यागी के मकान पर हुई बैठक में क्षेत्र के किसानों की समस्याएं रखी गईं। तहसील अध्यक्ष चौधरी महीदेव सिंह ने दिल्ली बॉर्डर पर किसानों के साथ केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे अत्याचार की जानकारी दी। आने वाले समय में आंदोलन के लिए तैयार करने को कहा। सरकार की किसान विरोधी नीतियों की जानकारी दी गई। ब्लॉक अध्यक्ष असमोली अंकित त्यागी ने छुट्टा गोवंश पशुओं की समस्या को लेकर चेतावनी दी कि ब्लॉक क्षेत्र में छुट्टा गोवंश पशु घूमते पाए गए तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। प्रमुख मंडल महासचिव रामवीर त्यागी ने बिजली आदि क्षेत्रीय समस्याओं को उठाया।

**कार्यालय जिला पंचायत, रामपुर**

पत्रांक: 2673/निविदा/2023-24/जि.पं. दिनांक: 28.02.2024

अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

मा. अध्यक्ष महोदय की स्वीकृति दिनांक 28.02.2024 के अनुपालन में सरकारी गजट उत्तर प्रदेश दिनांक 14 जुलाई 2020 में प्रकाशित जिला पंचायत रामपुर के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों के अतिरिक्त राज्य सरकार के सिंचाई विभाग एवं लोक निर्माण विभाग रजिस्टर्ड ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय पत्रांक 1698/जि.पं. 21.11.2023 के द्वारा 155 कार्य जिसमें से क्रमांक 01 से 06 तक कोई टेंडर प्राप्त न होने के कारण तथा क्रमांक 07 पर अंकित कार्य वित्तीय वर्ष 2022-23 की कार्ययोजना का है जिस पर ठेकेदार द्वारा कार्य न करने कारण ठेकेदारों जमानत जब्त कर ली गई थी। पंचम राज्य वित्त आयोग / 15 वां वित्त-आयोग-टाइड/अनटाईड धनराशि के अन्तर्गत 01 से 07 कुल 07 टेंडर है। टेन्डर प्रपत्र वेबसाइट E-tenderup.nic.in एवं http:Rampur.nic.in से दिनांक 29.02.2024 को दोपहर 06:00 बजे से डाउनलोड किए जा सकते है। ऑनलाइन निविदा की अन्तिम तिथि 11.03.2024 को समय 10:00 बजे तक होगी। दिनांक 11.03.2024 को पूर्वाहन 10:00 बजे से जिला पंचायत कार्यालय में निविदा समिति द्वारा निविदायें खोली जायेंगी। कालम-7 में दर्शाई गई निविदा प्रपत्र शुल्क की धनराशि का बैंक ड्राफ्ट अथवा जिला पंचायत के पंजाब नैशनल बैंक रामपुर के जिला निधि खाता सं. 1448010024532 IFSC कोड PUNB0144820 में जमा कर सकते है एवं कॉलम संख्या-8 में अंकित धरोहर धनराशि की एफ.डी.आर. अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, रामपुर के पक्ष में देय / बंधक करते हुए संलग्न की जायेगी तथा इसकी स्कैन प्रतियां निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न की जायेगी तथा मूल प्रतियां निविदा खोलने के उपरान्त दो दिव के अन्दर जिला पंचायत कार्यालय रामपुर को उपलब्ध करानी होगी। निविदा सम्बन्धी अन्य शर्तों एवं अभिलेखों की जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिला पंचायत रामपुर से की जा सकती है। निम्न कार्यो की लागत GST में की धनराशि सम्मिलित नहीं है:-

प्र. अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, रामपुर

**नाम परिवर्तन**

पहले मेरा नाम JARIF था, अब बदलकर JARIF ALI S/O ABDUL ALI R/O VILLAGE MUDHA KHEDA PS NAUGAWAN SADAT, DISTT AMROHA रख लिया है। भविष्य में इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

**नाम परिवर्तन**

पहले मेरा नाम KARIM UDDIN था, अब बदल कर KARIMA UDDIN S/O FAQEERA R/O VILLAGE CHAK DHANAURA URF MURAD NAGAR PS AMROHA DEHAT, DISTT AMROHA रख लिया है। भविष्य में इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

**सम्बन्ध विच्छेद**

मेरा पुत्र अनीस अहमद व पुत्रवधु श्रीमति मोनिस बुरी संगत में पड़ गये हैं। दोनों पति-पत्नी आये दिन मेरे व परिवार के सदस्यों के साथ गाली-गलौंच व मारपीट करते रहते हैं। मैं अपने पुत्र व पुत्रवधु को चल-अचल सम्पत्ती से बेदखल करते हुए सम्बन्ध विच्छेद करता हूँ। मेरे पुत्र एवं पुत्रवधु द्वारा किये गये कुकृत्यों के दोनों ही जिम्मेदार होगें। सईद अहमद पुत्र मौ० सद्दीक निवासी- ग्राम नया गाँव अकबरपुर चैदरी तह० व थाना- कांठ, जि० मुरादाबाद।

**सम्बन्ध विच्छेद**

हमने व हमारे परिवार ने अपने पुत्र पुष्पेन्द्र व उसकी पत्नी मंजू के द्वारा हमारे साथ दुंव्यवहार करने के कारण सम्बन्ध-विच्छेद कर लिया है एवं अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में इनके द्वारा किये गये कुकृत्यों के ये लोग, स्वंय जिम्मेदार होंगे, हमारा या परिवार का कोई ताल्लुक वास्ता नहीं होगा। भगवान दास पुत्र रामभरोसे लाल व गौरी देवी पत्नी भगवान दास निवासीगण ग्राम सुनारखेड़ा, तह० मिलक, थाना केमरी जि० रामपुर (उ0प्र0)

# 12 टेलीग्राम व 3 व्हाट्सएप चैनल पर लीक हुआ पेपर

## सिपाही भर्ती मामले में एसटीएफ के हाथ लगा अहम सुराग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- क्यूआर कोड का मामला आया सामने, तेज हुई जांच
- साइबर विशेषज्ञ जुटे क्यूआर कोड का आईपी ऐड्रेस खंगालने में

**अमृत विचार :** सिपाही भर्ती परीक्षा में पेपर लीक मामले की जांच में जुटी एसटीएफ को छानबीन और पकड़े गए लोगों से पूछताछ में कई अहम सुराग हाथ लगे हैं। इससे जल्दी ही असल गुनहगार तक पहुंचने की एसटीएफ टीम को उम्मीद जगी है। बोर्ड को मिले पेपर लीक के 15 सौ सबूतों और जांच-पड़ताल से अभी तक यह पता चला कि 12 टेलीग्राम और 3 व्हाट्सएप चैनल पर पेपर लीक हुआ। लिहाजा एसटीएफ टीम ने टेलीग्राम और इन व्हाट्सएप चैनलों नजर टिका दी है।

एसटीएफ को वाट्सऐप पर एक और भी ग्रुप की सूचना मिली है। पुलिस भर्ती परीक्षा पेपर लीक के नाम से ऑपरेट हो रहे इस ग्रुप को एसटीएफ ने रडार पर रखा है। इस ग्रुप से जुड़े लोगों की भी कुंडली खंगाली जा रही है।

इसी क्रम में एसटीएफ टीम कानपुर में पकड़े गए वकील से लगातार पूछताछ कर रही है। इस दौरान कई संदिग्धों के नाम सामने आए हैं। वकील ने साल्व्ड पेपर उपलब्ध कराने वाले जिस युवक का नाम लिया है, वह अभी भी एसटीएफ के शिकंजे से बाहर है। टीम का मानना है कि पेपर लीक कांड में वह युवक मजबूत कड़ी साबित हो सकता है। उम्मीद है कि उस युवक से वायरल पेपर आखिर किस प्लेटफार्म से ऑरिजिनेट हुआ, इस बाबत जानकारी मिल सकेगी।

वहीं, दूसरी ओर एसटीएफ टीम को जांच के दौरान एक नया मामला, 'क्यूआर कोड' का सामने आया है। आशंका है कि इसी क्यूआर कोड के जरिए पेपर आउट हुआ है। इसी कोड के जरिए साल्व्ड पेपर विभिन्न जिलों में भेजी गई। टीम अब इस कोड के बारे में जानकारी जुटाने में जुटी। इसके लिए एसटीएफ मे साइबर क्राइम के जानकारों को लगाया गया है। साइबर क्राइम की टीम इस क्यूआर कोड को जेनरेट करने वाले मोबाइल या कंप्यूटर का आईपी एड्रेस का पता लगाने में जुटी हुई है।

## 13 आईएएस अफसरों के तबादले

**लखनऊ, अमृत विचार :** राज्य सरकार ने मंगलवार की देर रात 13 आईएएस अफसरों के तबादले कर दिये। रजनीश दुबे को राजस्व परिषद का अध्यक्ष बनाया गया है। झांसी के मंडलायुक्त आदर्श सिंह को आबकारी आयुक्त बनाया गया है। यह पद कुछ समय से खाली चल रहा था। आईएएस डॉ. बलकार सिंह को प्रदेश का नया आवास आयुक्त बनाया गया है। सचिव कृषि राजशेखर को जल निगम ग्रामीण के पद पर तैनाती दी गई है।

राजेश कुमार सिंह को प्रमुख सचिव सहकारिता बनाया गया है। वह प्रमुख सचिव कारागार भी बने रहेंगे। बीएल मीणा को प्रमुख सचिव उद्यान एवं रेशम के पद पर भेजा गया है। रवींद्र कुमार प्रमुख सचिव पशुधन व दुग्ध विकास व विमल दुबे को मंडलायुक्त झांसी बनाया गया है। चैत्रा वी को मंडलायुक्त अलीगढ़ बनाया गया है। मनोज कुमार से उद्यान विभाग का चार्ज हटा लिया गया है। पी गुरू प्रसाद प्रमुख सचिव राजस्व होंगे। रणवीर प्रसाद एमडी विद्युत उत्पादन निगम, राजशेखर एमडी पेयजल मिशन ग्रामीण को बनाया गया है।

## नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों को आजीवन कारावास

संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार :** इमलिया सुल्तानपुर थाना इलाके में चार साल पहले हुए नाबालिग किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म व वीडियो बनाकर वायरल करने के आरोपियों को पॉक्सो कोर्ट ने दोषी करार देते हुए दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपियों पर 17 लाख 30 हजार रुपये अर्थदंड की भी सजा सुनाया है। कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने दोषियों को हिरासत में लेकर जेल भेजने की कार्रवाई की है।

बताते चलें कि वर्ष 07 जुलाई 2020 को इमलिया सुल्तानपुर थाना इलाके में नाबालिग वादिनी ने शीबू और नाजिम सहित तीन अन्य अज्ञात पर सामूहिक दुष्कर्म करने और वीडियो बनाकर वायरल करने के आरोप में तहरीर देकर एससी/एसटी और सामूहिक दुष्कर्म सहित आईटी एक्ट की संगीन धाराओं में केस दर्ज कराया था। पुलिस ने मुकदमे की विवेचना के दौरान 6 अभियुक्तों के नाम प्रकाश में लाये। इस आरोपियों में अभियुक्त आसिफ को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान व शेष अन्य को गिरफ्तार कर जेल भेजते हुए पुलिस ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। पुलिस की प्रभावी पैरवी और वादिनी के प्रयासों के मद्देनजर अपर सत्र न्यायाधीश एससी/एसटी कोर्ट न्यायाधीश निशा झा ने मामले की सुनवाई कर बुधवार को 5 दोषियों को सामूहिक दुष्कर्म और 2 अभियुक्तों को आईटी एक्ट (वीडियो वायरल करने) के आरोप सहित एक अभियुक्त को घटना को सुनियोजित तरीके से रचने और छेड़छाड़ के आरोप में दोषी करार देते हुए कारावास के साथ जुर्माने की सजा सुनाई है।

### इन आरोपियों को हुई सजा

नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म मामले में कोर्ट ने आरोपी शीबू, आसिफ खान, आबिद, आरिफ खान, सालिम खान को पॉक्सो एक्ट तथा 67 आईटी एक्ट के अपराध में दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास सहित प्रत्येक दोषी पर को 2,40,000 रुपये (कुल 12 लाख रुपये) अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। इसके साथ ही कोर्ट ने आरोपी दानिश और नाजिम को दोषी करार देते हुए 5 वर्ष की जेल सहित प्रत्येक को 2,20,000 रुपये (कुल 04 लाख 40 हजार रुपये) अर्थदण्ड की सजा सुनाई है।

## सार-संक्षेप

### तीन जिलों के एसपी समेत छह आईपीएस बदले

**लखनऊ, अमृत विचार :** शासन ने बुधवार को तीन जिलों के एसपी समेत छह आईपीएस अफसरों का तबादला कर दिया। अमेठी के पुलिस कप्तान इलामारन जी. को मऊ के एसपी के पद पर भेजा गया है, जबकि एसपी तकनीकी सेवाएं अनूप कुमार सिंह को अमेठी का एसपी बनाया गया है। शासन से जारी सूची के मुताबिक मऊ के एसपी अविनाश पांडेय को पीलीभीत का एसपी बनाया गया है, जबकि पीलीभीत के एसपी अतुल शर्मा द्वितीय को आगरा कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त बनाया गया है। सीबीसीआईडी में तैनात सुनीता सिंह को 37वीं वाहिनी पीएसी कानपुर का सेनानायक और आगरा पुलिस कमिश्नरेट में पुलिस उपायुक्त रवि कुमार को 11वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर का सेनानायक बनाया गया है।

### कृषि क्षेत्र में प्रदेश को सहयोग करेगा आस्ट्रेलिया

**लखनऊ, अमृत विचार :** आस्ट्रेलिया के उच्चायुक्त फिलिप ग्रीन ओएएम ने बुधवार को कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। इस दौरान उच्चायुक्त ने कृषि क्षेत्र में प्रदेश का सहयोग देने का आश्वासन दिया। उच्चायुक्त ने कृषि मंत्री को बताया कि वह दो क्षेत्रों कृषि व कृषि शिक्षा के क्षेत्र में भारत के साथ कार्य करने व प्रदेश में कृषि विश्वविद्यालय की शाखा खोलने का इच्छुक है जिसमें भारतीय छात्र उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं। उच्चायुक्त ने कहा कि कृषि क्षेत्र में माइक्रो इरीगेशन, उत्पादन व तकनीकी हस्तानांतरण के क्षेत्र में आस्ट्रेलिया की तकनीकी टीम चर्चा के लिए लोकसभा चुनाव के बाद कृषि विभाग के अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की जाएगी।

### मुस्लिम बंदी ने रामलला को समर्पित किया मेहनताना

**अयोध्या कार्यालय :** भव्य राम मंदिर में विराजमान रामलला को फतेहपुर जेल में निरुद्ध मुस्लिम बंदी जियाउल हसन ने झाड़ू लगाने के बदले मिले मेहनताने से डेढ़ महीने की कमाई को समर्पित किया है। जिसे श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने स्वीकार करते हुए खाते में जमा भी कर दिया है। विश्व हिंदू परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने बताया कि जियाउल हसन पुत्र सिराज हसन फतेहपुर के रामजानकी पुरम का रहने वाला है। बंदी के आग्रह पर जेल अधीक्षक ने 1075 रूपये का चेक बनवाकर कारसेवकपुरम भेजा है। यह चेक प्राण प्रतिष्ठा से पहले जनवरी में ही जारी किया गया है।

### पद्मश्री अनूप जलोटा को मिलेगा शान-ए-अवध अवार्ड

**लखनऊ, अमृत विचार :** हुनर क्रिएशंस क्राफ्ट एसोसिएशन की ओर से भजन सम्राट पद्मश्री अनूप जलोटा को शान-ए-अवध अवार्ड से सम्मानित किया जायेगा। आगामी आठ मार्च को छावनी स्थित सूर्या प्रेक्षागृह में यह अवार्ड दिया जायेगा। एक शाम लखनऊ के नाम से आयोजित इस कार्यक्रम में मध्य कमान प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एनएस सुब्रहमण्यम अनूप जलोटा को यह सम्मान प्रदान करेंगे। इस मौके पर आईएएस अधिकारी डॉ. हरिओम और गायिका अंकिता कपूर सुरों की महफ़िल सजाएंगे। मध्य कमान के चीफ ऑफ़ स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल मुकेश चड्ढा और प्रमुख सचिव संस्कृति व पर्यटन मुकेश मेश्राम विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे। हुनर क्रिएशंस के सचिव जफर नबी ने बताया कि हुनर क्रिएशंस कला और संस्कृति में विशिष्ट योगदान देने वाले प्रमुख कलाकारों को सम्मानित करने और नयी प्रतिभाओं का हुनर निखारने और उन्हें रोजगारोन्मुख कार्यक्रमों से जोड़ने का काम कर रही है। अनूप जलोटा से पहले इस अवार्ड से प्रख्यात सरोद वादक उस्ताद अमजद अली खां, संतूर वादक पं. शिवकुमार शर्मा, फिल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी, रेखा भारद्वाज, सोनू निगम और तलत अजीज जैसे कलाकारों को सम्मानित किया जा चुका है। जफर नबी ने बताया कि इस आयोजन में अनूप जलोटा की गायकी का लुत्फ़ तो मिलेगा ही साथ ही डॉ. हरिओम और युवा गायिका अंकिता कपूर के गीत भी सुनने को मिलेंगे। वायस ऑफ़ प्योरिटी और रेडियो सिटी सुपर सिंगर की रनर अप रह चुकी अंकिता कपूर उदित नारायण, विनोद राठौड़ और शान जैसे गायकों के साथ मंच साझा कर चुकी हैं।

## अवैध संबंधों को सुरक्षा देकर समाज में अराजकता नहीं फैला सकता कानून

विधि संवाददाता, प्रयागराज




**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक विवाहित महिला और उसके लिव-इन पार्टनर द्वारा दाखिल सुरक्षा याचिका को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि कोर्ट ऐसे रिश्ते की रक्षा नहीं कर सकती है, जो कानून द्वारा समर्थित नहीं है। अगर कोर्ट ऐसे अवैध संबंधों को संरक्षण देगी तो इससे समाज में अराजकता फैल जाएगी।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति रेनू अग्रवाल की एकलपीठ ने पिंकी और अन्य की याचिका को 2000 रुपए जुर्माने के साथ खारिज करते हुए पारित किया। महिला मुस्लिम धर्म से संबंधित है और उसका लिव-इन पार्टनर हिंदू है। महिला को अपने पति से जान का खतरा है, इसलिए उसने हाईकोर्ट के समक्ष सुरक्षा याचिका दाखिल की। महिला ने पति पर आरोप लगाया कि वह शराबी है और नियमित रूप से उसके साथ मारपीट करता है, इसलिए वह अपनी 5 साल की बच्ची के साथ अपने लिव-इन पार्टनर के साथ रहने लगी। उसने आगे तर्क दिया कि अपने जीवन की सुरक्षा के लिए पुलिस अधीक्षक, अलीगढ़ के समक्ष भी एक आवेदन दिया था, लेकिन उसे सुरक्षा प्रदान नहीं की गई। उसके तर्कों का खंडन करते हुए सरकारी अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि याची ने अपने पति से तलाक की कोई डिक्री प्राप्त नहीं की है। अतः वह विपक्षी की कानूनन पत्नी है। इसके अलावा उसने अपने पति से अलग रहने का कोई स्पष्ट कारण भी नहीं बताया। वह केवल अपने आजाद और स्वतंत्र रवैये के कारण गैरकानूनी ढंग से धर्मांतरण कर अपने लिव-इन पार्टनर के साथ रह रही है। इस प्रकार उसके रिश्ते को कानून द्वारा संरक्षित नहीं किया जा सकता है। अंत में कोर्ट ने महिला और उसके लिव-इन पार्टनर को सुरक्षा पाने का हकदार नहीं माना और उसकी हरकतों को व्यभिचार का नाम दिया।

## सड़क हादसे में मां, दो बेटे और बेटी की मौत

**बांदा, अमृत विचार :** बुदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर बुधवार दोपहर बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई जिससे बाइक पर सवार मां, दो बेटे और बेटी की मौत हो गई। एएसपी, सीओ नरैनी व कोतवाली प्रभारी मौके पर पहुंचे।

बिसंडा थाना क्षेत्र के ओरन गांव निवासी लाला भइया पत्नी सीमा (38) दो पुत्र रवि (18) व बाबू (6) तथा पुत्री आरती (8) के साथ साले अमित की ससुराल लामा गांव विवाह समारोह में गए थे। बुधवार दोपहर लाला भइया बस से गांव के लिए चले। बेटा रवि अपनी मां सीमा, भाई बाबू और बहन आरती को बाइक से लेकर बुदेलखंड एक्सप्रेस-वे से गांव लौट रहा था। बेलगांव पुलिस चौकी के पास तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरा गई। रवि और बाबू की मौके पर ही मौत हो गई। घायल सीमा व आरती को पुलिस ने जिला अस्पताल भेजा। जहां सीमा और आरती ने भी दम तोड़ दिया।

## पेपर लीकः युवा कांग्रेस का प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

युवा कांग्रेसी प्रदर्शनकारियों को रोकती पुलिस। ● अमृत विचार

- पुलिस से नोकझोंक, धक्कामुक्की कई कांग्रेसी चोटिल

**अमृत विचार :** सिपाही भर्ती परीक्षा पेपर लीक, युवाओं पर अत्याचार, बढ़ती बेरोजगारी के विरोध में बुधवार को प्रदेश युवक कांग्रेस ने मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया। बैरीकेडिंग लगाकर रोकने पर पुलिस से धक्कामुक्की में कई प्रदर्शनकारी घायल भी हो गए। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर शाम को रिहा कर दिया।

युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी के आवाहन पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय से सैकड़ों की संख्या में युवा कांग्रेसी मुख्यमंत्री आवास घेरने के लिए निकले। इन प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने बैरीकेडिंग लगाकर मालएवेन्यू के सुन्नी वक्फ बोर्ड कार्यालय के पास रोक लिया। इस पर कांग्रेसियों की पुलिस से नोकझोंक और धक्कामुक्की हो गई। इसमें कई कांग्रेसजनों को चोटें भी आई। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार कर लिया। उन्हें बसों से इको गार्डेन ले जाया गया। देर रात सभी को रिहा कर दिया गया। श्रीनिवास ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जबसे भाजपा की योगी सरकार आई है तबसे सारी भर्तियों के पेपर लीक हो रहे हैं, चाहे आरओ, एआरओ हो, लेखपाल भर्ती हो, पुलिस भर्ती हो। योगी सरकार युवाओं के साथ धोखा कर रही है। सरकार बेरोजगार युवाओं को भर्ती के नाम पर छलने का काम कर रही है। भर्ती परीक्षा के नाम पर जो युवाओं से धन ले रही है उसमें सरकार भ्रष्टाचार कर रही है।

## वर्ग पहेली-357

**बाएं से दाएं**

4. 1. किसी पदार्थ का गोल या चपटा टुकड़ा, कड़ी
5. पानी के किनारे रहने वाली एक सफ़ेद चिड़िया जिसकी चोंच और पैर काले होते हैं।
7. ऐसा व्यक्ति जिसमें उदात्त विचारों की क्षमता न हो, तुच्छ या नीच विचार वाला व्यक्ति।

**ऊपर से नीचे**

1. जलपानगृह, कॉफ़ी शॉप, छोटा रेस्तरां।
2. धूप संबंधी, धूप में प्रयुक्त किया जाने वाला।
3. रस की धारा, ख़ुशी की धारा।
5. 1. एक प्रकार का बड़ा मुगदर जो दोनों हाथों से घुमाया जाता है 2. करेल घुमाने की कसरत।
6. दूसरों को देखने में प्रवृत्त करना, प्रस्तुत करना; प्रकाश डालना, प्रदर्शित करना, खोलना, दर्शाना, प्रकट करना, सामने लाना, ज़ाहिर करना, उजागर करना, उद्घाटित करना।



### वर्ग पहेली - 356 का हल

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 ह | ■ | ■ | 2 तु | ■ |
| गा | ■ | 3 सु | ल | ■ |
| ना | ■ | हा | नी | ■ |
| ■ | 4 कु | व | ल | य |
| 5 र | ल | ना | ■ | 6 खु |
| ■ | प | ■ | ■ | र |
| 7 इ | ति | हा | स | हा |

## लोस चुनाव से पहले अखिलेश की किलेबंदी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गुड्डू जमाली को लिया साथ, आजमगढ़ लोस उपचुनाव में सपा की जीत के बने थे रोड़ा

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव से पहले पूर्वांचल में किलाबंदी मजबूत करने के तहत गुड्डू जमाली को साथ ले लिया है। शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली इससे पहले बसपा के नेता थे। काफी समय से अखिलेश यादव के संपर्क में थे। बुधवार को सपा के लखनऊ मुख्य्ालय में अखिलेश यादव की मौजूदगी में पार्टी महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने गुड्डू जमाली और उनके साथियों को पार्टी में शामिल करते हुए सभी का स्वागत किया।

गुड्डू जमाली दो बार के विधायक रहे हैं और वह सफल कारोबारी भी हैं। जमाली सपा की तरफ से इस बार विधानपरिषद भेजने पर भी उठे एक सवाल पर अखिलेश ने असहमति नहीं दिखायी। आजमगढ़ सीट पर हुए पिछले उपचुनाव में सपा प्रत्याशी धर्मेन्द्र यादव की हार के लिए बहुत हद तक जिम्मेदार बताए जा रहे गुड्डू जमाली ने कहा कि आज ये वक्त की जरूरत है। वह दिल की आवाज सुनकर सपा में आए हैं। मजहब के नाम पर कोई हमें नहीं बांट सकता। पत्रकारों को संबोधित करते हुए गुड्डू जमाली ने कहा कि मुझ पर हिन्दू भाइयों का बड़ा अहसान है। सपा में शामिल होने का फैसला हमारे दिल ने किया है जिसने कहा कि आज की तारीख में यही एक बदलाव की उम्मीद है।

जमाली के मुताबिक, बसपा में मैं 13 साल रहा। पार्टी प्रमुख मायावती को भाजपा के खिलाफ लड़ाई में शामिल होना चाहिए था। जब यह नहीं हुआ तो हम लोग क्या करते? गुड्डू जमाली ने कहा कि अब वह जीवन भर सपा में रहेंगे। कहा कि मैं लालची नहीं हुआ। मैं सौदा नहीं करता हूं। हम लोगों को मजहब के नाम पर बांटने की कोशिश की जा रही है। हम दिलो जान से पीडीए के लिए लगेंगे। इस मौके पर अखिलेश यादव ने भी भाजपा पर जमकर हमला बोला। अखिलेश ने कहा कि एक समय में समुद्र मंथन हुआ था। आने वाले लोकसभा चुनाव में संविधान मंथन होगा।

### आजमगढ़ उपचुनाव में गुड्डु का दिखा था दम

लखनऊ। गुड्डू जमाली आजमगढ़ की मुबारकपुर सीट से 2012 और 2017 में बसपा के टिकट पर विधानसभा चुनाव जीते थे। आजमगढ़ के लोस उप चुनाव में समाजवादी पार्टी के धर्मेन्द्र यादव 8 हजार वोटों से हार गए थे। भाजपा के दिनेश लाल यादव निरहुआ को 3 लाख 12 हज़ार वोट मिले थे। धर्मेंद्र यादव को 3 लाख 4 हज़ार और बसपा के शाह आलम उर्फ़ गुड्डू जमाली को 2 लाख 66 हज़ार मत मिले थे। गुड्डू जमाली के कारण मुस्लिम वोटों का बंटवारा हो गया थ जिसका फायदा भाजपा को मिला। चुनाव बाद वो समाजवादी पार्टी चले आए थे, लेकिन 2022 के विसभ. चुनाव में पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया तो वे फिर मायावती के साथ चले गए। सूत्रों मुताबिक, वह फिर लोस. चुनाव लड़ने की तैयारी में थे। अगर वे फिर चुनाव लड़ते तो मुस्लिम वोटर बंट जाते।

## शिक्षा व्यवस्था में हुए सुधार की होगी समीक्षा

**लखनऊ, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राथमिक व जूनियर विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2023-23 में अभी तक हुए सुधार और संचालित सरकारी योजनाओं के प्रगति की समीक्षा होगी। इस संबंध में शिक्षा महानिदेशक ने सभी जिलों के बेसिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र जारी किया है। आगामी 4 मार्च को दोपहर 1 बजे से शुरू होने वाली इस बैठक में शैक्षिक सत्र 2023-24 में बेसिक शिक्षा एवं समग्र शिक्षा के अन्तर्गत संचालित कार्यक्रमों व योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा की जायेगी। शिक्षा महानिदेशक की ओर से जारी निर्देश में विद्यालयों के 19 पैरामीटर पर भी बात होगी।

## सुडोकू-74

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | 4 | | | 6 | 1 | |
| | 1 | | | 6 | | | | 9 |
| | | | 3 | 5 | | | 2 | |
| | | 5 | | | | 3 | | 8 |
| 4 | | | 8 | | 6 | | | 2 |
| 8 | | 7 | | 9 | | 1 | | |
| | 5 | | | | 7 | | | |
| 2 | | | | 3 | | | 4 | |
| | 6 | 9 | | | 4 | | 5 | |

### सुडोकू - 73 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 1 | 4 | 3 | 7 | 9 | 5 | 2 | 8 |
| 3 | 5 | 7 | 1 | 2 | 8 | 4 | 6 | 9 |
| 2 | 8 | 9 | 5 | 6 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 4 | 7 | 5 | 9 | 1 | 3 | 6 | 8 | 2 |
| 8 | 3 | 2 | 7 | 5 | 6 | 9 | 4 | 1 |
| 9 | 6 | 1 | 4 | 8 | 2 | 7 | 5 | 3 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 3 | 7 | 2 | 9 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 6 | 9 | 5 | 1 | 3 | 4 |
| 5 | 9 | 3 | 2 | 4 | 1 | 8 | 7 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 29 फरवरी, गुरुवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-पंचमी 01 मार्च 06.21 तक तत्पश्चात षष्ठी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-वसंत। चन्द्रबल-मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर। ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-चित्रा 10.22 तक तत्पश्चात स्वाती।

**मेष** — आज आपके व्यवहार से लोग काफी प्रसन्न रहेंगे जिसका लाभ आपको कार्यक्षेत्र में भी मिलेगा। जॉब में आपको पदोन्नति मिल सकती है। परिवार में किसी मांगलिक कार्य की रूपरेखा बन सकती है। व्यवसाय में वृद्धि होने के योग बन रहे हैं।

**वृष** — आज ऋण चुकाने के लिए समय उपयुक्त है। घर और व्यवसाय दोनों को पूरा समय देंगे। दर्शनशास्त्र जैसे विषयों पर आपकी रुचि बढ़ सकती है। कानूनी अड़चनें दूर होने के योग बन रहे हैं। शासन का उत्तम सहयोग प्राप्त होगा।

**मिथुन** — आज ऑफिस में आपकी कार्यशैली पर सवाल खड़े हो सकते हैं। प्रिय व्यक्तियों से झगड़ा हो सकता है। मन में किसी गलती को लेकर आत्मग्लानि का भाव उत्पन्न होगा। शेयर और लाटरी से जुड़े कार्यों में निवेश से हानि हो सकती है।

**कर्क** — आज उच्च शिक्षा में अड़चने आ सकती हैं। माता का विशेष स्नेह प्राप्त होगा। अपने खर्चों पर नियंत्रण रखें। जॉब में तालमेल बिठाना पड़ेगा। वैवाहिक कार्यक्रमों में आप सम्मिलित हो सकते हैं। आय के नए स्रोत विकसित होंगे।

**सिंह** — आज कार्यक्षेत्र में आपको महत्वपूर्ण कार्य करने पड़ेंगे। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। ससुराल पक्ष से संबंध मधुर रहेंगे। व्यावसायिक समस्याएं दूर होगी।

**कन्या** — आज आपको त्वरित प्रतिक्रिया देने से आपको बचना चाहिए। बेवजह के विवादों से दूर रहें। महत्वपूर्ण कार्य करते समय मन को शांत रखें। आपकी कोई कीमती वस्तु चोरी हो सकती है। मीडिया क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए समय खराब है।

**तुला** — आज आर्थिक स्थिति में बड़े बदलाव हो सकते हैं। भोग-विलास में प्रवृत्त रहेंगे। बड़े-बुजुर्गों के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। आप अपने शौक वाले कार्य कर सकते हैं। अल्प मेहनत से अच्छा लाभ प्राप्त कर पाएंगे। आपका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

**वृश्चिक** — आज कारोबारी यात्रा करनी पड़ेगी। जीवनसाथी के व्यवहार में रूखापन होगा। आपको अपनी सेहत का ध्यान रखना पड़ सकता है। ऑफिस में आपकी मेहनत को महत्व नहीं मिलेगा। एकाग्रता में कमी हो सकती है। महत्वपूर्ण कार्य लंबित हो सकते हैं।

**धनु** — आज कारोबार में लाभ-वृद्धि के योग बन रहे हैं। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे जातकों के लिए समय शानदार है। नई जॉब की खोज पूरी होगी। नए प्रोजेक्ट्स को लेकर उत्साह होगा। लोग आपसे सलाह लेना पसंद करेंगे।

**मकर** — आज कार्यों में आ रही बाधा दूर होगी। नई तकनीक और स्किल सीखने के लिए दिन बहुत अच्छा है। दूसरों से अपने मन की बातें शेयर न करें। नए प्रयोग कर सकते हैं। विवाह योग्य जातकों को मनोनुकूल विवाह संबंध मिल सकते हैं।

**कुंभ** — आज व्यापार में नए अनुबंध होने के योग बन रहे हैं। निवेश के लिए समय बहुत अच्छा है। उच्च अधिकारियों के संबंध मधुर होंगे। स्थायी संपत्ति खरीद सकते हैं। परिवार के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है

**मीन** — आज जोखिम भरे निवेश से दूर रहें। बच्चों की जिद पर अंकुश लगाकर रखें। अपनी जिम्मेदारियों के प्रति लापरवाह हो सकते हैं। ऑफिस में सहकर्मियों से विवाद हो सकता है। व्यापार में बिक्री कम होगी। कुसंगति भारी पड़ सकती है।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
- जुआरी — सुबह : 11.25
- धड़कन — शाम : 06.44

**SONY MAX**
- झूम बराबर झूम — सुबह : 11.30
- ऑल द बेस्ट — रात : 07.00

**SONY PIX**
- द डार्क नाइट — सुबह : 10.42
- द कॉन्ज्यूरिंग — रात : 09.00

**ZEE CINEMA**
- बैंजो — सुबह : 10.30
- ये साली आशिकी — रात : 07.30

**colors CINEPLEX**
- क्वीन — सुबह : 09.20
- कुछ कुछ होता है — रात : 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात-07.30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक बहु अपने ससुर से-बाबू जी इलायची खत्म हो गई है आते समय बाजार से लेते आना।
ससुर- हमारे यहां बड़ों का नाम नहीं लेती, इलायची तुम्हारी सास का नाम है।
बहु- ठीक है आगे से ध्यान रखूंगी।
अगली बार बहु- बाबू जी मां जी खत्म हो गई हैं आते समय बाजार से लेते आना...
ससुर- बेहोश

पति- तुमने तो सुबह कहा था की रात के खाने में दो ऑप्शन होंगे यहां तो एक ही सब्जी दिख रही है?
पत्नी-ऑप्शन अभी भी दो हैं
पति- वो कैसे?
पत्नी-खाना है तो खाओ नहीं तो रहने दो।

| बाजार | सेंसेक्स ↓ | निफ्टी ↓ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 72,304.88 | 21,951.15 |
| गिरावट | 790.34 | 247.20 |
| प्रतिशत में | 1.08 | 1.11 |



अमृत विचार
www.amritvichar.com
मुरादाबाद, गुरुवार, 29 फरवरी 2024

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**–शिवालिक 990 फ्लैग 1100 डीएमओ 870 बोल्ड 1135, **सम्भल–चन्दौसी**–शिवालिक 1000 फ्लैग 1135 बोल्ड 1160 डीएमओ 910।

## मुरादाबाद मंडी

**दालों का भाव :** दाल चना : 75 से 76 रुपये मसूर : 88 से 90 रुपये मलका : 82 से 85 रुपये अरहर : 118 से 125 रुपये उड़द : 95 से 101 रुपये धोआ उड़द : 110 से 120 रुपये मूंग धोआ : 104–106 रुपये मूंग छिलका : 102 रुपये मूंग साबुत : 100 रुपये चना देसी : 80 रुपये चना काबुली : 145 से 160 रुपये राजमा लाल : 155 रुपये राजमा चित्ता : 145 रुपये लोबिया लाल 94 रुपये लोबिया सफेद 98 रुपये।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन :** तुलसी 1835, राज श्री 1350, फ़ॉर्चून कि. 1720, रविन्द्रा 1760, फॉर्चुन ली0 1570, जय जवान 1420, सचिन 1485, सूरज 1445, अवसर 1575, राग गोल्ड 1550, गृहणी 1475, क्लासिक (किलो) 1670, मोर 1565, चक्र टिन 1650, ब्लू 1585, आशीर्वाद मस्टर्ड 1675, स्वास्तिक 1805। किराना– (प्रतिकु.) हल्दी निजामाबाद 14700, जीरा 41000, लाल मिर्च 20000–24000, धनिया 9000–10000, अजवायान 16000–24000, मेथी 8600, सौंफ 15000–20000, सोंठ 41500, (प्रतिकि0) लौंग 920–1000, बादाम 580–680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140–180, मखाना 650–950. चावल–(प्रति कु0 )डबल चाबी सेला 10300, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4650, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7450, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 8000, मंसूरी पनघट 4350।

# जीडीपी वृद्धि दर तीसरी तिमाही में घटकर 6.9% रहेगी: एसबीआई

**मुंबई, एजेंसी**

देश की आर्थिक वृद्धि दर चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में 6.7 से 6.9 प्रतिशत रह सकती है। यह दूसरी तिमाही की 7.6 प्रतिशत वृद्धि दर के मुकाबले कम है, जिसका कारण कृषि क्षेत्र का खराब प्रदर्शन है। एसबीआई रिसर्च की बुधवार को जारी रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया। वित्त वर्ष 2023-24 की तीसरी तिमाही की जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) वृद्धि दर का आधिकारिक आंकड़ा जारी होने से एक दिन पहले यह रिपोर्ट आई है।

चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में आर्थिक वृद्धि दर उम्मीद से कहीं अधिक 7.6 प्रतिशत रही। इसके

साथ भारत दुनिया में तीव्र आर्थिक वृद्धि दर हासिल करने वाला देश बना रहा। वृद्धि दर में तेजी का प्रमुख कारण सरकार के व्यय और विनिर्माण गतिविधियों में तेजी रही। एसबीआई रिसर्च का तीसरी तिमाही में 6.7 प्रतिशत से 6.9 प्रतिशत वृद्धि दर का अनुमान रिजर्व बैंक के 7 प्रतिशत वृद्धि के अनुमान से कम है। इसके साथ ही एसबीआई रिसर्च ने चौथी तिमाही में वृद्धि दर 6.8 प्रतिशत रहने की संभावना जताई है।

दूसरी ओर, चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में लगभग 4,000 सूचीबद्ध कंपनियों के शुद्ध लाभ में सालाना आधार पर 30 प्रतिशत से अधिक की मजबूत वृद्धि हुई है, जबकि उनका कारोबार लगभग 7 प्रतिशत बढ़ा है। इसके अलावा, बीएफएसआई (बैंक, वित्तीय सेवा और बीमा) को छोड़कर करीब 3,000 सूचीबद्ध कंपनियों ने मार्जिन में सुधार की सूचना दी है।

### कृषि क्षेत्र का खराब प्रदर्शन बड़ा कारण

एसबीआई रिसर्च ने कहा कि अक्टूबर–दिसंबर, 2023 तिमाही में कम वृद्धि दर के अनुमान का सबसे बड़ा कारण कृषि क्षेत्र का खराब प्रदर्शन है। मत्स्य पालन को छोड़कर समूचा कृषि क्षेत्र बुरी तरह प्रभावित हुआ है। कृषि मंत्रालय के पहले अग्रिम अनुमान के अनुसार, 2023–24 में प्रमुख खरीफ फसलों का उत्पादन 14.85 करोड़ टन होने का अनुमान है। रिपोर्ट के मुताबिक, रबी फसलों की बुवाई का कुल रकबा पिछले वर्ष की तुलना में थोड़ा बढ़ा है, लेकिन अनाजों के मामले में रकबे को लेकर चिंता है। इसमें पिछले वर्ष की तुलना में 6.5 प्रतिशत की कमी देखी गई है। इसके मुताबिक, अगर रबी उत्पादन से खरीफ की कमी की भरपाई नहीं होती है तो कृषि क्षेत्र के मूल्य-वर्द्धन में गिरावट देखने को मिलेगी।

## एयरटेल ने लॉन्च किया रिसाइकिल्ड पीवीसी सिमकार्ड

**नई दिल्ली।** दूरसंचार सेवा प्रदाता भारती एयरटेल ने बुधवार को वर्जिन प्लास्टिक से बने सिम काड्र्स की जगह रिसाइकल्ड प्लास्टिक से बने सिम कार्ड लॉन्च करने की घोषणा की।

कंपनी ने एक बयान में कहा कि इसके लिए आईडीईएमआईए सिक्योर ट्रांजैक्शंस के साथ उसने साझेदारी की है। एयरटेल हमेशा से ही पर्यावरण के अनुकूल और जिम्मेदार सर्कुलर बिजनेस प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। एयरटेल भारतीय टेलीकॉम इंडस्ट्री में पहली टेलीकॉम कंपनी बन गई है, जिसने रिसाइकिल प्लास्टिक से बने सिम कार्ड लॉन्च किए हैं। इस बदलाव से एक वर्ष में 165 टन से ज्यादा प्लास्टिक का इस्तेमाल कम होगा। साथ ही, 690 टन से ज्यादा कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन भी कम होगा।

# अगले दशक में 2,000 अरब डॉलर पहुंच जाएगा खुदरा क्षेत्र

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- बीसीजी-आरएआई की रिपोर्ट में दोगुना होने का जताया अनुमान

देश का उपभोग बढ़ने के साथ अगले दशक में भारत का खुदरा क्षेत्र 9-10 प्रतिशत की दर से बढ़कर 2,000 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप (बीसीजी) और भारतीय खुदरा संघ (आरएआई) की एक रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, संगठित खुदरा विक्रेताओं को अपना बेहतर प्रदर्शन आगे भी बनाए रखना होगा। यह क्षेत्र वृद्धि की गति और आकार को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण बदलावों से गुजर रहा है। इसमें कहा गया कि आय वृद्धि स्थिर रहने के बीच उपभोक्ता व्यक्तिगत आय को लेकर आशावादी हैं। उपभोक्ता तेजी से नए अनुभवों पर खर्च करना चाहते हैं या नए उपायों से अधिक बचत

करना चाहते हैं। बीसीजी के प्रबंध निदेशक और वरिष्ठ भागीदार अभीक सिंघी ने कहा, 'अगले दशक में भारतीय खुदरा क्षेत्र का आकार दोगुना होकर 2,000 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। विभिन्न श्रेणियों और प्रारूपों में ऐसे विक्रेता सफल होंगे, जिनकी नकदी स्थिति अच्छी होगी।'

रिपोर्ट में कहा गया है कि अगले दशक में भारत में खुदरा बिक्री 9-10 प्रतिशत की दर से बढ़कर 2,000 अरब डॉलर तक पहुंच सकती है।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 71,600 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 63,850 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 47,550–47,750 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,000 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 63,850 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42,500 |
| चांदी (999) | 71,500 |
| चांदी तैयार | 71,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 63,800 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 62,800 |
| चांदी पक्की | 708 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,100 |
| चांदी आभूषण | 72,200। |

## कारोबारी सुनील मित्तल को ब्रिटेन का मानद नाइटहुड सम्मान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- भारत और ब्रिटेन के व्यापारिक संबंधों को बढ़ावा देने का श्रेय

दूरसंचार सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनी भारती एयरटेल के अध्यक्ष सुनील भारती मित्तल को किंग चार्ल्स तृतीय द्वारा मानद नाइटहुड, नाइट कमांडर ऑफ द मोस्ट एक्सीलेंट ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर (केबीई) से सम्मानित किए गए हैं।

केबीई ब्रिटेन द्वारा नागरिकों को दिए जाने वाले सर्वोच्च सम्मानों में से एक है। यह विदेशी नागरिकों को मानद क्षमता में प्रदान किया जाता है। द ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर की स्थापना किंग जॉर्ज पंचम द्वारा 1917 में उन लोगों को सम्मानित करने के लिए की गई थी, जिन्होंने गैर-जुझारू भूमिका में सेवा की थी और कला, विज्ञान और सार्वजनिक सेवा में योगदान को पुरस्कृत करने के लिए ऑर्डर का विस्तार किया था। गैर-ब्रिटिश नागरिकों को सर या डेम जैसे शीर्षकों का उपयोग करने के बजाय उनके नाम के बाद केबीई जोड़ने के लिए सम्मानित किया जाता है। इससे पहले रतन टाटा, रवि शंकर और जमशेद ईरानी को यह सम्मान मिल चुका है।

## चीनी ऐप के खिलाफ तलाशी में ईडी ने 123 करोड़ रुपये जब्त किए

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को कहा कि उसने चीनी नियंत्रण वाले सट्टेबाजी एवं कर्ज वितरण ऐप के खिलाफ जांच के सिलसिले में मुंबई, चेन्नई और कोच्चि में तलाशी के दौरान लगभग 123 करोड़ रुपये की बैंक जमा राशि जब्त की है। चीनी नागरिकों के नियंत्रण वाले इन ऑनलाइन मंचों के खिलाफ कई लोगों के साथ धोखाधड़ी करने के आरोप हैं। ईडी इनके खिलाफ धनशोधन से जुड़े मामलों की जांच कर रहा है। लोगों ने शिकायत की थी कि उन्हें ऋण देने, जुआ खेलने से संबंधित ऑनलाइन मंचों के जरिये धोखा दिया गया था।

# देश में अमीरों की संख्या 6% बढ़कर 13,263 हुई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- नाइट फ्रैंक इंडिया की एक रिपोर्ट में किया गया दावा

भारत में अत्यधिक अमीर व्यक्तियों की संख्या बीते साल यानी 2023 में सालाना आधार पर 6 प्रतिशत बढ़कर 13,263 हो गई है। नाइट फ्रैंक इंडिया की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि देश में बढ़ती समृद्धि के कारण अति-उच्च नेटवर्थ वाले व्यक्तियों (यूएचएनडब्ल्यूआई) की संख्या 2028 तक बढ़कर करीब 20,000 हो जाएगी।

यूएचएनडब्ल्यूआई को ऐसे व्यक्तियों के रूप में परिभाषित किया गया है, जिनकी कुल संपत्ति तीन करोड़ डॉलर या उससे अधिक है।

बुधवार को एक वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में रियल एस्टेट सलाहकार नाइट फ्रैंक इंडिया ने 'द वेल्थ रिपोर्ट-2024' जारी करते हुए कहा कि भारत में यूएचएनडब्ल्यूआई की संख्या 2023 में 6.1 प्रतिशत बढ़कर 13,263 हो गई, जबकि इससे पिछले वर्ष यह 12,495 थी। भारत में यूएचएनडब्ल्यूआई की संख्या के 2028 तक बढ़कर 19,908 होने की उम्मीद है।

### अमीर भारतीयों ने 32% पूंजी आवासीय संपत्तियों में लगाई

**नई दिल्ली।** भारत के बेहद अमीर लोगों ने अपनी संपत्ति का करीब 32 प्रतिशत हिस्सा देश के भीतर और बाहर आवासीय संपत्तियों में निवेश किया हुआ है। नाइट फ्रैंक ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि उनके आवासीय पोर्टफोलियो का करीब 14 प्रतिशत देश के बाहर आवंटित है। रिपोर्ट के मुताबिक, वर्ष 2023 में बेहद अमीर श्रेणी के एक भारतीय व्यक्ति के पास औसतन 2.57 घर हैं, जबकि 28 प्रतिशत लोगों ने अपने दूसरे घरों को किराये पर दिया हुआ था।

## राष्ट्रीय

### एक नजर

#### जम्मू-कश्मीर के दो संगठनों पर सरकार ने लगाया प्रतिबंध लगाया

**नई दिल्ली।** सरकार ने मुस्लिम कॉन्फ्रेंस जम्मू-कश्मीर (सुमजी गुट) और मुस्लिम कॉन्फ्रेंस जम्मू-कश्मीर (भट गुट) को प्रतिबंधित संगठन घोषित कर दिया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार आतंकवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए प्रतिबद्ध है और गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल किसी भी व्यक्ति को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। केंद्रीय गृह मंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'ये संगठन देश की संप्रभुता और अखंडता के खिलाफ गतिविधियों में शामिल रहे हैं।'

#### बजट सत्र में भाग लेने की सोरेन की याचिका खारिज

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की याचिका खारिज कर दी, जिसमें विधानसभा के बजट सत्र में भाग लेने की अनुमति मांगी गई थी। सत्र की शुरुआत 23 फरवरी को हुई और दो मार्च तक चलेगा। सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिछले महीने धनशोधन के एक मामले में गिरफ्तार किया था। उन्होंने शुक्रवार को हाईकोर्ट के समक्ष एक आवेदन दायर कर बजट सत्र में भाग लेने की अनुमति मांगी थी। उनकी दलीलें सुनने के बाद न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद ने सोमवार को अपना आदेश सुरक्षित रखा था।

# विकल्प खुले, कड़े निर्णय लेने से पीछे नहीं हटेंगे

## हिमाचल प्रदेश में सुक्खू सरकार पर मंडराए संकट के बीच कांग्रेस ने किया स्पष्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**

कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश में अपनी सरकार पर मंडराए संकट के बीच बुधवार को कहा कि जनादेश को बरकरार रखने के लिए सारे विकल्प खुले हुए हैं और जरूरत पड़ने पर वह कठोर निर्णय लेने से पीछे नहीं हटेगी। पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने आरोप लगाया कि हिमाचल प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी लोगों के अधिकार को कुचलना और प्रदेश को 'राजनीतिक आपदा' में धकेलना चाहती है।

हिमाचल में राज्यसभा की एक सीट पर हुए मतदान में कांग्रेस के छह विधायकों द्वारा 'क्रॉस वोटिंग' किए जाने के बाद भाजपा ने सीट पर जीत हासिल की थी और उसके बाद से राज्य में राजनीतिक संकट पैदा हो गया है। पार्टी महासचिव जयराम

रमेश ने बताया कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पर्यवेक्षकों से बात की है और उनसे कहा है कि वे विधायकों से बात करके जल्द रिपोर्ट सौंपें। उनका कहना है कि पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट के बाद ही कोई कदम उठाया जाएगा। कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा और कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को बतौर पर्यवेक्षक शिमला भेजा है। पार्टी के प्रदेश प्रभारी राजीव शुक्ला भी शिमला में मौजूद हैं। कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि पर्यवेक्षक गुरुवार शाम तक अपनी रिपोर्ट खरगे को भेज सकते हैं। उसके बाद तत्काल निर्णय लिया जाएगा।

### विक्रमादित्य की नाराजगी दूर करेंगे: मुख्यमंत्री सुक्खू

**शिमला।** हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह का इस्तीफा स्वीकार करने का कोई औचित्य नहीं है। सुक्खू ने कहा कि विक्रमादित्य उनके छोटे भाई हैं। उनकी जो नाराजगी है, उसे दूर किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को मंत्रिमंडल की बैठक भी बुलाई है। सुक्खू ने विक्रमादित्य के इस्तीफा पर कहा कि उनसे बात हुई है। ऐसी कोई बात नहीं है। वह मेरे छोटे भाई हैं। निश्चित रूप से किसी को गुस्सा आता है, तो वह इस्तीफा दे देता है। उनका इस्तीफा स्वीकार करने का कोई औचित्य ही नहीं है। बजट सत्र के दौरान उनसे आज हमारी बात हुई, लेकिन इस बीच सदन में विधानसभा अध्यक्ष आ गए। उनकी जो भी नाराजगी है उसे दूर किया जाएगा।

### बागी विधायकों की सदस्यता पर लटकी तलवार

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के छह बागी विधायकों की सदस्यता पर तलवार लटक गई है। दल-बदल कानून के तहत विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के समक्ष याचिका दाखिल की गई है। इसमें विधायकों की सदस्यता को चुनौती दी गई है। इसमें बड़ी बात यह है कि विस अध्यक्ष ने तुरंत ही विधायकों को नोटिस जारी कर सुनवाई शुरू कर दी है। उधर, बागी विधायकों ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से ये मांग उठाई है कि जवाब के लिए कम से कम सात दिन का समय दिया जाना चाहिए था, लेकिन विस अध्यक्ष ने पत्रकारों से बातचीत में स्पष्ट तौर पर कहा कि आदेश तुरंत जारी कर दिए जाएंगे। दरअसल, सत्ता पक्ष ने व्हिप जारी किया हुआ था।

## शाहजहां को सीबीआई व ईडी भी कर सकती है गिरफ्तार: कोर्ट

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट ने बुधवार को निर्देश दिया कि संदेशखालि में महिलाओं पर यौन अत्याचार और जमीन हड़पने के मामले के मुख्य आरोपी तृणमूल कांग्रेस के नेता शाहजहां शेख को पश्चिम बंगाल पुलिस के अलावा सीबीआई और ईडी भी गिरफ्तार कर सकती है। राज्य महाधिवक्ता की अर्जी पर अदालत ने 26 फरवरी को जारी अपने आदेश को स्पष्ट किया, जिसमें पुलिस को शेख की गिरफ्तारी का आदेश दिया गया था। मुख्य न्यायाधीश टी.एस. शिवगणनम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि अदालत ने 7 फरवरी के अपने आदेश में केवल ईडी अधिकारियों पर हमले की जांच के लिए एकल पीठ द्वारा सीबीआई और पश्चिम बंगाल पुलिस के एसआईटी के गठन पर रोक लगाई थी।

# मोदी ने इसरो के नए प्रक्षेपण परिसर का किया शिलान्यास

**थूथुकुडी, एजेंसी**

- राज्य में सत्तारूढ़ द्रमुक और कांग्रेस को आड़े हाथों लिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को यहां 17 हजार करोड़ रुपये से अधिक की नई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। साथ ही संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार पर तमिलनाडु की उन्नति के लिए कोई काम नहीं करने का आरोप लगाया।

परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करते हुए मोदी ने कहा कि राज्य प्रगति का नया अध्याय लिख रहा है और केंद्र के प्रयासों के कारण तमिलनाडु आधुनिकता की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए मोदी ने आरोप लगाया कि समाचार पत्र और टीवी चैनल केंद्र के प्रयासों को

दिखाना चाहते हैं, लेकिन सरकार उन्हें ऐसा करने की इजाजत तक नहीं दे रही। मोदी ने जोर देकर कहा, 'लेकिन हम विकास कार्यों से पीछे नहीं हटेंगे।'

तमिलनाडु के तूतीकोरिन में भारत के पहले स्वदेशी हरित हाइड्रोजन जलमार्ग पोत को हरी झंडी दिखाते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के लगातार प्रयासों के कारण परिवहन बढ़ने से तमिलनाडु में जीवन में सुगमता आई है।

## असम: कांग्रेस नेता राणा गोस्वामी ने इस्तीफा दिया

**गुवाहाटी।** कांग्रेस की असम इकाई के दिग्गज नेता राणा गोस्वामी बुधवार को पार्टी से इस्तीफा देकर नई दिल्ली रवाना हो गए, जहां उनके भाजपा में शामिल होने की संभावना है। कांग्रेस महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल को लिखे पत्र में उन्होंने कहा, 'मैं यह कहना चाहता हूं कि मैं असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष और कांग्रेस के एक सक्रिय सदस्य के रूप में अपना इस्तीफा दे रहा हूं।'

## आत्महत्या के मामले में आप विधायक दोषी करार

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक प्रकाश जारवाल को एक डॉक्टर को आत्महत्या के लिए मजबूर करने का दोषी ठहराया। दक्षिणी दिल्ली के दुर्गा विहार में 18 अप्रैल, 2020 को 52 वर्षीय डॉ. राजेंद्र सिंह ने आत्महत्या कर ली थी। न्यायाधीश ने देवली विधानसभा क्षेत्र के विधायक जारवाल को दोषी करार देते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष ने तार्किक संदेह से परे जाकर उनके खिलाफ मामला साबित किया। न्यायाधीश सजा को लेकर 13 मार्च को दलीलें सुनेंगे। अपने सुसाइड नोट में डॉक्टर ने अपनी खुदकुशी के लिए जारवाल को जिम्मेदार ठहराया था। पुलिस ने इस सुसाइड नोट के आधार पर जारवाल के खिलाफ रंगदारी एवं आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज किया था।

## अरुणाचल प्रदेश: अवैध प्रवेश के आरोप में म्यांमा के छह गिरफ्तार

**ईटानगर।** अरुणाचल प्रदेश के अंजॉ जिले से म्यांमा के छह लोगों को भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक राईक कमसी ने कहा कि यासोंग गांव से छह लोगों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार किए गए व्यक्ति ने दावा किया कि उन्होंने जंगली मशरूम इकट्ठा करने के लिए भारत में प्रवेश किया था और वे सभी म्यांमा के पुताओं गांव के निवासी हैं। उनके कब्जे से छह किलोग्राम जंगली मशरूम और 68,000 रुपये जब्त किए गए हैं।

## राजीव गांधी की हत्या के दोषी संथन की मौत

**चेन्नई।** पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के मामले में दोषी करार दिए गए संथन की दिल का दौरा पड़ने से बुधवार को मौत हो गई। संथन को सुप्रीम कोर्ट ने बाद में रिहा कर दिया था। संथन उर्फ टी. सुतेनदिराराजा (55) एक श्रीलंकाई नागरिक था और उन सात लोगों में से एक था, जिसे 1991 में चेन्नई के समीप श्रीपेरुम्बदूर में पूर्व प्रधानमंत्री की हत्या के जुर्म में 20 वर्ष से ज्यादा की जेल की सजा काटने के बाद 2022 में सुप्रीम कोर्ट ने रिहा कर दिया था। राजीव गांधी गवर्नमेंट जनरल हॉस्पिटल के डीन ई थेरानिरजन ने बताया कि संथन का यकृत खराब था और उसका उपचार किया जा रहा था। संथन के वकील एस. पुगाझेंथी ने कहा कि प्राधिकारियों ने पोस्टमार्टम के बाद शव सौंप दिया है और उसके शव को श्रीलंका ले जाने के लिए कदम उठाए गए हैं।

## राष्ट्रीय दलों ने 3,077 करोड़ रुपये की आय घोषित की

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- भाजपा की हिस्सेदारी सबसे अधिक, कांग्रेस दूसरी नंबर पर

देश के छह राष्ट्रीय दलों ने वित्तीय वर्ष 2022-23 में लगभग 3,077 करोड़ रुपये की अपनी कुल आय घोषित की है, जिसमें भाजपा को सबसे अधिक यानी करीब 2361 करोड़ रुपये मिले। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने बुधवार को यह जानकारी दी। इसने कहा है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान सत्तारूढ़ भाजपा की आय छह राष्ट्रीय दलों की कुल आय का 76.73 प्रतिशत है।

आय के मामले में 452.375 करोड़ रुपये के साथ कांग्रेस ने दूसरा स्थान हासिल किया है। कांग्रेस की आय छह राष्ट्रीय दलों की कुल आय का 14.70 प्रतिशत है। भाजपा और कांग्रेस के अलावा बसपा, आम आदमी पार्टी, नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने भी अपनी आय घोषित की है। एडीआर की रिपोर्ट के मुताबिक, वित्तीय वर्ष 2021-22 और 2022-23 के बीच भाजपा की आय वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान 1917.12 करोड़ रुपये से 23.15 प्रतिशत बढ़कर वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान 2360.844 करोड़ रुपये हो गई।

## झारखंड : जामताड़ा में ट्रेन की चपेट में आने से दो लोगों की मौत

**जामताड़ा।** झारखंड के जामताड़ा जिले में बुधवार शाम ट्रेन की चपेट में आकर कम से कम दो लोगों की मौत हो गई। जामताड़ा अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) एम. रहमान ने बताया कि दुर्घटना जामताड़ा जिले के कलझरिया इलाके के पास उस समय हुई, जब कुछ यात्री गलत तरफ से ट्रेन से उतर गए और दूसरी लाइन पर आ रही एक लोकल ट्रेन की चपेट में आ गए।' रहमान ने कहा, 'मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है।' इस बीच जामताड़ा के विधायक इरफान अंसारी ने बताया कि इस घटना में करीब तीन लोगों की मृत्यु हुई है और कई लोग लापता हैं।

# वर्ष 2029 तक देश में एक साथ हो सकते हैं चुनाव

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- विधि आयोग एक खंड जोड़कर कर सकता है सिफारिश

विधि आयोग संविधान में 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' पर एक नया अध्याय जोड़ने और 2029 के मध्य तक देशभर में लोकसभा, विधानसभाओं और स्थानीय निकायों के चुनाव एक साथ कराने की लोकतांत्रिक प्रक्रिया की सिफारिश कर सकता है।

सूत्रों ने कहा कि न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) ऋतुराज अवस्थी की अध्यक्षता वाला आयोग एक साथ चुनावों पर 'नया अध्याय या खंड' जोड़ने के लिए संविधान में संशोधन की सिफारिश करेगा। आयोग अगले पांच वर्षों में 'तीन चरणों' में विधानसभाओं के कार्यकाल को एक साथ करने की भी सिफारिश करेगा,

ताकि देशभर में पहली बार एक साथ चुनाव मई-जून 2029 में 19वीं लोकसभा के चुनाव के साथ हो सकें। सूत्रों ने बताया कि संविधान के नये अध्याय में 'एक साथ चुनाव', 'एक साथ चुनावों की स्थिरता' और लोकसभा, राज्य विधानसभाओं, पंचायतों और नगरपालिकाओं के लिए 'सामान्य मतदाता सूची' से संबंधित मुद्दे शामिल होंगे, ताकि त्रि-स्तरीय चुनाव एक साथ 'एक ही बार में' हो सकें।

जिस नए अध्याय की सिफारिश की जा रही है, उसमें विधानसभाओं की शर्तों से संबंधित संविधान के अन्य प्रावधानों को खत्म करने की अस्तित्वहीन शक्ति के प्रावधान किए जाएंगे। यदि कोई सरकार अविश्वास के कारण गिर जाती है या त्रिशंकु सदन होता है, तो आयोग विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ 'एकता सरकार' के गठन की सिफारिश करेगा। यदि 'एकता सरकार' का सिद्धांत काम नहीं करता है, तो विधि आयोग सदन के शेष कार्यकाल के लिए नए सिरे से चुनाव कराने की सिफारिश करेगा। एक सूत्र ने बताया, 'मान लीजिए कि नए चुनावों की आवश्यकता है और सरकार के पास अब भी तीन साल हैं, तो स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए चुनाव शेष कार्यकाल के लिए होना चाहिए।' विधि आयोग के अलावा, पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक उच्च-स्तरीय समिति भी एक रिपोर्ट पर काम कर रही है कि कैसे संविधान और मौजूदा कानूनी ढांचे में बदलाव करके एक साथ चुनाव कराए जा सकते हैं।

इस साल अप्रैल-मई में होने वाले आगामी लोकसभा चुनावों के साथ कम से कम पांच विधानसभाओं के चुनाव होने की संभावना है।

## राजग को अप्रैल में राज्यसभा में प्राप्त हो सकता है बहुमत

**नई दिल्ली।** सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को इस साल अप्रैल में राज्यसभा में बहुमत मिलने की संभावना है। मनोनीत श्रेणी के तहत छह रिक्त पद भरे जाने और नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ लेने के बाद सत्तारूढ़ गठबंधन बहुमत में आ सकता है। राज्यसभा सचिवालय के आंकड़ों के अनुसार भाजपा के 94 सदस्य हैं। हाल में हुए चुनाव में उसकी सीट संख्या में दो की बढ़त हुई है और अब कुल सदस्य संख्या 96 हो गई है। राजग सदस्यों की संख्या अभी 113 है। अप्रैल में सभी मनोनीत सदस्यों के शपथ लेने के बाद 245 सदस्यीय सदन में उसके सदस्यों की संख्या 123 के बहुमत के आंकड़े को छू लेगी।

**पूर्व सीईओ एलेना ने महासंघ में गुटबाजी और मतभेद के लगाए थे आरोप**

## हॉकी इंडिया ने आरोपों को किया खारिज

**नई दिल्ली, एजेंसी**

हॉकी इंडिया में गुटबाजी और आपसी मतभेदों के आरोपों को खारिज करते हुए महासंघ के अध्यक्ष दिलीप टिर्की और महासचिव भोलानाथ सिंह ने बुधवार को संयुक्त बयान में कहा कि हॉकी की बेहतरी के लिए वे मिलकर काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि कुछ निवर्तमान अधिकारियों ने कहा है कि हॉकी इंडिया में गुटबाजी है। यह सही नहीं है। 13 साल बाद भारतीय हॉकी से नाता तोड़ने के बाद पूर्व सीईओ एलेना नॉर्मन ने कहा था कि हॉकी इंडिया में जिस तरह का माहौल बन गया था, उसमें काम करना मुश्किल होता जा रहा था और ऐसे में उनके पास त्यागपत्र देने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा था। उन्होंने कहा था कि हॉकी इंडिया में दो गुट हैं। एक तरफ वह और (अध्यक्ष) दिलीप टिर्की हैं तथा दूसरी तरफ (सचिव) भोलानाथ सिंह, (कार्यकारी निदेशक) कमांडर आरके श्रीवास्तव और (कोषाध्यक्ष) शेखर जे मनोहरन हैं। इससे पहले महिला हॉकी टीम की कोच यानेके शॉपमैन ने भी महिला हॉकी के प्रति पक्षपातपूर्ण रवैये और सम्मान की कमी का आरोप लगाकर इस्तीफा दिया था। भारतीय महिला हॉकी टीम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रही थी जिसके बाद शॉपमैन ने पद छोड़ा। टिर्की और भोलानाथ ने कहा कि हॉकी इंडिया भारतीय हॉकी के विकास के लिए गठित स्वायत्त और पेशेवर ईकाई है। हमारा लक्ष्य हॉकी और अपने खिलाड़ियों की बेहतरी और प्रगति है।

- 13 साल बाद पूर्व सीईओ ने हॉकी इंडिया से नाता तोड़ा

# जहीर को देखकर सीखने का प्रयास करता था: जेम्स

### एंडरसन 700 टेस्ट विकेट लेने वाले पहले तेज गेंदबाज बनने से दो विकेट दूर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने कहा है कि उन्होंने रिवर्स स्विंग सहित गेंदबाजी के कुछ गुर भारत के तेज गेंदबाज जहीर खान से सीखे।

एंडरसन 41 साल की उम्र में भी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेल रहे हैं और 700 टेस्ट विकेट लेने वाला दुनिया का पहला तेज गेंदबाज बनने से सिर्फ दो विकेट दूर हैं। उनके नाम पर एक हजार अंतर्राष्ट्रीय विकेट दर्ज हैं। अभी सिर्फ महान स्पिनर मुथैया मुरलीधरन और दिवंगत शेन वार्न के

नाम पर 700 से अधिक टेस्ट विकेट हैं। एंडरसन ने कहा कि मैंने जहीर खान को खेलते हुए देखा है और उनसे सीखने का प्रयास किया है। वह किस तरह रिवर्स स्विंग का इस्तेमाल करता है, जब वह गेंदबाजी के लिए दौड़ता है तो गेंद को कैसे छिपाता है, यहां उसके खिलाफ खेलकर मैंने यह सीखने का प्रयास किया। भारत के तेज गेंदबाजों में से एक जहीर ने अपना आखिरी टेस्ट 2014 में खेला जब एंडरसन अपने खेल के शीर्ष पर थे। मौजूदा भारतीय गेंदबाजों में एंडरसन बुमराह की क्षमता से प्रभावित हैं। इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट में बुमराह के मैच विजयी प्रदर्शन पर एंडरसन ने कहा कि उसके स्तर के व्यक्ति से आप ऐसे मानक की अपेक्षा करते हैं। रिवर्स स्विंग भारत में बड़ी भूमिका निभा सकती है और वह इसका फायदा उठाता है। उसके पास अच्छी गति है और वह सटीक है और उसकी गेंदबाजी में निरंतरता है। उसके पास यॉर्कर भी है और हमने देखा कि उसने ओली पोप को कैसे आउट किया। यह कोई संयोग नहीं है कि वह दुनिया में नंबर एक गेंदबाज है। इंग्लैंड के इस तेज गेंदबाज ने कहा कि बुमराह, (मोहम्मद) शमी और (मोहम्मद) सिराज से बेहतर गेंदबाज नहीं हैं। वे विश्व स्तरीय गेंदबाज हैं।

**22 साल में 186 टेस्ट और 194 वनडे खेले**

एंडरसन के अनुभव का अंदाजा इससे लग सकता है कि 2002 में जब उन्होंने टेस्ट पदार्पण किया था तो इंग्लैंड टीम में उनके मौजूदा साथी शोएब बशीर और रेहान अहमद का जन्म भी नहीं हुआ था। एंडरसन ने 22 साल में 186 टेस्ट और 194 एकदिवसीय अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले खेले। उन्होंने कहा कि उन्हें महसूस नहीं होता कि वह 41 बरस के हैं। उन्होंने कहा कि मुझे महसूस ही नहीं होता कि मैं 41 साल और 200 दिन का हूं। मैं अब भी युवा महसूस करता हूं।

## खेल डायरी

### बोपन्ना-एबडेन, युकी-हासे की जोड़ी जीतीं, नागल हारे

**दुबई टेनिस चैंपियनशिप**



**दुबई,एजेंसी।** रोहन बोपन्ना और आस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन की जोड़ी दुबई ड्यूटी फ्री टेनिस चैंपियनशिप में पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई, जिन्होंने पाकिस्तान के ऐसाम उल हक कुरैशी और ट्यूनीशिया के सिकंदर मंसूरी को हराया। आस्ट्रेलियाई ओपन युगल खिताब जीतने वाले बोपन्ना और एबडेन ने एक घंटा 41 मिनट में जीत दर्ज की। अब उनका सामना उरूग्वे के एरियल बहार और चेक गणराज्य के एडम पाव्लासेक से होगा। भारत के युकी भांबरी और नीदरलैंड के रॉबिन हासे ने कजाखस्तान के अलेक्जेंडर बुबलिक और फ्रांस के एड्रियन मनारिनो को हराकर अंतिम 8 में जगह बनाई। अब उनका सामना बेल्जियम के सैंडर जाइले और जोरान विलेजेन और इंग्लैंड के जमाल मर्रे तथा न्यूजीलैंड के माइकल वीनस के बीच होने वाले विजेता से होगा। भारत के एकल खिलाड़ी सुमित नागल अंतिम 32 में इटली के लोरेंजो सोनेगो से हारकर बाहर हो गए।

### रविंद्र न्यूजीलैंड टेस्ट टीम में शामिल, कोंवे बाहर

**वेलिंगटन, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से शुरू हो रहे पहले क्रिकेट टेस्ट के लिए रचिन रविंद्र को न्यूजीलैंड टीम में जगह दी गई है जबकि डेवोन कोंवे बाहर हैं। कोंवे को दूसरे टी-20 मैच में अंगूठे में चोट लगी थी। शुरूआती स्कैन में पता चला कि फ्रेक्चर नहीं है लेकिन बाद में कराये टेस्ट में पता लगा कि चोट गंभीर है। उनकी जगह विल यंग अब टॉम लाथम के साथ पारी का आगाज करेंगे। हेनरी निकोल्स की टीम में वापसी हुई है। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने कहा कि यह निराशाजनक है कि डेवोन इतने अहम मैच से पहले टीम से बाहर हैं। वह बेहतरीन खिलाड़ी है और यह श्रृंखला खेलना चाहता था। रविंद्र घुटने की चोट के कारण दूसरा और तीसरा टेस्ट नहीं खेल सके लेकिन अब खेलने के लिए फिट है।

### नागपुर और मुंबई में होंगे रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रणजी ट्रॉफी के सेमीफाइनल में मुंबई और तमिलनाडु का सामना मुंबई में होगा जबकि मध्यप्रदेश और विदर्भ का मैच नागपुर में खेला जाएगा। नागपुर के वीसीए स्टेडियम और मुंबई के बीकेसी मैदान पर रणजी ट्रॉफी के अंतिम चार के मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। विदर्भ ने कर्नाटक को 127 रन से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह बनाई है। उसका सामना मध्यप्रदेश की टीम से होगा, जिसके कोच चंद्रकांत पंडित है, जिनके कोच रहते हुए विदर्भ ने 2017-18 और 2018-19 में रणजी का खिताब जीता था। मध्यप्रदेश ने क्वार्टर फाइनल में आंध्र की टीम को चार रन से हराकर मैच जीता था। वहीं मुंबई ने बड़ौदा के खिलाफ पहली पारी की बढ़त के आधार पर अंतिम चार में जगह बनाई। अब सेमीफाइनल मुंबई-तमिलनाडु, मध्यप्रदेश-विदर्भ में होगा।

### प्रशिक्षण के तरीकों में भी खेल विज्ञान अपनाना होगा : बिंद्रा

**नई दिल्ली।** चैंपियन निशानेबाज अभिनव बिंद्रा ने बुधवार को कहा कि भारत को खेल महाशक्ति बनाने के लिए अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे की ही नही बल्कि प्रशिक्षण के तरीकों में भी खेल विज्ञान को आत्मसात करने की जरूरत है। भारत के पहले ओलंपिक व्यक्तिगत स्वर्ण पदक विजेता बिंद्रा भारत खेल विज्ञान कांक्लेव में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि कोचों को इस डिजिटल युग में खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने के लिए खेल विज्ञान को अपनाना होगा। हमे एथलेटिक ढांचे के हर स्तर पर खेल विज्ञान को आत्मसात करना होगा। सिर्फ अत्याधुनिक सुविधाओं से काम नहीं चलेगा बल्कि जमीनी से शीर्ष स्तर पर वैज्ञानिक मानसिकता के साथ खेलना होगा ताकि भारत को खेल की महाशक्ति बनाया जा सके। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि खिलाड़ियों के विकास में खेल विज्ञान अहम भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को उनकी ताकत समझाने, बेहतर करने और लक्ष्य को हासिल करने के लिए ताकत के इस्तेमाल में मदद के लिये खेल विज्ञान की मदद ली जा रही है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि देश में हमारे राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्रों पर खेल विज्ञान विभाग जरूर हो।

# धर्मशाला टेस्ट से भी बाहर रह सकते हैं केएल राहुल

### दाहिने जांघ की मांसपेशी में सूजन अब भी, पहले टेस्ट के बाद से नहीं खेल रहे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल इंग्लैंड के खिलाफ धर्मशाला में पांचवां और आखिरी टेस्ट भी नहीं खेल सकेंगे क्योंकि उनकी दाहिने जांघ की मांसपेशी में सूजन अभी भी है। राहुल हैदराबाद में पहले टेस्ट के बाद से नहीं खेले हैं लेकिन बीसीसीआई के मुताबिक वह राजकोट में इस महीने की शुरूआत में हुए तीसरे टेस्ट से पहले 90 प्रतिशत फिट थे। वह अपनी चोट को लेकर विशेषज्ञ की राय लेने लंदन गए हैं।



भारतीय टीम श्रृंखला जीत ही चुकी है तो टीम प्रबंधन 7 मार्च से धर्मशाला में शुरू हो रहे पांचवें टेस्ट के लिए उन्हें लेकर कोई जोखिम नहीं लेगा। राहुल आईपीएल में लखनऊ सुपर जाइंट्स के कप्तान हैं और मध्यक्रम में बल्लेबाजी की धुरी भी। वह अमेरिका और वेस्टइंडीज में जून में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में अपना दावा पुख्ता करने आईपीएल में बेहतरीन प्रदर्शन करना चाहेंगे। आईपीएल के सूत्र ने बताया कि वह विशेषज्ञ की राय लेने लंदन गए हैं। उन्हें बल्लेबाजी करते समय दर्द महसूस हो रहा है। यह सुनिश्चित करना होगा कि वह पूरी तरह फिट है क्योंकि टीम को उनकी जरूरत लंबे समय तक है।

आईपीएल में लगी इस चोट से राहुल पिछले साल 4 महीने क्रिकेट से दूर रहे। वह सितंबर में एशिया कप में लौटे और दक्षिण अफ्रीका में ड्रॉ रही टेस्ट श्रृंखला में उन्होंने शतक जमाया। राहुल के नहीं खेलने के मायने हैं कि छह पारियों में सिर्फ 63 रन बना सके रजत पाटीदार टीम में रहेंगे हालांकि उनका खेलना तय नहीं है। वहीं रांची टेस्ट में आराम दिए जाने के बाद तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की वापसी होगी। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंकों को देखकर हर मैच अहम है और धर्मशाला में बुमराह की मौजूदगी से काफी फर्क पड़ेगा। भारत डब्ल्यूटीसी तालिका में न्यूजीलैंड के बाद दूसरे स्थान पर है।

### जायसवाल रैंकिंग में 12वें, जुरेल 69वें स्थान पर

**दुबई, एजेंसी।** भारतीय बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजों की ताजा रैंकिंग में 12वें और ध्रुव जुरेल 31 स्थान चढकर 69वें स्थान पर पहुंच गए है। जायसवाल टेस्ट श्रृंखला से पहले रैंकिंग में 69वें स्थान पर थे। चौथे मैच में 73 और 37 रन बनाने के बाद उनकी रैंकिंग में सुधार आया है। प्लेयर आफ द मैच जुरेल ने 90 और 39 रन बनाकर 31 पायदान की छलांग लगाई है। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान जो रूट रांची में नाबाद 122 रन बनाने के बाद शीर्ष 3 में लौट आए हैं। स्पिनर रविचंद्रन अश्विन 5 विकेट लेकर बुमराह से 21 अंक पीछे हैं। स्पिनर कुलदीप यादव 10 पायदान चढ़कर 32वें स्थान पर हैं।

# किशन-अय्यर बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध से बाहर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को रणजी ट्रॉफी में खेलने के भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के निर्देशों का पालन नहीं करने के बाद बुधवार को बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध से बाहर कर दिया गया।

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और रविंद्र जडेजा को बीसीसीआई अनुबंध के शीर्ष वर्ग (ए+) में रखा गया है। 6 क्रिकेटरों को ए वर्ग में रखा गया है, जिनमें रविचंद्रन अश्विन, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, केएल राहुल, शुभमन गिल और हार्दिक पंड्या हैं। सूर्यकुमार यादव, ऋषभ पंत, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और यशस्वी जायसवाल को बी वर्ग में और 15 खिलाड़ियों को सी वर्ग में रखा गया है जिनमें रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, रुतुराज गायकवाड़, शार्दुल ठाकुर, शिवम दुबे, रवि बिश्नोई, जितेश शर्मा, वाशिंगटन सुंदर, मुकेश कुमार, संजू सैमसन, अर्शदीप सिंह, केएस भरत, प्रसिद्ध कृष्णा, आवेश खान और रजत पाटीदार हैं।

बीसीसीआई ने कहा कि वार्षिक अनुबंध के लिए श्रेयस अय्यर और ईशान किशन के नाम पर विचार नहीं किया गया। चयन समिति ने तेज गेंदबाजों आकाश दीप, विजय कुमार विशाक, उमरान मलिक, यश दयाल और विदवथ कावेरप्पा के लिए भी अनुबंध की सिफारिश की है।

- रणजी में खेलने के बोर्ड के निर्देशों का पालन नहीं करने पर की गई कार्रवाई

**सभी खिलाड़ी घरेलू क्रिकेट में खेलने को दें प्राथमिकता**

बीसीसीआई ने कहा कि सभी खिलाड़ी जब राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व नहीं कर रहे हों तो वे घरेलू क्रिकेट में खेलने को प्राथमिकता दें। साथ ही मानदंडों से हटकर इस बार चारों वर्गों में शामिल खिलाड़ियों को वार्षिक अनुबंध के लिए मिलने वाली राशि का उल्लेख नहीं किया है। आमतौर पर ए+ वर्ग के खिलाड़ियों को प्रतिवर्ष 7 करोड़, ए वर्ग को 5 करोड़, बी वर्ग को तीन करोड़ और सी वर्ग को एक करोड रुपए की राशि दी जाती है। यह राशि उनकी मैच फीस से इतर होती है।

# अंजू ने कहा, पेरिस ओलंपिक में पारुल चौधरी पर रहेंगी नजरें

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) की उपाध्यक्ष अंजू बॉबी जॉज ने बुधवार को कहा कि पेरिस ओलंपिक में एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता स्टीपलचेज धाविका पारुल चौधरी पर नजरें रहेंगी और उन्हें भाला फेंक में एक से अधिक पदक की उम्मीद है।

जुलाई-अगस्त में होने वाले पेरिस खेलों के लिए अब तक भारत के नौ ट्रैक एवं फील्ड खिलाड़ियों ने क्वालीफाई किया है। भाला फेंका

में गत चैंपियन नीरज चोपड़ा और किशोर जेना ओलंपिक में जगह बना चुके हैं। पारुल ने पिछले साल हांगजोउ एशियाई खेलों की 5000 मीटर स्पर्धा में स्वर्ण और 3000 मीटर स्टीपलचेज में रजत पदक जीता था। यह धाविका 3000 मीटर महिला स्टीपलचेज में नौ मिनट से कम का समय लेने वाली पहली भारतीय है।

# यूपी वॉरियर्स ने मुंबई इंडियंस का विजय रथ रोका

**बेंगलुरु, एजेंसी**

किरण नवगिरे के अर्धशतक और कप्तान एलिसा हीली के साथ की बड़ी साझेदारी से यूपी वॉरियर्स ने मुंबई इंडियंस को 7 विकेट से हराकर डब्ल्यूपीएल में अपना खाता खोला। दोनों मैच में जीत दर्ज करने वाली मुंबई की टीम हेली मैथ्यूज के अर्धशतक के बावजूद पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 161 रन बना पाई। वॉरियर्स ने 16.3 ओवर में 3 विकेट पर 163 रन बनाकर जीत दर्ज की।

यूपी की किरण ने 31 गेंद पर 57 रन बनाए जिसमें 6 चौके और 4 छक्के हैं। उन्होंने हीली (29 गेंद पर 33 रन, 5 चौके) के साथ पहले विकेट के लिए 94 रन की साझेदारी की। वॉरियर्स ने 3 विकेट 4 रन के अंदर गंवा दिए। ग्रेस हैरिस और दीप्ति

शर्मा ने चौथे विकेट के लिए 65 रन की साझेदारी कर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। हैरिस ने 17 गेंद पर 38 रन की नाबाद पारी खेली जिसमें 6 चौके और 1 छक्का है। दीप्ति ने 20 गेंद पर नाबाद 27 रन बनाए। मैथ्यूज ने 47 गेंद पर 9 चौकों और 1 छक्के से 55 रन बनाए। उन्होंने यास्तिका भाटिया (26) के साथ पहले विकेट के लिए 50 और नेट साइवर ब्रंट (19) के साथ दूसरे विकेट के लिए 42 रन की साझेदारी की। अमेलिया केर ने 23, पूजा वस्त्रकर ने 18 और इसी वांग ने नाबाद 15 रन का योगदान दिया। मुंबई ने बेहद धीमी शुरुआत की और पहले 4 ओवर के बाद उसका स्कोर केवल 13 रन था। भाटिया ने अंजलि सर्वानी के अगले ओवर में 3 चौकों और 1छक्के की मदद से 18 रन बटोर कर रन गति तेज की जिससे मुंबई पावरप्ले में बिना किसी नुकसान के 36 रन बनाने में सफल रहा।

## 1 मार्च को ओटीटी पर 'पूरब के भसड़बाज'

**मुंबई, एजेंसी।** ओटीटी प्लेटफार्म मास्क टीवी पर 1 मार्च को फिल्म पूरब के भसड़बाज रिलीज होगी। टैग प्रोडक्शन के बैनर तले बनी कॉमेडी फिल्म पूरब के भसड़बाज की कहानी पूर्वी उत्तर प्रदेश के बलिया जिले की माफिया की गतिविधियों पर आधारित है। शीबा चड्ढा और धनंजय गलानी की मुख्य भूमिका वाली फ़िल्म हमारे समाज की कुछ रुढ़िवादी परम्पराओं पर व्यंग्य करती हुई हांस्य रूप में परोसी गई कहानी है। फिल्म के निर्माता अंजू भट्ट एवं चिरंजीवी भट्ट हैं। इस फ़िल्म के लेखक एवं निर्देशक अभिषेक प्रसाद हैं। छायांकन रवि बी रंजन शर्मा ने किया है, वहीं संगीत निर्देशन अभिनव आर कौशिक ने किया है। सम्पादन अजय वर्मा ने किया है। इसमें शीबा चड्ढा, धनंजय गलानी, अनिल चरणजीत, मुकेश एस. भट्ट, गरिमा श्रीवास्तव और विनीत कुमार मुख्य भूमिका में हैं।

### फिल्म तेरा क्या होगा लवली का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। फिल्म तेरा क्या होगा लवली' का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज हो गया है। फिल्म 'तेरा क्या होगा लवली' में करण कुंद्रा, रणदीप हुड्डा और इलियाना डिक्रूज की मुख्य भूमिका है। फिल्म 'तेरा क्या होगा लवली' का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज हो गया है। इस फिल्म में रणदीप हुड्डा पुलिस ऑफिसर के रोल में हैं। बलविंदर सिंह जंजुआ के निर्देशन में बनी फिल्म 'तेरा क्या होगा लवली' 8 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## यामी की 'आर्टिकल 370' का जलवा बरकरार

**नई दिल्ली।** यामी गौतम, प्रियमणि, अरुण गोविल और किरण करमरकर की फिल्म आर्टिकल 370 बॉक्स ऑफिस पर सफल साबित हो गई है। बजट से दोगुनी कमाई यह फिल्म कर रही है। पहले दिन की ओपनिंग के साथ वर्ल्डवाइड मूवी का कलेक्शन बजट से दोगुना है, जो रिकॉर्ड तोड़ है। वहीं कास्ट को दर्शकों का प्यार मिल रहा है, जोकि हिट है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सकनिल्क के अनुसार, आर्टिकल 370 ने पहले दिन 5.9 करोड़ की कमाई की। वहीं पहले वीकेंड पर यानी दूसरे दिन 7.4 करोड़ का रहा। जबकि संडे को तीसरे दिन कमाई 9.6 करोड़ पहुंच गई। जबकि मंडे चौथे दिन 3.25 करोड़ और पांचवे दिन 3.25 करोड़ की कमाई की है। भारत में फिल्म की कमाई 29.40 करोड़ रही। हालांकि वर्ल्डवाइड कलेक्शन 36 करोड़ तक है। यह फिल्म केवल 20 करोड़ में बनी है, जबकि दूसरे वीकेंड तक यह आंकड़ा बजट से दोगुनी कमाई कर लेगा।

### पॉलिटिक्स-देशभक्ति का पावर डोज

यह फिल्म जम्मू-कश्मीर के स्पेशल स्टेटस को रद करने की पृष्ठभूमि पर है। निर्माताओं ने फिल्म का ट्रेलर जारी करने के बाद एक वर्ग ने इसे 'एजेंडा-संचालित' फिल्म बताया। सच्ची घटना पर आधारित बताई जा रही यह फिल्म 2016 के बाद से कश्मीर घाटी में हुई घटनाओं के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म की कहानी को छह अध्यायों में बांटा गया है, जिनमें से पहला अध्याय एक आतंकवादी संगठन के युवा कमांडर बुरहान वानी की है, जो घाटी में लोकप्रिय है। उसकी हत्या के बाद घाटी में विरोध प्रदर्शन हुए, जिसके बाद पीएमओ अधिकारी (प्रियमणि) हरकत में आए। कहानी फिर उस समय तक पहुंचती है जब केंद्र सरकार संविधान सभा से अपना समर्थन वापस ले लेती है, जिससे राज्य में राष्ट्रपति शासन लग जाता है। क्षेत्र में स्थिति ज्यादा नहीं बदली और साल 2019 में पुलवामा आतंकी हमला हुआ, जिसके बाद केंद्र सरकार हरकत में आई और क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लेने का फैसला किया।

## द साबरमती रिपोर्ट लेकर लौटे विक्रांत

नई दिल्ली। साल 2023 के अक्टूबर में रिलीज हुई विधु विनोद चोपड़ा की 12वीं फेल ने बॉक्स ऑफिस पर 20 करोड़ के बजट में 70 करोड़ की कमाई हासिल की, जिसने एक रिकॉर्ड तो कायम किया ही। दर्शकों के दिलों में लीड एक्टर विक्रांत मेस्सी को भी पॉपुलर एक्टरों की सूचि में शामिल कर दिया। वहीं अब 12वीं फेल के बाद विक्रांत मेस्सी नई फिल्म द साबरमती रिपोर्ट लेकर आ गए हैं, जिसकी पहली झलक और रिलीज डेट का खुलासा एक्टर ने कर दिया है। विक्रांत मेस्सी ने इंस्टाग्राम पर 27 फरवरी की रात को एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा, आज 22 साल पहले गोधरा ट्रेन अग्निकांड में जान गंवाने वाले 59 निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि। द साबरमती रिपोर्ट पेश है 3 मई 2024 में सिनेमाघरों में। इस पोस्ट के बाद फैंस ने उनको नए प्रोजेक्ट को लेकर बधाई दी है। फिल्म की बात करें तो 'द साबरमती रिपोर्ट' 22 साल पहले 22 फरवरी 2002 को गुजरात के गोधरा में साबरमती एक्सप्रेस की दुर्भाग्यपूर्ण घटना के बारे में होगी, जोकि 3 मई 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। शेयर किए गए वीडियो में विक्रांत मेस्सी को एक पत्रकार के किरदार में देखा जा सकता है, जो गोधरा घटना के बारे में रिपोर्ट करते हुए नजर आ रहे हैं. वहीं क्लिप में वह दावा करते दिख रहे हैं कि यह दुर्घटना नहीं है।

### बड़े मियां छोटे मियां का गाना मस्त मलंग झूम रिलीज

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार और टाइगर श्राफ की आने वाली फिल्म बड़े मियां छोटे मियां का नया गाना 'मस्त मलंग झूम' रिलीज हो गया है। 'बड़े मियां छोटे मियां' में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ की मुख्य भूमिका हैं। फिल्म के टाइटल ट्रैक के बाद अब इसका दूसरा गाना मस्त मलंग झूम रिलीज हुआ है, जो एक पेपी सॉन्ग है। इस गाने में अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ सोनाक्षी सिन्हा नजर आ रही हैं। मस्त मलंग झूम को अरिजीत सिंह, विशाल मिश्रा और निकिता गांधी ने गाया है। वहीं, गाने के बोल इरशाद कामिल ने लिखे हैं, जबकि विशाल मिश्रा ने मस्त मलंग झूम को कंपोज किया है। बड़े मियां छोटे मियां को वासु भगनानी और जैकी भगनानी के प्रोडक्शन हाउस पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया जा रहा है। इसमें अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर, पृथ्वीराज सुकुमारन और अलाया एफ हैं। फिल्म ईद के मौके पर रिलीज की जाएगी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक राज सागर द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

# भाजपा का दावा, कांग्रेस समर्थकों ने कर्नाटक विस में लगाए पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे

- भाजपा ने दर्ज कराई शिकायत सीएम सिद्धरमैया बोले- आरोप सच पाए जाने पर होगी कार्रवाई

बेंगलुरु, एजेंसी

बुधवार को विधानसभा में विरोध प्रदर्शन करते भाजपा नेता।

कर्नाटक राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार की जीत के बाद पाकिस्तान समर्थक नारे लगाने मामले में भाजपा कांग्रेस पर हमलवार को गई है और स्पष्टीकरण की मांग कर ही है। वहीं पुलिस भी मामले की जांच में जुट गई है।

बता दें, राज्यसभा सांसद नसीर हुसैन ने एक वीडियो जारी कर सफाई दी है। उनका कहना है कि जबतक वह मौजूद थे वहां ऐसे कोई नारे नहीं लगाए गए, अगर ऐसा हुआ है तो मामले की जांच की जाएगी। गौरतलब है, कर्नाटक की चार सीटों पर हुए मंगलवार को राज्यसभा चुनाव के नतीजों में तीन सीटों पर कांग्रेस ने जीत हासिल की है, जबकि एक सीट भाजपा के खाते में गई। कर्नाटक में कांग्रेस के तीनों उम्मीदवार अजय माकन, डॉ. सैयद नसीर हुसैन और जीसी चन्द्रशेखर क्रमशः 47, 46 और 46 वोटों से जीते। हालांकि, अब जीत के जश्न को लेकर अब बवाल मच गया है। दरअसल, भाजपा ने एक वीडियो साझा किया है, जिसमें दावा किया जा रहा है कि राज्यसभा चुनाव परिणाम घोषित होने के कुछ ही देर बाद सैयद नसीर हुसैन के समर्थकों को विधान सौध (विधानसभा) के अंदर 'पाकिस्तान जिंदाबाद' के नारे लगाते हुए सुना गया है। भाजपा ने मंगलवार देर रात हुसैन के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई, जिसमें कांग्रेस नेता के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है।

# चिप नया हथियार, दुनिया में इसके निर्माण की होड़, निर्भरता घटा रहे देश

*सेमीकंडक्टर यानी चिप बनाना हमेशा से जटिल, उच्च जोखिम वाला और प्रतिस्पर्धी व्यवसाय रहा है। तेल के बाद दुनिया के सामने नया हथियार बन चुके चिप के लिए दूसरे देशों पर निर्भरता कम करने के मकसद से सरकारों के बीच होड़ मची है। ऐसा क्यों हुआ, यहां जानते हैं...*



### चिप को लेकर क्यों है लड़ाई, अमेरिका चिंतित

दुनिया की अधिकांश अग्रणी चिप प्रौद्योगिकी अमेरिका में विकसित हुई है। चीन इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का सबसे बड़ा बाजार है। खुद के इस्तेमाल के लिए अधिक चिप बनाने की होड़ बढ़ रही है। इसी से अमेरिका को चिंता है। वह नहीं चाहता है कि चीन या अन्य कोई देश चिप बाजार में चुनौती बने।

### चिप निर्माण में ताइवान उभरा

ताइवान इन सब में कैसे फिट बैठता है? 1970 के दशक में ताइवान आउटसोर्स चिप निर्माण में प्रमुख खिलाड़ी के रूप में उभरा। टीएसएमसी ने लगभग 'फाउंड्री' बिजनेस मॉडल बनाया। दूसरों द्वारा डिजाइन किए गए चिप का निर्माण किया। एपल इंक जैसी बड़ी कंपनियों ने टीएसएमसी को उद्योग अग्रणी बना दिया। जबकि अमेरिका इस तकनीक को चीन तक पहुंचने से रोकने की कोशिश करता रहा है।

### निर्माण में कौन-कौन से देश हैं शामिल

तमाम देशों के चिप निर्माता अब भी अमेरिकी तकनीक पर निर्भर हैं। अमेरिका ने चीन को इस क्षेत्र में आगे बढ़ने से रोकने के लिए 2023 में कुछ चिप और चिप बनाने वाले उपकरणों पर सख्त निर्यात पाबंदी लगाई। क्योंकि अमेरिका सुपर कंप्यूटर और एआई को संभावित सैन्य खतरों के रूप में मानता है। हुआवे जैसी कंपनियां इस सूची में हैं। यूरोपीय संघ के देशों ने उत्पादन 3 .48 लाख करोड़ की योजना पर सहमति जताई है।

### क्या होती है सेमीकंडक्टर चिप

सेमीकंडक्टर एक खास तरह का पदार्थ होता है। इसमें विद्युत के सुचालक और कुचालक के गुण होते हैं। ये विद्युत के प्रवाह को नियंत्रित करने का काम करते हैं। इनका निर्माण सिलिकॉन से होता है। इसमें कुछ विशेष तरह की डोपिंग को मिलाया जाता है, ताकि सुचालक के गुणों में बदलाव लाया जा सके। इससे इसके वांछनीय गुणों का विकास होता है और इसी पदार्थ का इस्तेमाल करके विद्युत सर्किट चिप बनाया जाता है।

### क्यों हैं इतनी महत्वपूर्ण

जैसे तेल अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा है, वैसी ही स्थिति उद्योगों के लिए चिप की है। चिप अलग-अलग प्रकार के काम करते हैं। डेटा रखने के लिए मेमोरी चिप अहम हैं। इसका कमोडिटी जैसा कारोबार है। प्रोग्राम चलाने वाले लॉजिक चिप किसी भी डिवाइस के दिमाग के रूप में काम करते हैं। ये काफी महंगे हैं।

### आपूर्ति पर किस देश का है नियंत्रण

चिप का नया प्लांट लगाने का खर्च 1.66 लाख करोड़ रु. से अधिक है। यही कारण है कि इस क्षेत्र की अग्रणी प्रौद्योगिकी कंपनियों की संख्या घटकर केवल तीन रह गई हैं- ताइवान सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कंपनी (टीएसएमसी), दक्षिण कोरिया की सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी और अमेरिका की इंटेल कॉर्प। टीएसएमसी और सैमसंग फाउंड्रीज के रूप में काम करती हैं, जो विश्व के लिए आउटसोर्स विनिर्माण प्रदान करती हैं।

## एक नजर

### ठाणे में झुग्गी-बस्ती में लगी आग एक की मौत, दुकानें जलकर खाक

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के भायंदर में एक झुग्गी-बस्ती में बुधवार तड़के आग लग गई। आग की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि कई झुग्गियां और दुकानें नष्ट हो गईं। नगर निगम (एमबीएमसी) के आयुक्त संजय काटकर ने कहा-घटनास्थल पर बचाव और राहत कार्य जारी है। उन्होंने कहा- 24 दमकल गाड़ियों ने आग पर काबू पाया।

### हूती विद्रोहियों को हथियार पहुंचाने वाले पाकिस्तानी को अमेरिका में जेल

**वाशिंगटन।** यमन में हूती विद्रोहियों के लिए ईरान निर्मित मिसाइल के घटकों को ले जाने वाले जहाज के कप्तान व पाकिस्तानी नागरिक को मंगलवार को अमेरिका में मुकदमा लंबित रहने तक जेल में रहने का आदेश दिया गया। उस पर हथियारों की तस्करी करने की कोशिश व अमेरिकी तटरक्षक अधिकारियों से झूठ बोलने का आरोप है। अमेरिका की एक अदालत ने आरोपी को सजा सुनाते हुए जेल भेज दिया है।

### कोर्ट ने राजकुमार हैरी की सुरक्षा हटाने के कदम को सही ठहराया

**लंदन।** लंदन की एक अदालत ने बुधवार को अपने फैसले में कहा कि शाही परिवार के कार्यकारी सदस्य के रूप में अपना दर्जा छोड़ने और अमेरिका में बसने के बाद ब्रिटेन की यात्रा के दौरान राजकुमार हैरी से सरकार द्वारा वित्त पोषित सुरक्षा घेरा अनुचित रूप से नहीं छीना गया था। न्यायाधीश पीटर लेन ने कहा कि मामला-दर-मामला आधार पर हैरी को सुरक्षा प्रदान करने का निर्णय गैरकानूनी, तर्कहीन या अनुचित नहीं था।

### दक्षिण कोरिया में 70-80 साल की बुजुर्ग महिलाएं चला रही रैप ग्रुप

**सोल।** दक्षिण कोरिया में सुनी एंड द सेवेन प्रिंसेस एक लोकप्रिय रैप ग्रुप है, जिसे 70-80 साल की बुजुर्ग महिलाएं चला रही हैं। उत्तरी ग्योंगसांग प्रांत के ग्रामीण चिलगोक काउंटी की दादी-नानी उम्र की इन महिला रैपर्स की चर्चा दक्षिण कोरिया के बाहर भी होने लगी है।

# सैन्य कर्मियों के भारत लौटने से पहले तकनीकी टीम पहुंची मालदीव

## मालदीव के रक्षा मंत्रालय ने कहा- विमानन प्लेटफॉर्म का संभालेगी संचालन

माले, एजेंसी

सैन्य कर्मियों के पहले बैच के 10 मार्च तक मालदीव छोड़ने से पहले भारतीय तकनीकी कर्मियों की पहली टीम द्वीप राष्ट्र पहुंच गई है। मालदीव के रक्षा मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी है।

मालदीव के रक्षा मंत्रालय ने बताया, भारतीय नागरिकों की पहली टीम पहुंच गई है। अब वे अड्डू में हेलीकॉप्टर का संचालन संभालेंगे। अड्डू में तैनात भारतीय सैन्य कर्मी दोनों देशों की सरकारों की सहमति से 10 मार्च तक वापस भारत लौट आएंगे। बयान में बताया गया कि बुधवार तक भारत से एक रिप्लेसमेंट हेलीकॉप्टर भी आ जाएगा, जिसके बाद नागरिक टीम इसके संचालन को संभालने के लिए प्रशिक्षण अभ्यास शुरू कर देगी।

बता दें कि दो फरवरी को दोनों देशों ने सहमति जताई थी कि भारत अपने सैन्यकर्मियों को मार्च और मई के बीच मालदीव से वापस बुला लेगा। वहीं आठ फरवरी को विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने बताया कि वर्तमान कर्मियों को भारतीय तकनीकी कर्मियों द्वारा रिप्लेस किया जाएगा। मालदीव ने एक बयान जारी कर दावा किया था कि दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए हैं कि तीन विमानन प्लेटफार्मों में से एक में भारत सैन्य कर्मियों को 10 मार्च तक और अन्य को 10 मई तक बदल देगा। हालांकि, भारत ने सैनिकों को वापस लेने का कोई उल्लेख नहीं किया था। भारत की ओर से कहा गया, "बैठक के दौरान, दोनों पक्षों ने साझेदारी को बढ़ाने के लिए कदमों की पहचान करने की दिशा में द्विपक्षीय सहयोग से संबंधित व्यापक मुद्दों पर अपनी चर्चा जारी रखी।

विदेश मंत्रालय ने कहा, ''दोनों पक्ष भारतीय विमानन मंचों के निरंतर परिचालन के लिए परस्पर व्यावहारिक समाधान पर भी सहमत हुए जो मालदीव के लोगों को मानवीय और चिकित्सकीय सेवाएं मुहैया कराते हैं।

### चीन का अनुसंधान जहाज मालदीव से रवाना

**माले।** चीन का रिसर्च जहाज मालदीव से रवाना हो गया। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछले हफ्ते चीन का 4500 टन वाला हाई टेक रिसर्च जहाज मालदीव पहुंचा था, जो बुधवार को यहां से रवाना हो गया। चीन के रिसर्च जहाज के मालदीव पहुंचने के साथ ही तरह-तरह के सवाल खड़े हो गए? आखिर चीनी जहाज मालदीव क्यों आया? इसको लेकर आधिकारिक तौर पर कहा गया कि चीनी जहाज 'जियांग यांग होंग 3' अपने कर्मियों के रोटेशन और पुन :पूर्ति के लिए एक पोर्ट कॉल करने के लिए मालदीव आया था। मीडिया के हवाले से बताया कि 22 फरवरी को माले में डॉकिंग के बाद जियांग यांग होंग 03 मालदीव के विशेष आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) की सीमा पर लौट आया है। हालांकि, माले बंदरगाह से जाने करने के बावजूद ट्रैकिंग साइटों ने दो दिन पहले हुलहुमाले के पास जहाज का आखिरी संकेत दिखाया है। हुलहुमाले माले से लगभग 10 किमी उत्तर पूर्व में है।

## खैबर पख्तूनख्वा में विधायकों ने ली शपथ इमरान बनाएंगे सरकार

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में नवनिर्वाचित विधायकों ने बुधवार को शपथ ली। उम्मीद जताई जा रही है कि जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी लगातार तीसरी बार खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सरकार बनाएगी।

बता दें कि पूर्व पीएम इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) द्वारा समर्थित स्वतंत्र उम्मीदवारों ने बड़ी संख्या में जीत दर्ज की हैं, जो खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में लगातार तीसरी बार सरकार बनाने की स्थिति में हैं। इधर रिपोर्ट्स के हवाले से बताया गया है कि पीटीआई प्रमुख ने अली अमीन गंडापुर को पार्टी के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार और बाबर सलीम स्वाति को विधानसभा अध्यक्ष के रूप में नामित किया है। विधानसभा के निवर्तमान अध्यक्ष गनी ने बताया कि 145 सदस्यीय सदन के स्पीकर और डिप्टी स्पीकर का चुनाव गुरुवार को होगा। मुश्ताक गनी के हवाले से बताया गया कि विधानसभा स्पीकर और डिप्टी स्पीकर के चुनाव के लिए मतदान आज को होगा।

# दस साल की मजबूत नींव आगे के काम का लॉन्च पैड बनी

बेलगावी (कर्नाटक), एजेंसी

- जयशंकर ने कहा-2014 के बाद 11वीं अर्थव्यवस्था से पांचवें पायदान पर पहुंचा भारत

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में ठोस नींव रखी, जो अब देश को अगले स्तर तक पहुंचाने के लिए लॉन्चिंग पैड का काम करेगी। कर्नाटक लिंगायत एजुकेशन सोसाइटी के एक स्कूल का उद्घाटन करते हुए एस जयशंकर ने कहा कि 2014 में जब केंद्र में मोदी सरकार आई थी तो तब भारत दुनिया की 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी लेकिन 10 वर्षों के कार्यकाल में देश की अर्थव्यवस्था पांचवीं बन गई है।

अपने संबोधन के दौरान एस जयशंकर ने कहा कि मोदी की गारंटी है कि भारत आने वाले वर्षों में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगी। शीर्ष अर्थव्यवस्था बनने के लिए आपको कड़ी मेहनत करने की जरूरत है। भारत को पांचवीं अर्थव्यवस्था बनाने के लिए पिछले 10 वर्षों में कड़ी मेहनत की गई है। इस दौरान जयशंकर ने अन्न योजना, मुद्रा योजना, उज्ज्वला योजना का भी जिक्र दिया। मुद्रा ऋण योजना के लाभार्थियों की संख्या जर्मनी की जनसंख्या से अधिक थी और 'आवास योजना' के लाभार्थियों की संख्या जापान की जनसंख्या से अधिक थी।

### देश में सबसे बड़ा बदलाव डिजिटल परिवर्तन

जयशंकर ने कहा कि हमारा मकसद आम आदमी पर बोझ कम करना है, भारत में सबसे बड़ा बदलाव डिजिटल परिवर्तन है। भारत में इंटरनेट टैरिफ दुनिया के मुकाबले सबसे सस्ता है। यह सब सुशासन और डिजिटल गवर्नेंस का ही नतीजा है। उन्होंने यह भी कहा कि पूरी दुनिया चिंतित थी कि भारत अपनी आबादी को देखते हुए कोविड-19 से कैसे लड़ेगा। लेकिन 18 महीने के भीतर हमने 2020 में महामारी के दौरान न केवल अपना ख्याल रखा बल्कि 100 देशों को वैक्सीन भी मुहैया कराई।

## भारत-जर्मनी में हिंद प्रशांत में सैन्य अभ्यास को लेकर बनी सहमति

**नई दिल्ली।** रक्षा सहयोग में द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने के मकसद से भारत और जर्मनी ने बैठक हुई। मंगलवार को बर्लिन में भारत-जर्मनी उच्च रक्षा समिति की बैठक में रणनीतिक सहयोग को ज्यादा मजबूत करने पर खुलकर चर्चा हुई।

बैठक में हुई चर्चा को लेकर अधिकारियों ने कहा कि दोनों देश सुरक्षा हितों को ध्यान में रखते हुए हिंद-प्रशांत क्षेत्र में संयुक्त सैन्य अभ्यास करने के लिए तैयार हुए हैं। बैठक में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने किया। वहीं जर्मन की तरफ से जर्मन रक्षा मंत्रालय के राज्य सचिव बेनेडिक्ट जिमर शामिल हुए। दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी और द्विपक्षीय मुद्दो पर चर्चा हुई।

### खुशियों में रौनक...

**जामनगर :** उद्योगपति मुकेश अंबानी के छोटे बेटे अनंत, और एनकोर हेल्थकेयर के सीईओ वीरेन मर्चेंट की बेटी राधिका जुलाई में शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। इससे पहले 1 से 3 मार्च तक गुजरात के जामनगर में प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन होगा। सेलिब्रेशन में एक हजार से ज्यादा वीआईपी मेहमान पहुंचेंगे। रिलायंस टाउनशिप में जश्न की तैयारियां जोरों पर हैं। बुधवार को जामनगर में अपनी शादी के जश्न में जोगवड के ग्रामीणों को भोजन परोसते अनंत अंबानी, वहीं रात्रिभोज में आमंत्रित लोगों का स्वागत करते रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरपर्सन मुकेश अंबानी। ● एजेंसी

# खालिस्तानी तत्वों की खुफिया जानकारी साझा करेगा अमेरिका

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारत और अमेरिकी सिक्योरिटी प्रतिनिधिमंडल की बैठक में बनी सहमति

भारत और अमेरिका के बीच सहयोग लगातार बढ़ रहा है। यह सहयोग अब न सिर्फ सैन्य और तकनीक के स्तर पर है बल्कि खुफिया सूचनाओं के स्तर पर भी मजबूत हो रहा है। इसी सहयोग को और मजबूत करने के लिए अमेरिका के होमलैंड सिक्योरिटी का एक प्रतिनिधिमंडल इन दिनों भारत दौरे पर है।

बुधवार को अमेरिका के होमलैंड सिक्योरिटी के प्रतिनिधिमंडल ने गृह मंत्रालय के प्रतिनिधिमंडल के साथ बैठक की, जिसमें आंतरिक सुरक्षा, खुफिया सूचनाओं को साझा करने और खालिस्तान समर्थक तत्वों को लेकर जानकारी साझा करने की चर्चा हुई। भारतीय दल का नेतृत्व गृह मंत्रालय के सचिव अजय भल्ला ने किया। वहीं होमलैंड सिक्योरिटी के सचिव ने अमेरिकी दल का नेतृत्व किया। गृह मंत्रालय और होमलैंड सिक्योरिटी के बीच हुई बैठक में ऑनलाइन कट्टरपंथी कंटेंट, साइबर अटैक, डिजिटल धांधली संबंधी खुफिया सूचनाएं साझा करने पर भी बात हुई। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने अमेरिका की धरती पर खालिस्तानी समर्थकों की गतिविधियों का मुद्दा उठाया। दोनों पक्षों की यह बैठक ऐसे समय हुई है, जब अमेरिका में खालिस्तान समर्थक गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की कोशिश के मामले का खुलासा हुआ है।

## बिल गेट्स ने भुवनेश्वर की झुग्गी बस्ती के लोगों से की बातचीत

**भुवनेश्वर।** माइक्रोसॉफ्ट कंपनी के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने बुधवार की भुवनेश्वर की एक झुग्गी बस्ती का दौरा किया। बिल गेट्स ने स्थानीय लोगों से बातचीत की।

इसी के साथ उन्होंने राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ मां मंगला बस्ती में बीजू आदर्श कॉलोनी का भी दौरा किया। बिल गेट्स ने झुग्गी बस्ती में रहने वाले लोगों का हालचाल जाना और वहां काम करने वाले महिला स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों के साथ भी बातचीत की। राज्य विकास आयुक्त ने कहा, झुग्गीवासियों को भूमि अधिकार, शौचालय और बिजली की आपूर्ति मिल गई है।

# आतंकी ग्रुपों की बढ़ती संख्या वैश्विक चुनौती: संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

- यूएन महासचिव ने पश्चिम एशिया और अफ्रीका में हथियारों के प्रसार पर जताई चिंता

आतंकवादी समूह इस्लामिक स्टेट (आईएस) ने 2021 के बाद से अफगानिस्तान में छोड़े गए प्रतिबंधित तहरीक-ए तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के भंडार से हथियार प्राप्त किए हैं। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में यह बात सामने आई है।

अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए आईएस की ओर से उत्पन्न खतरे पर संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की 18वीं रिपोर्ट में कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों ने विशेष रूप से अफगानिस्तान, पश्चिम एशिया और अफ्रीका में हथियारों के प्रसार के बारे में चिंता व्यक्त की है।

खासकर आईएस की ओर से मानवरहित विमान प्रणालियों और विस्फोटक उपकरणों का निरंतर बढ़ते उपयोग को लेकर उन्होंने चिंता जाहिर की है। कई सदस्य देशों का कहना है कि अफगानिस्तान में बढ़ते आतंकी ग्रुपों की वजह से क्षेत्र में सुरक्षा एक बड़ी चुनौती है। कई सदस्य देशों ने पुष्टि की, कि सनाउल्लाह गफारी अब भी जीवित है और आईएस का नेता बना हुआ है, जो कथित तौर पर कुनार प्रांत में स्थित है। इसमें कहा गया है कि संभवतः कुनार में जमात-उल-अहरार प्रशिक्षण केंद्र से बाहर निकलते समय गफारी को निशाना बनाया गया, जिससे संभवतः वह घायल हो गया था। इस महीने की शुरुआत में जारी एक अन्य रिपोर्ट में कहा था- पहले जहां इसके पास 2200 लड़ाके थे वहीं यह संख्या बढ़कर 4000 हो गई है।

**विज्ञान** एरीज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर छात्रों ने खगोल विज्ञान के गूढ़ रहस्यों को जाना

# बच्चों पर निर्भर विज्ञान का भविष्य, छात्रों ने देखे सूर्य के धब्बे

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर बुधवार को नैनीताल समेत गुरुग्राम, हल्द्वानी व रानीखेत के छात्रों ने खगोल विज्ञान के गूढ़ रहस्यों को जाना।

एरीज के वैज्ञानिकों ने कहा कि विज्ञान का भविष्य बच्चों की जागरूकता व रुचि पर निर्भर है। एरीज के जनसंपर्क सह अध्यक्ष विज्ञानी डा वीरेंद्र यादव ने कहा कि खगोल को आगे बढ़ाने के बच्चों की विज्ञान के प्रति रुचि बेहद जरूरी है। उन्होंने महान भारतीय वैज्ञानिक सी. वी. रामन के जीवन वृतांत सुनाया। कहा कि रामन प्रभाव की महान खोज ने विश्व मे देश का नाम रोशन किया था। उन्होंने कहा कि खगोल विज्ञान का क्षेत्र हमारी कल्पनाओं से भी बड़ा है। बड़ी बात यह है कि खगोल विज्ञान अध्ययन पीढ़ी दर पीढ़ी ही आगे बड़ सकता है।

बच्चों में खगोल विज्ञान के प्रति जागरूकता लाने के लिए एरीज आज के दिन को ओपन डे के रूप में आयोजित कर रहा है। इस मौके पर विद्यार्थियों ने संपूर्णानंद दूरबीन की जानकारी ली और दूरबीन से सूर्य के धब्बों को देख अचंभित हुए। डॉ कुंतल ने बताया कि ब्रह्मांड बेहद अजूबा और रहस्यों से भरा हुआ है। जिसके चलते ब्रह्मांड की दुनिया बेहद रोचक बन जाती है। वातावरण हाल जानने के लिए गुब्बारे का प्रक्षेपण किया गया। देवस्थल स्थित देश की सबसे बड़ी दूरबीनों का कार्य क्षेत्र की जानकारी दी गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने अंतरीक्ष से संबंधित अनेक सवाल पूछे विज्ञानी डा वैभव पंत, डा बृजेश कुमार, डा शुभेंदु रक्षित, डा जगदीश चंद्र जोशी सवालों के जवाब दिए।

सैनिक स्कूल घोड़ाखाल, शहीद सैनिक स्कूल, मैट्री किरण स्कूल गयरुग्राम, जवाहर नवोदय विद्यालय ताड़ीखेत व ग्रैफिक ऐरा हिल यूनीवर्सिटी हल्द्वानी के विद्यार्थी कार्यक्रम में शामिल हुए।

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर एरीज में दूरबीन से सूर्य के धब्बों को देखते विद्यार्थी।

### देखा अंतरिक्ष का नजारा

भ्रमण के दौरान एरीज के वैज्ञानिकों ने स्कूली बच्चों को वहां लगाई गई अलग-अलग क्षमता की दूरबीनों और उनके कार्य की जानकारी दी। दूरबीन से अंतरिक्ष के नजारे देख बच्चे उत्साहित नजर आए। इस दौरान उन्होंने वैज्ञानिकों से खगोलीय गतिविधियों की भी जानकारी ली। इस मौके पर बच्चों को प्रकाश प्रदूषण पर शार्ट फिल्म भी दिखाई गई। शैक्षिक भ्रमण में बच्चों के साथ एरीज संस्थान के विज्ञानिक भी मौजूद रहे।

# मिशिगन में ट्रंप-बाइडन जीते भारतवंशी निक्की को हराया

वाशिंगटन, एजेंसी

**5** मार्च को राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए होगा चुनाव

अमेरिका में इस वर्ष नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच फिर से मुकाबले के आसार बन रहे हैं। मंगलवार को मिशिगन में राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए हुए प्राइमरी चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी की ओर से ट्रंप और डेमोक्रेटिक पार्टी की ओर से बाइडन ने जीत हासिल की है।

ट्रंप ने एक बार फिर आसानी से भारतवंशी दावेदार निक्की हेली को हरा दिया। अब अगले मंगलवार को 21 राज्यों में प्राइमरी चुनाव है। वहीं बाइडन को गाजा युद्ध को लेकर विरोध का सामना करना पड़ा है। डेमोक्रेटिक पार्टी में फिलहाल बाइडन के सामने कोई घोषित दावेदार सामने नहीं आया है लेकिन रिपब्लिकन पार्टी में ट्रंप के सामने दक्षिण कैरोलिना की पूर्व गवर्नर निक्की हेली डटी हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अब तक की मतगणना में हेली को 28.9 प्रतिशत मत तो ट्रंप को 66.4 प्रतिशत मत मिले हैं।

मिशिगन में मुस्लिमों की अच्छी आबादी है। 2020 में बाइडन को इनका अच्छा समर्थन मिला था। लेकिन इस बार बाइडन के 14 प्रतिशत से अधिक डेमोक्रेटिक मतदाताओं ने गाजा युद्ध में राष्ट्रपति की भूमिका के विरोध में अप्रतिबद्ध के लिए मतदान किया। इस तरह इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध के चलते बाइडन को करीब 20 प्रतिशत डेमोक्रेटिक वोट गंवाने पड़े हैं।